RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 325
लखनऊ, बुधवार, 16 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



आज मैं जैसी भी अभिनेत्री हूं 'बालिका वधू' शो के कारण हूं
विविध-12

www.dailypioneer.com

# चीन ने जुटाए गोला-बारूद-सैनिक, भारत भी तैयार

● रक्षा मंत्री ने बताया- इस बार बिल्कुल अलग हैं हालात लेकिन सेना की वीरता पर विश्वास रख जवानों को भेजें मजबूत संदेश

● बीजिंग को दी कड़ी चेतावनी-शांति चाहता है भारत लेकिन देश की अखंडता व संप्रभुता की रक्षा को प्रतिबद्ध

**एलएसी तनाव पर संसद में बोले राजनाथ**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ चल रहे विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत शांतिपूर्ण तरीके से सीमा मुद्दे के हल के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन पड़ोसी देश द्वारा यथास्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य होगा।

उन्होंने कहा कि चीन ने दक्षिणी पैंगॉन्ग लेक में 29-30 अगस्त को दोबारा घुसपैठ की कोशिश की और मौजूदा स्थिति को बदलने का प्रयास किया, लेकिन एक बार फिर हमारे जवानों ने इसे नाकाम कर दिया। वहीं, कांग्रेस सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया। पार्टी का आरोप है कि चीन मुद्दे पर उसे बोलने नहीं दिया गया।

रक्षा मंत्री ने बताया कि चीन भारी तादाद में जवानों की तैनाती कर 1993 और 1996 के समझौतों का उल्लंघन कर रहा है। चीन ने समझौतों का सम्मान नहीं किया। उनकी कार्रवाई के कारण एलएसी के आसपास टकराव के हालात बने हैं। इन समझौतों में टकराव से निपटने के लिए प्रकिया भी तय है। मौजूदा स्थिति में चीन ने एलएसी और अंदरूनी इलाकों में भारी तादाद में सेना और गोला-बारूद को जमा किया है। हमने भी जवाबी कदम उठाए हैं। हमारी सेना हर परिस्थिति के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम पूर्वी लद्दाख में चुनौती का सामना कर रहे हैं, हम मुद्दे का शांतिपूर्ण ढंग से हल करना चाहते हैं और हमारे सशस्त्र बल देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए डटकर खड़े हैं। रक्षा मंत्री के जवाब के बाद कांग्रेस के सदस्य भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखना चाहते थे लेकिन अध्यक्ष ओम बिरला ने नियमों का उल्लेख करते हुए उन्हें अनुमति नहीं दी।

कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और गौरव गोगोई ने कहा कि उन्हें भी बोलने का अधिकार है। हालांकि आसन से अनुमति नहीं मिलने के बाद कांग्रेस सदस्यों ने विरोध स्वरूप सदन से वाकआउट किया।लोकसभा में पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर दिये गये एक बयान में रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस सदन को प्रस्ताव पारित करना चाहिए कि यह सदन और सारा देश सशस्त्र बलों के साथ है। उन्होंने कहा, 'मैं इस सदन से यह आग्रह करना चाहता हूं कि हमें एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए कि हम अपने वीर जवानों के साथ कदम-से-कदम मिलाकर खड़े हैं, जो कि अपनी जान की परवाह किए हुए बगैर देश की चोटियों की ऊंचाइयों पर विषम परिस्थितियों के बावजूद भारत माता की रक्षा कर रहे हैं।'

सिंह ने हाल ही में चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंगहे से मॉस्को में अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, 'मैंने यह भी स्पष्ट किया कि हम इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से हल करना चाहते हैं और हम चाहते हैं कि चीनी पक्ष हमारे साथ मिलकर काम करे। हमने यह भी स्पष्ट कर दिया कि हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं इस बात पर बल देना चाहूंगा कि भारत शातिपूर्ण बातचीत और परामर्श से सीमा मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से मैंने चार सितंबर को चीनी रक्षा मंत्री से बातचीत की।'रक्षा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष की स्थिति पहले से बहुत अलग है, फिर भी हम मौजूदा स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ वह सदन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सरकार ( शेष पेज 9 )

## सेना ने लद्दाख में लंबी सर्दी के लिए की तैयारी

**लेह।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव के बीच सेना ने लद्दाख में लंबी सर्दी के लिए पूरी तैयारी कर ली है। गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों और जलवायु अनुरूप कपड़ों तथा भीषण सर्दी से रक्षा करने वाले तंबुओं एवं ईंधन तक सभी आवश्यक चीजें अग्रिम मोर्चों पर पहुंच चुकी हैं। लद्दाख क्षेत्र में सर्दी के मौसम में तापमान शून्य से काफी नीचे चला जाता है और महीनों तक यह मुख्यत: देश के शेष हिस्सों से कटा रहता है। क्योंकि भारत और चीन की सेनाओं के बीच तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं है, ऐसे में दोनों पक्षों ने भारी संख्या में अपने सैनिकों की मौजूदगी बढ़ा दी है। तदनसुार, भारतीय सेना अपने राशन, बारूद, ईंधन के भंडार तथा सर्दी से रक्षा प्रदान करने वाले उपकरणों की उपलब्धता को मजबूत कर रही है। फायर एंड फ्यूरी कोर के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अरविन्द कपूर ने यहां संवाददाताओं से कहा, चाहे राशन हो या ईंधन, चाहे तेल हो या लुब्रिकेंट, तंबू हों या बुखारी (हीटर) या केरो हीटर या फिर गोला-बारूद, हमारा भंडार प्रचुर मात्रा में ( शेष पेज 9 )

## गलत नक्शे पर भारत ने किया एससीओ बैठक का बहिष्कार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि द्वारा एक 'काल्पनिक' नक्शे में भारतीय भूभाग को पाकिस्तान के हिस्से के तौर पर दिखाए जाने के विरोध में भारत ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक से बहिर्गमन किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, 'यह मेजबान द्वारा इसके खिलाफ दिये गए परामर्श की घोर उपेक्षा और बैठक के नियमों का उल्लंघन था। मेजबान से विचार-विमर्श के बाद, भारतीय पक्ष ने इस मौके पर विरोधस्वरूप बैठक छोड़ने का फैसला किया।' बैठक की अध्यक्षता रूस कर रहा था। इस मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'जैसी की उम्मीद की जा रही थी, पाकिस्तान ने तब इस बैठक को लेकर भ्रामक तस्वीर पेश की।' सरकारी सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान की कार्रवाई एससीओ चार्टर का 'घोर उल्लंघन' था और एससीओ के सदस्य देशों की क्षेत्रीय संप्रभुता और अखंडता की सुरक्षा को लेकर सभी स्थापित मानकों के खिलाफ भी।

# ईओडब्ल्यू जांच में दोषी पाए गए उन्नाव के निलंबित डीएम देवेंद्र पांडे

● एफआईआर की संस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उन्नाव** के कंपोजिट ग्रांट घोटाले में निलंबित चल रहे तत्कालीन डीएम देवेंद्र कुमार पांडेय को ईओडब्ल्यू की जांच में भी दोषी पाया गया है। ईओडब्ल्यू ने उनके खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर की संस्तुति की है। ईओडब्ल्यू ने शासन को भेजी रिपोर्ट में एफआईआर में देवेंद्र पांडेय का नाम जोड़ने और कुछ धाराएं बढ़ाने की संस्तुति भी की है।

मालूम हो कि देवेंद्र कुमार पांडेय को कमिश्नर लखनऊ की जांच में भी दोषी पाया गया था। जिसके बाद शासन ने 23 फरवरी 2020 को डीएम उन्नाव देवेंद्र कुमार पांडेय को निलंबित करते हुए मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी थी। ईओडब्ल्यू ने करीब डेढ़ माह पहले इस मामले में तत्कालीन डीएम देवेंद्र कुमार पांडेय से गहन पूछताछ की थी। डीएम से पूछताछ के बाद जांच से जुड़े अन्य साक्ष्यों व दस्तावेजों को जुटाया गया। करीब छह माह की जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने रिपोर्ट शासन को भेज दी है। सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट में देवेंद्र पांडेय को दोषी पाया गया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है।

## परिवहन विभाग के तीन एआरटीओ निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आज परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन एआरटीओ को निलंबित तथा दो अन्य खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश जारी किया गया। केनरा बैंक घोटाला प्रकरण की सीबीआई जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर अरुण कुमार राय, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन वाराणसी, धर्मवीर यादव सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासनद्ध औरैया एवं अवधेश कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इन पर अन्य प्रदेशों के वाहनों को प्रदेश में गलत तरीके से पेश कराये जाने की बात बैंक घोटाले की सीबीआई जांच में सामने आयी है। इसके साथ ही झांसी में सरकारी वाहनों के लिए जारी होने वाली बीजी नंबर की सीरीज को प्राइवेट नंबर के रूप में जारी करने के लिए विवेक कुमार शुक्ला सहायक संभागीय अधिकारी को मुख्यालय से संबद्ध एवं सत्येंद्र कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासनिक झांसी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई है।

# मोदी ने बिहार को दी 540 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बिहार** विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राज्य के लिए 540 करोड़ रुपये की बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये किया गया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे।

इस दौरान नमामि गंगे और अमृत योजना के तहत शहरी विकास से जुड़ी सात परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि 'जब शासन पर स्वार्थ नीति हावी हो जाती है, तो वोट बैंक का तंत्र पूरी प्रणाली को दबाने लगता है और इसका सबसे ज्यादा असर समाज के प्रताड़ित, वंचित और शोषित वर्ग पर पड़ता है।' इंजीनियर्स डे पर इंजीनियरों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार ऐतिहासिक नगरों की धरती है जहां हजारों सालों से नगरों की समृद्ध विरासत रही है। प्राचीन भारत में गंगा घाटी के इर्दगिर्द आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से समृद्ध और संपन्न नगरों का विकास हुआ लेकिन गुलामी के लंबे काल खंड ने इस विरासत को बहुत नुकसान पहुंचाया।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'आजादी के बाद के शुरुआती दिनों में बिहार को बड़े और दूरदृष्टा नेताओं का नेतृत्व मिला।

प्रधानमंत्री ने गुलामी के दौरान आयी विकृतियों को दूर करने की कोशिश भी की। लेकिन फिर ऐसा दौर आया कि प्राथमिकताएं और प्रतिबद्धताएं पूरी तरह बदल गयीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका परिणाम यह हुआ कि बिहार के गांव और ज्यादा पिछड़ते गए और समृद्धि के प्रतीक रहे शहर बढ़ती आबादी और बदलते समय के हिसाब से आधुनिक नहीं हो पाये।' उन्होंने कहा कि सड़क, ( शेष पेज 9 )

## रंजन कुमार लखनऊ के नए कमिश्नर बनाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने मंगलवार देर रात 17 आईएएस के तबादले कर दिए। इसमें सचिव पीडब्ल्यूडी रंजन कुमार को लखनऊ का नए मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। लखनऊ के मंडलायुक्त मुकेश मेश्राम को प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन बनाया गया है। महोबा के डीएम अवधेश तिवारी हटाते हुए उन्हें कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा में विशेष सचिव के पद पर भेजा गया है जबकि सत्येंद्र कुमार को महोबा का नया डीएम नियुक्त किया गया है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक राजशेखर को कमिश्नर कानपुर बनाया गया। परिवहन आयुक्त धीरज साहू को परिवहन निगम के एमडी पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सुधीर बोबडे को हटाकर सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद भेजा गया। बोबड़े श्रम आयुक्त के साथ कानपुर मंडल के आयुक्त भी थे। मोहम्मद मुस्तफा को प्रदेश का नया श्रम आयुक्त बनाया गया है। प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन व राष्ट्रीय एकीकरण जितेंद्र कुमार से पर्यटन व संस्कृति का प्रभार ले लिया गया है। मेरठ डीएम ( शेष पेज 9 )

# अधिक से अधिक टेस्टिंग किट उपलब्ध रहें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अस्पतालों, मेडिकल कालेजों तथा चिकित्सा संस्थानों में टेस्टिंग किट का बैकअप रखे जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोविड19 के संक्रमण के नियंत्रण में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है और इस कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा, मेडिकल कालेजों और चिकित्सा संस्थानों की स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करें। मुख्यमंत्री ने लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज, सहारनपुर तथा मुजफ्फरनगर पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन जनपदों मे कान्टैक्ट ट्रेसिंग में तेजी लायी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कालेजों में आक्सीजन सुगमतापूर्वक उपलब्ध रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑक्सीजन निर्धारित मूल्य पर ही मिले। किसी भी दशा में आक्सीजन की कालाबाजारी न होने पाए। कोविड 19 से बचाव व सुरक्षा के संबंध में आमजन को लगातार जागरूक किये जाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए विभिन्न माध्यमों का प्रयोग किया जाए। स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग तथा पुलिस द्वारा आपसी समन्वय से पब्लिक एड्रेस सिस्टम को संचालित किया जाए। ( शेष पेज 9 )

# राजधानी में कोरोना के 904 नए मरीज मिले, 15 लोगों की मौत

● प्रदेश में कोरोना के 6,895 नए रोगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण रुकने का नाम नही ले रहा है। मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 904 मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 15 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 40552 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 869 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 30804 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 9711 केस एक्टिव हैं।

अभी तक राजधानी में 539 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 8109 लोगों के सैम्पल लिये गये हैं। जिनमें प्रमुख रूप से आज अलीगंज 35, आलमबाग 41, आशियाना 48, सहादतगंज 13, इंदिरा नगर 39, पारा 20, कैंट 33, गुडम्बा 14, गोमतीनगर 59, चिनहट 32, चौक 43, जानकीपुरम 38, ठाकुरगंज 23, तालकटोरा 37, रायबरेली रोड 40, मड़ियांव 21, महानगर 32, विकासनगर 15, हजरतगंज 35, बाजार खाला 14, सरोजनीनगर 10, हसनगंज 12, सुशान्त गोल्फ सिटी 10, गोमती नगर विस्तार 22, नाका में 10 पाजिटिव रोगी पाये गये हैं।

वहीं कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 237 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 237 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 177 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 60 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर सूबे में मंगलवार को कोरोना वायरस के 6895 नए मरीज पाए गए जबकि 67335 केस एक्टिव बताए गए हैं।

अभी तक प्रदेश में 4604 मरीजों की मौत हो चुकी है। अभी तक प्रदेश में 324036 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 6680 मरीजों को डिस्चार्ज किया ( शेष पेज 9 )

## कल्याण सिंह की हालत स्थिर

**लखनऊ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के गवर्नर रहे कल्याण सिंह की सेहत स्थिर है। उन्हें आईसीयू से निकाल कर प्राइवेट कमरे में शिफ्ट किया गया है। पीजीआई प्रशासन की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया है कि उनकी हालत स्थिर है। उन्हें बुखार नहीं है और बीपी भी नार्मल है। उन्हें डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,044 | ↑ 287 |
| निफ्टी | 11,521 | ↑ 81 |
| सोना | 53,019 | ↑ 422 /10g |
| चांदी | 70,743 | ↑ 1013 /kg |

## क्विक न्यूज

### रेलवे 21 से चलाएगा बीस जोड़ी क्लोन ट्रेनें

**नई दिल्ली।** रेलवे ने मंगलवार को कहा कि वह 21 सितंबर से 20 जोड़ी क्लोन ट्रेनें चलाएगा। रेलवे ने कहा कि इन ट्रेनों में से 19 जोड़ी ट्रेनों के लिए हमसफर एक्सप्रेस का किराया लिया जाएगा, लखनऊसे दिल्ली के बीच क्लोन ट्रेन के लिए यह जनशताब्दी एक्सप्रेस के किराए के बराबर होगा। इन ट्रेनों की अग्रिम आरक्षण अवधि 10 दिनों की होगी। रेलवे के अनुसार ये ट्रेनें उन मार्ग पर चलेंगी जहां टिकटों की प्रतिक्षा सूची लंबी है या मांग अधिक है। रेलवे ने कहा कि ये ट्रेनें पहले से मौजूद 310 विशेष रेलगाड़ियों के अलावा होंगी और इनका ठहराव मार्ग पर संचालात्मक हाल्ट या मंडल मुख्यालय (यदि कोई है तो) तक सीमित रहेगा। रेलवे ने कहा कि ठहराव को सीमित करते समय राज्य सरकारों के सुझावों को ध्यान में रखा जा सकता है।

# कंगना, रवि पर बरसीं जया-जिस थाली में खाया उसी में किया छेद

● वरिष्ठ अभिनेत्री व सपा सांसद ने राज्यसभा में ड्रग कनेक्शन के नाम पर बॉलीवुड को बदनाम करने पर जताया कड़ा ऐतराज, सरकार से मांगा समर्थन ● जया के आक्रामक बचाव से मायूस फिल्म उद्योग को मिली संजीवनी, तमाम फिल्मी हस्तियों ने दिया ताबड़तोड़ समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई

**वरिष्ठ** अभिनेत्री और सपा सांसद जया बच्चन ने मंगलवार को सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या मामले में बॉलीवुड के ड्रग कनेक्शन को तूल देकर पूरी इंडस्ट्री को बदनाम करने वालों को आड़े हाथों लिया।

राज्यसभा में पुरजोर तरीके से अपनी बात रखतीं जया बच्चन ने किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन उनके निशाने पर विवादों में घिरीं एक्ट्रेस कंगना रानौत और भाजपा सांसद व भोजपुरी फिल्मों के हीरो रवि किशन ही थे। जया ने कहा कि इसी फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बनाने वाले उसे गटर बता रहे हैं- जिस थाली में खाया उसी में छेद किया। इन बातों से वे खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही हैं।

शून्यकाल में तेजतर्रार किंतु सधे अंदाज में यह मुद्दा उठाते हुए जया बच्चन ने सरकार से मांग की कि पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष व पचास लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार देने और संकट की हर घड़ी में देश वासियों की बढ़चढ़कर मदद करने वाले फिल्म उद्योग को सरकार अपना समर्थन दे। कुछ लोगों की वजह से पूरी इंडस्ट्री की छवि को खराब नहीं किया जा सकता।



राज्यसभा में वरिष्ठ अभिनेत्री के डटकर सामने आने से अपने दामन पर लगते दागों से मायूस बॉलीवुड को जैसे संजीवनी मिल गई हो।

तमाम फिल्मी हस्तियां बच्चन के समर्थन में आगे आईं और तनी हुई रीढ़ के लिए उनकी जमकर सराहना की। हालांकि, अपने बयान पर अड़े रविकिशन ने कहा कि उन्हें जया जी से समर्थन की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने उनकी ही खाट खड़ी कर दी। दूसरी ओर मनाली में कंगना ने श्वेता व अभिषेक बच्चन के हवाले से जया पर व्यक्तिगत वार किया। इससे पहले, जया बच्चन ने किसी का नाम नहीं लेते हुए कहा कि कल लोकसभा में एक सांसद ने बॉलीवुड के खिलाफ बोला था। यह गलत है। जाहिर तौर पर उनका इशारा भाजपा सांसद रविकिशन की ओर था जिन्होंने कहा था कि फिल्म उद्योग में मादक द्रव्य की समस्या है।

जया ने फटकार जारी रखते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर मनोरंजन उद्योग की आलोचना की जा रही है। वे उन लोगों से जिन्होंने इसी इंडस्ट्री में नाम कमाया और आज इसका (बॉलीवुड) तिरस्कार कर रहे हैं, बिल्कुल सहमत नहीं हैं और इसे लेकर खुद को शर्मिंदा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा मुझे बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई कल जब लोकसभा के एक सदस्य ने इसके (बॉलीवुड के) खिलाफ कहा जो फिल्म उद्योग से ही हैं। मैं नाम नहीं ले रही हूं। यह शर्मनाक है। जया ने कहा कि देश में किसी भी संकट के दौरान सहायता में कभी पीछे नहीं रहने वाला यह उद्योग सराहना का ( शेष पेज 9 )

## बॉलीवुड के ड्रग कनेक्शन की पुख्ता सूचना नहीं : केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने स्पष्ट किया है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को अभी तक ऐसी कोई ठोस सूचना नहीं मिली है जिससे फिल्म उद्योग के लोगों और नशे के कारोबारियों के बीच कथित साठगांठ का खुलासा होता हो। राज्यसभा में जया बच्चन के समर्थन की मांग के बाद लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि एनसीबी ने पूरे एक साल अपनी जुटाई सूचनाओं और जांच के साथ अन्य सूत्रों के जरिये सामने आए तथ्यों के आधार पर लगातार ( शेष पेज 9 )

# देश में कोविड-19 के मामलों की संख्या 50 लाख के पार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में मंगलवार की रात कोविड-19 संक्रमण के कुल मामले 50 लाख के पार पहुंच गए। 40 लाख की संख्या पार करने के महज 11 दिन बाद भारत में संक्रमितों की कुल संख्या 50 लाख के पार पहुंच गई है। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 83,809 नए मामले सामने आए। वहीं, संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या 38,59,399 हो गई है, इसी के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्वस्थ दर 78.28 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदत्त आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 49,30,236 हो गई है जबकि पिछले 24 घंटे में इस महामारी से 1,054 और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 80,776 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, कोविड-19 से मृत्यु दर 1.64 प्रतिशत है। देश में अभी 9,90,061 मरीजों का इलाज चल रहा है। यह कुल मामलों का 20.08 फीसदी है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के मुताबिक अब तक कुल 5.83 करोड़ नमूनों की जांच हुई है जिनमें से 10.73 लाख नमूनों की जांच सोमवार को की गई। देश में कोविड-19 के मामलों ने सात अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार किया था, जबकि 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख के पार पहुंचे। जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय द्वारा दुनिया भर के देशों के कोविड-9 आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार संक्रमण से ठीक हो चुके मरीजों की संख्या के मामले में भारत पहले पायदान पर है। ब्राजील दूसरे और अमेरिका तीसरे नंबर पर है। जेएचयू के आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित देशों में अमेरिका के बाद भारत दूसरे नंबर पर है।

# संचारी रोगों के नियंत्रण में चौकसी बरतें: सीएम

## ● प्रदेश में 1 से 31 अक्टूबर तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जेई, एईएस तथा अन्य संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संचारी तथा विषाणुजनित रोगों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। विदित हो कि 1 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान् एवं 1 से 15 अक्टूबर तक दस्तक अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने लोक भवन में एईएस, जेई तथा अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण के पर सम्बंधित विभागों के साथ बैठक करते हुये कहा कि अभी से कार्य योजना बनाकर कोरोना



महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए संचारी रोगों के नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में जेई व एईएस से 466 बच्चों की मृत्यु हुई थी, वहीं वर्ष 2020 में यह संख्या 7 रही। जो दर्शाती है कि प्रदेश सरकार की संचारी रोगों के प्रति अपनायी गयी रणनीति कितनी सफल रही। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों के दौरान राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से जेई व एईएस के नियंत्रण पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जो देश व दुनिया के लिए उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोविड.19 से त्रस्त है। ऐसे में कोरोना के कारण इस वर्ष जिन बच्चों का नियमित टीकाकरण छूट गया है, ऐसे वंचित शिशुओं का चिन्हीकरण कर उनका टीकाकरण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित विभागों से इन रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने इन रोगों के उपचार व नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण पर बल देते हुए कहा कि संचारी रोगों के नियंत्रण में प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में, सभी जनपदों में स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करते हुए आवश्यक उपकरणों एवं स्टाफ की व्यवस्था समयबद्ध ढंग से पूरी तैयारी के साथ उपलब्ध होनी चाहिए। कालाजार, डेंग, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संचारी रोगों के सम्बन्ध में नियंत्रण एवं बचाव के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। योगी ने कहा कि जेई व एईएस वेक्टर जनित रोग हैं। इसलिए इनकी रोकथाम के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किए जा रहे सैनिटाइजेशन से जेई व एईएस तथा संचारी रोगों के नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। आंगनबाड़ी तथा आशा वर्करों की मदद से बच्चों एवं महिलाओं को इन रोगों के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए तथा उनके पोषण की भी व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग आनलाइन क्लासेज के माध्यम से विद्यार्थियों को जेई व एईएस के सम्बन्ध में जागरूक करे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के छात्र, जो एनसीसी, एनएसएस अथवा स्काउट में प्रतिभाग कर रहे हैं, उनसे कोविड वालेन्टियर्स के रूप में सेवाएं ली जाएं। उन्होंने कहा कि जेई व एईएस के कारण शारीरिक व मानसिक दिव्यांगता उत्पन्न होती है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह इसकी पूरी मानीटरिंग करे।

# देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करें इंजीनियर: केशव

## ● उपमुख्यमंत्री ने किया विश्वेश्वरैया द्वार व मल्टी लेवल पार्किंग का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव मौर्य ने कहा है कि इंजीनियर विश्वेश्वरैया के जीवन से सीख और प्रेरणा लेकर देश व प्रदेश के शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दें और देश को नई ऊंचाईयों पर ले जाने का काम करें। उन्होंने इंजीनियरों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इंजीनियर विश्वेश्वरैया, श्रीधरन और भाभा जैसे इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की परंपरा के वाहक हैं। उपमुख्यमंत्री मंगलवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित विश्वेश्वरैया हाल में भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 160वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने



पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पर विश्वेश्वरैया के नाम से एक करोड़ नौ लाख की लागत से बनने वाले भव्य द्वार और 19 करोड़ की लागत से बनने वाली मल्टी लेवल पार्किंग का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विकास के प्रथम चरण में रोड कनेक्टिविटी होना बहुत जरूरी है। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में उत्साहजनक परिणाम दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने सभी कार्यरत व सेवानिवृत्त अभियंताओं को शिल्पकार की संज्ञा देते हुए अभियन्ता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वेश्वरैया के जीवन दर्शन पर आधारित एक डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। विभागीय पत्रिका का और उसके ई-संस्करण का और उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन की पत्रिका न्यूज लेटर का विमोचन भी हुआ। उप मुख्यमंत्री ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले इंजीनयरों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सौ कार्मिकों को यह सम्मान दिया गया। प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने कहा कि विश्वेश्वरैया ने सामाजिक क्षेत्र में भी बहुत बड़ा योगदान किया था।


# इंजीनियर विकास की धुरी: महेन्द्र सिंह

## ● सिंचाई विभाग की जमीनों पर एक इंच भी अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा: जलशक्ति मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के जलशक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 160वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अभियन्तागण सिंचाई विभाग को देश का नंबर-1 विभाग बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इंजीनियर विकास की धुरी हैं और देश के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए उनका दायित्व है कि अपनी दक्षता का अधिकतम उपयोग करते हुए सिंचाई विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ आमजनता तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करें।

जलशक्ति मंत्री मंगलवार को सिंचाई विभाग के मुख्यालय पर विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित अभियन्ता दिवस कार्यक्रम



में मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियन्ताओं को दायित्व एवं कर्तव्यबोध का स्मरण कराते हुए श्रीमद्भगवत गीता एवं रामचरित मानस का उदाहरण देते हुए कहा कि अपने कार्यों से विश्वेश्वरैया की तरह एक अलग पहचान बनाने का प्रयास करें। डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि अभियन्ताओं को काम करने के मामले में पूरी छूट एवं संरक्षण प्रदान किया जायेगा। बशर्ते अपने कार्यों में पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का हर स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता की डीपीसी, मृतक आश्रितों की नियुक्ति तथा पेंशन संबंधी आदि देयों का समय भुगतान सुनिश्चित कराया जायेगा। किसी को भी कहने जरूरत नहीं पड़ेगी।

डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग की जमीनों पर एक इंच भी अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। अभियान चलाकार 1900 हेक्टेयर जमीन खाली करायी गयी है। आगे कोई अवैध कब्जा न कर सके इसकी जिम्मेदारी संबंधित अभियन्ता की होगी। उन्होंने सींचपालों व जूनियर अभियन्ताओं को अपने तैनाती स्थल पर हर समय मौजूद रहने की हिदायत दी।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जहां तक संभव हो नहरों की सफाई के लिए मानव संसाधन का उपयोग किया जाए। जेसीबी से नहर की खूबसूरती बिगड़ जाती है एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचती है।

# सीआईएसएफ की तर्ज पर काम करेगा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल: अवस्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा नव गठित उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल अधिनियम-2020 के अंतर्गत कोई नया प्राविधान नहीं किया गया है, बल्कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को प्रदत्त शक्तियों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में गठित इस विशेष सुरक्षा बल को भी शक्तियां प्रदान की गयी है।

अपर मुख्य सचिव ने मंगलवार को बताया कि उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल को मेट्रो रेल, न्यायालय, एयरपोर्ट, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों आदि की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने बताया कि सरकारी गजट में प्रकाशित इस अधिनियम की धारा-10 के अनुसार बल का कोई सदस्य, किसी मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना तथा किसी वारण्ट के बिना ऐसे किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है, जो एक्ट की धारा-8 के अन्तर्गत उल्लिखित बल के सदस्यों के कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा पहुंचाए, हमला करे, हमले की धमकी दे या आपराधिक बल आदि का प्रयोग करेगा। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया है कि शासन की अधिसूचना में उल्लिखित धारा-10 में निर्दिष्ट यदि कोई अपराध किया गया है तो अपराधी को निकल भागने या अपराध के साक्ष्य को छिपाने का अवसर दिए बिना उसकी तलाशी बिना वारण्ट के ली जा सकती है तथा यह विश्वास होने पर कि उसके द्वारा अपराध किया गया है, तो उसकी गिरफ्तारी भी की जा सकती है।

इस अधिनियम के अधीन गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को पुलिस अधिकारी को सौंपना होगा या किसी पुलिस अधिकारी की अनुपस्थिति में गिरफ्तारी की परिस्थितियों को वर्णित करती हुई रिपोर्ट के साथ निकटस्थ पुलिस थाने पर ले जाने की व्यवस्था की जाएगी।

# मोदी का राजनीतिक जीवन आदर्श राजनीति का सूत्रपात: स्वतंत्र देव

## ● सेवा सप्ताह के दूसरे दिन लोगों में बांटे गए चश्मे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के दूसरे दिन प्रदेश में कमजोर नेत्र दृष्टि वालों के लिए आंखों की जांच व चश्मे वितरित करने का कार्य किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने लखनऊ की उत्तर विधानसभा में पार्टी द्वारा आयोजित आई चेकअप कैम्प में पहुंचकर जरूरतमंदों को चश्मे वितरित करके चश्मा वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक तपस्वी के रूप में कार्य कर रहे हैं जिनके परिवार का कोई भी सदस्य न तो किसी भी तरह की सरकारी सुविधा ले रहा है और न ही प्रधानमंत्री आवास में ही कोई रहता है। यह आदर्श राजनैतिक परम्परा का सूत्रपात है और वंशवादी राजनीति पर कठोर प्रहार भी है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म गरीब परिवार में हुआ इसलिए वह गरीब, वंचित, शोषित, पिछड़े, दलित, उपेक्षित वर्ग का दर्द समझते हैं। वह जानते हैं कि एक गरीब के लिए पक्के मकान, शौचालय, गैस कनेक्शन, बिजली-पानी, बैंक के खाते तथा किसान के लिए सम्मान निधि की अहमियत क्या है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को आप सभी लोगों का स्नेह और शक्ति के रूप में आशीर्वाद प्राप्त हो ताकि देश का विकास, गरीब की खुशहाली, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और भी तेज गति से पूर्ण हो तथा मां भारती का विश्व में जयगान हो। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर को पार्टी सेवा सप्ताह के रूप में 14 से 20 सितम्बर तक मना रही है। प्रदेश के सभी जनपदों में रक्तदान के साथ ही प्लाज्मा डोनेट किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लगभग 6000 यूनिट रक्तदान किया। प्रदेश के सभी जिलों में नेत्र परीक्षण के साथ चश्मा वितरण भी किया जा रहा है। बुधवार को पार्टी के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के 70 सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट व सर्टिफिकेट रोल नं0 0881951, इंटरमीडिएट मार्कशीट व सर्टिफिकेट रोल नं0 0409785, ग्रेजुएट (बी0ए0) द्वितीय वर्ष मार्कशीट रोल नं0 250202 एवं तृतीय वर्ष (बी0ए0) मार्कशीट रोल नं0 604879 वास्तव में खो गयी है। अंजुली पुत्री स्व0 रूप किशोर, पता 9/603 इन्दिरानगर लखनऊ।

**सूचना**

एक विक्रय विलेख दिनांकित 04-07-2008 तपेसरी देवी पत्नी जगरनाथ निवासी भगवानपुर, परगना-देहात अमानत वाराणसी द्वारा विनोद कुमार यादव पुत्र लक्ष्मण राम यादव निवासी भगवानपुर, परगना-देहात अमानत, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित किया गया है। जिसका पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय, वाराणसी में बहीं नं. 1, खण्ड सं. 2360 के पृ.सं. 347/370 के क्रमांक सं. 3423 दिनांकित 04-07-2008 के रूप में पंजीकृत है जो आराजी नं. 186 रकबा 750 फीट, मौजा-भगवानपुर, परगना-देहात अमानत, तहसील सदर, जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है। इस विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या संस्था कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, कचहरी, वाराणसी, मो.: 9451525826 पर सूचित करें।

**सूचना**

एक विक्रय विलेख दिनांकित 29-04-2009 रामजग पुत्र रीमल, निवासी डोमरी, जिला-वाराणसी द्वारा उर्मिला देवी पत्नी महेन्द्र खरवार निवासिनी-सेथू, पोस्ट-जमौली, थाना-राजपुर, जिला-बक्सर, बिहार के पक्ष में निष्पादित किया गया है। जिसका पंजीयन उपनिबंधक कार्यालय रामनगर, वाराणसी में बहीं नं. 1, खण्ड सं. 407 के पृ.सं. 273/290 के क्रमांक सं. 387 दिनांकित 29-04-2009 के रूप में पंजीकृत है जो आराजी नं. 54/2 रकबा 1360 वर्गफीट, मौजा-डोमरी, परगना-राल्हूपुर, तहसील सदर, जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है खो गया है। उक्त विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, दीवानी, कचहरी, वाराणसी, मो.: 9451525826 पर सूचित करें।


# प्रत्येक मंडल में फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना

## ● एमएसएमई इकाइयों के लंबित भुगतान के कारण कार्यशील पूंजी में आने वाली समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए उठाया गया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने एमएसएमई इकाइयों के लम्बित भुगतान के कारण कार्यशील पूंजी में आने वाली समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए प्रत्येक मण्डल में एक फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना का निर्णय लिया है। इसके क्रियान्वयन के लिए मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय फैसिलिटेशन काउंसिल का गठन किया गया है। काउंसिल के स्वरूप, शक्तियां, कार्य प्रक्रिया आदि का निर्धारण करते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को सभी प्रकार की सुविधा हर स्तर पर देने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रत्येक मण्डल पर फैसिलिटेशन काउंसिल के गठन का फैसला लिया गया है।

अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डा. नवनीत सहगल ने बताया कि काउंसिल में इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं लघु उद्योग भारती द्वारा नामित प्रतिनिधि तथा मण्डल मुख्यालय के लीड बैंक मैनेजर को सदस्य नामित किया गया है। मण्डल के संयुक्त आयुक्त, उद्योग काउंसिल के सदस्य सचिव होंगे। उन्होंने बताया कि फैसिलिटेशन काउंसिल को यथा संशोधित सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम की सभी शक्तियां प्राप्त होंगी। सभी मण्डलीय फैसिलिटेशन काउंसिल केन्द्रीय अधिनियम के अंतर्गत दी गई प्रक्रिया के अधीन कार्य करेंगे। सहगल ने बताया कि प्रदेश स्तरीय फैसिलिटेशन काउंसिल तथा मण्डल स्तरीय फैसिलिटेशन काउंसिल द्वारा दिये गये निर्णयों के विरूद्ध को भी संस्था अपील दायर करती है तथा अपील के अंतर्गत फैसिलिटेशन काउंसिल के आदेश पर स्थगन प्राप्त नहीं हुआ है तो ऐसी स्थिति में काउंसिल जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से भू-राजस्व के बकाये की वसूली के लिए वसूली-प्रमाण पत्र जारी कर सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक संयुक्त आयुक्त उद्योग कार्यालय में इस संबंध में एक रजिस्टर रखा जायेगा। इसमें प्रत्येक फैसिलिटेशन काउंसिल को प्राप्त होने वाले सभी प्रार्थना पत्रों को दर्ज किया जायेगा। प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए मण्डलायुक्त द्वारा तिथि निर्धारित की जायेगी। दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात अधिनियम में दी गई प्रक्रिया का पालन करते हुए अंतिम निर्णय लिया जायेगा। उद्यमियों की समस्याओं को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी मण्डलों में फैसिलिटेशन काउंसिल के स्थापना का निर्णय लिया है।

# निर्बाध व सस्ती बिजली के लिए लाइन लॉस 15 प्रतिशत से नीचे लाना जरूरी: श्रीकांत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● ऊर्जा मंत्री ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हाई लाइन लॉस वाले शहरी व ग्रामीण उपकेंद्रों की समीक्षा

**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिलों के हाई लाइन लॉस वाले शहरी व ग्रामीण उपकेंद्रों की समीक्षा की। उन्होंने हाई लॉस वाले उपकेंद्रों को रेड कैटेगरी से ग्रीन कैटेगरी में लाने और सस्ती व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस कार्य में लापरवाही पाये जाने पर जवाबदेही तय की जाए। यूपीपीसीएल चेयरमैन इस लक्ष्य की लगातार मॉनिटरिंग करें।

ऊर्जा मंत्री ने रायबरेली के रोहनिया व इंदिरा नगर, शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा व काकरा, श्रावस्ती के भंगहा व इकौना, सीतापुर के मछरेहटा व ओल्ड सीतापुर, सुल्तानपुर के अलीपुर व कैम्पबूथ, उन्नाव के कालूखेड़ा व पीडी नगर हाई लॉस उपकेंद्रों की समीक्षा की। उन्होंने हाई लाइनलॉस फीडर्स वाले विद्युत उपकेंद्रों को रेड कैटेगरी से ग्रीन कैटेगरी में लाने और सस्ती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी उपभोक्ताओं को सही बिल व समय पर बिल मिले। साथ ही सभी चिह्नित उपकेंद्रों की लाइन हानियों को 15 प्रतिशत से नीचे ले आएं। जिससे सस्ती, पर्याप्त और निर्बाध विद्युत आपूर्ति का संकल्प पूरा करने में आसानी हो। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि लाइन लॉस कम करने के लिये बिजली चोरी पर रोक लगना और समय पर बिल जमा करना बेहद जरूरी है। इसलिए यह संकल्प जन सहयोग से ही पूरा हो सकता है। इसके लिये स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेकर आमजन को प्रेरित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ईमानदार उपभोक्ता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्हें सही व समय पर बिल मिले। अधिक बिल आने की शिकायतों को गंभीरता से लें, उनका समाधान करें और उपभोक्ता को संतुष्ट करें।


**प्रबंध समिति के चुनाव सम्बन्धी सूचना**

**सकलडीहा डिग्री कॉलेज समिति सकलडीहा जनपद-चंदौली**
**प्रबंध समिति के चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम**

सकलडीहा डिग्री कालेज समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबंध समिति के चुनाव हेतु निम्नलिखित चरणबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कृपया अवगत होते हुए अपनी सहभागिता एवं योगदान प्रदान करें।
अध्यक्ष-एक पद, उपाध्यक्ष-चार पद, प्रबन्ध-एक पद, सेक्रेटरी (मंत्री)-एक पद, सदस्य कार्यकारिणी-पांच सदस्य। स्थान सकलडीहा पी0जी0 कालेज परिसर।
1. नामांकन दिनांक-04.10.20, 10 बजे से 12 बजे तक।
2.नामांकन पत्रों की जांच घोषणा व नाम वापसी-12 बजे से 1 बजे तक
3. आवश्यक होने पर चुनाव व मतगणना - 1 बजे से परिणाम घोषित होने तक।

**शारदा यादव**
प्रबन्धक
सकलडीहा पी.जी.कालेज
सकलडीहा चंदौली

**कार्यालय, जिला क्रीड़ाधिकारी, सुलतानपुर।**

पत्रांक- 175/2020-21 दिनांक- 11 सितम्बर 2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला खेल कार्यालय, पन्त स्टेडियम सुलतानपुर में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक (चौकीदारी, खेल मैदानों एवं खेल सामग्री की देखरेख साफ-सफाई एवं आफिस कार्य) के ठेका वित्तीय वर्ष-2020-21 हेतु निविदायें दिनांक-22.09.2020 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आंमत्रित किये जाते हैं। निविदायें पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत रूप से सील बन्द लिफाफे में उसके ऊपर निर्धारित तिथि एवं समय अंकित हुऐ ही प्राप्त किये जायेगे।

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्थान | निविदा फार्म शुल्क | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक (चौकीदारी, खेल मैदानों एवं खेल सामग्री की देखरेख साफ-सफाई एवं आफिस कार्य) | जिला खेल कार्यालय, पन्त स्टेडियम, सुलतानपुर | रू0-500.00/ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित। | रू0-10,000.00 का बैंक ड्राफ्ट। |

**निविदा सम्बन्धी कार्य एवं शर्ते :-**
1-एक/दो अथवा सभी प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 2-निविदा की शर्ते कार्यालय से दिनांक- 17.09.2020 को अपरान्ह 11 बजे से प्राप्त की जा सकती है। 3-प्राप्त निविदायें दिनांक-22.09.2020 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदा कमेटी व निविदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। इसके बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।


(शीला भट्टाचार्या) क्रीड़ाधिकारी,
सुलतानपुर


# चुनावी घोषणा पत्र बनाने के लिए जन अभियान चलाएगी कांग्रेस

## ● प्रियंका गांधी ने मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्यों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्यों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक कीं। बैठक में चुनावी घोषणा पत्र बनाने को लेकर मजबूत रणनीति तैयार हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था, किसानों के मुद्दे, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बिगड़ते आर्थिक हालात पर गंभीर चर्चा हुई। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि पूरे प्रदेश में जनअभियान चलाकर कांग्रेस पार्टी अपना घोषणा पत्र बनाएगी। इस



अभियान में विधानसभावार बैठकें करके जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। मीटिंग में तय हुआ कि सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए भी जनता से रायशुमारी की जाएगी। बौद्धिक वर्ग और जन संगठनों से लिखित रूप से भी सलाह मांगी जाएगी। बैठक में मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य सलमान खुर्शीद, राज्यसभा सांसद पीएल पुनिया, सुप्रिया श्रीनेत्र, विवेक बंसल, अमिताभ दुबे के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और विधायक दल नेता आराधना मिश्रा मोना उपस्थित थे।

### भर्ती प्रक्रिया में बदलाव के प्रस्ताव पर प्रियंका ने उठाया सवाल

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी में सरकारी भर्ती प्रक्रिया में बदलाव के प्रस्ताव पर सवाल उठाया है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार युवाओं के दर्द पर मरहम न लगाकर उनका दर्द बढ़ाने वाली योजना ला रही है। प्रियंका ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि संविदा का मतलब है कि नौकरियों से सम्मान विदा हो जाएगा। पांच साल की संविदा युवा अपमान कानून की तरह है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी इस तरह के कानून पर तीखी टिप्पणी कर चुका है।

# पंचायत चुनाव को लेकर पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिहार** में विधान सभा और देश की सभी 62 सीटों पर उप चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की कवायद तेज करने के बाद अब प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने भी कसरत शुरू कर दी है। आयोग ने पंचायत चुनाव को पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए एक अक्टूबर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू होगा। 5 सितंबर से बीएलओ तथा पर्यवेक्षकों को काम बांटने के साथ स्टेशनरी वितरण का काम शुरू कर दिया गया है। यह दोनों काम 30 सितंबर तक खत्म कर लेने होंगे।

मौजूदा समय में कोविड के कारण कई विभागों का स्टाफ इसी काम में लगा हुआ है। ऐसे में पुनरीक्षण कार्य के लिए आयोग को सरकारी कर्मचारी जुटाना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। फिलहाल आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एक अक्टूबर से 12 नवंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना तथा सर्वेक्षण का काम करेंगे। एक अक्टूबर से पांच नवंबर में मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने या फिर संशोधन का काम ऑनलाइन होगा। छह नवंबर से 12 नवंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर ऑनलाइन से प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद 13 नवंबर से पांच दिसंबर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्पयूटर से पांडुलिपि तैयार की जाएगी। छह दिसंबर से ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। वहीं सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।


**विज्ञप्ति**

मैं व्यक्तिगत कारणों से उ.प्र. रेरा में पंजीकृत परियोजना ASTHA AURUM (संख्या UPRERAPRJ525946) को सरेंडर/कैंसिलेशन/निरस्तीकरण करा रहा हूँ। किसी व्यक्ति/संस्था आदि द्वारा इस परियोजना में यदि कोई बुकिंग कराई गई हो तो कृपया अपना क्लेम/दावा प्रस्तुत करें। उक्त क्लेम/दावा को विवरण सहित 15 दिनों के अन्दर यू.पी. रेरा की ईमेल आईडी contactuprera@up-rera.in पर भी भेजा जाये तथा क्लेम/दावा विवरण को सचिव उ.प्र रेरा मुख्यालय नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान, कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ-226007 को प्रेषित किया जाये।


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# करोड़ों की ठगी करने वाले नौ जालसाज गिरफ्तार

● पांच फीसदी मासिक ब्याज की दर पर सैकड़ों लोगों ने किया था कंपनी में निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**राजधानी** के गोसाईगंज में कंपनी बनाकर लोगों को पांच फीसदी मासिक ब्याज का लालच देकर कंपनी के एमडी व 12 डायरेक्टरों ने करीब 27 सौ लोगों से 59 करोड़ हड़प लिए। जब तक कोई कुछ समझ पाता जालसाज फरार हो गए। फिलहाल गोसाईगंज पुलिस ने मंगलवार को कंपनी के 12 में से नौ डायरेक्टरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

डीसीपी दक्षिणी रईस अख्तर ने बताया कि सतू का पुरवा गोसाईगंज निवासी हरिओम यादव ने वर्ष 2018 में अलास्का कमोडीटीज एवं अलास्का रीयल स्टेट एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बनाकर लाभांश का पांच फीसदी मासिक ब्याज की दर से लोगों को देने का वादा कर कंपनी में जोड़ने का काम शुरू किया। जिसमें आरोपित सुभाष यादव, सुरेंद्र यादव, नंदकिशोर, गजल यादव, रूपाली गुप्ता, आशीष कुमार वमा, राकेश कुमार, ओम सिंह यादव, अवधेश कुमार मिश्रा, ललित कुमार वर्मा, शैलेंद्र, ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव ने कंपनी में डायरेक्टर के रूप में काम करके निवेशकों के लाखों रुपये कंपनी में निवेश करवा दिया। कई जिलों में कंपनी की फ्रेंचाइजी भी खोल ली लेकिन जब कंपनी ने ब्याज का पैसा देना बंद कर दिया तो लोगों ने कंपनी से पैसा वापस मांगना शुरू कर दिया। जिसके बाद कंपनी के उक्त कर्मचारियों ने पैसों के बदले कंपनी से प्लाट देने का वादा किया। जिसके बाद बीते 28 जुलाई को निवेशक महेश कुमार यादव हरिहर पुर निलमथा थाना सुशांत गोल्फसिटी ने गोसाईगंज थाने पर उपरोक्त कंपनी के 15 डायरेक्टरों व एमडी हरिओम यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद गोसाईगंज पुलिस को 111 लोगों ने उपरोक्त मामले के खिलाफमुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी। डीसीपी रईस अख्तर ने बताया कि उपरोक्त विषय पर जब छानबीन की गई तो लगभग पांच से छह सौ पीड़ित लोग सामने आए। पुलिस मामले की तफ्तीश कर ही रही थी कि मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी कंपनी की चार बीघे जमीन बेचकर बाहर भागने की फिराक में हैं। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामले के 15 में से नौ आरोपित सुभाष यादव निवासी शेखनपुर गोसाईगंज, ललित कुमार वर्मा, निवासी गंगाखेड़ा, गोसाईगंज, सुरेंद्र कुमार यादव निवासी बरुआ गोसाईगंज, गजल सिंह यादव पैंठ अली का पुरवा गोसाईगंज, आशीष कुमार वर्मा, बसतौली गोसाईगंज, ओम सिंह यादव निवासी सतूक का पुरवा गोसाईगंज अवधेश कुमार मिश्रा पांडेय का पुरवा थाना सुबेहा बाराबंकी, कैशलेन्द्र यादव सेखना घाट थाना सुशांत गोल्फ सिटी को रामबाग मुंशीगंज अमेठी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं कंपनी के नौ लोग पकड़े जाने की सूचना पर अलास्का कंपनी में पांच फीसदी मासिक ब्याज पर निवेश करने वाले करीब डेढ़ सौ लोग थाने पहुंच गए। उन्होंने अपनी तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही लेकिन पुलिस ने सभी का प्रार्थना पत्र ले लिया पर किसी भी पीड़ित का अलग से मुकदमा दर्ज नहीं किया। डीसीपी के अनुसार 6 फरवरी 2019 को कृष्णा नगर पुलिस ने अलास्का इंटर प्राइजेज का पांच करोड़ रुपया पकड़ा था जिसमें पैसा ले जाते कंपनी के सात लोगों को जेल भेजा गया था। बरामद पैसों की ईडी जांच कर रही है।

## एमडी समेत छह फरार

**डीसीपी** रईश अख्तर के अनुसार मुख्य एमडी हरिओम यादव निवासी सतकू का पुरवा, ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी बालक राम कालोनी, अयोध्या, शैलेन्द्र कुमार निवासी सोहना थाना सतरिख बाराबंकी, राकेश कुमार निवासी रानी खेड़ा गोसाईगंज, रुपाली गुप्ता निवासी मुंशीगंज अमेठी गोसाईगंज, राम सिंह यादव निवासी सतक का पुरवा गोसाईगंज फरार चल रहे हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई है।

# सीतापुर रोड पर बनेगा नया बस अड्डा

● लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में हुए कई अहम फैसले

● एलडीए की संपत्ति की नीलामी के दौरान आयकर रिटर्न, हैसियत प्रमाण-पत्र लिये जाने की अनिवार्यता खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## बोर्ड बैठक में इन प्रस्तावों को भी मिली हरी झंडी

- राजकुमार, सहायक अभियन्ता के पिता के कैंसर की गंभीर बीमारी की चिकित्सा पर व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति, भुगतान किये जाने का निर्णय।
- राजीव कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता (वि/यां), मेरठ विकास प्राधिकरण संबद्ध लखनऊ विकास प्राधिकरण की पत्नी स्व. किरन लता सिंह, के कैंसर की गंभीर बीमारी की चिकित्सा पर व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति करने का फैसला।
- लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षित योजनाओं में कोरोना महामारी (कोविड-19) एवं बरसात के मौसम के तहत डेंगू बीमारी से बचाव के लिए सैनेटाइजेशन एवं एन्टीलार्वा फागिंग के संबन्ध में दिए प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा देखा गया।

**शहर को** सीतापुर रोड पर नया बस अड्डा मिलेगा। एलडीए की बोर्ड बैठक में परिवहन निगम ने पांच एकड़ भूमि का दस प्रतिशत धनराशि देकर कब्जा प्राप्त कर लिया है। वहीं शेष धनराशि 15 वर्षों में किश्तों में देनी होगी। किश्त में विलंब होने पर दंड ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। वहीं, एलडीए में संपत्ति की नीलामी के दौरान आयकर रिटर्न की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है। मंगलवार को मण्डलायुक्त मुकेश कुमार मेश्राम की अध्यक्षता में लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 169वीं बैठक हुई। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। एलडीए की संपत्ति की नीलामी के दौरान तीन वर्ष का आयकर रिटर्न, हैसियत प्रमाण-पत्र लिये जाने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है, इस प्रस्ताव पर बैठक में अध्यक्ष के साथ चर्चा के बाद पास कर दिया गया है। सरस्वती अपार्टमेन्ट के बगल स्थित व्यवसायिक का पलेक्स, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार को एक साथ विक्रय करने के प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। सीतापुर रोड में बस स्टेशन के लिए आरक्षित 5 एकड़ भूमि निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत भुगतान परिवहन निगम द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण को करते हुए बस स्टेशन का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कब्जा कर तत्काल स्थल से परिवहन निगम की बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही शेष 90 प्रतिशत धनराशि 15 वर्षों में परिवहन निगम द्वारा प्रतिवर्ष समान किश्तों में भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किया जाएगा। एलडीए की जनपथ (हजरतगंज) में दुकान व गोदाम सं या-04 (बेसमेन्ट) की सर्किल दरों के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्गत 2014 की निर्माण लागत के आधार पर गणना करते हुए उस पर डिप्रीसिएशन वैल्यू की गणना के आधार पर मूल्यांकन करने का अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं गोमती नगर योजना के विक्रान्त खण्ड स्थित बस अड्डा एवं बजट होटल के निर्माण एवं विकास कार्य में 10 से अधिक विचलन होने के कारण सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने विषयक प्रस्ताव को आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। साथ ही यूपीएसआरटीसी के अनुरोध पर जो कार्य कराये गये है, उनके विवरण सहित दोबारा देने के निर्देश दिये गये हैं।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में मिलीं खामियां, इकोग्रीन के मैनेजरों को लगायी फटकार

● नगर आयुक्त ने फील्ड कर्मियों की सेवाएं खत्म करने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर को** स्वच्छ बनाने के लिए नगर आयुक्त हजरतगंज, लालबाग का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण में डोर टू डोर कलेक्शन की भारी संख्या में शिकायतें पायी गयीं। क्षेत्रीय लोगों ने नगर आयुक्त को सच्चाई बताई। हकीकत जानने पर फटकार लगाते हुए नगर आयुक्त ने जोन मैनेजन और जोनल अधिकारियों को सचेत किया। यही नहीं वाहन चालक, सुपरवाइज सहित दूसरे कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने की चेतावनी तक दे डाली।

मंगलवार को नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने हजरतगंज, लालबाग एवं क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईकोग्रीन एनर्जी द्वारा सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कराये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य दुरुस्त नहीं पाया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय निवासियों द्वारा नियमित रूप से कूड़ा उठान के लिए वाहन न आने की शिकायत की। ईकोग्रीन के वार्ड मैनेजर एवं जोनल आफिसर द्वारा संतोषजनक उत्तर न देने पर नगर आयुक्त ने उन्हें फटकार लगाते हुए सचेत करते हुए वाहन चालक, हेल्पर और वार्ड सुपरवाइजर की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए। कार्य के समय प्रत्येक वाहन पर लगे जिंगल का प्रयोग न पाये जाने पर संबन्धित वाहन चालक के वेतन से 50 रुपये कटौती किये जाने के निर्देश दिये। स्वच्छता को देखते हुए जोन-1 में 56 एवं जोन-4 में 32 (प्रति वार्ड 4) चैंपियन तैनात किये गये हैं। इन जोन में ईकोग्रीन द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा उठवाये जाने के लिए प्रति वाहन पर एक चैंपियन तैनात रहेगा। जिसके बाद मेसर्स ईकोग्रीन द्वारा कूड़ा उठान रूट के अनुसार कराये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य एवं इनके द्वारा वाहन पर उपयोग किये जा रहे जिंगल एवं बीटीएस सिस्टम पर किये जा रहे जिंगल एवं बीटीएस सिस्टम पर निगरानी रखी जायेगी।

### गंदगी पर हजार रुपए का लगाया जुर्माना

**नगर आयुक्त** द्वारा निरीक्षण में भवन संख्या-47/3, क्ले-स्कायर, कबीर मार्ग के सामने पालीथीन में सड़क पर कूड़ा फेंका हुआ पाया गया। जानकारी पर भवन स्वामी ने मना किया। कूड़े की जांच में भवन स्वामी के नाम पते का कोरियर कंपनी का लिफाफा पाया गया। जिसके बाद भवन स्वामी पर 1000 रुपये जुर्माना लगाया। वहीं अपर नगर आयुक्त अमित कुमार द्वारा घिलाहट द्वितीय वार्ड में निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य असंतोषजनक पाया गया। लापरवाही पर भड़के अपर आयुक्त ने कड़ी कार्रवाई की। कार्यदायी संस्था लॉयन सिक्योरिटी सर्विसेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## मौके पर शिकायतों का निस्तारण करें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● डीएम ने की सदर तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता

**सदर तहसील** में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को मौके पर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। तहसील सदर में राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण से स संबंधित कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निस्तारण एक सप्ताह में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर रियलिटी चेक भी करें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो कार्रवाई की जाएगी। तहसील सदर में राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण से संबंधित कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस में श्याम सिंह रावत निवासी कुर्मांचल नगर ने खसरा सं या 172/4 व 171/3 ग्राम जहिरपुर में उनकी भूमि पर जोगेंद्र कुमार और अमित कुमार द्वारा अवैध कब्जा करने व बाउंड्री तोड़ कर जबरन निर्माण कराने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने एसएचओ गुडंबा को जांच करके तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। लज्जा देवी ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर आख्या प्रस्तुत करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए। राम खिलावन ने हैदर कैनाल के पास मलिन बस्ती में लगे हुए सभी हैंडपंप खराब होने की शिकायत की।

## अमीनाबाद के व्यापारी मासिक पास पर अंडरग्राउंड पार्किंग में खड़े कर सकेंगे वाहन

**लखनऊ।** अमीनाबाद के व्यापारियों की समस्याओं को महापौर द्वारा प्रमुखता से ध्यान दिया गया है। अमीनाबाद अंडरग्राउंड पार्किंग में व्यापारियों से मासिक पास पर ही वाहन पार्क करने की मांग की। महापौर ने नगर आयुक्त से इस संबंध में मासिक पास बनाने संबंधी कार्य करने का आदेश दिया। मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने अमीनाबाद के व्यापारियों को बड़ी राहत दी है। कोरोना काल में प्रभावित हुए व्यापारियों को अमीनाबाद पार्किंग में मासिक पास पर वाहन पार्क कराने की अनुमति रहेगी। अमीनाबाद अंडरग्राउंड पार्किंग में व्यापारियों से मासिक पास पर ही वाहन पार्क करने के संबंध में व्यापारियों ने महापौर से मिलकर अनुरोध किया था। जिस पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने व्यापारियों को राहत देते हुए मासिक पास पर भी वाहन पार्क करने के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया है।

## फिर से बेटी पैदा होने पर पति ने जमकर पीटा

**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया, जहां बेटी पैदा होने की वजह से नाराज होकर पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पीड़िता के परिजन पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़िता को थाने लेकर आए। जहां पीड़िता ने पुलिस को ससुरालीजनों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। न्यू गुलिस्तां कालोनी चिनहट निवासी आशा शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी सारिका शर्मा का विवाह चार साल पहले जयपालखेड़ा गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र निवासी अजय शर्मा के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति, देवर, ससुर, सास व ननद दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे, लेकिन कुछ दिन बाद इसी बीच उनकी बेटी से तीन बेटियों ने जन्म लिया तो पति अजय शर्मा, सास, ससुर, ननद व देवर बेटी पैदा होने का ताना देने लगे। उसके बाद गर्भवती होने के बाद बेटी का गर्भपात कराने लगे। यही नहीं शादी के चार साल तक मायके ही नहीं भेजा। जब बेटी की विदाई करके ले आई तो ले जाना बंद कर दिया। उसके बाद मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद मध्यस्था केन्द्र के जरिए बीते 14 सितम्बर को उनकी बेटी सारिका शर्मा अपनी पुत्री का जन्म दिन मनाने अपने ससुराल जयपाल खेड़ा चली गई। वहां जाने के बाद पति समेत ससुरालवालों ने उसकी शारीरिक पिटाई। जिसकी सूचना मिलने वह गोमतीनगर विस्तार पुलिस डायल 112 के जरिए वहां पहुंची था।

## अधिक जांच के लिए सर्विलांस टीमों की संख्या बढ़ाएंः मेश्राम

● मण्डलायुक्त ने किया सीएचसी का दौरा, समाधान दिवस में सुनी फरियादें

संवाददाता। बख्शी का तालाब



**लगभग** छह महीने के बाद बीकेटी तहसील में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया गया। मंगलवार को मंडलायुक्त मुकेश विश्राम बीकेटी सीएचसी पंहुचे उनके साथ सीडीओ मनीष बंसल, एसडीएम संतोष कुमार व अन्य अधिकारी थे। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक से ग्रामीण क्षेत्र में केविड संक्रमण के बचाव व जांच की जानकारियों पर चर्चा की। उन्होंने सर्विलांस टीमों की संख्या बढ़ाने को कहा, जिससे अधिक से अधिक लोगों की जांच हो सके। इसके अलावा संचारी रोग के नियंत्रण के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में उपाय करने के निर्देश दिये। वहीं स्वास्थ्य केन्द्र इन्दिरा नगर के निरीक्षण में आरआरटी टीमों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान गोल्डन कार्ड वाले मरीजों का कार्ड से इलाज कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मंडलायुक्त बीकेटी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और उसकी अध्यक्षता करते हुये लोगों की फरियाद सुनी। उसरना गांव की राजेश्वरी देवी ने शिकायती पत्र देकर बताया कि कृषि आवंटन की भूमि गाटा संख्या 533-03 रकबा 0.180 पर विपक्षी द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उक्त जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाया जाय। वहीं मंझीराय के रहने वाले छोटक्के पुत्र बचान ने बताया कि लेखपाल से मिलीभगत करने के बाद उनका नाम हटवाकर उनके भाइयों ने जमीन की बिक्री कर दी है। उस समय वह जेल में था जब उसके पिता की मौत हो गयी थी। जमीन में उसका नाम दर्ज कराकर कब्जा दिलाने की मांग की गई। राजापुर इन्दौरबाग के रहने वाले सुकुरु मिश्रीलाल ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन गाटा संख्या 185 पर जाने के लिये सरकारी चकमार्ग है। जिसपर विपक्षियों ने कब्जा कर लिया है, जिस कारण वह अपनी जमीन पर नहीं पहुंच पाते हैं। कृषि यंत्रों की पहुंच न हो पाने के कारण खेती बंजर होती जा रही है, उक्त कब्जे को हटवाकर चकमार्ग खुलवाने की फरियाद की। मंडलायुक्त ने सभी शिकायतों के निस्तारण का सीमित समय में निस्तारण का अश्वासन दिया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायती पत्र मिले जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

## ट्यूशन टीचर ने मासूम के हाथ पीछे बांधकर डण्डे से पीटा, गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मलपुर से एक बच्चे से क्रूरता भरा व्यवहार करने का मामला सामने आया है जहां ट्यूशन पढ़ने गए 8 वर्षीय बच्चे की हाथों को तार से पीछे बांधकर लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई के कारण बच्चे के पैर, पीठ और कमर पर काफी गहरे चोटें आई हैं। बच्चे के माता पिता ने स्थानीय पुलिस को जाकर इस बात की सूचना दी। जिसके बाद आरोपी टीचर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 8 वर्षीय सिद्धार्थ और उसकी बहन ट्यूशन पढ़ने सचिन गुप्ता के यहां जाते हैं। हालांकि सिद्धार्थ थोड़ा पढ़ाई में कमजोर है। बताया जा है कि टीचर ने बच्चे को होमवर्क दिया था। जो वह करके नहीं लाया इसी बात पर बच्चे को डांटा तो उसने टीचर को दांत काट लिया। उतने में ही गुस्साए आरोपी टीचर ने बच्चे के दोनों हाथों को पीछे तार से बांध दिया और उसके बाद लकड़ी के डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। इसकी सूचना सिद्धार्थ की बहन ने मां को दी, जिसके बाद परिजनों ने टीचर के खिलाफ थाना ठाकुरगंज में शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी सचिन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चे की मां गायत्री का कहना है कि बच्चा पढ़ने में थोड़ा कमजोर है, लेकिन मारना नहीं चाहिए।

## शहीद पथ पर कार बनी आग का गोला

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र स्थित शहीद पथ पर एक कार में आग लग गई। देखते देखते कार आग का गोला बन गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, पर तब तक कार जलकर राख हो गई। आशियाना थाना प्रभारी संजय राय ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित शहीद पथ औरंगाबाद के पास नम्बर यूपी 32 जी एन 0749 में अचानक धुआं निकलने के बाद आग लग गई।

# पालीटेक्निक की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा पर दिखा कोरोना का खौफ

● राजधानी में 53 व प्रदेश में 56 फीसदी से ऊपर छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पालीटेक्निक** कक्षाओं में दाखिले को लेकर मंगलवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की तरफ से सम्पन्न कराई गई ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में कोरोना का खौफ साफतौर पर देखने को मिला। हालांकि प्रवेश परिषद की तरफसे सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही थर्मल स्कैनर आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके बावजूद परीक्षा से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी दूर रहे। स्थिति यह रही कि दोनों पालियों में सम्पन्न कराई गई परीक्षा के दौरान राजधानी में 53 फीसदी से ऊपर और प्रदेश में 56 फीसदी से ऊपर की संख्या में अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। हालांकि ऑनलाइन परीक्षा शुरू होने से पूर्व सोशल डिस्टेंसिंग का कई केंद्रों पर अभाव देखने को मिला। बिजनौर रोड के बीआर ऑनलाइन सर्विस सेंटर पर अभ्यर्थियों को पहुंचने में पसीने छूट गए। केंद्र पर सुरक्षा को लेकर लापरवाही भी नजर आई। गेट के बाहर के बजाय अंदर पूछताछ की जा रही थी। इसके अलावा कृष्णानगर के बीएस इंफोटेक में पार्किंग की व्यवस्था नहीं थी। जिसकी वजह से अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बेसमेंट में पार्किंग के बजाय थर्मल स्कैनिंग की जा रही थी। गोमतीनगर के शिव गंगा सोफ्ट टेक और पत्रकारपुरम के बीटेक एग्जाम हब में सुरक्षा मानकों के साथ परीक्षा हुई। वहीं इंदिरानगर के बीके कोवेंट इंटर कालेज में भी सुरक्षा मानकों का पालन करने में लापरवाही नजर आई। ट्रांसपोर्टनगर के टेक टेस्टिंग सेल्यूशन में सुरक्षा के साथ परीक्षा हुई। मोहनलालगंज के थिरुमिला एजुकेशन एकेडमी की तलाश में भी अभ्यर्थियों को परेशानी हुई। वहीं एक केंद्र पर महिला अभ्यर्थी के एडमिट कार्ड पर फोमेल के बजाय मेल लिखा था। जिसमें सचिव के हस्तक्षेप के बाद संशोधन किया गया। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद आंसर शीट को लेकर परिषद के सचिव एस के वैश्य ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2020 की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की आंसर शीट 16 सितंबर को परिषद की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह 19 सितंबर के शाम पांच बजे तक अपनी आपत्ति आनलाइन दिये गये प्रारूप पर दर्ज कर सकता है। इसके लिए अभ्यर्थी को 100 रुपए शुल्क ऑनलाइन वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जमा करना होगा। दावा सही होने पर अभ्यर्थी का शुल्क वापस कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के वास्तविक प्राप्तांक 22 सितंबर को जारी कर दिये जायेंगे। जबकि ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा के आंसर की 23 सितंबर को जारी करके 26 सितंबर तक आपत्ति प्राप्त की जायेंगी। परीक्षा के नतीजे 28 सितंबर को जारी किए जाएंगे। परिणाम जारी होने के बाद 30 सितंबर से आनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। परीक्षा परिणाम, काउंसिलिंग से सम्बन्धित जानकारी पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे पाठ्यक्रमों एवं उपलब्ध सीटों की संख्या का विवरण आदि जानकारियां परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी।

## बगैर लाइसेंस चल रहा मेडिकल स्टोर सीज, 70 हजार की दवाएं जब्त

**लखनऊ।** दुबग्गा स्थित एक निजी हॉस्पिटल में बगैर लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर को मंगलवार को औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सीज कर दिया गया। छापेमारी के दौरान 70 हजार की दवाएं जब्त कर दो सैम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं। यह कार्रवाई आइवरमेक्टिन और विटामिन सी की उपलब्धता पर मिली शिकायत के आधार पर की गई थी। ड्रग इंस्पेक्टर माधुरी सिंह और औषधि निरीक्षक लखनऊ बृजेश कुमार ने आज दुबग्गा स्थित इंडस हॉस्पिटल में चल रहे मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। छापे के दौरान भारी मात्रा में विटामिन सी की टेबलेट एवं अन्य एलोपैथिक औषधियां बरामद हुई। फर्म द्वारा कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया पूछने पर बताया गया कि उनके पास कोई औषधि विक्रय लाइसेंस नहीं है। जिसके क्रम में लगभग 70000 की अवैध औषधियों को सीज किया गया एवं औषधियों में से दो संदिग्ध औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। फर्म के मालिक ओम प्रकाश पुत्र श्रीकृष्ण मौके पर उपस्थित नहीं थे।

## हाईस्कूल व इंटर में दाखिले 21 सितम्बर तक

**लखनऊ।** हाईस्कूल व इंटर में दाखिले को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने डेडलाइन तय कर दी है। इसके लिए अंतिम तिथि 21 सितम्बर निर्धारित की गई है। इस बाबत परिषद के सचिव की तरफ से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफसे जारी निर्देश में कहा गया है कि दाखिले के समय ही कक्षा 10 व 12 के छात्रों से परीक्षा शुल्क भी जमा कराया जाय। 22 सितम्बर से 28 सितम्बर तक विलम्ब शुल्क 100 रुपए के साथ परीक्षा शुल्क लेकर कोषागार में जमा कराया जा सकता है।


ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

कब्ज़ा नोटिस नियम–8(1) के तहत (अचल सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **आर्यावर्त बैंक** अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की धारा 13(12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित खातों में उनके नाम के समूख लिखित तिथियों को मांग सूचना पत्र जारी किये थे जिनके द्वारा ऋणियों/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी से नोटिस मे लिखित राशियां ब्याज़ सहित उक्त नोटिस के 60 दिनों के अन्दर जमा करने हेतु कहा गया था। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी ने राशि का भुगतान नही किया। अतः ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से एवं आम जनता को सामान्य रूप से यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्तियों, जिनका विवरण निचे दिया गया है, का कब्जा उक्त एक्ट की धारा 13(4) की सहपठित रूल 8 के अन्तर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों का अग्रलिखित तिथियों को कब्ज़ा प्राप्त कर लिया है। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से तथा जनता को आम रूप से चेतावनी दी जाती है कि उक्त सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार/खरीद फरोख्त न करें। सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार/खरीद फरोख्त **आर्यावर्त बैंक** के प्रभार के तहत बकाया राशि ब्याज़ सहित एवं अन्य व्यय आदि की अदायगी के अधीन होगा।
**उधारकर्ता/ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
जिन सम्पत्तियों का कब्ज़ा लिया गया है उनका विवरण निम्नुसार हैं:–

| ऋणी/ज़मानतकर्ता/का नाम एवं पता/शाखा | सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया धनराशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| ऋणी–: **श्रीमती सीमा वर्मा पति श्री राकेश वर्मा और श्री राकेश वर्मा पुत्र काली चरण** निवासी 538/403, त्रिवेण नगर–III, सीतापुर रोड, जिला–लखनऊ<br>**जमानतकर्ता–1) श्री नीतीश श्रीवास्तव पुत्र दया शंकर श्रीवास्तव, निवासी बी–1/53, सेक्टर–बी, अलीगंज, लखनऊ –226024**<br>**2) श्री रमेश चंद्र पुत्र ननकू** निवासी 4/341, सेक्टर–एच, जानकीपुरम सहारा स्टेट्स–, लखनऊ –2260212<br>**शाखा–निराला नगर** | आवासीय मकान सम्पत्ति–प्लॉट नं. –08ए, खसरा नं. 39 मिन. ग्राम–लोहरामऊ, वार्ड–फैजुलागंज, जिला–लखनऊ, सेल डीड के अनुसार दिनांक–13.10.2016, जिल्द नं. 14762, पेज नं. 211–256, क्र.सं. 14613 **श्रीमती सीमा वर्मा पति राकेश वर्मा** के नाम पर, **चौहद्दीः–पूर्वः** प्लॉट नं. 8 (ए) के शेष भाग पर मकान, **पश्चिमः** प्लॉट नं. 09, **उत्तरः** राड 20' चौड़ी, **दक्षिणः** खाली प्लॉट<br>**क्षेत्रफल–41.821 वर्ग मी.** | रु. 11,03,738.20 +ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>29.02.2020<br>14.09.2020 |

दिनांकः 16.09.2020 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

**सूचना विभाग में जिला सूचना अधिकारियों का चयनः** लखनऊ। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में जिला सूचना अधिकारियों का चयन पहली बार अधीनस्थ सेवा परीक्षा के माध्यम से हुआ है। यह कार्यवाही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में की गयी। अपर मुख्य सचिव सूचना ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन एवं दिव्यांगजन विशेष चयन) परीक्षा 2018 में 27 जिला सूचना अधिकारी चयनित किये गये हैं।

# कोरोना की चुनौती के बीच विकास कार्य आगे बढ़ाएं

● सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की बस्ती मण्डल के विकास कार्यों की समीक्षा

● सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के दोषी अधिशासी अभियन्ता की सम्पत्ति जब्त किए जाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना की चुनौती का सामना करते हुए सभी सावधानियां के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा किए जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे लागत में कमी आती है और जनता को समय से इनका लाभ प्राप्त होता है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्ती मण्डल के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मण्डल के जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करते हुए मण्डल में संचालित विकास परियोजनाओं के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने बस्ती में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए अधिशासी अभियन्ता की सम्पत्ति जब्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में राज्य सरकार की जीरो टालरेंस नीति है। भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ प्रदेश सरकार कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को पूर्व में ही सेवा से बर्खास्त भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्धार्थनगर तथा संत कबीर नगर पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इन जिलों में पर्यटन विकास की व्यापक सम्भावनाएं हैं। इसी प्रकार बस्ती में मखौड़ा धाम आदि के पर्यटन विकास की योजना भी बनायी जाए। उन्होंने सिद्धार्थनगर में बुद्ध सर्किट के तहत गेस्ट हाउस तथा बुद्ध थीम पार्क के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिद्धार्थनगर मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच एक टीम भेजकर कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर में काला नमक चावल की खेती को जीरो बजट खेती से जोड़कर इसे बढ़ावा दिया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 से बचाव व सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग किया जाए। स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग तथा पुलिस द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से कोविड.19 से सुरक्षा तथा यातायात सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्याप्त मैन पावर वाली एजेन्सियां ही कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करें। जिनके पास अपेक्षित संख्या में मैन पावर उपलब्ध न हो, उन्हें कार्यदायी संस्था न बनाया जाए। उन्होंने शासन एवं जनपद स्तर पर इस बात पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विकास प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में ई-टेण्डरिंग प्रणाली का उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों तथा स्वच्छ भारत मिशन में बनाए गए शौचालयों का निर्माण पूर्ण होने पर उनकी जियो टैगिंग की जाए। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए पेयजल योजनाओं तथा हर घर नल योजना से जुड़े कार्यों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करते हुए आगे बढ़ाया जाए।

## आकाशीय बिजली से मरने वालों के परिजनों को मिलेंगे चार-चार लाख

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशाम्बी व बलिया में आकाशीय बिजली से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# छात्रों में रचनात्मकता, अन्वेषण और समाधान विकसित करने वाली हो शिक्षा

● उच्च गुणवत्ता और व्यापक शिक्षा तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करें उच्च शिक्षण संस्थाएंः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश की सभी उच्च शिक्षण संस्थाएं शिक्षा प्रणाली में बदलाव करते हुए उच्च गुणवत्ता और व्यापक शिक्षा तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वे वैश्विक मंचों पर आर्थिक विकास, सामाजिक विकास, समानता और पर्यावरण की देखरेख, वैज्ञानिक उन्नति और सांस्कृतिक संरक्षण के नेतृत्व का समर्थन करें।

मंगलवार को राजभवन से राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय के स्लेट, कम्यूनिकेशन, रिक्रूटमेंट, आटोमेशन आफसेलरी सिस्टम, काउंसिलिंग एवं अनलॉक पोर्टल सहित अभियांत्रिकी संकाय में स्थापित कम्प्यूटर सेन्टर का आनलाइन उद्घाटन किया। राज्यपाल ने कहा कि उच्चतर शिक्षा प्रणाली में शिक्षण तथा पठन-पाठन ऐसा होना चाहिए जो विद्यार्थियों में अन्वेषण, समाधान, तार्किकता और रचनात्मकता विकसित करें। उनमें नई जानकारी को आवश्यकतानुसार उपयोग करने की दक्षता और सोच पैदा करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जाए जो चरित्र निर्माण, नैतिकता, करूणा और संवेदनशीलता के साथ उनमें संस्कार के भाव भी विकसित करें। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम सभी को ऐसे विद्यार्थियों को गढ़ना है जो राष्ट्र गौरव के साथ विश्व कल्याण की भावना से ओत प्रोत हों और वे सही मायने में ग्लोबल सिटिजन बन सकें। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के दृष्टिगत उच्च शिक्षा प्रणाली मुख्य रूप से अनुसंधान और उद्योग आधारित कौशल सशक्तीकरण पर केन्द्रित हो। जब विद्यार्थी कौशल विकास करेंगे तो वे स्वयं का उद्यम भी आसानी से प्रारम्भ कर सकेंगे और उससे औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं को स्टार्टअप इंडिया में अवसर मिलेगा और वे अपने कौशल का समुचित उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनने जा रहा है, जिसका पूरे समाज में एक परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा।

राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में प्रत्येक विद्यार्थी में रचनात्मक सोच, तार्किक निर्णय और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित कर उनमें निहित अद्वितीय क्षमताओं को सामने लाना है। इसके साथ ही इसमें वंचित समूहों की समान सहभागिता एवं महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार डा. विनोद कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण सहित अन्य लोग भी आनलाइन जुड़े हुए थे।



### पीएम के जन्मदिन पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकालेगा लविवि

**विवि** के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि पोर्टल के कॉपीराइट के साथ-साथ इसके लोगो के ट्रेडमार्क को प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय के शिक्षक 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्लेट पर अपनी कक्षाएं शुरू करेंगे। इसके बाद प्रो राय ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में भर्तियों के लिए अगला विज्ञापन 17 सितंबर, 2020 को प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री के जन्मदिवस पर सार्वजनिक उपयोग के लिए नया कंप्यूटर केंद्र खोला जाएगा।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 54/ECTC/2020-21 अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 54/ECTC/2020-21 के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र, त्रिपुला, रायबरेली पर 33 के0वी0 बिरला सीमेन्ट फैक्ट्री बे के फाउन्डेशन के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गयी हैं। जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.09.2020 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.59 लाख कार्यावधि 2 माह, धरोहर धनराशि रू. 5,000.00 है। ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि 02.10.2020 (दोपहर 2:00 बजे तक) है। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवम् शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिये उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिये। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ0प्र0 एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ** पत्रांक- 3813 दिनांक :- 15.09.2020 "राष्ट्र हित में बिजली बचाएं"

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक (चतुर्थ), निर्माण इकाई (वि0/यॉ0), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ**

पत्रांक-1719/M-18/64
दिनांक-10.09.2020

अल्प कालीन निविदा सूचना

उ0 प्र0 जल निगम, की ओर से **Replacement/Repairing of damaged Solar based Pumping Plant & its accessories complete in all respect for various Water Supply Schemes in District Unnao under Jal Jeevan Mission Programme** हेतु निविदाओं की बिक्री **दिनांक 21.09.2020** से **दिनांक 24.09.2020 अपरान्ह 05:00 बजे** तक उत्तर प्रदेश जल निगम में पंजीकृत फर्मो को की जायेगी तथा निविदा **दिनांक 26.09.2020** को **अपरान्ह 03:30 बजे** परियोजना प्रबन्धक (चतुर्थ), निर्माण इकाई (वि0/यॉ0), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा की बिक्री कार्यालय समय में परियोजना प्रबन्धक (चतुर्थ), निर्माण इकाई (वि0/यॉ0), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ एवं अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य क्रमशः **रू0 1000.00 + 18% GST** है। निविदा सूचना से सम्बन्धित विवरण जल निगम की वेब साईट **www.jn.upsdc.gov.in** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड। अल्पकालिक निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रथम भाग में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर राशि के रसीद की छायाप्रति, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि प्रपत्र(मात्र निविदा प्रपत्र पर ही) तथा द्वितीय-भाग में केवल मूल्य/दरें ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर दिनांक 30.09.2020 समय 12.00 बजे तक अपलोड की जानी है। निविदा से संबंधित समस्त शर्ते, अर्हतायें एवं अन्य सूचनायें उ0प्र0सरकार की ई-पोर्टल etender.up.nic.in अथवा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की साइट www.mvvnl.in पर वर्णित हैं। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बतायें किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1. निविदा सं0 39/वि0न0वि0मं0(अष्टम)/2020-21** - विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम एवं मण्डल के अधीन तैनात अधिकारियों के विभागीय प्रयोगार्थ 04 अदद हल्का डीजल चलित वाहन (मय चालक के) की उपलब्धता हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 12000.00, **2. निविदा सं0 40/वि0न0वि0मं0(अष्टम)/2020-21** - विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम के अधीन आने वाले वितरण खण्ड रेजीडेन्सी मे ट्राली परिवर्तक लगाये जाने के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00, **3. निविदा सं0 41/वि0न0वि0मं0(अष्टम)/2020-21**-विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम के अधीन आने वाले वितरण खण्ड ठाकुरगंज मे ट्राली परिवर्तक लगाये जाने के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00, **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-अष्टम, लेसा, (सिस गोमती) लखनऊ।** पत्रांक - 2719, दिनांक - 15.09.2020, **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

### पब्लिक एड्रेस सिस्टम से भी किया जाएगा कोरोना के प्रति जागरूकः अवस्थी

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन के संबंध में एक व्यापक प्रारंभिक कार्य योजना तैयार कर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। गृह विभाग के प्रवक्ता ने बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 से निपटने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलो में प्रमुख स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से कोरोना से जागरूकता एवं बचाव की जानकारी का सघन प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन, राजेश कुमार सिंह के अलावा गृह ,पुलिस, राजस्व, नगर विकास, स्वास्थ विभाग आदि के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### मालिकों को सौंपे गए खोए मोबाइल

लखनऊ। पुलिस उपायुक्त पूर्वी की सर्विलांस सेल टीम ने पूर्वी क्षेत्र के थाना क्षेत्रों से खोए हुए 53 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिए। बरामद मोबाइल फोन की कीमत 7,26,000 रुपये बताई जा रही है। डीसीपी पूर्वी चारू निगम ने बताया सर्विलांस सेल के प्रभारी ने अपनी टीम के साथ 53 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिनकी कीमत सात लाख से अधिक है। डीसीपी पूर्वी ने खोए हुए मोबाइल के वास्तविक मोबाइल धारकों को अपने कार्यालय में बुलाकर मोबाइल फोन उनके सुपुर्द कर दिए।

### सीएमएस में वर्चुअल मैकफेयर इंटरनेशनल 21 से 25 तक

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित एवं कम्प्यूटर प्रतियोगिता मैकफेयर इन्टरनेशनल-2020 का ऑनलाइन आयोजन 21 से 25 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र ऑनलाइन प्रतिभाग कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा व ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन करेंगे। विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से देश-विदेश के प्रतिभागी छात्र विश्व एकता, विश्व शान्ति व वैश्विक सौहार्द की स्थापना का अलख जगायेंगे, साथ ही वैज्ञानिक अनुसंधानों व अविष्कारों का उपयोग सामाजिक उत्थान व विकास हेतु करने का संदेश देंगे।

### जन योजना अभियान के जरिए तैयार होगी वार्षिक कार्ययोजनाः किंजल सिंह

लखनऊ। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक कार्ययोजना-ग्राम पंचायत विकास योजना जन योजना अभियान (जीपीडीपी) के जरिये तैयार होगी। इसके लिए 2 अक्तूबर से 31 जनवरी 2021 के मध्य जन योजना अभियान संचालित की जाएगी। जिससे कि समेकित विकास हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा अपने विकास की कार्ययोजना-जीपीडीपी को ससमय तैयार किया जा सके। मंगलवार को यह जानकारी निदेशक पंचायतीराज किंजल सिंह ने दी है। किंजल सिंह ने बताया कि अभियान के सफल आयोजन तथा सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शासन स्तर से निर्देश निर्गत किए जा चुके है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया हिन्दी दिवस

**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय लखनऊ में सोमवार को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संघ की राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने प्रेम की प्रतिबद्धता को दिखाते हुए कार्यालय के सभी सदस्यों ऑनलाइन संचार के माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राजभाषा अधिकारी मन्धीर चौधरी द्वारा एक लघु भाषण द्वारा हुई। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ के अंचल प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा बैंक के स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया एवं हिन्दी दिवस की बधाई दी। हिन्दी के विकास से स्टाफ सदस्यों को अवगत कराया और वर्तमान परिदृश्य में हिन्दी की स्थिति पर भी चर्चा की राजभाषा के क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा के विशेष योगदान की चर्चा करते हुए महाप्रबंधक महोदय ने हिन्दी भाषा में बैंकिंग कार्य करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना की।

### प्रदेश में पुनः प्रभावी किया जाएगा व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठः डीजीपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में सर्राफा व्यापारियों के साथ घटित घटनाओं के खुलासे की मांग की। इसके अलावा भविष्य में सर्राफा व्यापारियों के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने की मांग की। उन्होंने साइबर अपराध के माध्यम से होने वाली घटनाओं में भुक्तभोगी की रकम की रिकवरी के उपाय करने की भी मांग की। डीजीपी ने व्यापारियों से उत्तर प्रदेश में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को पुनः प्रभावी किए जाने का आश्वासन दिया। डीजीपी ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी कि प्रदेश के महानगरों में मॉकड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त किया जाएगा।

### जिला स्तर पर होगा किन्नरों का चिन्हांकन और बनेगा पहचान पत्र

**लखनऊ।** प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किन्नर आयोग के गठन के बाद इनका चिन्हांकन, पंजीकरण और उन्हें पहचान पत्र जारी करने का काम बजाए राज्य स्तर के जिला स्तर से होगा। शास्त्री मंगलवार को किन्नर आयोग के गठन को लेकर प्रस्तुत किये गए प्रजेंटेशन का अवलोकन कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मौजूद थे। प्रजेंटेशन देखने के बाद अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने भी विभागीय अधिकारियों से इसके प्रशासनिक ढांचे और संचालन के तौर तरीकों में कुछ और बदलाव करने का कहा है। इन बदलावों के बाद एक बार फिर प्रस्तुतीकरण देखा जाएगा। इसके बाद ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग में 50 पार कर्मचारियों की स्क्रीनिंग के लिए स्टेयरिंग कमेटी गठित

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग में 50 की उम्र पार कर चुके समूह ग के उन कर्मियों को सरकार बाहर का रास्ता दिखा सकती है, जो अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह हैं। ऐसे कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृति देने के लिए राज्य सरकार ने स्क्रीनिंग कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी ऐसे कर्मचारियों की स्क्रीनिंग करेगी जो अपने दायित्वों के प्रति ईमानदार नहीं होंगे और आचरण कदाचार या अन्य भ्रष्ट कार्यों में संलिप्त पाए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक प्रशासन डॉ. पूजा पांडे ने इस बाबत चार सदस्यीय कमेटी का गठन करने का आदेश जारी किया है।

## अवैध कब्जों की शिकायत पर एडीएम खफा, टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश

● सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने में अधिकारियों को छूटे पसीने

**मोहनलालगंज।** कोरोना काल में छः महीने बाद फिर से आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने में तहसील प्रशासन के पसीने छूट गए। तहसील समाधान दिवस के दौरान शिकायतें तो 76 लोगों ने दर्ज कराई लेकिन इकलौते प्रवेश द्वार पर बनाई गई हेल्पडेस्क पर इनमें से 42 लोगों की ही इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर और पल्स आक्सीमीटर से जांच की जा सकी। वहीं हेल्पडेस्क पर लगाई गई टचलेस हैण्ड सेनेटाइजर मशीन का इस्तेमाल करने में भी फरियादी कतराते रहे। जबकि पण्डाल में शिकायतें सुन रहे एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह के सामने सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन कराने और फरियादियों की भीड़ जमा होने से रोकने के लिए तहसीलदार ज्ञानेन्द्र सिंह को मातहतों के साथ पूरे समय दौड़-भाग कर पसीना-पसीना होना पड़ गया। उमस भरी गर्मी में टेण्ट के नीचे आयोजित किए गए तहसील समाधान दिवस में जन सुनवाई करने बैठे अधिकारी धूप की तपिश से बेहाल नजर आए। शिकायत पंजीकरण काउण्टर पर मौजूद कर्मचारी ही सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने के बजाए पास-पास कुर्सियां डालकर काम करते नजर आए। राजस्वकर्मियों की लापरवाही से कोरोना काल में अवैध कब्जेदारों ने सरकारी जमीनों को निशाना बना रखा है। देवसिंहखेड़ा में अवैध कब्जा मुक्त कराए गए चकमार्ग पर फिर से कब्जा हो गया लेकिन शिकायत पाकर भी जिम्मेदार मौन हैं। गनेशखेड़ा और टन्ट का पुरवा में भी चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। मंगलवार को शिकायत पाकर एडीएम एपी सिंह ने एसडीएम किंशुक श्रीवास्तव को टीम गठित कर चकमार्ग खाली कराने के निर्देश दिए हैं।

### संविदा प्रस्ताव को लेकर कर्मचारी-शिक्षक करेंगे विधानसभा का घेराव

**लखनऊ।** कर्मचारी शिक्षक अधिकारी एवं पेंशनर्स अधिकार मंच ने सरकारी नौकरी की शुरुआत में पांच वर्ष की संविदा के प्रस्ताव पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि सरकार निरन्तर ऐसे कदम उठा रही है जिससे कर्मचारी-शिक्षक वर्ग को आर्थिक तथा मानसिक पीड़ा का समाना करना पड़ रहा है। कर्मचारी शिक्षक समाज को नकारा घोषित कर सरकार कर्मचारी शिक्षक संवर्ग की सामाजिक प्रतिष्ठा से भी खिलवाड़ कर रही है। ऊर्जा सहित कई विभागों को निजी करण की ओर ले जाने के लिए सरकार इस तरह के दमनात्मक कदम उठा रही है। मंच ने सरकार के सामने पॉच सवाल भी रखे हैं। इस सम्बंध में मंच की वीडियों कांफ्रेंसिंग में कर्मचारी शिक्षक नेताओं ने सरकार के इन मनमाने रवैये के खिलाफ अक्टूबर में विधानसभा घेराव से लेकर प्रान्त व्यापी आन्दोलन का निर्णय लिया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सुशील त्रिपाठी, इं. हरिकिशोर तिवारी, डा दिनेश चन्द्र शर्मा, यादवेन्द्र मिश्रा, सतीश कुमार पाण्डेय ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। मंच के नेताओं ने कहा कि सरकारी नौकरी की शुरुआत में पांच वर्ष की संविदा के प्रस्ताव बेरोजगारों में डर और उत्पीड़न जैसे प्रभाव रोजगार मिलने से पहले उत्पन्न हो गए हैं।

**कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111
पंजीकृत कार्यालय : ए-7, सेक्टर-VII, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
फोनः 91-120-2423316 ई-मेलः info@continentalsoft.com, nkc@continentalsoft.com
वेब : www.continentalchemicalsltd.com
30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| क्र. सं. | विवरण | 3 माह समाप्त 30-06-2020 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 30-06-2019 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 31-03-2020 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2020 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 19.91 | 33.69 | 29.18 | 119.12 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 2.35 | 8.14 | 6.64 | 15.85 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.35 | 8.14 | 6.64 | 15.85 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 1.20 | 3.11 | 1.38 | 7.80 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 1.01 | 3.12 | 1.58 | 8.13 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 99.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | | 133.27 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) | | | | |
| | मूल : | 0.05 | 0.31 | (0.90) | 0.49 |
| | तनुकृत : | 0.05 | 0.31 | (0.90) | 0.49 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 14-09-2020 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और हमारी कम्पनी की वेबसाइट (www.continentalchemicalsltd.com) पर भी उपलब्ध है।
3. कम्पनी ने उन संभावित प्रभावों पर विचार किया है, जो अभी तक फैलती जा रही कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण सम्पत्ति, प्लाण्ट एवं इक्विपमेंट, व्यापार प्राप्यों इत्यादि की वहन लागत पर पड़ सकता है। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आंतरिक और बाह्य स्रोतों को ध्यान में रखा है, जिनमें क्रेडिट रिपोर्ट्स और संबंधित सूचना, आर्थिक पूर्वानुमान इत्यादि शामिल हैं। वर्तमान अनुमानों के आधार पर, कम्पनी को इन वहन लागतों पर किसी महत्वपूर्ण प्रभाव की आशा नहीं है। कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड-19 का प्रभाव वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक लगाए गए अनुमानों से भिन्न हो सकता है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
हस्ता./-
नरेश कुमार चिब्बा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 14-09-2020

## महिलाओं को उचित मंच दिए बिना देश का विकास संभव नहींः आराधना मिश्रा

● पार्टी कार्यालय में मनाया गया महिला कांग्रेस का 37 वां स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि महिलाओं को उचित मंच दिये बिना भारत का विकास संभव नहीं है। महिलाओं की देश के विकास में भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में महिलाओं को अन्याय के खिलाफ डटकर मुकाबला करना होगा।

मोना मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित महिला कांग्रेस के 37 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की स्थापना आज के 37 साल पहले इन्दिरा जी ने की थी।

इससे पहले महिला कांग्रेस के 37वें स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आराधना मिश्रा मोना एवं महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में झण्डारोहण किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित रहीं। इस मौके पर अजय कुमार लल्लू ने सबसे पहले मौजूद महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यहां एकत्र प्रत्येक महिला कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही हैं। प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था और बढ़ते महिला अपराधों के विरुद्ध सड़क पर संघर्ष कर रही हैं। उन्होने महिलाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि महिला कांग्रेस की प्रत्येक महिला राहुल और प्रियंका के संदेश को अमलीजामा पहना रही हैं और अन्याय के खिलाफ जमकर लड़ रही हैं, डटी हुई हैं और पीछे नहीं हट रही हैं।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ममता चौधरी ने इस मौके पर मौजूद सभी महिलाओं को स्थापना दिवस पर बधाई दी और कहा कि जिस प्रकार महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है यह लड़ाई अनवरत जारी रहेगी।

**निविदा सूचना**

वि0क्षे0 ऐलिया, जनपद-सीतापुर के उ0प्रा0वि0 बेलगवां में अध्ययनरत 82 बालक एवं 108 बालिकाओं (कुल 190) की ड्रेस के कपड़े की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अल्पकालीन सीलबंद निविदाएं दिनांक 18.09.2020 की अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं 19.09.2020 को प्रातः 10 बजे खोली जायेंगी।

अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

**निविदा सूचना**

वि0क्षे0 बेहटा, जनपद-सीतापुर के पूर्व माध्यमिक पलौली (कम्पोजिट विद्यालय) में अध्ययनरत 184 छात्र/छात्राओं की ड्रेस के कपड़े की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अल्पकालीन मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 18.09.2020 की अपरान्ह 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 1 बजे खोली जायेंगी।

अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अमावां, रायबरेली**

पंत्राक-मेमो/च0रा0वि0आ0/कार्य/2020-21 दिनांक-13.09.2020

**कार्यालय आदेश**

चतुर्थ राज्यवित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत अमावां, रायबरेली में निम्नलिखित निर्माण कार्यो के कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा-25.09.2020 को अपरान्ह 3 बजे तक विकास खण्ड-अमावा कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिवस पूर्व तक क्रय किये जा सकते है। निर्धारित समय के पश्चात निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। पंजीकृत टेण्डरदाता को निम्नानुसार अंकित जमानत की धनराशि जमा करने रसीद अथवा एफ0डी0/एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी अमावां रायबरेली के नाम बन्धक हो जमा करना होगा। निविदा स्वीकृत के पश्चात शेष जमानत धनराशि 5 प्रतिशत जमा करना होगा। निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र, पैन नं0 व जी0एस0टी0 की प्रमाणित प्रतियाँ लगाना अनिवार्य होगा, बिना कारण बताये किसी निविदा या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी अमावां का होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (5000+500) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विकास खण्ड परिसर में स्थापित भण्डार कक्ष का विस्तार कार्य। | 1 अदद | 3.41 | 17100.00 | 1000.00 | 1 माह |

**नियम एवं शर्तें :**
उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार निर्दिष्ट कार्य पर सम्बन्धित कार्य प्रभारी के निर्देशन में करना होगा।
1. सामग्री की दरों में लदाई-उतराई, भाड़ा व आयकर आदि शामिल होगा। सामग्री की मात्रा अनुमानित से कम या ज्यादा भी हो सकती है, भुगतान आपूर्ति के आधार पर किया जायेगा।
2. निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण, पैन कार्ड तथा 100 रु0 के स्टाम्प पेपर पर सुघोषण पत्र भी संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी का होगा।
4. अन्य नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त कर सकते है।

खण्ड विकास अधिकारी
अमावां, रायबरेली

# लेखपाल ने फरियादी भाजपा नेता को पीटा, बचाव में उतरे अधिवक्ता

● घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

● उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने लेखपाल को किया निलंबित



संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**उपजिलाधिकारी** मिल्कीपुर की कार्यशैली को लेकर जहां एक ओर मिल्कीपुर के अधिवक्ताओं ने जहां एक और आंदोलन की राह पकड़ ली है।अधिवक्ताओं द्वारा आंदोलन की धमकी दी जाने के बाद तहसील प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया था और मंगलवार को मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायत नगरए कुमारगंज और खंडासा की पुलिस फोर्स तहसील परिसर में मौजूद रहे समूचा तहसील परिसर छावनी में तब्दील दिखा। वहीं दूसरी ओर संबंध प्रमाण पत्र में रिपोर्ट लगाने को लेकर लेखपाल और भाजपा नेता में मामूली की कहासुनी के बाद मामले ने इतना तूल पकड़ लिया कि लेखपालों ने भाजपा नेता की जमकर पिटाई कर दी। तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में क्षेत्र के फरियादियों की शिकायत सुन रहे एसडीएम मिल्कीपुर ने आनन.फानन में इनायत नगर थाने की पुलिस बुलाकर भाजपा नेता को पुलिस के हवाले कर दिया। इस पर अधिवक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान जा पहुंचा और उन्होंने एसडीएम मिल्कीपुर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में जमकर हंगामा काटा और उन्हें हटाने की मांग करते रहे। मामले में क्षेत्रीय लेखपाल सहित भाजपा नेता की ओर से इनायत नगर थाने में मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में तहरीर दी गई हैं। हालांकि पुलिस ने मुकदमा ना दर्ज करते हुए दोनों प्रार्थना पत्रों की गहन छानबीन शुरू कर दी है। बताते चलें कि बीते सोमवार को एसडीएम मिल्कीपुर द्वारा तहसील अधिवक्ता के मुवक्किल को एसडीएम अशोक कुमार शर्मा ने मास्क लगाने का हवाला देते हुए थप्पड़ जड़ दिया था और उसका चालान भी कटा दिया था इसके बाद अधिवक्ता संघ आंदोलित हो उठा था तथा एसडीएम के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा कायम किए जाने की मांग करते हुए रोड जाम कर दिया था अधिवक्ताओं और एसडीम के बीच टकराव का माहौल विगत अक्सारी भर से ही बना हुआ था मंगलवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गोरेलाल शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील दिवस चल रहा था इसी बीच कुमारगंज थाना क्षेत्र के सिधौना गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय चौबे अपने क्षेत्र के लेखपाल दिनेश कुमार पांडे के पास अपने लंबित संबंध प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगवाने के लिए पहुंच गए लेखपाल और भाजपा नेता में रिपोर्ट लगाने को लेकर तू तू मैं मैं होने लगी। इसी बीच दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। भाजपा नेता विजय चौबे का आरोप है कि दिनेश कुमार पांडे के साथ उनके साथी लेखपालों ने उन्हें जमकर मारा पीटा। भाजपा नेता का आरोप है कि इनायत नगर थाने के एक उपनिरीक्षक और दो सिपाही उन्हें घसीटते हुए तहसील से अपनी गाड़ी तक ले आए और ले जाकर थाने में पुलिस अभिरक्षा में बैठा लिया था। दूसरी ओर तहसील आए भाजपा नेता से लेखपाल द्वारा बदसलूकी किए जाने की जानकारी मिलते ही मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और उन्होंने संगठन के तहसील अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील आने वाला कोई भी फरियादी अब सुरक्षित नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता चंद्रबली सिंहए अशोक मिश्राए राम सजीवन मिश्राए बबलू पासीए अरुण गुप्ताए अजीत मोर्यए विवेक पांडे बब्बूए बिंदेश्वरी दुबेए रमेश प्रताप सिंहए संजय पाठकए सुरेंद्र गिरी एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पवन कुमार शुक्लाए खुशी राम पांडेए उदय राज मौर्य एवं छोटेलाल रावत सहित दर्जनों लोग इनायत नगर थाने पहुंच गए और पीड़ित भाजपा नेता विजय चौबे ने मामले में मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी। हालांकि लेखपाल दिनेश कुमार पांडे की की तरफ से मुकदमा कायम कराए जाने हेतु उपजिलाधिकारी द्वारा अग्रसारितइनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह को पहले ही मिल चुकी थी। थाने में मौजूद आक्रोशित भाजपा नेताओं को शांत कराते हुए क्षेत्राधिकारी जय प्रकाश सिंह ने कार्यवाही का भरोसा दिलाया। क्षेत्राधिकारी श्री सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मुकदमा लिखे जाने के संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है। छानबीन की जा रही है। जांच पूरी होते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने लेखपाल को निलंबित कर दिया।

## कोरोना से जिला पंचायत सदस्य की मौत

**अम्बेडकरनगर।** जिले में कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है । मंगलवार को कोरोना संक्रमण से जूझ रहे जिला पंचायत सदस्य दीपक तिवारी की मौत ने सभी को हिला कर रख दिया है ।मेडिकल कॉलेज में भर्ती दीपक तिवारी की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था जहां उन्होंने मंगलवार की सुबह दम तोड़ दिया। दीपक तिवारी भीटी दक्षिणी से भाजपा के जिला पंचायत सदस्य थे। हंसमुख स्वभाव, मिलनसार तथा युवा जिला पंचायत सदस्य के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के साथ–साथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन का समाचार सुनते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया । भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने दीपक तिवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पूर्व सांसद हरिओम पांडे ने कहा कि क्षेत्र ने एक युवा व होनहार नेता को खो दिया है। कटेहरी विधानसभा के प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी ने भी दीपक तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है इसके अलावा जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी, जिलामंत्री दीपक तिवारी ,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय , विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, विनोद सिंह राजेश पांडे विधायक संजू देवी दीपक तिवारी के निधन को अपूर्णनीय क्षति बताया है।

# 31 साल बाद सूचना अधिकारियों का पीसीएस संवर्ग से हुआ चयन

● उपसूचना निदेशक अयोध्या ने जताया मुख्यमंत्री को आभार

संवाददाता। अयोध्या

**उत्तर** प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश सरकार के नौकरी के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। इसके क्रम में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग इलाहाबाद द्वारा 11 सितम्बर 2020 को सम्मलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा समान्य चयन एवं दिव्यांगजन विशेष चयन परीक्षा का आयोजन विगत वर्ष 2019 में हुआ था। इसमें पूर्ण पारदर्शिता बरतते हुए इसका परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हमारे प्रदेश के होनहार युवक एवं युवतियों का विभिन्न सेवाओं में चयन हुआ। जिसमें डिप्टी कलेक्टर के 119 पदए पुलिस उपाधीक्षक के 94 पद के अलावें विशेष रुप से सूचना ज न स म्प क ॅ विभाग के 27 ि ज ल ा सू च ना ध्सू च ना अधिकारी के रुप में चयनित हुये। उल्लेखनीय है कि विगत 31 वर्ष पूर्व 1989 में सूचना अधिकारियों का चयन हुआ था जिसमें 15 सूचना अधिकारी लोकसेवा आयोग के माध्यम से चयनित हुए थे। विगत सरकारों में एक दो पदों का चयन होता रहा पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मार्च 2017 में सरकार बनने के बाद मीडिया को बेहतर प्रबन्धन एवं आम पत्रकारों से बेहतर संवाद के लिए सूचना अधिकारियों के रिक्त पदों को लोकसेवा आयोग पीसीएस एलाईड के माध्यम से भरने का निर्णय लिया गया। इसका पूरा श्रेय अवनीश कुमार अवस्थी एवं शिशिर कुमार को जाता है।


**कार्यालय-आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ**
510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ

संख्या–आ.ले.प.–2218/4431(जी–35)जाँच/ले.परी.अधि./2017, लखनऊ दिनांक 15 सितम्बर, 2020

**नोटिस**

श्री विकास मोहन अधिकारी, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक का स्थानान्तरण आदेश दिनॉक 26 मई, 2015 द्वारा कार्यालय–निदेशक, पशुपालन, उ0प्र0, लखनऊ से कार्यालय–निदेशक, संस्कृति, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ के लिए किया गया था। स्थानान्तरण आदेश दिनॉक 26 मई, 2015 के अनुक्रम में निदेशक, पशुपालन, उ0प्र0, लखनऊ ने आदेश दिनांक 30.07.2015 द्वारा श्री विकास मोहन अधिकारी, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक को उनकी नवीन तैनाती स्थल पर योगदान करने हेतु दिनांक 30.07.2015 से कार्यमुक्त कर दिया, परन्तु श्री विकास मोहन अधिकारी, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक तत्काल कार्यमुक्त न होकर दिनांक 01.08.2015 से दिनांक 24.08.2015 तक कार्यालय – निदेशक, पशुपालन, उ0प्र0, लखनऊ में उपस्थित रहे, जिसके उपरान्त श्री विकास मोहन अधिकारी द्वारा स्थानान्तरण आदेश दिनॉक 26 मई, 2015 के अनुपालन में नवीन तैनाती के कार्यालय–निदेशक, संस्कृति, उ0प्र0, लखनऊ में दिनॉक 25.08.2015 को योगदान किया जाना चाहिए था, परन्तु इनके द्वारा दिनांक 14 जून, 2016 कार्यभार ग्रहण न करने के फलस्वरूप स्थानान्तरण आदेश दिनॉक 14 जून, 2016 को इस निदेशालय द्वारा निरस्त कर दिया गया। इस प्रकार श्री विकास मोहन अधिकारी, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा स्थानान्तरण आदेश दिनांक 26 मई, 2015 के क्रम में न तो नवीन तैनाती स्थान पर योगदान किया गया और न ही आदेश दिनॉक 14 जून, 2016 के क्रम में निदेशक, पशुपालन, उ0प्र0, लखनऊ में अद्यतन उपस्थित नहीं हुए हैं। श्री विकास मोहन अधिकारी द्वारा अपनी अनुपस्थिति के सम्बन्ध में किसी भी स्तर पर कोई प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जाना परिलक्षित नहीं हुआ है। इस प्रकार श्री विकास मोहन अधिकारी निरन्तर 05 वर्षो से अधिक समय से अनुपस्थित चल रहे हैं।

अतः श्री विकास मोहन अधिकारी को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उ0प्र0, लखनऊ, 510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ (नियुक्ति प्राधिकारी) के समक्ष उपस्थित हों अन्यथा यह मानते हुए कि वे राजकीय सेवा करने के इच्छुक नहीं है, उन्हें सेवा से पृथक किये जाने की नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी जिसका पूर्ण उत्तर दायित्व श्री अधिकारी का होगा।

(सन्तोष अग्रवाल)
निदेशक


## मछली मारकर कांग्रेसियों ने दर्ज कराया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**शहर के** पॉश इलाके में बारिश के बाद सड़क तालाब बन गई। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विरोध का नया हथकंडा मिल गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जाल लेकर सांकेतिक रूप से मछली मारकर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर जाल लेकर उतरे और मछली मारने लगे। उन्हें सड़क पर मछली मारता देखकर आने–जाने वाले लोग भी हैरत में पड़ गए। मंगलवार को जनपद में हुई मूसलाधार बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। बेतियाहाता जैसे पॉश एरिया में भी सड़कों पर पानी भर गया। बारिश के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को विरोध जताने का मौका मिल गया। कांग्रेस नेता अनवर हुसैन कार्यकर्ताओं के साथ बेतियाहाता में तालाब बनी सड़क पर पहुंच गए। यहां पर उन्होंने जाल से सड़क पर मछली पकड़ने का सांकेतिक विरोध जाताया।

## मुठभेड़ में इनामी बदमाश साथी के साथ गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** जिले में तथाकथित मुठभेड़ का सिलसिला जारी है । इस बार बाजी अहिरौली पुलिस के हाथ लगी। अहिरौली पुलिस ने सोमवार की रात 20 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है । इस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया । घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह हमराही सिपाहियों के साथ सारंगपुर बलिनवा मार्ग पर झलरिया के निकट वाहनों की जांच कर रहे थे । सोमवार की रात उसी रास्ते से मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को पुलिस ने जब रुकने का इशारा किया तो वे पुलिस पर फायर कर भागने लगे । जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जिसकी पहचान मुनव्वर उर्फरियाज पुत्र अजउद्दीन निवासी तारा खुर्द के रूप में की गई।

# आरक्षण की मांग को लेकर निषाद पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**निर्बल इंडियन** शोषित हमारा आम दल मछुआ समुदाय के अगुआ निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष निषाद पार्टी रविंद्र मणि निषाद के नेतृत्व में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के मार्फत सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव को नगर निगम लक्ष्मी बाई पार्क में सौंपा गया। रविंद्र मणि निषाद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2015 में निषाद आरक्षण को लेकर कमिश्नर कार्यालय पर कहा था कि बीजेपी की सरकार आई तो निषादों की लड़ाई सदन में उठाते हुए आरक्षण दिलाने का काम भाजपा सरकार करेगी। आज प्रदेश एवं केंद्र दोनों जगहों पर भाजपा की सरकार है। मगर आरक्षण का वादा सिर्फ वादा बनकर रह गया है। अब प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार को अपने वादा को पूरा करते हुए आरक्षण का लाभ मछुआ समुदाय को देना चाहिए। श्री निषाद ने आगे कहा कि हम लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर सरकार बनवाए थे। वह हमारे आरक्षण लागू करें सभी सांसदों को ज्ञापन दिया गया। ताकि केंद्र के गृह मंत्रालय से जो लाभ दूसरी जाति को मिलता है, उसी तरह अब निषादों को मिले जिन्हें अंग्रेजों ने उजाड़ा था। उन्हें हिस्सा देकर बसाया जाए। सबका साथ सबका विकास भाजपा ने वादा किया था। ज्ञापन लेते समय क्षेत्राधिकारी कैंट सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी एलआईयू अरुण सिंह सहित कैंट व कोतवाली की फोर्स मौजूद रही।

# शातिर मोबाइल चोर गिरोह का भंड़ाफोड़

● पांच चोर गिरफ्तार, लगभग 3 लाख कीमत के 24 मोबाइल व एक तमंचा कारतूस व एक धारदार हथियार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**गोरखनाथ** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शहर के अंदर काफी दिनों से सक्रिय अन्तर्राज्यीय शातिर मोबाइल चोर गिरोह को पकड़ने में पुलिस टीम ने कामयाबी हासिल की है। गोरखनाथ थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह की कड़ी मेहनत की वजह से इस गिरहों को पकड़ें में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। बताया जाता है कि ये शातिर चोर हुमांयूपुर उत्तर हरिजन बस्ती में किराए का मकान लेकर रहते थे। इन पांचों शातिर चोरों में एक महिला भी शामिल थी जो इन चोरों की मदद करती थी। पुलिस को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि शातिर चोर देवानंद हुमांयूपुर के मकान में रहता है। वहीं से पुलिस ने सभी को पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने बताया कि हम सभी लोग चोरी के लिए नाबालिग बच्चे का इस्तेमाल करते हैं। चोरी करने के लिए सभी चोर अलग–अलग स्थानों पर जैसे सब्जी मण्डी, दुकान भीड़–भाड़ आदि जगहों पर फैलकर ग्राहकों से किसी न किसी बहाने शरीर से सट कर मोबाइल चोरी कर लेते थे और जब मोबाइल इकठ्ठा हो जाता था तो दूसरे प्रान्तों में जाकर बेच देते थे। गिरफ्तार किए गए शातिर अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास झारखण्ड व पश्चिम बंगाल राज्य में भी रहा है। पुलिस जांच कर रही है। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया है कि इस अपराधों से जुड़े गैंग लीडर के बारे में भी गहनता से जांच की जा रही है। चोरी किये गए मोबाइल कहाँ–कहाँ किन राज्यों में आपराधिक संगठनों को बेचा जा रहा था। इसकी भी जांच की जा रही है। चोरों के पास से कुल 24 मोबाइल बरामद किया गए है। जिनकी बाजार में लगभग 3 लाख कीमत है। साथ ही इनके पास से एक तमंचा व कारतूस 12 बोर भी मिला है और एक लोहे का धारदार हथियार भी इनके कब्जे से प्राप्त हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रविउल शेख पुत्र जमाल शेख निवासी कालियाचक सुल्तानगंज थाना कालियाचक जिला माल्दा पश्चिम बंगाल, जमीरुल शेख पुत्र दविरुद्दीन निवासी कालियाचक सुल्तानगंज थाना कालियाचक जिला माल्दा पश्चिम बंगाल शामिल है।

# छह माह बाद पुनः शुरू हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

● जिले की सभी तहसीलों में हुआ आयोजन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जन** समस्याओं के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधाओं को सुगमता से उपलब्ध कराये जाने, शासकीय सुविधाओं की डिलीवरी विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद अम्बेडकरनगर के समस्त तहसीलों पर कोविड –19 के प्रोटोकाल के अनुपालन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जनपद के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर पृष्ठांकित निर्देशों का भलीं भांति अवलोकन कर उसका अनुपालन कराते हुए कार्यवाही सुनिश्चित कराये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कोविड–19 के प्रोटोकाल के अनुपालन में जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र/पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के समक्ष, तहसील अकबरपुर में कुल 130 फरियादियों ने अपने शिकायती पत्र प्रस्तुत किये जिसमें सात प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 123 जन शिकायती पत्रों को सम्बोधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए उन्हें कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत समस्याओं का निस्तारण करें। इस दौरान तहसील अकबरपुर में मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, उपजिलाधिकारी/ नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहें। जलालपुर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा/ उपजिलाधिकारी तहसीलदार समेत तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों के समक्ष जलालपुर तहसील में कुल 83 फरियादियों ने अपने शिकायती पत्र प्रस्तुत किये जिसमें कुल सात प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 76 जन शिकायती पत्रों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए उन्हें कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर फरियादियों के शिकायती पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त तहसील टाण्डा में उपजिलाधिकारी टाण्डा अभिषेक पाठक के समक्ष कुल 42 फरियादियों ने शिकायती पत्र प्रस्तुत किये, जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष 39 जन शिकायती पत्रों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को मौके पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु सौंप दिए गये।

# धूमधाम से मनाया गया हिन्दी दिवस समारोह



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**एनटीपीसी** लिमिटेड, टाण्डा थर्मल पावर स्टेशन के कालोनी परिसर स्थित सरगम प्रेक्षागृह में हिन्दी दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी (अम्बेडकर नगर) राकेश कुमार मिश्र एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक, के.एस.रॉव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। समारोह में आगमन पर मुख्य अतिथि राकेश कुमार मिश्र का स्वागत मुख्य महाप्रबंधक, के.एस.रॉव द्वारा बुके प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी (टांडा) अभिषेक पाठक, महाप्रबंधक (कमिश्निंग एवं टेस्टिंग) जयंत सेनशर्मा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) बी.सी.पोलाई, महाप्रबंधक (परियोजना) जे.एस.अहलावत, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, गरिमा महिला मंडल की सदस्याएं, विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण तथा कालोनी परिसर के सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शरुआत में नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत किए गए कार्यो पर आधारित एक अल्पावधि टेलीफिल्म प्रदर्शित की गई। इसके बाद कोविड–19 के अंतर्गत किए गए कार्यो पर निर्मित टेलीफिल्म कोरोना– डरोना हम आपके साथ हैं" प्रदर्शित की गई। तदुपरान्त हिंदी पखवाड़ा–2020 के तहत आयोजित विविध कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रदर्शन किया गया। एनटीपीसी–टांडा द्वारा किए गये इन कार्यो की प्रशासनिक अधिकारियों सहित सभी दर्शकों द्वारा भरपूर सराहना की गयी। इस अवसर पर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, अम्बेडकर नगर, श्री राकेश कुमार मिश्र ने अपने जीवन में हिंदी भाषा के प्रयोग के अनुभवो को साझा किया।


**लखनऊ नगर निगम, लखनऊ**
लालबाग, टी०एन० रोड, लखनऊ - 226001 (उ०प्र०)
ई-मेल- nnlko@up.nic.in, टेली-फैक्स - 0522-2622440

संख्या: 52/मु0अ0/2020-21 दिनॉक: 14.09.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत दिनांक 29.9.2020 को मोहरवन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 28.9.2020 तक अपरान्हन 2 बजे तक फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की वेवसाइट upgov.nic.in से डाउन लोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 29.9.2020 को अपरान्हन 3:00 वजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा वाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 29.9.2020 को अपरान्हन 4:00 वजे वावू राजकुमार श्रीवास्तव नवीन समिति कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्युटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व व्राइवेटर होना आवश्यक है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 12 प्रति0 जी0 एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य जी0 एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | फैजुल्लागंज वार्ड प्रथम अन्तर्गत श्रीनगर कालोनी श्री जमुना प्रसाद शुक्ला के मकान से श्री पप्पू व श्री अनिल सिंह के मकान तक नाली व टाइल्स का कार्य। | 863805.00 | 86500.00 | 2 माह | 900.00 | 108.00 | 1008.00 |
| 02 | फैजुल्लागंज वार्ड प्रथम अन्तर्गत श्रीनगर कालोनी में वर्मा काम्पलेक्स से श्री विनोद श्रीवास्तव तक व श्री पी0एन0 श्रीवास्तव से मो0 हलीम तक नाली व इण्टरलॉकिंग टाइल्स का कार्य। | 815580.00 | 82000.00 | 2 माह | 850.00 | 102.00 | 952.00 |
| 03 | फैजुल्लागंज वार्ड प्रथम अन्तर्गत खदरी वेदनाथपुरम में श्री सौरभ अवस्थी श्री गुलाव सिंह श्री राम कुमार पाण्डेय व मो0 इस्लाम के पास गलियों में नाली व इण्टरलॉकिंग टाइल्स का कार्य। | 831217.00 | 84000.00 | 2 माह | 850.00 | 102.00 | 952.00 |
| 04 | अयोध्यादास वार्ड द्वितीय अन्तर्गत मो0 वड़ी पकरिया, लोनी कटरा, अलीनगर में सवमर्सिवल पम्पों की मरम्मत व क्रासिंगों नालियों की मरम्मत का कार्य। | 433094.00 | 44000.00 | 2 माह | 450.00 | 54.00 | 504.00 |
| 05 | अयोध्यादास वार्ड द्वितीय अन्तर्गत मो0 शिवलोक में सहदेव प्रजापति के सामने स्थित गली में क्षतिग्रस्त इण्टरलॉकिंग टाइल्स, नाली मरम्मत व विभिन्न स्थानों पर क्रासिंगों की मरम्मत कार्य। | 308897.00 | 31000.00 | 2 माह | 350.00 | 42.00 | 392.00 |
| 06 | अयोध्यादास वार्ड द्वितीय अन्तर्गत मो0 शिवलोक में श्रीराम वरन के मकान से श्री श्याम लाल तक गली में नाली मरम्मत, क्रासिंगों की मरम्मत व इण्टरलॉकिंग टाइल्स का कार्य। | 38666.00 | 39000.00 | 2 माह | 400.00 | 48.00 | 448.00 |
| 07 | जयशंकर प्रसाद वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-सी में डा0 गोकुलेश शर्मा के मकान से अपराजिता आर. सी.-1 एवं म0सं0 ए-1 से म0सं0-सीपी-13 तक क्षतिग्रस्त सड़क, नाली एवं क्रासिंग का सुधार कार्य। | 848966.00 | 85000.00 | 2 माह | 850.00 | 102.00 | 952.00 |
| 08 | अलीगंज वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-वी में म0सं0 वी-1/10 से म0सं0 सी/100 के सामने एवं म0सं0 सी/84 से म0सं0 सी/88 तक सड़क नाली मरम्मत कार्य। | 475901.00 | 48000.00 | 2 माह | 500.00 | 60.00 | 560.00 |
| 09 | अलीगंज वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-वी में म0सं0 सी-58 से म0सं0 सी/46 वी तक सड़क पैच सहित नाली एवं क्रासिंग मरम्मत कार्य। | 449012.00 | 45000.00 | 2 माह | 450.00 | 54.00 | 504.00 |
| 10 | अलीगंज वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-वी में म0सं0 वी-1/34 से म0सं0 सी/154वी तक एवं म0सं0 सी-127 से म0सं0 सी-131 तक सड़क नाली एवं क्रासिंग मरम्मत कार्य। | 637003.00 | 64000.00 | 2 माह | 650.00 | 78.00 | 728.00 |
| 11 | अलीगंज वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-वी में म0सं0 एल-11/31 से म0सं0 एल-11/24, म0सं0 एल-11/23 से म0सं0 एल-11/19, म0सं0 एल-11/19 से म0सं0 एल-11/14 एवं म0सं0 एल-11/वी से म0सं0 545 तक क्षतिग्रस्त नाली एवं क्रासिंग पर मरम्मत कार्य। | 705140.00 | 71000.00 | 2 माह | 700.00 | 84.00 | 784.00 |
| 12 | अलीगंज वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-वी में म0सं0 सी-10 से म0सं0 सी-93 एवं म0सं0 सी-93 से सी-84 तक सड़क नाली मरम्मत कार्य। | 456063.00 | 46000.00 | 2 माह | 450.00 | 54.00 | 504.00 |
| 13 | जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अन्तर्गत आदर्श कालोनी में निर्मलदास कुटी मुख्य मार्ग से संतोष शर्मा के मकान तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 789493.00 | 80000.00 | 2 माह | 800.00 | 96.00 | 896.00 |
| 14 | भारतेन्दु हरिशचन्द्र वार्ड के अन्तर्गत इंजीनियरिंग फ्लाई ओवर के पास स्थित भूमि पर ग्रीनरी हेतु वारवेड वायर फेन्सिंग का कार्य। | 247458.00 | 25000.00 | 2 माह | 250.00 | 30.00 | 280.00 |
| 15 | वेगम हजरत महल वजरंगवली वार्ड अन्तर्गत अलीगंज सेक्टर जी में म0सं0 वी-1/155 से वी-1/164 तक सड़क के दोनों ओर पटरी का कार्य। | 881004.00 | 90000.00 | 2 माह | 900.00 | 108.00 | 1008.00 |

शर्ते:

01. 15 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदाओं को स्वत: निरस्त माना जायेगा।
02. 15 प्रतिशत कम की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि (Extra Performance Grantee) जमा करनी होगी।
03. 10 प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशत की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
04. शासनादेश सं0 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
05. शासनादेश सं0-715/नौ-5-2018-120 वजट /2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार नगरीय सड़क सुधार योजनार्गत सीमेन्ट कंक्रीट (सी0सी0) की सड़क पर 05 वर्षो तक रख-रखाव किये जाने की जिम्मेदारी सम्वन्धित ठेकेदारों की होगी। विटुमिन रोड के 5 वर्षो तक के रखरखाव हेतु आगणन में अतिरिक्त धनराशि सम्मिलित की जाये। परियोजना लागत की 5 प्रतिशत धनराशि परफार्मेन्श गारण्टी के रूप में सम्वन्धित ठेकेदार को किया जाये।
06. आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0-3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

मुख्य अभियंता
लखनऊ नगर निगम

Shalini

नगर निगम से सम्बंधित शिकायतों हेतु www.innpgrs.in अथवा
दुरभाष सं.0522 2307770 / 2307782 / 2307783 पर संपर्क करें।

# दिल्ली दंगे

## विपक्षी नेताओं पर आरोप

**वर्तमान** विमर्श में संभवत: अर्ध सत्य या कल्पना के आधार पर कुछ लोगों को राज्य का दुश्मन बताया जाता है। यह काम इतनी निरंतरता से होता है कि विचारशील या सिविल सोसाइटी के कुछ लोग अपने विरोधी विचारों के कारण व्यवस्था के दुश्मन में बदलते दिखते हैं। दिल्ली पुलिस ने पूरक आरोप पत्र में फरवरी में हुए दंगों का कुछ विपक्षी नेताओं, विद्वानों व सामाजिक कार्यकर्ताओं पर आरोप लगा कर इस अवधारणा को मजबूत किया है। उसने दावा किया है कि केवल यह खुलासे ही भावी कार्रवाई का कारण नहीं हैं और इनके लिए अन्य प्रमाणों तथा सूचनाओं के परीक्षण की आवश्यकता है। लेकिन सवाल है कि फिर ऐसे लोगों का नाम क्यों शामिल किया गया है जिनको कभी आपराधिक गतिविधि के योग्य नहीं समझा गया था? यह आरोप तीन छात्रों द्वारा बताए खुलासों पर आधारित हैं जिन पर स्वयं समस्या पैदा करने के आरोप हैं। दूसरे वैचारिक ध्रुव वाले माकपा नेता सीताराम येचुरी पर दंगे उकसाने का आरोप है। इसी प्रकार अर्थशास्त्री व प्रोफेसर जयति घोष तथा स्वराज अभियान के योगेन्द्र यादव पर छात्रों को विरोध के लिए उकसाने का आरोप है। इससे स्पष्ट है कि मुक्त अभिव्यक्ति के संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक भावना से विरोध करने या भिन्न राजनीतिक दृष्टिकोण रखने वाले के लिए खतरा हो सकता है। पूरा मामला इसलिए चिन्ताजनक हो जाता है कि इसमें विरोधी विचार रखने वाले व दंगाई के बीच अंतर समाप्त कर विरोधी को षडयंत्रकारी तथा बहस करने वाले को विवाद पैदा करने वाला बता दिया जाता है। इस प्रकार दंगों पर तथ्यों व कल्पना के बीच विभाजक रेखा धुंधली हुई है तथा शायद जनता से सच्चाई के अनेक आयाम छिपाए गए हैं। इस प्रकार सरकारी विमर्श में दंगों को एक प्रकार के सांप्रदायिक गुस्से की अभिव्यक्ति बताया गया है।




दिल्ली पुलिस गहराई से जांच करने में सक्षम है, पर शायद उसे एक खास विमर्श पर चलने का दबाव डाला जा रहा है। यदि पुलिस ऐसे दबाव में है तो यह परिघटना प्रदर्शनकारियों के प्रति अन्य राज्यों में भी दिख सकती है। आधिकारिक विमर्श के कारण पुलिस जेएनयू में हिंसा पर भी स्पष्ट निर्णय नहीं ले सकी है। इस प्रकार उसकी संगठनात्मक निष्ठा तथा संविधान द्वारा दिए अधिकार के क्रियान्वयन पर सवाल उठते हैं। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि दंगों के अनेक चश्मदीद तथा वीडियो रिकार्ड मौजूद हैं। उदाहरण के लिए, गुस्सा भीड़ को जेएनयू परिसर में छात्रों की पिटाई करते हुए देखा गया है। इससे घटनाक्रम तथा स्वयं सरकार की अपनी रिपोर्टों व आंकड़ों पर सवाल उठते हैं कि इन दंगों से अल्पसंख्यक सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। पुलिस ने उन लोगों पर निशाना लगाया है जो संभवत: न्याय के लिए संघर्ष कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि केन्द्र के प्रतिनिधि के रूप में तत्कालीन उप राज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली पुलिस द्वारा सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय में पैरवी करने वाले वकीलों के बारे में दिल्ली कैबिनेट का निर्णय खारिज कर दिया था। आप सरकार बार-बार कह चुकी है कि दिल्ली पुलिस उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है और वह जन-आलोचना के बावजूद दंगों पर पुलिस या गृह मंत्रालय के दृष्टिकोण का विरोध नहीं करती है। उसका तर्क था कि अदालतों द्वारा दंगों की जांच पर दिल्ली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाने के बाद पैरवी करने वाले वकीलों को सरकार-समर्थक नहीं होना चाहिए। दिल्ली सरकार इसमें अपनी कानूनी टीम लगाना चाहती थी। क्या इसका अर्थ है कि केन्द्र सरकार सुनवाई व जांच की दिशा तथा जनता के सामने पेश की जाने वाली तस्वीर के बारे में अपना दृष्टिकोण थोपने का प्रयास कर रही थी? क्या वह प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई को उचित ठहराने के लिए उनको देशद्रोही के रूप में पेश करना चाहती थी? ऐसे में दिल्ली पुलिस को पूरी सच्चाई सामने ला कर कानून का शासन स्थापित करने का काम निर्भय होकर करना चाहिए।

# सोनिया गांधी की निरंतरता

**सोनिया गांधी को स्वीकार करना चाहिए कि चाटुकार कार्यकर्ताओं का युग बीत गया और इसका कारण भी समझना चाहिए। केवल पार्टी में विभाजन से ही अब गांधी परिवार का नेतृत्व बच सकता है।**



**संध्या जैन**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सोनिया गांधी की निरंतरता व प्रतिबद्धता आश्चर्यजनक है। वे राजनीति में वंशवाद के सिद्धान्त की पक्की समर्थक हैं। उन्होंने पहले अपने बेटे राहुल गांधी को जनवरी, 2013 में पार्टी का उपाध्यक्ष बना कर अपनी गोपनीय इच्छा प्रकट कर दी थी। इसके बाद 2014 के आम चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन के बावजूद दिसंबर, 2017 में उनको कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया गया। इसका पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह समर्थन किया जिनमें वरिष्ठ नेता भी शामिल थे। थोड़े समय के लिए लगा कि पार्टी में सब कुछ ठीक हो गया है। अब बंद हो चुकी कंपनी कैम्ब्रिज एनालिटिका की सलाह पर पार्टी ने 2013 में जल्दी-जल्दी कर्नाटक, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में चुनाव भी जीत लिए थे।

लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भयानक पराजय के पश्चात भावनाओं में आ कर राहुल गांधी द्वारा पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद चीजें बिगड़ने लगीं। परंपरागत रूप से पद पर लौटने की अपीलों के बावजूद राहुल द्वारा इस्तीफा वापस न लेने तथा सोनिया गांधी के लंबे समय तक पार्टी का अंतरिम अध्यक्ष बने रहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं दिख रहा है। इस कारण असंदिग्ध रूप से अनेक अन्य लोगों के समर्थन के साथ 23 वरिष्ठ नेताओं ने दृश्यमान व प्रभावी नेतृत्व की मांग की जो नेताओं की पहुंच में हो तथा केवल एक छोटे गिरोह द्वारा संचालित न हो।

समस्या समाधान के लिए 24 अगस्त, 2020 को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी की बैठक में गांधी परिवार की प्रमुख चिन्ता पार्टी पर अपना कब्जा बनाए रखने के रूप में सामने आई। कल्पना थी कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के खिलाफ सोनिया गांधी ने 'एक शेरनी की तरह संघर्ष किया' था। समर्थकों द्वारा प्रचारित यह कल्पना इस तथ्य के बावजूद थी कि इंदिरा गांधी की हत्या से पहले ही राजीव गांधी कांग्रेस सांसद थे और वे तीन साल तक इस तरह काम कर चुके थे। इसके बाद सीताराम केसरी की अपमानजनक विदाई हुई। इसी प्रकार 'सत्ता जहर है' कथन की समाप्ति इस तथ्य से हुई कि सत्ता ही राजनीतिक जीवन का अमृत है।

राज्यसभा में पार्टी के उप-नेता आनन्द शर्मा ने बताया कि कैसे 2019 में पराजय के बाद आत्मावलोकन नहीं हुआ, राहुल गांधी द्वारा इस बात पर जोर दिए जाने के बावजूद कि परिवार से कोई पार्टी अध्यक्ष नहीं होगा तथा 10 अगस्त को सोनिया गांधी का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद उनको कैसे एक रणनीति के अंतर्गत इस पद पर बने रहना पड़ा। हालांकि, इसे कभी सार्वजनिक रूप से नहीं कहा गया, पर राहुल गांधी का अमेठी से पलायन कर केरल की वायनाड सीट के चयन व संसद पहुंचने के लिए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पर पूर्ण निर्भरता ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बता दिया है कि वे कांग्रेस को चुनावी वनवास से वापस नहीं ला सकते हैं। यदि उनकी माताजी परिदृश्य से हट जाती हैं तो वे दोबारा वायनाड या रायबरेली से चुनाव नहीं जीत सकते हैं।

सीडब्लूसी की बैठक में किसी ने वायनाड सांसद को वापस आने के लिए नहीं कहा। इससे सोनिया गांधी ने समझ लिया कि अब राहुल गांधी को शिखर पर लाने में और देर करना ठीक नहीं होगा। 27 अगस्त को उनके द्वारा उठाए कदमों से उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। जयराम रमेश को राज्यसभा में मुख्य सचेतक व गौरव गोगोई को उप-नेता तथा लोकसभा में रवनीत सिंह बिट्टू को सचेतक बनाया गया। इसके साथ ही अहमद पटेल व के.सी. वेणुगोपाल को एक समिति में शामिल किया गया जो संसद में कांग्रेस की रणनीति बनाएगी।

अपने भावी वारिस के साथ चिकित्सा जांच के लिए विदेश जाने से एक दिन पहले सोनिया गांधी ने बड़े फेरबदल की घोषणा की जिसका उद्देश्य राहुल गांधी को स्थापित करना है। कम से कम वर्तमान समय में विरोधी वरिष्ठ नेताओं को उखाड़ दिया गया है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए केन्द्रीय चुनाव अथारिटी-सीईए का पुनर्गठन किया गया है। मधुसूदन मिस्त्री के नेतृत्व में इसके सदस्यों में राजेश मिश्रा, कृष्ण बायरे गौड़ा, एस. जोतिमानी व अरविंदर सिंह शामिल हैं।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले गुलाम नबी आजाद, आनन्द शर्मा, मुकुल वासनिक व जितिन प्रसाद को सीडब्लूसी में बनाए रखा गया है, पर सदस्यों के नामांकन के बजाय इस संस्था में चुनाव की मांग खारिज कर दी गई है। 22 सदस्यों वाली सीडब्लूसी में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, ए.के. एंटनी, अहमद पटेल, अंबिका सोनी व पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम शामिल हैं जिनकी आश्चर्यजनक यप से स्थाई आमंत्रित से पदोन्नति हुई है। आमंत्रितों में दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी व चिन्ता मोहन शामिल हैं। ये सभी खुशी से राहुल गांधी के पीछे खड़े होंगे।

जितिन प्रसाद को पश्चिम बंगाल तथा अंडमान व निकोबर द्वीपसमूह में पार्टी का इन्चार्ज बनाया गया है। संभवत: यह दूर हो चुके राहुल गांधी समर्थकों को वापस लाने का प्रयास है। लेकिन गुलाम नबी आजाद व मल्लिार्जुन खड़गे को महासचिव पद से हटाया गया है तथा रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक, जितेन्द्र सिंह को असम तथा तारिक अनवर को केरल व लक्षद्वीप से शामिल किया गया है। महासचिव बनाए रखे गए अन्य लोगों में पंजाब से हरीश रावत, उत्तर प्रदेश से प्रियंका गांधी वाड्रा, आंध्र प्रदेश से ओमन चांडी, राजस्थान से अजय माकन तथा संगठन से के.सी. वेणुगोपाल शामिल हैं। इनमें से शायद किसी पदाधिकारी का चुनावी महत्व नहीं है।

कांग्रेस ने हमेशा उच्च पदों पर नियुक्ति का अधिकार सौंपा है। सोनिया गांधी ऐसे समय अपना पद नहीं छोड़ेंगी जब परिवार पार्टी के भीतर अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने 6 महीने के भीतर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति-एआईसीसी के अगले सत्र तक दिन-प्रतिदिन के काम में सहायता के लिए पांच सदस्यों वाली विशेष टीम बनाई है। इसमें ए.के. एंटनी, अहमद पटेल, अंबिका सोनी, के.सी. वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला व मुकुल वासनिक शामिल हैं।

स्वाभाविक रूप से इन कदमों ने विरोधियों को और निराश किया है। पूर्व मंत्री कपिल सिब्बल ने दुख प्रकट किया कि 'नामांकन नियम है और चुनाव अब अपवाद भी नहीं रहा।' विरोधियों ने मीडिया को बताया कि अंतरिम अध्यक्ष द्वारा किए गए परिवर्तन 'किसी प्रकार' 7 अगस्त को पत्र में लिखे गए मुद्दों को संबोधित नहीं करते हैं और इनसे पार्टी पुनर्जीवित नहीं होगी। वास्तव में 12 सितंबर, 2020 की बैठक में अनेक नए लोग शामिल हुए जो पार्टी में सोनिया गांधी के तानाशाही नियंत्रण के लिए शुभ संकेत नहीं है।

प्रेक्षकों का मानना है कि हालिया उलटफेर का लाभ राहुल गांधी समर्थकों, जैसे रणदीप सिंह सुरजेवाला, अजय माकन व जितेन्द्र सिंह जैसे लोगों को मिला है। इसका एकमात्र उद्देश्य सोनिया गांधी की वापसी के बाद वायनाड सांसद का कांग्रेस अध्यक्ष पद पर पुन: आगमन आसान बनाना है। लेकिन तथ्य यह है कि अल्पसंख्यकों के पक्ष में गलत वैचारिक झुकाव को संबोधित करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। इसके साथ ही ऐसे नेताओं को आकर्षित करने में पार्टी की अक्षमता भी अनेक लोगों की नजरों में स्पष्ट है जो मतदाताओं को देश की सबसे पुरानी पार्टी के साथ वापस ला सकते हों।

सोनिया गांधी की अनुपस्थिति में विरोधियों ने संसद के मानसून सत्र में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार पर निशाना लगाने व प्रतीक्षा करने का फैसला किया है। कांग्रेस संस्कृति से एकदम अलग हटते हुए उन्होंने किसी मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण नरम नहीं किया है, न वे इससे पीछे हटे हैं। उन्होंने अपनी शक्ति भी बढ़ाई है। सोनिया गांधी को यह तथ्य स्वीकार करना होगा कि अब चाटुकार कार्यकर्ताओं का युग बीत गया है। आलाकमान को इसका कारण समझना चाहिए। ऐसे में केवल कांग्रेस पार्टी में विभाजन ही गांधी परिवार के नेतृत्व को बचा सकता है।

# कोविड से निबटने के भारतीय तरीके

> "विनियमन के देसी प्रतिरूप की बेजोड़ विशेषताएं होती है कि सामग्री मूर्खतापूर्ण होने के बावजूद भी देखी जाती है।"

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



पिछले छह महीनों में संचार के उद्देश्य से इंटरनेटयुक्त मंचों के इस्तेमाल में चरघातांकीय वृद्धि हुई है। शायद प्रतिमाह होने वाले सम्मेलनों की तुलना में प्रति सप्ताह वेब सम्मेलन ज्यादा हुए हैं, पूर्व वर्षों में प्रत्येक में, जहां किसी भी महीने का उदाहरण के तौर पर लिया जा सकता है। यह समझ में आता है क्योंकि लाकडाउन की शुरुआती गंभीरता क्षीण होना प्रारम्भ हो गई तथा विनियमनों के अतिउत्साह के चलते आवश्यक सहायता के बगैर दीर्घकालीन नुकसान हुए, धीरे-धीरे यथार्थवादिता का भाव परिदृश्य का हिस्सा बन गया। ऐसी बीमारी से निबटना जहां बचाव ही एकमात्र रणनीति थी तथा निष्ठुर व्यक्तिगत त्रासदी एक वास्तविक संभाव्यता, ऐसे में कथित नवीन सामान्य स्थिति की ओर बढ़ने की शुरुआत करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। यदि इस प्रक्रिया में संक्रमण कई गुना बढ़ जाते हैं और नियंत्रण से बाहर का जोखिम पैदा होता है, तो यह ऐसी कीमत थी जिससे बचा नहीं जा सकता।

खान-पान की सुविधाएं खुलने लगीं और सार्वजनिक परिवहन वापस पटरी पर आ गया। जो लोग हवाई यात्रा के बगैर काम नहीं कर सकते वे वापस विमानों में उड़ने लगे। मानक लागू किए जाने के बजाए सिर्फ जुबानी रह गए। खबरों से पता चला कि दो जुड़े हवाई अड्डे, जिन्हें सिस्टर एयरपोर्ट कहा जाता है और मिलती-जुलती एजेंसियों व मानव शक्ति द्वारा उनका प्रबंधन किया जाता है तथा एकसमान एयरलाइनों द्वारा सेवा प्रदान की जाती है, कम से कम 10 सितम्बर को, उन्होंने दो पूर्णत: विपरीत दृश्य प्रस्तुत किए। जम्मू हवाई अड्डे पर लंबी कतारें, जबकि श्रीनगर हवाई अड्डे पर ज्यादा संगठित व्यवस्था। जम्मू हवाई अड्डे पर, लोगों को कंधे से कंधा जोड़कर खड़े होने पर विवश होना पड़ा। इस प्रक्रिया में यदि वे वायरस संक्रमित हो जाएं अथवा दूसरे को संक्रमित कर दें, तो बचाव कैसे होगा? व्यवस्था, मोबाइल नंबर समेत निजी विवरण जानना चाहती थी। यह कैसे पता चलेगा कि दिया गया मोबाइल नंबर वास्तविक है?

विनियमन के भारतीय प्रतिरूप की कई अद्वितीय विशेषताएं हैं, जैसे कि स्वरूप का अवलोकन करना होगा भले ही मूर्खतापूर्ण लगे। यह वाकई समझने योग्य दृष्टिकोण है क्योंकि परिस्थितियों की मांग है कि प्रक्रियाओं को अवलोकन हेतु दर्शाया जाए। यदा कदा कोई विस्तारित रूप में चिकित्सा साक्षरता बढ़ाने की बात करता है और कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य रक्षा प्रणालियों के बारे में बोलता है। कभी कभार, कोई चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम में संशोधन किए जाने का सुझाव देता है। सच कहें तो ऐसा कदापि नहीं लगता कि कोई गंभीरतापूर्ण प्रयास किया गया हो। यह लेख लिखते समय, उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों को पुन: खोले जाने संबंधी दिशा निर्देश जारी किए जा रहे थे। कक्षा संबंधी गतिविधियों को पृथक-पृथक रूप से किया जाना है जिससे शारीरिक दूरी बनाए रखी जा सके और कक्षाओं को विसंक्रमित किया जाएगा, आदि। यह निर्देशित किया गया है कि डेस्कों के बीच छह फीट की दूरी रखी जाए। यह अनिवार्य है कि अकादमिक समय सारिणी में नियमित कक्षा अध्यापन तथा आनलाइन शिक्षण का सम्मिश्रण रहेगा। मगर यह कोई नहीं देखता है कि एक औसत शिक्षण संस्थान में कितने वर्ग मीटर की जगह उपलब्ध है? अस सत्ता की आत्मसंतुष्टि के लिए सबकुछ हो रहा है। लोग इसका सराहना करने को तैयार हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि कुछ सुविधाएं मिल जाएंगी। दिशा निर्देशों के दस्तावेज में लिखा गया है : ''कौशल तथा उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाएं, उच्चतर शिक्षा संस्थान जो चिकित्सीय एवं परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं वे आनलाइन तथा दूरस्थ शिक्षा सुनिश्चित करेंगे।'' दस्तावेज में तो यहां तक सुझाव दिया गया है कि किसी भी प्रकार के बाहरी स्थान का इस्तेमाल किया जाए और उपकरणों को वहां पर रखा जाए। ऐसी बुद्धिमत्ता टिप्पणी करने योग्य भी नहीं है।



स्थिति की सच्चाई यह है कि किसी भी प्रकार की रोकथाम के मानकों के अभाव में, पुष्टिकारी तौर पर, कोई नहीं जान सकता कि भविष्य कैसा होने वाला है। प्रयास केवल एक खांचे तक सीमित हैं। थोड़े आश्चर्य की बात है कि 9 सितम्बर को, भारत में कोविड संक्रमण के मामले इस ग्रह पर मौजूद किसी भी देश की तुलना में सर्वाधिक थे। आधिकारिक प्रतिक्रिया बड़ी तेजी से आई कि होने वाली मौतों का प्रतिशत कम है। यह बहस तो शुरू भी नहीं किया जानी चाहिए थी। यथार्थ में, बहुत से स्थानों पर किसी भी प्रकार का शिक्षण प्रारम्भ नहीं हुआ है। केवल मिश्रित दृष्टिकोण का डंका पीटा जा रहा है लेकिन पाठ्यक्रम की सामग्री को छुआ तक नहीं गया है।

एक क्षेत्र के रूप में शिक्षा कोई अनुसरण का क्षेत्र मात्र नहीं है जहां हर कोई अधिकार तथा विश्वास के साथ चल सकता है। यह एक विशेषज्ञ व्यवस्था का प्रबंधन है तथा पर्याप्त संख्या में नियोजन, विकास एवं क्रियान्वयन करने हेतु विशेषज्ञों की पहचान किया जाना इसकी पूर्वापेक्षा है। शक्तियां दावा करती हैं कि शिक्षा नीति पर दो लाख से अधिक लोगों की टिप्पणियां आई हैं। यह शानदार है। मुख्य लोगों का समूह कहां है, कैसी विशेषज्ञता रखते हैं जिससे कि वे प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन कर सकें? कुछ भी हो एक अच्छा आकांक्षामूलक दस्तावेज उभरकर आया है। अब आवश्यकता है उसे कियात्मक स्तर पर रूपांतरित करने की। यदि दूरदृष्टि स्पष्ट हो और प्रक्रिया का मुद्दा स्पष्ट हो तो पुनर्जन्म संभव है।

## आप की बात

### राहुल गांधी के सवाल

**नेहरू-गांधी** खानदान के चश्मे-चिराग तथा कांग्रेस के पूर्व (और भावी) अध्यक्ष राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी से पूछा है कि वे चीन से अपनी खोई भूमि कब वापस ले रहे हैं? यदि राहुल जी कार्टून नेटवर्क या पोगो देखने से समय बचाकर कुछ समाचार चैनल देख लेते तो उन्हें जानकारी मिल गयी होती कि नेहरु के समय में जो जमीन भारत ने चीन के हाथों गवां दी थी, वह मोदी सरकार वापस लेना शुरू कर चुकी है। पेंगोंग झील के दक्षिण तथा पूर्व में ब्लैक टॉप, हेलमेट टॉप, फिंगर 4 से फिंगर 8 तक की सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियां सब हमारी सेना कब्ज़ा कर चीनी फौज में दहशत पैदा कर चुकी है। इसकी तुलना 1984 में हमारी सेना द्वारा सियाचिन पर अधिकार करने से की जा सकती है। अब स्थिति ये है कि तिब्बत-शिनजियांग राजमार्ग संख्या 219, जो चीन ने 1952-59 में भारतीय भूमि पर बनाया था, उस पर भारत पुन: अधिकार कर सकता है। यानी नेहरु के पापों का निरंतर दंड भुगतना भारत बंद कर देगा। इससे बढ़कर हिंदुस्तान के लिए हर्ष की बात क्या होगी? तो पप्पूजी, जरा आप भी हर्षित हो जाइए। भारत के गौरव में वृद्धि पर नहीं तो इस बात पर कि आपके परदादा को मिलने वाली गालियां जल्दी ही कम हो जाने वाली हैं।

– **आस्था गर्ग**, मेरठ

### राफेल से बढ़ी ताकत

**आज** दुनिया भले ही कोरोना के कारण संकट से जूझ रही है मगर संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति मंडराते खतरों से रक्षा के लिए अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों का सहारा लेना ही पड़ेगा। अच्छे खासे सद्भाव के चलते उसमें कब खलल पड़ जाए कहा नहीं जा सकता। भारत चीन के बीच मई और सितंबर माह में सीमा पर हुई झड़पों नें कम से कम एक संदेश तो दे दिया कि भाई-भाई का नारा देने वाली मानसिकता अपने स्वार्थ के लिए किसी भी पल विनाश को आमंत्रण दे सकती है। गनीमत यही रही कि भारत ने संयम बरता। अंदर से मजबूत हमारी सुरक्षा ताकत के बावजूद राफेल की खरीदी से चीन को चिंता जरूर हुई है। फ्रांस से करार के अनुसार राफेल की आपूर्ति हमारी वायुसेना की अत्याधुनिक युद्धक शक्ति में बढ़ोतरी के रूप में हुई है। राफेल का भारतीय वायुसेना में शामिल होना हमारी सीमाओं की कड़ी निगरानी और दुश्मन देशों को चेतावनी है। डबल इंजन प्रणाली से संचालित राफेल की शक्ति भी अपार है। इसमें 1 मिनट में 60 हजार फीट ऊंचा उड़ने की क्षमता है तो यह 17000 किलोग्राम फ्यूल की क्षमता रखता है। राफेल में परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता तो है साथ ही इसमें हवा से हवा में मार करने वाली आधुनिक क्षमता भी है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### एक कदम समानता की ओर

**जो** तुझसे लिपटी बेड़िया, समझना उनको वस्तु तुम, ये बेड़िया पिघाल के बना ले उनको शस्त्र तू ! हाल ही में प्रधानमंत्री ने महिलाओं के विवाह सम्बन्धी उम्र को 18 से 21 तक वृद्धि करने पर विचार का प्रावधान रखा जो बेहद प्रशंसनीय कदम है। यूनीसेफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत देश में हर वर्ष करीब 15 लाख नाबालिग लड़कियां छोटी सी उम्र में विवाह के हत्थे चढ़ जाती है। ऐसी नाजुक अवस्था में उसके मासूम कंधो पर जिम्मेदारी का बोझ डालकर जीवन में कई बंदिशे लगा दी जाती हैं। एक सर्वे के अनुसार जिन लड़कियों का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र में तय की जाती है उनमें लगभग 45 प्रतिशत अत्यंत निर्धन परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नाबालिग अवस्था में विवाह होने के कारण वे शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही रूप में अपरिपक्क होती है। यदि हालिया रिपोर्ट पर गौर किया जाए तो देश में 10,0000 शिशु पर मातृत्व मृत्यु डर करीब 145 है जो बेहद चिंता का विषय है। भारत की शिशु मृत्यु दर की रिपोर्टानुसार 1000 में करीब 30 अबोध शिशु 1 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात ही जान गवां देते है।

– **आस्था मुकुल**, रांची

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**तकनीक** ने सदैव मुझे नए स्वरूपों को अपनाने का अवसर दिया है और अब मैं प्रशंसकों के लिए नए ध्वनि अनुभव सृजित करने को लेकर रोमांचित हूं।

– **अमिताभ बच्चन**
अभिनेता



**ये** तीन अध्यादेश काले कानून हैं जो सोची समझी रणनीति के तहत कृषि को दरबारी पूंजीवाद का बंधक बनाने के लिए लाए गए हैं।

– **रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस नेता



**कल** हम वापस स्कूल जाने वाले लाखों बच्चों का स्वागत करेंगे। यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता व जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा सुरक्षित स्कूल पढ़ने जाए।

– **इमरान खान**
पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

## क्विक न्यूज

### असोहा थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

**पुरवा, उन्नाव।** एसपी आनन्द कुलकर्णी ने सोमवार की देररात असोहा थाने का औचक निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। एसपी ने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि को चेक किया। उन्होनें अभिलेखों के रखरखाव के लिए संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण कर थाना प्रभारी ओमप्रकाश रजक को कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन थाना परिसर, कार्यालय व बैरक की साफसफाई कराने के लिए निर्देशित किया है।

### युवती बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**चकलवंशी, उन्नाव।** मांखी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक उसी गांव की युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया था। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया था। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर युवती की खोजबीन शुरू करने पर क्षेत्रीय दरोगा विनोद कुमार ने युवती को शनिवार को गांव के बाहर से युवती को बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था। आरोपी युवक मौके से भाग निकला। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे माखी नहर पुल पर से युवक को गिरफ्तार कर युवती के अपहरण बहकाने की धाराओं में जेल भेज दिया है।

### कन्या प्राथमिक विद्यालय की जर्जर छत गिरी

**चकलवंशी, उन्नाव।** ब्लाक क्षेत्र के चकलवंशी में कन्या प्राथमिक विद्यालय संचालित है। विद्यालय में करीब 66 छात्र पंजीकृत हैं। प्रधान शिक्षिका ने बताया कि भवन की छत जर्जर हो गई है। जिससे सोमवार को कक्ष में चल छत का पंखा चल रहा था। तभी अचानक छत का कुंडा टूट कर तार से लटक गया। शिक्षक ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। वहीं कक्ष की छतो में दरार होकर प्लास्टर गिर रहा है आने वाले दिनों में कक्ष का संचालन शुरु होगा जिससे बच्चों को खतरा बना हुआ है। भवन जर्जर की सूचना पिछले वर्ष उच्चाधिकारियों को दे दी गई थी।

### एलवन अस्पताल पहुंच डीएम ने किया निरीक्षण

**बिछिया, उन्नाव।** डीएम रवींद्र कुमार ने मंगलवार की सुबह कोविड एलवन अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने सीएचसी प्रभारी डा. आरपी सचान से भर्ती मरीजों को मिलने वाले नाश्ते व भोजन के बारे में जानकारी ली। जिस पर प्रभारी ने गुणवत्ता परख भोजन दिए जाने की बात कहा। जिस पर डीएम ने भोजन व नाश्ते में और अधिक सुधार लाने को कहा। उन्होंने भर्ती मरीजों के कमरों में तीन बार झाडू लगाये जाने के अलावा उनकी चादर रोजाना बदलने का निर्देश दिया। कोविड कर्मियों को समय समय पर मरीजो के कमरों में राउण्ड करने के निर्देश दिए। जिससे मरीजो के स्वस्थ्य की जानकारी हो सके। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल जनरेटर चलाये जाने को कहा। जिससे मरीजो व कोविड कर्मियों के कमरों में गर्मी का अहसास न हो। गंभीर मरीजों के फेफड़े जाँच की सही डायगोनेसिक की जांच के लिये डिजिटल एक्सरे मशीन लगाये जाने को सीएमओ से कहा। डीएम भर्ती मरीजों का बिना दर्द सुने वापस लौट गए। अस्पताल में कुल 34 मरीज का इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ सीएमओ कैप्टन डा. आशुतोष व पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### निष्पक्ष खेल, दृढ़ता और आत्मविश्वास जरूरी: राजीव

**प्रयागराज।** क्रिकेट भारत में एक बहुत लोकप्रिय खेल है। क्रिकेट के खेल के लिए की गई साझेदारी बीकेटी टायर्स के समर्थन और प्यार का प्रतीक है। यह टूर्नामेंट 19 सितंबर 2020 से शुरू होगा। मल्टीनेशनल ग्रुप और ऑफहाइवे टायर मार्केट की कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीकेटी टायर्स ने टी 20 लीग 2020 में टीम राजधानी दिल्ली के साथ साझेदारी की है। खासकर भारतीय खेलों का समर्थन कंपनी कर रही है। क्योंकि वह अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलता है। बीकेटी के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजीव पोद्दार ने कहा कि तमिलनाडु प्रीमियर लीग के साथ भी सहयोग कर रहे हैं। सभी को यह खेल पसंद है और क्रिकेट से प्यार करते हैं। हम संकल्प निष्पक्ष खेल दृढ़ता और आत्मविश्वास जैसे मूल्यों को साझा करने के साथ ही किसी की सीमा के बारे में जागरूकता में विश्वास करते हैं। सीईओ धीरज मल्होत्रा ने कहा कि खुशी है कि आईपीएल के सीज़न के लिए दिल्ली कैपिटल के भागीदारों में से एक है। वह पहले भी कई क्रिकेट लीग का हिस्सा रहे हैं।

### समूह के साथ संघों का किया गया गठन

**प्रयागराज।** कोरोना काल में बीएसई में सूचीबद्ध कैमिकल्स और डाई की मेन्युफेक्चरिंग ट्रेडिंग और वितरक कम्पनी सीएचडी कैमिकल्स लिमिटेड ने तीस जून को समाप्त तिमाही के लिए बेहतरीन अन ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी का कारोबार पौने पांच लाख करोड़ रूपए पहुँच गया है। लाभ में अस्सी फीसद की वृद्धि हुई है। कंपनी ने हाल ही में घोषणा की थी कि उसे 56 करोड़ रुपए का निर्यात ऑर्डर मिला था। कंपनी दक्षिण पूर्व एशिया के पूरे क्षेत्र में अपने कारोबार का विस्तार कर रही है और इसी उद्देश्य से कंपनी ने उसी क्षेत्र के समूह के साथ संघों का गठन किया है। यह विशाल आदेश कंपनी को ग्लोबल मार्केट में अपने पैर के आधार को स्थापित करने में मदद करेगा और कारोबार बढ़ाने के साथ साथ लाभप्रदता में भी मदद करेगा। कम्पनी के पास वर्तमान में स्वयं का अत्याधुनिक आरएंडडी केंद्र है। इससे कम्पनी की आर एंडडी क्षमता दुगुनी हो जाएगी। विश्लेषण के अनुसार विस्तार की वजह से कम्पनी के टर्नओवर तथा लाभप्रदता के मजबूती से बढ़ने की आशा है।

### ऑल बीटीसी डीएलएड एसोसिएशन ने एडीएम को दिया ज्ञापन



**प्रयागराज।** ऑल बीटीसी डीएलएड वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश संस्थापक शिवम शुक्ला और प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के नेतृत्व में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रयागराज के अपर जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन के जरिये नई संविदा आधारित भर्ती प्रक्रिया का विरोध किया गया। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रामानुज दुबे ने कहा कि यह व्यवस्था प्रशिक्षुओं के साथ घोर अन्याय है। संविदा व्यवस्था में कर्मचारियों का शोषण होगा। अंकित सिंह पटेल ने कहा कि लाखों रुपए खर्च करके डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने क्या संविदा पर नौकरी के लिए प्रशिक्षण लिया है। इस मौके पर पंकज मिश्रा शुभम रवि आदि उपस्थित रहे।

समाधान दिवस

# मंडलायुक्त ने सुनी जनता की फरियाद

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कमिश्नर दीपक** अग्रवाल ने शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराने का अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित किया जाए। निस्तारित होने वाले प्रार्थना पत्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारी स्वयं क्रास चेक करें। भूमि विवाद के प्रकरण त्वरित ढंग से निस्तारित किए गए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कमिश्नर दीपक अग्रवाल मंगलवार को आईजी विजय सिंह मीणा के साथ सदर तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। कोरोना को दृष्टिगत संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले फरियादी लोगो को सोशल डिस्टेंसिंग पेंटिंग का पालन करते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था पर जोर देते हुए अनावश्यक भीड़ होने से रोकने के लिए टोकन सिस्टम के आधार पर एक समय में अधिकतम 15-20 फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने पर जोर दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के पूर्व स्थल का सैनिटाइजेशन कार्य कराया जाए। आईजी विजय सिंह मीणा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों विशेषकर पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांवों में भूमि विवाद के छोटी-छोटी समस्याओं के कारण बड़ी घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहां की ऐसी समस्याओं से संबंधित सूचनाएं प्राप्त होने के तत्काल बाद उसका समूल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिससे उसके कारण अन्य समस्याएं उत्पन्न न होने पाए। इसमें किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील मुख्यालय पर 50, पिण्डरा पर 96 तथा तहसील राजातालाब पर 74 सहित कुल प्राप्त 220 प्रार्थना पत्रों में से क्रमशः 2, 4 व 9 सहित कुल 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए एक सप्ताह के अंदर निस्तारित सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर मुख्यालय पर कमिश्नर दीपक अग्रवाल, आईजी विजय सिंह मीणा के अलावा अपर जिला अधिकारी (नगर) गुलाब चंद्र, उप जिलाधिकारी प्रमोद पांडेय, पिण्डरा तहसील मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी पिंडरा तहसील राजातालाब मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी के अलावा तीनों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अंत्योदय विचारधारा से प्रेरित है बीजेपी का सेवा सप्ताह



● सत्ताधारी दल ने किया निःशुल्क चश्मा वितरण

**वाराणसी।** पीएम मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से मंगलवार सेवा सप्ताह के दूसरे दिन महमूरगंज स्थित निवेदिता शिक्षा सदन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारम्भ किया। विषय प्रस्तावना रखते हुए शिविर संयोजक विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानसेवक पीएम मोदी के जन्मदिवस पर पूर्व में परीक्षण करा चुके 210 नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जा रहा है। शिविर में डॉ. आरके ओझा, डॉ. सुनील साह व अन्य विशिष्ट चिकित्सकों से नेत्र परीक्षण के बाद ही निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सुनील ओझा ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत यह सभी कार्यक्रम संगठन के सिद्धांत अंत्योदय की विचारधारा से प्रेरित हैं। जिसमें समाज के हित मे किये जाने वाले कार्य सम्मिलित हैं। शरीर के अति महत्वपूर्ण अंग नेत्र का परीक्षण कर निःशुल्क चश्मा का वितरण, निश्चय ही समाज के लिए हितकारी है। कार्यक्रम में काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव, मंत्री डॉ नीलकण्ठ तिवारी, कैन्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, डॉ आर के ओझा आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक मिश्रा ने किया व संचालन अमित राय ने किया।

## भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय जनता** पार्टी के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष महेशचंद श्रीवास्तव का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। कोविद 19 के कारण किसी व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद 14 दिन बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पार्टी कार्यकर्ता भाजपा नेता से मिले। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेशचंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि आज भी वे कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताटों के स्नेह और प्यार की वजह से पार्टी ने जो दोबारा विश्वास जताया है। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव पार्षद, अरुण सिंह, सोमनाथ विश्वकर्मा, विपिन पाठक, पीयूषवर्धन सिंह, उमेश दत्त पाठक, धैर्यवर्धन सिंह अशोक यादव, पार्षद दिनेश यादव, बृजेश श्रीवास्तव, सुनील सोनकर, रविंद्र सिंह, विनोद, दिनेश कालरा, संजय गुप्ता, अक्षय वर्मा, अमन श्रीवास्तव, अमन कुमार आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पाथवे निर्माण: जांच में मिली खामियां घटिया सामग्री पर पड़ी फटकार



**वाराणसी।** क्षेत्रीय नागरिकों से मिली शिकायत पर विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भिखारीपुर से अमरा तक बनाई जा रही सड़क में मानकों से विपरीत घटिया दर्जे का कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने एसीएम फर्स्ट को निर्माण कार्य की जांच के लिए भेजा। मौका मुआयना व जांच में पाथवे में निर्माण में घटिया सामग्री पाया गया। पाथवे निर्माण में गंगा बालू के स्थान पर धूस का प्रयोग किया जा रहा था। आलम यह था कि पाथवे में लगाई जा रही टाइल्स विधायक के हाथ लगाते ही टूट गई। एसीएम ने पाया कि पाथवे निर्माण में टाइल्स बहुत ही कमजोर और घटिया क्वालिटी की लगाई गई थी। जोड़ाई में भी मोरंग के स्थान पर गंगा बालू का प्रयोग किया गया था। जांच में ईंट भी तीसरे दर्जे की पायी गई। सड़क का पानी नाले तक पहुंचाने के लिये पाइप का प्रयोग ही नहीं किया था। कई स्थानों पर पेयजल पाइप में लीकेज के बाद भी सड़क बना दी गयी, जिस कारण सड़क बनते ही टूटने लगी है। निर्माण कार्य की दुर्दशा देखकर आगबबूला हुए भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने घटिया निर्माण सामग्री पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुग्रीव राम और कनिष्ठ अभियंता वाईएन मिश्रा को फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही व जानबूझकर घटिया सामग्री का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा की सरकार जनता के लिए, जनता के द्वारा बनाई गई है और वह जनता के हित में ही कार्य करेगी। मौके पर पहुंचे विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को सामग्री की जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में भाजपा विधायक के साथ एसीएम के अलावा भाजपा कार्यकर्ता अमित सिंह चिंटू, डॉ देवाशीष आदि मौजूद रहे।

## रंजना शुक्ला को मिली यूपी पीसीएस में सफलता



**वाराणसी।** पांडेयपुर निवासी रंजना शुक्ला ने उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा में सफलता पाई है। परिवहन विभाग में एआरटीओ पद से सेवानिवृत्त अशोक कुमार शुक्ल की पुत्री रंजना शुक्ल सम्प्रति सोनभद्र के बीजपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में रसायन विज्ञान में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। पूर्व में उनका चयन प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक पद के लिए हुआ था। रंजना शुक्ला को वर्ष 2008 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीएड में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। सुश्री शुक्ला मूलत: जौनपुर के केराकत के बेहड़ा गांव की निवासी हैं। पीसीएस में चयन होने पर उनके गांव से लेकर वाराणसी तक उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। रंजना शुक्ला ने केन्द्रिय विद्यालय में कार्य करते हुए यह सफ्लता पाई है। रंजना शुक्ला के मुताबिक वे 2013 से लगातार इंटरव्यू दे रही थीं लेकिन सफ्ला 2018 पीसीएम में प्राप्त हुई। चार बहनों में और एक भाई में तीसरे नम्बर की रंजना शुक्ला ने खुद से तैयारी कर यह सफ्लता अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि समस्या हर क्षेत्र में है उससे घबराना नहीं चाहिए। धैर्य के साथ प्रयास करने पर सफ्लता जरूर मिलती है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय विधालय में शैक्षणिक कार्य करते हुए पीसीएस की तैयारी मुश्किल थी लेकिन परिवार के सम्बल से यह सफ्लता हासिल किया है। 2013 से पीसीएस परीक्षा पैर्टन में लगातार होने वाले बदलाव ने भी मुश्किल में डाला लेकिन उत्साह पूर्ण तैयारी ने सभी बाधा को समाप्त कर यह सफ्लता दी है। किसी प्रतियोगी को इस इस प्रकार की परीक्षा के लिए धैर्य के साथ तैयारी करनी चहिए। खराब रिजल्ट निराशा जरूर देते हैं लेकिन आगे बढ़ने की चाह आपके रास्ते बनाते हैं।

## हिंदी के अधिक से अधिक उपयोग पर दिया गया जोर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**हिन्दी दिवस** पर संस्था हरि श्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान की ओर से चौफ्टका स्थित अम्बेडकर विहार कालोनी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रकट करते हुए हिंदी के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे जहां राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती मिलती है। वहीं दूसरी ओर भाषा को संरक्षण मिलता है जिससे वह और लोकप्रिय होती है। संस्था के सचिव राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि हिंदी हमारे हिंदुस्तान की शान है और हर भारतीय का अभिमान है। जिसे हर भारतीय को गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर ओम प्रकाश ओझा पंकज दीक्षित वरिष्ठ कवि एवं पूर्व जिला जज एम पी यादव कृष्ण चंद्रा आदि उपस्थित रहे। श्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा प्रयागराज द्वारा ऑनलाइन हिंदी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय हिंदी हमारे गौरव की भाषा था। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष विकास प्राधिकरण के पूर्व अधिकारी गिरिजा शंकर मिश्र ने कहा कि राष्ट्रभाषा राष्ट्र का गौरव है। इसको अपनाना और इसकी अभिव्रद्धि करना हमारा कर्तव्य है। हिन्दी में लिखना उतना ही अच्छा लगता है जितना माँ के हाथों का खाना। संरक्षक और कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित डॉक्टर शैलेन्द्र अवस्थी ने कहा कि अंग्रेजी भाषा के मूल शब्द दस हजार हैं जब कि हिंदी के मूल शब्दों की संख्या ढाई लाख से अधिक है। संसार की उन्नत भाषाओं में हिंदी सबसे अधिक वैज्ञानिक भाषा है। उपाध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी देवराज पाठक एडवोकेट उच्च न्यायालय ने कहा कि राष्ट्र भाषा को अशुद्ध करने का अभियान मोबाइल पर शीघ्रातिशीघ्र टाइप करने के फेर में भी हमारे गाँव गाँव तक हो रहा है। सतर्क रहें और शुद्ध शब्दों का प्रयोग कर मातृभाषा का गौरव बढ़ाइये। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और सभा के संरक्षक डॉक्टर ईश्वर चन्द्र शुक्ल ने कहा कि ऊँच नीच को नहीं मानती। भारतीय जीवन बीमा के पूर्व अधिकारी सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष राममूर्ति शुक्ल प्रख्यात समाज सेवी शैलेन्द्र बाजपेयी ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर गौर करूं तो आज के बच्चे हिन्दी से बहुत दूर हो चुके हैं। उनके जीवन का हर लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ अंग्रेजी भाषा से ही होकर गुजरता है। ये बच्चे ही हमारे भारत देश का आने वाला कल हैं। इस मौके पर राजाराम शुक्ल आदि रहे।

## विद्यालय की उपलब्धि और प्रगति को महानिदेशक ने सराहा

**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय रसूलाबाद की वार्षिक पत्रिका को पहल संस्था के डॉक्टर शैलेश कुमार पाण्डेय ने बेसिक शिक्षा के महानिदेशक विजय किरण आनंद को सौंपा। वार्षिक रिपोर्ट देखकर महानिदेशक ने सराहना की। उन्होंने पहल संस्था के अध्यक्ष वन्दना सिंह प्रधानाध्यापिका रूबी ओझा के सामूहिक प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि अन्य गैर सरकारी संस्थाओं को भी आगे आकर विद्यालय को गोद लेकर शिक्षा के सुधार के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नगर क्षेत्र में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि प्रधानाध्यापिका रूबी ओझा ने सितम्बर 2017 में विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विद्यालय के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और पहल संस्था से संपर्क करके विद्यालय को गोद लेने का आग्रह किया। इसके बाद अध्यक्ष वन्दना सिंह डॉक्टर शैलेश कुमार पाण्डेय और भारतेन्द्र त्रिपाठी के सहयोग से विद्यालय का उन्नयन प्रारम्भ हुआ। विद्यालय में छात्र संख्या में वृद्धि हुई। बच्चों के बैठने के लिये बेंच डेस्क रनिंग वॉटर बालक बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय कॉपी पेंसिल पेंसिल बॉक्स पानी की बोतल आईकार्ड इत्यादि की व्यवस्था है। आज कान्वेंट स्कूल से नाम कटवा कर अभिभावक सरकारी विद्यालय में अपने बच्चों का नाम लिखवा रहे हैं। विद्यालय में शिक्षण के साथ साथ खेलकूद विज्ञान और उनके बहुमुखी विकास के अन्य कार्यक्रम भी संपादित किये जाते हैं। यही कारण है कि विद्यालय का निरीक्षण पूर्व आयुक्त डॉक्टर आशीष गोयल सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा पूर्व सचिव बेसिक शिक्षा रूबी सिंह ने भी किया और सभी के सामूहिक प्रयास की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की।

## विस्फोट मामला: पूर्व विधायक ने पीड़ितों के घर पहुंच बंधाया ढांढस



● सोमवार को विस्फोट के दौरान मौरावा के प्रसादखेड़ा में किशोर की मौत और चार लोग हुए थे जख्मी

**मौरावां/उन्नाव।** थाना क्षेत्र के प्रसादखेड़ा गांव निवासी फखरुद्दीन गांव के बाहर स्थित खेत में बनी कोठरी में पटाखा बनाने का कार्य करता था। गांव के ही निवासी अरुण (15) पुत्र कमरू, सुजीत (14) पुत्र अशोक, सौरभ (10) पुत्र हरिश्चंद्र, लवकुश (13) पुत्र राम वरन और आशीष (14) पुत्र गरीबे को फखरुद्दीन ने पटाखा बनाने के काम में लगा रखा था। अज्ञात कारणों से पटाखा निर्माण दौरान बारुद पर चिंगारी गिरने विस्फोट हो गया। जब तक काम कर रहे किशोर कुछ समझ पाते, तब तक विस्फोट की चपेट में आने से अरुण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि काम कर रहे चार अन्य किशोर घायल हो गए थे। उधर, जानकारी मिलने पर मंगलवार को पुरवा के पूर्व विधायक उदयराज यादव ने पीड़ित के घर पहुंच हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि शासन प्रसाशन की उदासीनता के कारण इतनी बड़ी घटना घटित हुई है। जिम्मेदार लोग अपने कार्य के प्रति कितना जागरूक है इसी घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं पुरवा के भाजपा पूर्व प्रत्याशी उत्तम चंद्र लोधी ने स्थानीय पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि मौरावां पुलिस की कार्यशैली ठीक नहीं है। जिससे अपराध व अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इस दौरान जमीर खां, रामकिशुन लोधी, आसिफअली, ब्रजकिशोर पाल, मुकेश निर्मल,जीतू दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

**तालाब में बोरियां के मिलने से हडकंप:** घटना के बाद स्थानीय तालाब में उतराती दर्जनों प्लास्टिक की बोरिया क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगो का मानना है कि इन बोरियो में पटाखा व बारूद थी, जिसको तालाब में फेंक दिया गया है।

## समाधान दिवस: 90 शिकायतों में से चार हुईं निस्तारित

संवाददाता। उन्नाव

**डीएम** रवीन्द्र कुमार ने मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जन समस्याओं के त्वरित व समयबद्ध तरिके से समस्याओं के निस्तारण हेतु शासन एवं प्रशासन कटिबंद है। कोविड-19 काल मे लम्बे समय के बाद आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 98 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें मौके पर 04 का निस्तारण किया गया।

डीएम ने एक सहिद विजय कुमार निवासी रावतपुर की पत्नी प्रतिभा को कृषि व आवासीय जमीन हेतु पट्टा दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक फरियादी विकलांग महिला को राशन कार्ड, व्हीलचेयर दिये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया, साथ ही बिजली के बिल को भी ठीक करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद प्रकरणों का त्वरित गति से गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने चकरोड से संबंधित समस्याओं में तत्काल पैमाइश कराए जाने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया कि चकरोड पैमाइश कराकर मनरेगा से मिट्टी डलवाई जाए। शिकायत निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब किया जाना बर्दाश्त नही होगा। समाधान दिवस की शिकायतों का एक सप्ताह में किया गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जायें। इस अवसर पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**हसनगंज।** मंगलवार को एसडीएम प्रदीप वर्मा ने तहसील सभागार में फरियादियो की शिकायतों को सुन कर समय से निपटारा करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। कुल 65 शिकायते आई। जिसमें एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नही हुआ। इस मौकेपर तहसीलदार नरेंद्र यादव, नायब तहसीलदार मंजुला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पिता-भाई समेत पर 10 पर दर्ज हुए गैंगरेप मामले का पुलिस ने किया खुलासा

● पीड़िता ने प्रेमी को बचाने में लिखवाया था केस

● सोमवार की देरशाम पुलिस ने प्रेमी को किया गिरफ्तार

संवाददाता। उन्नाव



**नौ माह** पूर्व महिला द्वारा पिता-भाई समेत दस लोगों पर लगाए गए गैंगरेप मामले का मंगलवार को महिला थाने की पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में पीड़िता ने अपने प्रेमी को बचाने में पिता-भाई समेत दस लोगो पर दुष्कर्म करने का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया है। घटना का खुलासा करते हुए महिला थाना प्रभारी इन्द्रपाल सिंह सेंगर ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की शादी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में हुई थी। शादी के 17 बाद ही महिला ने एक नवजात बच्चे को जन्म दिया था। उधर, शादी के सत्रह दिन बाद नवजात के जन्म देने पर मायके व ससुरालीजनों में हडकंप मच गया। मामला बढ़ा तो महिला ने अपने सगे पिता-भाई समेत दस लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए महिला थाने में केस दर्ज कराया था। वहीं सगे पिता-भाई पर दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद मामला उलझ गया। जांच में जुटी पुलिस ने नामित लोगो से पूछताछ की और सभी का डीएनए टेस्ट कराया था। सोमवार की देरशाम पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि पीड़िता के साथ उसके अवैध सबंध थे और वह गर्भवती हो गई। उधर, कुछ दिन बाद उसकी शादी हो गई और उसने एक नवजात को जन्म दे दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में महिला आरक्षी पायल सेंगर, नीरज, दीक्षित यादव व चालक अमर सिंह रहे।

# कोर्ट ने पंजाब के पूर्व डीजीपी सैनी को हत्या के मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुमेध सिंह सैनी को 1991 में एक जूनियर इंजीनियर बलवंत सिंह मुलतानी की कथित हत्या के मामले में मंगलवार को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान कर दिया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने सैनी की अपील पर पंजाब सरकार से जवाब मांगा है। सैनी ने इस मामले में उन्हें अग्रिम जमानत देने से इंकार करने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से जानना चाहा कि 29 साल पुराने मामले में सैनी को गिरफ्तार करने की जल्दी क्या है। लूथरा ने जवाब दिया कि जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त पूर्व पुलिस महानिदेशक फरार हैं। पीठ ने इस मामले को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि सैनी को अगले आदेश तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा और वह जांच में सहयोग करेंगे।

उच्च न्यायालय ने इस कथित हत्या के मामले में आठ सितंबर को सैनी की अग्रिम जमानत की याचिका सहित दो याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इससे पहले, तीन सितंबर को पंजाब पुलिस ने दावा किया था कि सैनी फरार हैं जबकि उसने इस पूर्व अधिकारी की सुरक्षा वापस लिए जाने के उनकी पत्नी के दावे का खंडन किया था। मोहाली की एक अदालत ने 21 अगस्त को पुजाब पुलिस को इस मामले में सैनी के खिलाफ हत्या का आरोप जोड़ने की अनुमति दी थी। यह आदेश चंडीगढ़ पुलिस के दो कार्मिक पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर जागीर सिंह और पूर्व एएसआई कुलदीप सिंह , जो इस मामले में सह आरोपी हैं, के सरकारी गवाह बनने के बाद आया।

सैनी की ओर वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि वह एक सम्मानित अधिकारी हैं जिन्होंने गोलियां भी खाईं हैं। सैनी पुलिस अधीक्षक के पद से तरक्की करते हुए पुलिस महानिदेशक के पद पर पहुंचे ओर उन्होंने पंजाब में आतंकवाद के दौर में बेहद सराहनीय काम किए थे। उन्होंने कहा कि सैनी अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं ओर उन्हें निचली अदालत से अग्रिम जमानत भी मिल गई थी और जब एक बार अग्रिम जमानत मिल गई तो सुनवाई पूरी होने तक यह बरकरार रहनी चाहिए थी।

रोहतगी ने कहा कि सैनी ने राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री के खिलाफ चार प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन उनके जैसे अधिकारी को इस तरह से हैरान परेशान नहीं किया जाना चाहिए था। यह मामला एक ऐसे अपराध के बारे में जो कथित रूप से 29 साल पहले हुआ था और यह अग्रिम जमानत के लिए सर्वथा उपयुक्त मामला है। लूथरा ने कहा कि मुलतानी को उसके घर से उठाया गया था और शिकायतकर्ता कई साल तक अदालत जाने का साहस नहीं जुटा पाया क्योंकि आरोपी उस दौरान अनेक महत्वपूर्ण पदों पर आसीन था। 13-14 दिसंबर, 1991 को चंडीगढ़ के थाने में मुलतानी को यातनाएं दी गईं थी ओर बाद में सैनी के इशारे पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पीठ ने कहा कि इस मामले में नोटिस जारी कर रही है और याचिका पर राज्य का जवाब जानना चाहती है।



पश्चिम बंगाल के नादिया में सब्जियों की बढ़ी कीमत के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

## एसीबी ने अमरावती जमीन घोटाले में पूर्व महाधिवक्ता के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** अमरावती

**आंध्रप्रदेश** के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कथित अमरावती जमीन घोटाले में मंगलवार को पूर्व महाधिवक्ता दम्मलापति श्रीनिवास और 12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक दिन पहले श्रीनिवास ने याचिका दायर करके उच्च न्यायालय से सरकार को वर्तमान जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी जैसी जबरन कार्वाई नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। पूर्व महाधिवक्ता ने अदालत से यह भी दरख्वास्त की थी कि वह राज्य की किसी भी एजेंसी द्वारा की जा रही जांच से संबंधित सारे रिकार्ड मंगाए तथा मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक समेत सभी प्रतिवादियों को पेश होने का आदेश दे। एसीबी ने मंगलवार को प्रेस नोट जारी करके कहा कि पुलिस महानिदेशक एवं एसीबी की शिकायत एवं प्राथमिक जांच के आधार पर भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की विभिन्न संबंधित धाराओं तथा भादंसं की धारा 120 बी के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह तत्कालीन महाधिवक्ता श्रीनिवास द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करने और जून - दिसंबर 2014 के बीच अपने ससुर, साले और अपने सहयोगियों एवं परिचितों के लिए जमीन के रूप में मौद्रिक लाभ अर्जित करने का मामला है। एसीबी ने विज्ञप्ति में कहा, और बाद में उन्होंने 2015 और 2016 के बीच उनमें से कुछ संपत्तियां खरीद कर, खुद को और अपनी पत्नी को मौद्रिक लाभ पहुंचाया।

## आदिवासी की मौत, वन मंत्री ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जताया ऐतराज

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में मछली पकड़ने गए आदिवासी की मौत के मामले में मध्यप्रदेश शासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाने पर ऐतराज जताया है। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि वन मंत्री अकबर ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। अकबर ने पत्र लिखकर कहा है कि कवर्धा जिले के एक आदिवासी झाम सिंह धुर्वे की मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा हत्या करने को उन्होंने संज्ञान में नहीं लिया।

अधिकरियों ने बताया कि छह सितंबर को कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक में दो आदिवासी झामसिंह ध्रुर्वे तथा नेमसिंह ध्रुर्वे मछली पकड़ने जंगल गए थे। मध्यप्रदेश पुलिस ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तब दोनों वहां से भागने लगे बाद में पुलिस ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना में झाम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नेम सिंह किसी तरह जान बचा पाया। उन्होंने बताया कि इस बीच नेम सिंह ने स्थानीय थाने में इसकी शिकायत की। जिसके बाद मामले की हकीकत सामने आई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ के वन मंत्री और स्थानीय विधायक मोहम्मद अकबर ने कलेक्टर से मामले की रिपोर्ट तलब की। कलेक्टर ने जांच में कई ऐसे सबूत पाए जिससे पता चलता है कि मामला निर्दोष आदिवासी की हत्या का है।

उन्होंने बताया कि वन मंत्री अकबर ने इसके बाद 12 सितंबर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्वाई करने का आग्रह किया था। बाद में अकबर ने 14 सितंबर को एक और पत्र मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखा। अकबर ने 12 सितंबर को लिखी गई चिट्ठी का हवाला देते हुए कहा है यह मामला बेहद गंभीर है अभी तक मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसे लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

वन मंत्री अकबर ने कहा पत्र में कहा है कि छह सितंबर को मध्यप्रदेश पुलिस ने छत्तीसगढ़ के एक निर्दोष आदिवासी की हत्या कर दी और दूसरे आदिवासी की हत्या का प्रयास किया, जो बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा है कि इससे छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

वन मंत्री अकबर ने उनके द्वारा पहले लिखी गई चिट्ठी पर कार्वाई न होने पर निराशा जाहिर की। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान से अनुरोध किया है कि इस संवेदनशील प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच तत्काल की जाए और छत्तीसगढ़ सरकार को इसकी जानकारी मुहैया कराई जाए।

## प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध के निर्णय पर केंद्र को पुनर्विचार करना चाहिएः शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर कहा कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के अचानक लिए गए निर्णय पर केंद्र को पुनर्विचार करना चाहिए। पवार ने ट्वीट किया कि गोयल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर वाणिज्य, वित्त और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों के बीच यदि सहमति बनती है तो सरकार निर्णय पर पुनर्विचार करेगी। राकांपा अध्यक्ष ने मंत्री से कहा कि निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज के भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता की भारत की छवि को नुकसान पहुंचेगा। केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने और कीमत पर लगाम लगाने के उद्देश्य से इसके निर्यात पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने गोयल से कहा कि इस निर्णय से महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक काफी नाराज हैं। पवार ने ट्वीट किया, भारत से निर्यात होने वाले प्याज की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग है और हम हमेशा से प्याज निर्यात करते रहे हैं। लेकिन केंद्र के अचानक लिए गए निर्णय से, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की छवि को नुकसान होगा।

## क्विक न्यूज

### सीसीबी ने बेंगलुरु में पूर्व मंत्री के बेटे के बंगले पर छापा मारा

बेंगलुरु। कर्नाटक में ड्रग मामले की जांच कर रही बेंगलुरु की केंद्रीय अपराध शाखा ने मंगलवार को पूर्व मंत्री और दिवंगत जीवराज अल्वा के पुत्र आदित्य अल्वा के बंगले पर छापा मारा। मामले मे आरोपी अल्वा सीसीबी द्वारा नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ कार्वाई शुरू करने के बाद से ही फरार है। अब तक 15 लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए गए है और नौ को गिरफ्तार किया गया है। एक बयान मे सीसीबी ने कहा, तलाशी का वारंट मिलने के बाद हिब्बल के पास स्थित आदित्य अल्वा के घर मे तलाशी ली गई। अल्वा के घर का नाम हाउस ऑफ लाइफ है। बंगला चार एकड़ मे फैला है और कथित तौर पर अल्वा इसी घर मे पार्टियों का आयोजन करता था। इस मामले मे गिरफ्तार होने वालो मे फिल्म अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी, संजना गलरानी, पार्टी का आयोजक वीरेन खन्ना, बिल्डर राहुल और आरटीओ क्लर्क बी के रविशंकर शामिल है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा कन्नड फिल्म के अभिनेता-अभिनेत्रियो एवं गायकों को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोप मे बेंगलुरु से हाल मे तीन लोगो को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने अपना अभियान तेज किया है।

### जम्मू-कश्मीर में कोई नजरबंद नहीं, 223 हिरासत में : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर मे कोई भी नजरबंद नही है और वर्तमान मे 223 लोग हिरासत मे है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा को बताया कि जम्मू-कश्मीर से पिछले साल अगस्त महीने मे अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने के बाद वहां शांति बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए गए। इनमे कुछ व्यक्तियो को ऐहतियात के तौर पर हिरासत मे भी लिया गया। रेड्डी ने कहा, 11 सितंबर, 2020 तक 223 व्यक्ति हिरासत मे है। कोई भी व्यक्ति नजरबंद नही है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि पांच अगस्त 2019 को तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य के विभाजन के बाद यहां आतंकवाद की घटनाओ मे काफी कमी आई है। 29 जून 2018 से चार अगस्त 2019 के बीच 402 दिनो मे जम्मू और कश्मीर मे आतंकवाद की 455 घटनाएं हुई थी जबकि पांच अगस्त 2019 से नौ सितंबर 2020 के बीच 402 दिनों मे ऐसी 211 घटनाएं हुई।

### मप्र की ब्यावरा विस सीट से कांग्रेस विधायक दांगी का निधन

**राजगढ़ (मप्र)।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की ब्यावरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक गोवर्धनलाल दांगी का मंगलवार को गुड़गाँव के एक अस्पताल मे निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह 62 वर्ष थे। उनके परिवार मे पत्नी, बेटा और दो पुत्रियां है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि दांगी को कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के बाद उपचार के लिए गुड़गांव के अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। यहां तीन पहले हुई कोविड-19 की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई। उन्होंने बताया कि दांगी पहली दफा विधायक बने थे। उनका अंतिम संस्कार राजगढ़ जिले मे उनके पैतृक गांव मोरचखेड़ी मे किया जाएगा। ब्यावरा से विधायक दांगी के निधन के साथ ही मध्यप्रदेश की 230 सदस्ईय विधानसभा मे अब 28 सीटें रिक्त हो गई है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सहित अन्य लोगो ने दांगी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

### गुजरातः एक मंत्री और एक विधायक कोरोना से संक्रमित

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार मे एक मंत्री और भाजपा के एक विधायक ने मंगलवार को कहा कि उनकी जांच मे कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। गुजरात के खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री जएश रादडिया ने कहा कि वे संक्रमित हो गए है और घर पर पृथक-वास मे रह रहे है। उन्होने ट्वीट किया, मेरी कोरोना वायरस रिपोर्ट मे संक्रमण की पुष्टि हुई है। अभी मै घर पर पृथक-वास मे हूं और मेरी हालत स्थिर है। एक सप्ताह मे मेरे संपर्क मे आए लोगो को जांच करानी चाहिए। जामनगर से भाजपा विधायक राघवजी पटेल ने भी अपने संक्रमित होने की जानकारी ट्विटर के जरिए दी। वह जामनगर मे कोविड-19 के एक निर्दिष्ट अस्पताल मे इलाज करा रहे है।

### आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार, छह लाख रुपए जब्त

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलो ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले मे आतंकवादियो के दो भूमिगत सहयोगियो को गिरफ्तार कर छह लाख रुपए जब्त किए है, जिन्हे आतंकवादी संगठन अल-बद्र को दिया जाना था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पुलिस और सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए आज सुबह लादू क्रॉसिंग पर आतंकवादियो के दो सहयोगियो को गिरफ्तार कर लिया जब वे दोनो स्कूटर पर शोपियां जिले से पुलवामा के खू इलाके मे आ रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान रईस-उल-हसन और मुश्ताक अहमद मीर के रूप मे हुई है। दोनो जिले के अवंतीपुरा इलाके के निवासी है। अधिकारी ने कहा कि उनके पास से प्रतिबंधित संगठन अल बद्र से संबंधित सामग्री मिली है, जिसमे छह लाख रुपए की भारतीय मुद्रा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अपराध के लिए इस्तेमाल किया गया स्कूटर भी जब्त कर लिया गया है। साथ ही इस संबंध मे खू थाने मे गैर-कानूनी गतिविधियां कानून की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है।


असाम के नागौन में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को अंतिम रूप देता हुआ कलाकार।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री की पत्नी के ट्रस्ट के खिलाफ सीबीआई ने मामला दर्ज

**जम्मू।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री लाल सिंह की पत्नी द्वारा संचालित कठुआ स्थित शैक्षणिक ट्रस्ट और कुछ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने यह मामला ट्रस्ट की स्थापना के लिए जमीन की खरीद में अनियमितताओं की जांच के लिए दर्ज किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी।

एजेंसी के अधिकारियों ने मामले के संबंध में मंगलवार को नौ -जम्मू में तीन और कठुआ में छह- स्थानों पर छापेमारी की। सिंह ने कहा, सीबीआई अपना काम कर रही है। प्राथमिकी आर बी एजुकेशनल ट्रस्ट के खिलाफ उसकी अध्यक्ष एवं सिंह की पत्नी कांता अंदोत्रा, कठुआ के पूर्व उपायुक्त अजय सिंह जामवाल, मारहीन के पूर्व तहसीलदार अवतार सिंह एवं अन्य के जरिए दर्ज की गई है। अधिकारियों ने कहा कि यह प्राथमिकी इस आरोपों पर दर्ज की गई है कि ट्रस्ट को अधिकतम सीमा से अधिक जमीन हासिल करने में सुविधा प्रदान की गई और इसके समर्थन में एक झूठा हलफनामा दायर किया गया जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गत जून में ट्रस्ट और अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की थी। सीबीआई ने प्रारंभिक जांच करने के बाद अब प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट भूमि पर एक स्कूल, बीएड एवं नर्सिंग कॉलेज संचालित करता है जिसके लेनदेन की जांच जमीन की खरीद में कथित अनियमितताओं के लिए केंद्रीय एजेंसी द्वारा की जा रही है। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में आरोप लगाया गया है कि ट्रस्ट को ऐसे अवैध कृत्यों से लाभ हुआ और जम्मू कश्मीर कृषि सुधार कानून, 1976 के तहत निर्धारित अधिकतम सीमा के घोर उल्लंघन के साथ जमीन के बड़े हिस्से पर अब भी उसका कब्जा है।

## राज्यपाल से मिले पूर्व नौसैनिक मदन शर्मा कहाः अब से भाजपा-आरएसएस के साथ

**मुंबई।** हाल ही में शिवसेना के कार्यकर्ताओं के हमले के शिकार हुए पूर्व नौसैनिक मदन शर्मा ने मंगलवार को कहा कि वह अब से भाजपा और आरएसएस से जुड़ जाएंगे। शर्मा ने स्थानीय भाजपा नेताओं-- मंगल प्रभात लोढा और अतुल भाटखालकर के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से राजभवन में मुलाकात करने के बाद कहा कि वह चाहते हैं कि जिन लोगों ने उन पर हमला किया उनके विरूद्ध कड़ी कार्वाई की जाए।

शर्मा (62) ने संवाददाताओं से कहा, आज से मैं भाजपा-आरएसएस के साथ हूं। जब मुझे पीटा गया था तब उन्होंने मुझपर आरोप लगाया था कि मैं भाजपा-आरएसएस के साथ हूं। इसलिए मैं अब से भाजपा-आरएसस के साथ हूं। कोश्यारी को सौंपे पत्र में उन्होंने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र सरकार से इंसाफ नहीं मिला, इसलिए उन्होंने राज्यपाल से इस मुद्दे पर उनकी नाखुशी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तक पहुंचा देने का अनुरोध किया।

पत्र में उन्होंने यह भी दावा किया कि शिवसैनिकों के हमले में उनकी आंखों और पीठ में चोट पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों पर कार्वाई करने के बजाय पुलिस इस घटना के एक घंटे बाद उन्हें ही गिरफ्तार करने पहुंची थी। शर्मा ने कहा कि इस घटना के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फोन पर उनसे बातचीत की और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले मेरा हालचाल जानने के लिए उनके घर आए। लेकिन महाराष्ट्र (सरकार) के किसी भी मंत्री या नेता ने उन्हें फोन नहीं किया या उनके प्रति सहानुभूति नहीं दिखाई।

शर्मा ने यह भी दावा किया कि शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा था कि वह नौसैनिक नहीं हैं, इसतरह उन्होंने उनका और अन्य पूर्व सैनिकों का अपमान किया। उन्होंने इस घटना का बचाव किया और अब वे मुझे धमकी दे रहे हैं। यह दर्शाता है कि मुझे महाराष्ट्र सरकार से कोई न्याय नहीं मिलेगा। हमले के सिलसिले में शिवसेना के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। इसलिए मै आपसे अनुरोध करता हं कि आप इस घटना को लेकर नाशुशी से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अवगत कराएं और उन्हें हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्वाई का निर्देश दें ताकि मुझे इंसाफ मिले।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का मजाक उड़ाने वाला एक कार्टून कथित रूप से सोशल मीडिया पर फॉरवार्ड करने पर शुक्रवार को मुंबई में शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने 62 वर्षीय शर्मा पर हमला किया था। हमले के बाद शर्मा ने मांग की थी कि मुख्यमंत्री उनसे और देश से माफी मांगें। यदि ठाकरे राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में अक्षम हैं, तो उन्हें अपना पद छोड़ देना चाहिए।

## सोशल मीडिया का इस्तेमाल मुंबई और महाराष्ट्र को बदनाम करने के लिए किया जा रहा हैः शिवसेना

**मुंबई।** शिवसेना ने मंगलवार को दावा किया कि सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सुनियोजित तरीके से मुंबई और महाराष्ट्र को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। शिवसेना ने सामना में प्रकाशित एक संपादकीय में लिखा है कि पिछले पांच से छह वर्षों से सोशल मीडिया पर गॉसिप (गपशप) के नाम पर अपमानजनक टिप्पणी की जा रही है और इस पर कोई अंकुश नहीं है।


शिवसेना ने कहा कि महाराष्ट्र और मराठी ऐसी स्थिति पिछले कुछ दिनों से अनुभव कर रहे हैं। संपादकीय में बिना किसी घटना का उल्लेख किए कहा गया है, सोशल मीडिया का इस्तेमाल सुनियोजित तरीके से मुंबई और महाराष्ट्र को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। यदि कोई ऐसे गॉसिप (गपशप) का जवाब देता है तो व्यक्ति (उपयोगकर्ता) की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई जाती है। इसमें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एन वी रमण द्वारा हाल में की गई टिप्पणी का उल्लेख किया गया जिसमें उन्होंने कहा था, इन दिनों न्यायाधीश मसालेदार गपशप और निंदात्मक सोशल मीडिया पोस्ट का सामना कर रहे हैं क्योंकि वे खुद अपना बचाव करने से बचते हैं।

उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा कि न्यायमूर्ति रमण ने जो कुछ कहा, वह सही ही है और थोड़े-बहुत फर्क के साथ आज हर क्षेत्र में यही स्थिति है। शिवसेना की यह टिप्पणी उसके कार्यकर्ताओं द्वारा एक नौसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को हाल में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख उद्धव का एक कार्टून सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के लिए मुंबई में पीटे जाने की पृष्ठभूमि में आया है। साथ ही शिवसेना हाल में बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के साथ वाकयुद्ध में लिप्त रही है जिन्होंने एक ट्वीट करके मुंबई की तुलना पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर से की थी।


केरल के कोझिकोड में मंत्री केटी जलील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे केरल स्टूडेंट यूनियन कार्यकर्ता को पीटती हुई पुलिस

# भारत में कोरोना वायरस के करीब 92 फीसद मामले हल्के लक्षण वाले: हर्षवर्धन

भाषा। नई दिल्ली



**देश** में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि भारत में करीब 92 प्रतिशत मामले हल्के लक्षण वाले हैं और केवल 5.8 प्रतिशत मामलों में ऑक्सीजन थैरेपी की जरूरत पड़ी।

हर्षवर्धन ने कोरोना वायरस संकट से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में राज्यसभा में एक बयान देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि महामारी से निपटने के लिए, देशभर में लॉकडाउन लगाने सहित सरकार द्वारा समय पर लिए गए फैसलों से संक्रमण के करीब 14-29 लाख मामलों को रोकने में और 37,000-38,000 लोगों को मौत से बचाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि भारत में करीब 92 प्रतिशत मामले हल्के लक्षण वाले हैं और 5.8 प्रतिशत मामलों में ऑक्सीजन थैरेपी की जरूरत पड़ी वहीं 1.7 प्रतिशत मामले आईसीयू वाले रहे। उन्होंने कहा कि भारत में 11 सितंबर तक नोवेल कोरोना वायरस के कुल 45,62,414 मामले आए और 76,271 लोगों की संक्रमण से मृत्यु हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि संक्रमण से मृत्यु दर 1.67 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, अनुमान है कि सरकार के लिए गए फैसलों से संक्रमण के करीब 14-29 लाख मामलों को रोकने में और 37,000-38,000 लोगों को मौत से बचाने में मदद मिली। हर्षवर्धन ने कहा कि अब तक 35,42,663 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं और यह संख्या कुल मामलों का 77.65 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में कोविड-19 के प्रकोप को रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि संक्रमण और उससे मौत के सर्वाधिक मामले मुख्यत: महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा, असम, केरल और गुजरात से आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूरी सरकार और संपूर्ण समाज के सहयोग से कोरोना वायरस से निपटने के प्रयासों के कारण भारत संक्रमण के मामलों और उससे जान गंवाने वाले रोगियों की संख्या को प्रति दस लाख आबादी पर 3,328 मामले और 55 लोगों की मौत तक सीमित रखने में सफल रहा है। यह , इसी तरह प्रभावित अन्य देशों की तुलना में दुनिया में सबसे कम दरों में से एक है। उन्होंने कहा कि संक्रमण के माध्यम और बिना लक्षण वाले संक्रमण जैसे महामारी के अनेक कारकों पर अब भी अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, एक समय था जब पीपीई का स्वदेशी उत्पादन नहीं हो रहा था। आज हम इस मामले में आत्म-निर्भर हैं और निर्यात करने की भी स्थिति में हैं।

मंत्री ने कहा, मेरी अध्यक्षता में एक मंत्रिसमूह ने तीन फरवरी, 2020 को इसके गठन से लेकर अब तक 20 बार बैठक की हैं। इस मंत्रिसमूह में विदेश मंत्री, नागर विमानन मंत्री हैं। हर्षवर्धन ने कहा कि कोविड-19 रोगियों के लिए पुन: उपयोग में लाए जा सकने वाली दवाओं के 13 क्लीनिकल परीक्षण तथा आधुनिक चिकित्सा उपचार की पद्धति का इस्तेमाल करते हुए परंपरागत ज्ञान का उपयोग कर उपचार के विकल्पों की सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रमुख रूप से ध्यान कोविड-19 के टीके के विकास पर रहा है और 30 से अधिक टीकों को समर्थन दिया गया है जो विकास के विभिन्न स्तरों पर हैं।

उन्होंने कहा कि इम्युनोमॉड्युलेटर सेप्सिवाक के दूसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा पहली जड़ी-बूटी आधारित (फाइटोफार्मास्युटिकल) दवा एसीक्यूएच का दूसरे चरण का क्लीनिकल परीक्षण चल रहा है। हर्षवर्धन ने कहा कि अश्वगंधा का एक रोगनिरोधक परीक्षण और गुडुची प्लस पिप्पली , यष्टिमधु तथा पॉलीहर्बल आयुष औषधि (आयुष-64) के तीन परीक्षण मामूली रूप से अस्वस्थ कोविड-19 रोगियों पर करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी टीका निश्चित ही कारगर साबित होगा। हर्षवर्धन ने यह भी कहा कि आयुष मंत्रालय ने कोविड-19 के प्रबंधन और उसे कम करने के लिए अनेक उपायों के जरिए योगदान दिया है।



कराड में मंगलवार को एक बाजार में प्याज की छटाई करते मजदूर

## सुशांत सिंह राजपूत मादक पदार्थ मामला

# एनसीबी ने दो और व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

भाषा। मुंबई

**नारकोटिक्स** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मादक पदार्थ कोण से संबंधित जांच के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।

जांच एजेंसी राजपूत की लिव-इन पार्टनर एवं अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को भी इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। एनसीबी ने सोमवार को रिया के भाई शौविक चक्रवर्ती के स्कूल के दोस्त सूर्यदीप मल्होत्रा को मुंबई से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, एनसीबी ने शनिवार को गोवा से क्रिस कोस्टा को हिरासत में लिया है। उसे मुंबई लाया गया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के साथ एनसीबी कुल 18 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वह राजपूत की मौत में मादक पदार्थ कोण की जांच कर रहा है। चौतीस साल के अभिनेता 14 जून को मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित अपने फ्लैट में फंदे से लटके मिले थे। मादक पदार्थ मामले की जांच कर रही एनसीबी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रिया, उनके भाई शौविक, राजपूत के प्रबंधक सैमुयल मिरांडा, घरेलू सहायक दीपेश सावंत और अन्य को गिरफ्तार कर चुकी है।

वे अभी न्यायिक हिरासत में हैं। मामले से संबंधित धनशोधन की तहकीकात कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने रिया के फोन से मिली सोशल मीडिया चैट को एनसीबी के साथ साझा किया था जिसमें प्रतिबंधित मादक पदार्थ के इस्तेमाल का संकेत मिलता है। इसके बाद एनसीबी ने मामले की जांच शुरू की। सीबीआई राजपूत को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप पर रिया और अन्य के खिलाफ अलग से जांच कर रही है।



एनसीबी ने सूर्यदीप मल्होत्रा और क्रिस कोस्टा को किया गिरफ्तार

# पहली किसान रेल 19 से कर्नाटक से चलेगी

भाषा। बेंगलुरु

**बेंगलुरू** और दिल्ली के बीच पहली किसान रेल कर्नाटक से 19 सितंबर से लेकर 19 अक्टूबर तक चलेगी। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किसान रेल ऐसी ट्रेने है, जिनमें विभिन्न वस्तुओं की ढुलाई होगी। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह ट्रेन मैसूरू, हुबली और पुणे के रास्ते चलेगी।

यह निर्धारित स्थानों के बीच चलेगी और रास्ते में ठहराव होंगे जहां सामानों को उतारने और चढ़ाने की अनुमति होगी। विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन में 10 वीपीएच (उच्च क्षमता वाली पार्सल वैन), एक ब्रेक कम जेनरेटर कार और एक द्वितीय श्रेणी लगेज कम ब्रेक वैन होंगे। उसमें 12 एलएचबी डिब्बे होंगे। इस ट्रेन को चलाने का फैसला केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दूध, मांस और मछलियों समेत जल्द नष्ट होने वाले खाद्य पदार्थों के लिए निर्बाध राष्ट्रीय प्रशीतन आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए 2020-21 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है।

# पटना में बनेगा एशिया का पहला डॉलफिन अनुसंधान केंद्र: सुशील

भाषा। पटना



**बिहार** के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने प्रोजेक्ट डॉलफिन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए मंगलवार को कहा कि पटना विश्वविद्यालय के दो एकड़ परिसर में 30.52 करोड़ रुपए की लागत से एशिया के पहले डॉलफिन अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम नमामि गंगे परियोजना और अमृत मिशन के तहत राज्य में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा, 2018-19 के सर्वेक्षण के अनुसार पूरे देश में 3031 डॉलफिन हैं और उनमें से करीब आधी 1455 बिहार में हैं।

सुल्तानगंज-कहलगांव के 60 किमी क्षेत्र को विक्रमशिला गांगेय डॉलफिन अभयारण्य घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे के 57 ऐसे सर्वाधिक प्रदूषण पैदा करने वाले उद्योगों की पहचान की गई हैं जहां जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और एक-एक एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर औद्योगिक कचरे के बहाव को रोका गया है जिसके परिणामस्वरूप गंगा बिहार में औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त है उन्होंने बताया कि 34 स्थलों से संग्रहित गंगा जल की जांच में उसे जलीय जीवन के अनुकूल पाया गया है मगर मल-जल व सीवेज के पानी के कारण गंगा जल पीने और स्नान करने योग्य नहीं है।

सुशील ने कहा कि 155.88 करोड़ की लागत से गंगा किनारे के 12 जिलों... जिनमें बक्सर, भोजपुर, वैशाली, छपरा शामिल हैं.... और पटना में 103 कलस्टर में जैविक खेती की जा रही है।

# 98 वर्ष की आयु में एमए करने वाले राजकुमार वैश्य का निधन

भाषा। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय से 98 वर्ष की आयु में अर्थशास्त्र से स्नातकोत्तर करने वाले राजकुमार वैश्य के निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। वह 101 वर्ष के थे। नीतीश ने अपने शोक-संदेश में कहा है, दिवंगत राजकुमार वैश्य ने 98 वर्ष की आयु में नालन्दा मुक्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एमए किया, जिसके लिए उनका नाम लिमका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। मैंने उन्हें घर जाकर उन्हें बधाई दी थी। उनका आशीर्वाद लिया था। उन्होंने कहा, उनके पुत्र संतोष कुमार बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पटना में मेरे प्रोफेसर थे। दिवंगत राजकुमार वैश्य मेरे लिए पिता तुल्य थे। मैं उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम ने प्रोफेसर संतोष कुमार से दूरभाष पर बात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# रास में उठी सामाजिक दूरी के बजाय शारीरिक दूरी कहने की मांग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य ने कोविड-19 महामारी के सिलसिले में उपयोग किए जा रहे शब्द सामाजिक दूरी को संदर्भ से पूरे तरह प्रतिकूल बताते हुए कहा कि इसकी जगह शारीरिक दूरी शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उच्च सदन के सभापति एम वेंकैया नायडू ने इसे एक महत्वपूर्ण सुझाव बताते हुए कहा कि सुरक्षित दूरी कहना भी बेहतर होगा।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में शामिल होगा गाजियाबाद

रिंकू यादव। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश सरकार के एक बड़े फैसले के तहत गाजियाबाद को गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में शामिल किया जाएगा। राज्य के अन्य दो जिलों वाराणसी एवं कानपुर में भी जल्द पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होगा। लखनऊ से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी मंजूरी दे दी है। गृह विभाग ने प्रस्ताव बनाकर तैयार कर लिया है जिस पर कैबिनेट की मुहर लगते ही ये तीनों फैसले उत्तर प्रदेश में लागू हो जाएंगे। योगी सरकार ने करीब छह महीने पहले गौतमबुद्ध नगर और लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया था।

इस सिस्टम से गौतमबुद्ध नगर और लखनऊ में अपराध को लगाम लगाने में सरकार को काफी हद तक मदद मिली है। साथ ही पुलिस के बर्ताव और कामकाज के तरीके में भी व्यापक बदलाव दर्ज हुआ है। कमिश्नरेट सिस्टम के अच्छे नतीजों को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पिछले दिनों समीक्षा बैठक में लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम की प्रशंसा की थी। कमिश्नरेट सिस्टम से हाथ लगी सफलता के कारण ही अब यूपी के बाकी जिलों में इसे लागू करने का फैसला लिया गया है। इस कड़ी में गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट का विस्तार किया जा रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा से सटे गाजियाबाद शहर को भी गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट का हिस्सा बनाया जाएगा।

## ● यूपी के दो अन्य जिलों वाराणसी-कानपुर में भी लागू होगा पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम

इसे लागू होने पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में 2 जिले शामिल हो जाएंगे। हालांकि पुलिस कमिश्नर नोएडा में ही बैठेंगे। गाजियाबाद में दो जोन बनाकर डीसीपी की नियुक्ति की जाएगी। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में एक ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति भी की जाएगी। अभी लखनऊ में यह पद है। गौतमबुद्ध नगर में एडिशनल पुलिस कमिश्नर का पद है। जैसा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर और लखनऊ में यह व्यवस्था लागू करते हुए घोषणा की थी कि अगर प्रयोग सफल रहा तो उत्तर प्रदेश के बाकी बड़े जिलों में भी पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की जाएगी। परिणाम बेहतर आने पर इस सिस्टम को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है। लखनऊ से मिली जानकारी के मुताबिक दो और जिलों वाराणसी व कानपुर में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया जाएगा। वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। वीवीआइपी और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का केंद्र भी।

उत्तर प्रदेश सरकार पूर्वांचल में वाराणसी को एक बडे औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करना चाहती है। ठीक इसी तरह मध्य उत्तर प्रदेश में स्थित कानपुर को पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में शामिल किया जा रहा है। कानपुर को इंडिया के मैनचेस्टर के नाम से भी जाना जाता है। कानपुर में हजारों की संख्या में औद्योगिक इकाइयां हैं। अधिकांश के बंद होने के बावजूद आज भी देश के बड़े उद्योगपतियों की पसंद कानपुर शहर है, लेकिन निवेश नहीं आने, खराब कानून-व्यवस्था और आधारभूत ढांचे के जर्जर होने के कारण कानपुर औद्योगिक परिदृश्य से बाहर होता जा रहा था। योगी सरकार कानपुर की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लौटने का प्रयास कर रही है।

# जम्मू-कश्मीर में पिछले छह महीने में 138 आतंकी मारे गए

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि इस साल एक मार्च से 31 मार्च तक जम्मू कश्मीर में 138 आतंकवादी मारे गए और इस अवधि में सीमापार से गोलीबारी में 50 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में एकेपी चिनराज और एस जगतरक्षकण के प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि जम्मू कश्मीर पिछले तीन दशक से भी अधिक समय से सीमापार से प्रायोजित और समर्थित आतंकवाद से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। इसके परिणाम स्वरूप इस साल एक मार्च से 31 अगस्त तक जम्मू कश्मीर में 138 आतंकवादी मारे गए। रेड्डी ने कहा कि इस छह माह की अवधि में जम्मू कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं और युद्ध विराम उल्लंघन की घटनाओं या सीमापार से गोलीबारी में 50 सुरक्षाकर्मी मारे गए। एंटो एंटनी के एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पिछले साल अगस्त से लेकर इस साल जुलाई तक जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ के 176 प्रयास किए गए और अनुमान है कि 111 बार आतंकियों ने घुसपैठ की।

# न्यायालय ने कोविड-19 के असामान्य समय के कारण आरोपी को जमानत दी

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में आरोपी को यह कहते हुए जमानत दे दी कि कोविड-19 महामारी का असामान्य समय है। न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने जेलों में से भीड़ को कम करने के लिए व्यक्तियों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है जो सात साल तक की सजा के मामलों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने कहा, हमने असामान्य समय का सामना किया है जहां कोविड की चुनौती व्याप्त है। न्यायालय ने कहा, मामले के उक्त तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, हम निचली अदालत की संतुष्टि के लिए शर्तों पर अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा करना उचित मानते हैं। याचिकाकर्ता शेरू की ओर से पेश हुए वकील ने दलील दी थी की आरोपी करीब आठ साल से हिरासत में है और मामले को प्राथमिकता देने के इस अदालत के निर्देशों के बावजूद मामला अबतक सुनवाई के चरण में नहीं पहुंचा है। वहीं दूसरी तरफ नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि एनडीपीएस अधिनियम की धारा 37 के कड़े प्रावधानों को देखते हुए अपील लंबित होने के दौरान ही अधिकांश अवधि गुजार लेने का सामान्य सिद्धांत सजा निलंबित करने और जमानत देने का आधार नहीं हो सकता।

# पेज एक का शेष

## चीन ने...

सभी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। सिंह ने अप्रैल के बाद से पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध के हालात और सीमा पर शांति के लिए कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर किये गये प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लद्दाख दौरे से संदेश दिया गया कि समस्त देशवासी जवानों के साथ खड़े हैं। सिंह ने अपने लद्दाख दौरे का जिक्र करते हुए कहा, 'मैंने भी जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को महसूस किया।' उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा निर्धारण का प्रश्न अभी अनसुलझा है और दोनों पक्ष मानते हैं कि सीमा जटिल मुद्दा है तथा शांतिपूर्ण बातचीत के जरिये समाधान निकाला जाना चाहिए।

## सेना ने...

है। उन्होंने कहा, जहां भी इन चीजों की आपूर्ति की जरूरत है, वह पहले ही की जा चुकी है। हमें विश्वास है कि व्यवस्था इतनी अच्छी हो गई है कि आगामी दिनों में यह शानदार परिणाम देगी। कपूर ने कहा कि समूचे लद्दाख क्षेत्र को दो मुख्य राजमार्गों- मनाली-लेह और जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा, ये राजमार्ग लगभग छह महीने बंद रहते हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों में हमने इस संख्या को घटाकर 120 दिन तक कर दिया है। अटल सुरंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। दारचा-निमु-पदम लिंक भी तैयार है और निकट भविष्य में लद्दाख क्षेत्र पूरे साल कनेक्टिविटी से लैस रहेगा। यह कोर सबसे ऊंचे ईंधन, तेल, लुब्रिकेंट डिपो में से एक का संचालन भी करती है।

## मोदी ने...

पानी जैसी समस्याओं को या तो नजरअंदाज कर दिया गया या फिर उनसे जुड़े काम घोटालों की भेंट चढ़ गए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पीने का पानी और नालियों की कमी का दर्द सबसे ज्यादा हमारी माताओं, बहनों, गरीब दलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों को महसूस होता है। गंदगी में रहने और मजबूरी में अस्वच्छ पानी पीने से बीमारियां होती हैं। इलाज के चक्कर में लोग कर्ज में डूब जाते हैं।' उन्होंने कहा कि सरकारों की गलत प्राथमिकताओं के कारण समाज के बड़े तबके को बहुत तकलीफें हुई हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले 15 साल में नीतीश जी, सुशील जी और उनकी टीम समाज के इस सबसे कमजोर वर्ग के आत्मविश्वास को लौटाने का भरपूर प्रयास कर रही है। विशेष तौर पर जिस प्रकार बेटियों की शिक्षा, पंचायती राज सहित स्थानीय निकाय में वंचित एवं शोषित समाज की भागीदारी को प्राथमिकता दी गयी, उससे उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '2014 के बाद से बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं का लगभग पूरा नियंत्रण ग्राम पंचायतों और स्थानीय निकायों को सौंप दिया गया।

## रंजन कुमार...

पद से हटाकर प्रतीक्षारत किए गए अनिल ढींगरा को विशेष सचिव एपीसी शाखा बनाया गया है। डीएम इटावा से हटाए गए जितेंद्र बहादुर को विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी, सीतापुर डीएम से हटे अखिलेश तिवारी को विशेष सचिव एमएसएमई बनाया गया है। मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद से मऊ के डीएम बनाए जाने के बाद प्रतीक्षारत किए गए राजेश पांडेय को विशेष सचिव एपीसी शाखा बनाया गया है। डीएम ललितपुर से हटे योगेश कुमार शुक्ला को विशेष सचिव आबकारी, सुल्तानपुर डीएम पद से हटी सी इंदुमती को निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण बनाया गया है। इसी तरह डीएम गाजीपुर से हटे ओपी आर्या को सदस्य राजस्व परिषद प्रयागराज और डीएम मऊ से हटे ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी को विशेष सचिव नियोजन बनाया गया है।

## अधिक से...

कोविड-19 से बचाव तथा यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से चौराहों तथा बाजार आदि में प्रसारित की जाए। उन्होंने कोविड हेल्प डेस्क को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान की खरीद के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धान खरीद के दौरान क्रय केन्द्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के लिए अलर्ट सिस्टम को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि दैवीय आपदा से होने वाली जनहानि में राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य आर्थिक मदद प्रभावितों को समय से उपलब्ध करायी जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टंडन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा. रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में...

गया। अभी तक सूबे में 252097 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 904, कानपुर में 409, प्रयागराज में 387, गोरखपुर में 196, गाजियाबाद में 273, वाराणसी में 192, नोएडा में 152, बरेली में 143, मुरादाबाद में 279, मेरठ में 196, अलीगढ़ में 191, सहारनपुर में 110, झांसी में 126, बाराबंकी में 124, देवरिया में 70, बलिया में 89, अयोध्या में 85, शाहजहांपुर में 91, जौनपुर में 38, रामपुर में 92, आगरा में 131, कुशीनगर में 94, महाराजगंज में 120 ,आजमगढ़ में 68, हरदोई में 82, मुजफ्फरनगर में 140, गाजीपुर में 45, लखीमपुर खीरी में 70, मथुरा में 91, इटावा में 94, गोंडा में 37, बुलंदशहर में 76, बस्ती में 46, सीतापुर में 63, पीलीभीत में 29, प्रतापगढ़ में 73, उन्नाव में 55 सिद्धार्थनगर में 43 चंदौली में 71, सुल्तानपुर में 33, बहराइच में 26, बिजनौर में 63, सोनभद्र में 54, संत कबीर नगर में 10, मैनपुरी में 57, रायबरेली में 37, बदायूं में 40, अमरोहा में 36, हापुड़ में 46, फिरोजाबाद में 71, कन्नौज में 44, मिर्जापुर में 29, मऊ में 21, ललितपुर में 51, अमेठी में 49, संभल में 29, फर्रुखाबाद में 69, फतेहपुर में 45, जालौन में 45, औरैया में 28, शामली में 36, कानपुर देहात में 56, बांदा में 42, एटा में 84, भदोही में 20, कौशांबी में 19, बलरामपुर में 13, अंबेडकरनगर में 34, कासगंज में 19, बागपत में 39, चित्रकूट में 25, हमीरपुर में 8, श्रावस्ती में 9, हाथरस में 19, महोबा में 14 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## कंगना, रवि...

हकदार है। केवल कुछ लोगों की वजह से आज मनोरंजन उद्योग आलोचना का शिकार हो रहा है जो हर दिन करीब पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष और करीब 50 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार देता है। मनोरंजन उद्योग का तिरस्कार करना सही नहीं है और ऐसी भाषा पर रोक लगाई जानी चाहिए। राष्ट्रीय आपदा के दौरान इस उद्योग ने हरसंभव मदद की है। यहां अत्यधिक कर देने वाले लोग रहते हैं। इस उद्योग ने अपना एक नाम और पहचान अपने बूते हासिल किया है। उनका मानना है और यह अत्यंत आवश्यक भी है कि सरकार इस उद्योग का समर्थन करे। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म उद्योग से तरह तरह के वादे किए गए लेकिन उसे उसका बकाया नहीं मिला।

## बॉलीवुड के...

छापेमारी, बरामदगी, गिरफ्तारी की कार्रवाई की। कोविड 19 महामारी रोकने को लागू लॉकडाउन के दौरान एनसीबी को बॉलीवुड और ड्रग तस्करों में मिलीभगत को पुष्ट करने वाली कोई जानकारी नहीं मिली है।

### मरे को फ्रेंच ओपन में वाइल्ड कार्ड

**पेरिस।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ब्रिटेन के एंडी मरे को फ्रेंच ओपन में वाइल्ड कार्ड मिला है। तेरह दिन बाद शुरू हो रहे ग्रैंडस्लैम में वाइल्ड कार्ड पाने वाले आठ खिलाड़ियों में में अकेले गैर फ्रांसीसी है। चोटों के कारण उनकी रैंकिंग खिसककर 129 तक जा पहुंची है। उन्हें अमेरिकी ओपन में भी वाइल्ड कार्ड मिला था लेकिन वह दूसरे दौर में हार गए। वह 2016 में फ्रेंच ओपन फाइनल में पहुंचे थे। महिला वर्ग में कनाडा की यूजीनी बूचार्ड और बुल्गारिया की स्वेताना पिरोन्कोवा को वाइल्ड कार्ड मिले है।

### एसएएससीओसी के साथ सीएसए की बैठक सकारात्मक

**जोहानिसबर्ग।** देश की ओलंपिक संस्था द्वारा कुप्रशासन के कारण निलंबित क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका खेल महासंघ और ओलंपिक समिति (एसएएससीओसी) के साथ उसकी बैठक सकारात्मक रही। सीएसए में प्रशासनिक ढांचा अस्त-व्यस्त है और उसे भ्रष्टाचार तथा नस्ली भेदभाव के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है।

### ईसीबी 20 प्रतिशत कर्मचारियों को हटाएगा

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) कोविड-19 महामारी के कारण हुए 10 करोड़ पाउंड (लगभग साढ़े नौ अरब रुपए) का नुकसान झेलने के कारण 20 प्रतिशत कार्यबल कम करने की योजना बना रहा है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने बजट की व्यापक समीक्षा करने के बाद कहा कि अगर महामारी का प्रकोप अगले साल भी जारी रहा तो यह क्षति 20 करोड़ पाउंड (लगभग 19 अरब रुपए) तक बढ़ सकती है।

### नेट अभ्यास पर लौटे स्मिथ, खेल सकते हैं आखिरी वनडे

**मैनचेस्टर।** आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को कहा कि स्टीव स्मिथ मंगलवार को नेट अभ्यास पर लौटेंगे और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे खेलेंगे। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्मिथ को अभ्यास के दौरान कोचिंग स्टाफ का एक थ्रो सिर पर लग गया था। वह पहले दो मैच नहीं खेल पाए। स्मिथ ने सोमवार को रनिंग की और वह खेलने के लिए तैयार हैं बशर्ते मैच की पूर्व संध्या पर पर्याप्त अभ्यास कर ले। तीसरा और आखिरी वनडे बुधवार को खेला जाएगा।

### कोविड–19 ने मानसिक रूप से मजबूत बनाया: हॉकी कप्तान मनप्रीत

**बेंगलुरू।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा है कि कोरोना वायरस से उबरते हुए पृथकवास में बिताए तनावपूर्ण समय ने उन्हें मानसिक रूप से मजबूत खिलाड़ी बनाया जो अब मैदान पर किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है। मनप्रीत उन छह हॉकी खिलाड़ियों में शामिल थे जो पिछले महीने राष्ट्रीय शिविर के लिए बेंगलुरू में टीम के ट्रेनिंग केंद्र पर पहुंचने पर कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। कोरोना वायरस से उबरने के बाद मनप्रीत ने व्यक्तिगत सत्र मे हिस्सा लेना शुरू कर दिया है।

# थॉमस और उबेर कप स्थगित



## ●शीर्ष टीमों के नाम वापिस लेने से लिया फैसला ● डेनमार्क ओपन होगा

**भाषा।** नई दिल्ली

कोरोना वायरस महामारी के बीच शीर्ष टीमों के नाम वापिस लेने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ ने डेनमार्क में होने वाले थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट मंगलवार को अगले साल के लिए स्थगित कर दिया। भारत ने तीन से 11 अक्टूबर तक डेनमार्क के आरहस में होने वाले टूर्नामेंट के लिए महिला और पुरूष दोनों टीमों की घोषणा कर दी थी। कोरोना महामारी के कारण हालांकि थाईलैंड, आस्ट्रेलिया, चीनी ताइपै और अल्जीरिया के बाद शुक्रवार को इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया ने भी नाम वापिस ले लिया जिसकी वजह से बीडब्ल्यूएफ ने रविवार को आपात वर्चुअल बैठक बुलाई। महासंघ ने एक बयान में कहा , बैडमिंटन विश्व महासंघ मेजबान बैडमिंटन डेनमार्क की सहमति से थॉमस और उबेर कप 2020 स्थगित करने का कठिन फैसला ले रहा है। कई प्रतियोगी टीमों के नाम वापिस लेने के कारण यह फैसला किया गया है। संशोधित बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के यूरोपीय चरण के कारण अब इसके लिए 2021 से पहले वैकल्पिक कार्यक्रम बनाना भी मुश्किल है। बीडब्ल्यूएफ ने सिंगापुर और हांगकांग को शामिल करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। ऐसी खबरें हैं कि चीन और जापान भी नाम वापिस लेने की सोच रहे थे। भारत की स्टार खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भी ऐसे समय में टूर्नामेंट के आयोजन पर चिंता जताई थी। साइना और पी वी सिंधू महिला टीम की अगुवाई कर रहे थे जबकि पुरूष टीम में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत शामिल थे। टीम की तैयारियां भी पुख्ता नहीं थी क्योंकि भारतीय खेल प्राधिकरण के पृथकवास प्रोटोकॉल का पालन करने से खिलाड़ियों के इनकार के बाद प्रस्तावित शिविर रद्द हो गया था। बीडब्ल्यूएफ ने यह भी कहा कि डेनमार्क ओपन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 से 18 अक्टूबर तक ओडेंसे में होगा लेकिन 20 से 25 अक्टूबर तक होने वाला विक्टर डेनमार्क मास्टर्स रद्द कर दिया गया है। संशोधित कैलेंडर में बीडब्ल्यूऊ ने नवंबर में एचएसबीसी विश्व टूर फाइनल के अलावा एशिया में दो सुपर 1000 टूर्नामेंट कराने का भी फैसला लिया है। रपटों के अनुसार बीडब्ल्यूएफ इंडोनिशया में तीनों टूर्नामेंट कराना चाहता है लेकिन इंडोनेशिया ने कोरोना महामारी के कारण इरादा बदल दिया। थॉमस और उबेर कप के जरिए मार्च के बाद अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन की बहाली होनी थी लेकिन बीडब्ल्यूएफ ने स्वीकार किया कि मौजूदा हालात में उच्च स्तर का टूर्नामेंट करा पाना संभव नहीं है और इसी वजह से टूर्नामेंट स्थगित करने का फैसला लिया गया।

### नाम वापस लेने वाले एशियाई देश दोषी: विमल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बैडमिंटन कोच विमल कुमार ने थॉमस और उबेर कप फाइनल के स्थगित होने के लिए मंगलवार को एशियाई देशों को दोषी ठहरते हुए कहा कि प्रतियोगिता से उनके हटने के कारण खेल को बड़ा झटका लगा है। कोरोना वायरस महामारी के बीच शीर्ष टीमों के नाम वापिस लेने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने डेनमार्क में होने वाली थॉमस और उबेर कप प्रतियोगिता को अगले साल तक के लिए स्थगित कर दिया है। विमल ने कहा, इन एशियाई देशों ने जो किया है, वह वास्तव में निराशाजनक है। इन देशों में कोई बड़ी समस्या नही है, वे वहां स्थानीय टूर्नामेंटों का आयोजन कर रहे है, इसलिए उनका इस तरह से नाम वापस लेना, खेल के लिए एक बड़ा झटका है। थॉमस और उबेर कप के जरिए मार्च से कोविड-19 के कारण बंद अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन की बहाली होनी थी। इस टूर्नामेंट का आयोजन डेनमार्क के आरहस में तीन से 11 अक्टूबर तक होना था। भारत ने टूर्नामेंट के लिए महिला और पुरूष दोनो टीमों की घोषणा कर दी थी।

### स्टोक्स की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं : राजस्थान रॉयल्स के कोच मैकडोनाल्ड

**भाषा।** दुबई

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि फ्रेंचाइजी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिग्गज हरफनमौला बेन स्टोक्स की उपलब्धता को लेकर सुनिश्चित नहीं है, जो न्यूजीलैंड में आपने बीमार पिता के साथ हैं। पिछले साल इंग्लैंड की विश्व कप खिताबी जीत के नायक रहे स्टोक्स कठिन दौर से गुजर रहे हैं। अपने पिता को ब्रेन कैंसर का पता लगने के बाद वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे टेस्ट से पहले अगस्त में टीम से हट गए थे। मैकडोनाल्ड ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, सबसे पहले और जरूरी यह है कि हमारी संवेदनाएं स्टोक्स के परिवार के साथ है। यह मुश्किल परिस्थिति है, इसलिए हम उसे उतना समय दे रहे हैं जितना उसे जरूरत है। स्टोक्स की स्थिति अभी क्या है, हमें नहीं पता है लेकिन एक बार चीजें साफ हो जाएं तो हम कोई फैसला कर सकेंगे। हम अभी यह अनुमान नहीं लगा सकते कि उनका क्या होगा।

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर सदाशिव रावजी पाटिल का निधन




**मुंबई।** एक टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व क्रिकेटर सदाशिव रावजी पाटिल का मंगलवार को कोल्हापुर में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 86 बरस के थे और उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं। कोल्हापुर जिला क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी रमेश कदम ने बताया, उनका (पाटिल का) कोल्हापुर की रुईकर कॉलोनी में अपने आवास पर मंगलवार तड़के सोते हुए निधन हो गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाटिल के निधन पर शोक जताया और उनके क्रिकेट सफर को याद किया जो मुख्य रूप से घरेलू क्रिकेट तक सीमित रहा। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा, मध्यम गति के गेंदबाज पाटिल ने 1952–53 सत्र में महाराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी पदार्पण करते हुए तुरंत प्रभाव छोड़ा। मुंबई के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने एक ही स्पैल में गेंदबाजी करते हुए घरेलू चैंपियन टीम को 112 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाई जबकि इससे पहले महाराष्ट्र की टीम 167 रन पर सिमट गई थी। दूसरी पारी में उन्होंने 68 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे महाराष्ट्र ने 19 रन से जीत दर्ज की। उन्हें पॉली उमरीगर की कप्तानी में 1955 में भारत दौरे पर आई न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ पदार्पण (टेस्ट कैप नंबर 79) करने का मौका मिला। नई गेंद से गेंदबाजी करते हुए उन्होंने प्रत्एक पारी में एक–एक विकेट चटकाया जबकि भारत ने पारी और 27 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पाटिल ने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पश्चिम क्षेत्र की टीम की ओर से खेलते हुए 74 रन पर सात विकेट चटकाकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। पाटिल इसके बाद भारत की ओर से दोबारा नहीं खेले। पाटिल ने हालांकि महाराष्ट्र की ओर से खेलना जारी रखा और लंकाशर लीग में भी खेले जहां उन्होंने दो सत्र (1959 और 1961) में 52 मैचों में 111 विकेट चटकाए।पाटिल ने 1952–1964 के बीच महाराष्ट्र के लिए 36 प्रथम श्रेणी मैचों में 866 रन बनाने के अलावा 83 विकेट चटकाए।

# संतुलित आईपीएल टीमों में से है सनराइजर्स हैदराबाद

## ●वार्नर की अगुवाई में और निखरी

**भाषा।** नई दिल्ली



शानदार शीर्ष क्रम, बेहतरीन स्पिन आक्रमण और डेविड वार्नर जैसा आक्रामक कप्तान। इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे संतुलित सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर प्लेआफ के चार प्रबल दावेदारों में से होगी। मुंबई इंडियंस या चेन्नई सुपर किंग्स जैसी हाई प्रोफाइल टीम नहीं होने के बाद सनराइजर्स किसी से कम नहीं है क्योंकि उसके पास शानदार कोचिंग स्टाफ है। इसमें ट्रेवर बेलिस (केकेआर के आईपीएल विजेता पूर्व कोच), वीवीएस लक्ष्मण और मुथैया मुरलीधरन जैसे महान पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं। ये तीनों आईपीएल की सफल टीमों के डगआउट में रह चुके हैं और इनका अपना कद बहुत ऊंचा है। कप्तान के रूप में इस सत्र में वापसी करने वाले डेविड वार्नर के रूप में सनराइर्स के पास करिश्माई कप्तान हैजो अपने दम पर मैच जिताने का माद्दा रखता है। चार साल पहले वार्नर की कप्तानी में सनराइजर्स ने खिताब जीता था और वह तीन बार आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं। पिछले सत्र में जॉनी बेयरस्टॉ और वार्नर ने कई रिकार्ड तोड़े जिनमें आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकार्ड शामिल है।दोनों अपने दम पर टीम को नॉकआउट तक ले गए थे। वार्नर ने 12 मैचों में 692 रन बनाए जिसमें आठ अर्धशतक और एक शतक शामिल था। वहीं बेयरस्टॉ ने 10 मैचों में एक शतक और दो अर्धशतक के साथ 445 रन जोड़े। सनराइजर्स के पास भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार जैसा तेज गेंदबाज और अफगानिस्तान के टी20 कप्तान जैसा स्पिनर है। उनके अलावा गेंदबाजी का जिम्मा सिद्धार्थ कौल और शाहबाज नदीम संभालेंगे। सनराइजर्स के बल्लेबाजी क्रम में हालांकि उतनी गहराई नहीं दिख रही। वार्नर और बेयरस्टॉ के नाकाम रहने पर दारोमदार पूरी तरह से मनीष पांडे और केन विलियमसन पर आ जाएगा। टीम ने बाएं हाथ के बल्लेबाज विराट सिंह जैसे युवाओं पर भरोसा किया है जिसने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में 343 रन बनाए थे। बल्लेबाजी हरफनमौला अभिषेक शर्मा और भारत के अंडर 19 कप्तान प्रियम गर्ग भी टीम में हैं। गेंदबाजी सलाहकार मुथैया मुरलीधरन ने कहा , इस साल हम युवाओं के साथ जा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि वे मौके का सही उपयोग करेंगे। यूएई की पिचों पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। ऐसे में राशिद ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं जिनका टूर्नामेंट में इकॉनामी रेट 6 . 55 है। टीम के पास ट्रेवर बेलिस के रूप में नया कोच है जिनके मार्गदर्शन में इंग्लैंड ने पिछले साल वनडे विश्व कप और कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो आईपीएल खिताब जीते हैं।

### कई अभ्यास सत्रों के बाद अब अच्छा लग रहा है : आरसीबी के पडीक्कल

**दुबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग से पहले ढाई सप्ताह अभ्यास करके अब वह पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। आरसीबी का सामना 21 सितंबर को पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। पडीक्कल ने आरसीबी के यूट्यूब चैनल पर कहा , लय में लौटकर अच्छा लग रहा है।हमने नेट पर काफी अभ्यास किया और अब लॉकडाउन के पहले वाली स्थिति से बेहतर लग रहा है। कर्नाटक के इस खब्बू बल्लेबाज ने विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में सर्वाधिक रन बनाए थे। बीस बरस के इस बल्लेबाज का 12 मैचों में स्ट्राइक रेट 175 से अधिक और औसत 64 है। कप्तान विराट कोहली और और कोच माइक हेसन दोनों उससे प्रभावित हैं। यहां के मौसत के बारे में उसने कहा , हम इसके अनुरूप ढल रहे हैं। हमने दौड. के भी कुछ सत्र रखे और फिटनेस पर लगातार काम करते रहेंगे।

### दिल्ली कैपिटल्स के पास निश्चित तौर पर इस बार खिताब जीतने की क्षमताः अक्षर

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के आलराउंडर अक्षर पटेल ने मंगलवार को कहा कि उन्होने प्रत्एक विभाग मे अच्छी तैयार की है और उनका मानना है कि इस साल फ्रेंचाइजी के पास पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने की क्षमता है। भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण आईपीएल के 13वें सत्र का आयोजन यूएई के तीन स्थलो दुबई, अबु धाबी और शारजाह मे 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच किया जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम टूर्नामेंट मे प्रबल दावेदारो में शामिल होगी। टीम मे कई अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी पर अक्षर ने कहा, नए बदलाव के साथ मुझे लगता है कि टीम काफी अच्छी लग रही है। तेज गेंदबाजों, स्पिनरो और आलराउंडरों की मौजूदगी में हमने सभी विभागो की तैयारी कर ली है और मुझे लगता है कि इस बार हम चैंपियन बन सकते है। नेट्स पर सभी सकारात्मक लग रहे है और हम सब फिट है। छब्बीस साल के बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर ने कोरोना वायरस महामारी के बीच जैविक रूप से सुरक्षित माहौल मे ट्रेनिंग के अनुभव और चुनौतियो के बारे मे बताया। बेशक स्टेडियम मे दर्शको के नही होने से हमे खाली-खाली लगेगा। इसके अलावा लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध से गेंदबाजों के लिए काफी अंतर पैदा होने वाला है। शुरुआती अभ्यास सत्रों में मै सतर्कता बरत रहा था कि गेंद पर लार या पसीने का इस्तेमाल नही करूं। इसलिए ए चुनौतियां है जिसके बारे मे हमे चिंतित होने की जरूरत है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दिशानिर्देशो के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का लीग के दौरान प्रत्एक पांच दिन में परीक्षण होगा। हमें थोड़ा बुरा लग रहा है कि हमे अपने दोस्तो के साथ मैचो का लुत्फ नही उठा सकते।



### सीनियर खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के क्रिकेटरों के लिए पृथकवास अवधि कम करने की अपील की

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने वाले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से अनुरोध किया है कि संयुक्त अरब अमीरात पहुंचने के बाद छह दिनों की पृथकवास अवधि को कम कर तीन दिनों का किया जाए ताकि वे टूर्नामेंट की शुरुआत से चयन के लिए उपलब्ध रहे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सीमित ओवरों की जारी मौजूदा श्रृंखला में दोनों देशों के ऐसे 21 खिलाड़ी है जो चार्टर्ड विमान से मैनचेस्टर से 17 सितंबर को यूएई पहुचेंगे। मौजूदा पृथकवास नियमों के तहत वे चयन के लिए 23 सितंबर से उपलब्ध रहेंगे जबकि टूर्नामेंट 19 सितंबर से शुरु होगा। बड़े शॉट लगाने के लिए मशहूर एक बल्लेबाज ने इन खिलाड़ियों की तरफ से बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली से अनुरोध किया है कि पृथकवास अवधि को तीन दिनों का किया जाए। टूर्नामेंट की तैयारियों की देखरेख के लिए गांगुली बोर्ड के अन्य पदाधिकारियों के साथ यूएई में है। उनसे इस मामले में प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई लेकिन बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि ऐसी मांग की गई है। सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हां, बीसीसीआई अध्यक्ष को एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। यह एक खिलाड़ी द्वारा लिखा हो सकता है, लेकिन इससे इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के सभी खिलाड़ी इत्तेफाक रखते हैं।

### साइ ने कोविड–19 एसओपी में बदलाव किया, शिविर से पहले 15 दिनों तक पृथकवास में रहने का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कोविड–19 महामारी से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में बदलाव (उन्नयन) किया है, जिसके मुताबिक राष्ट्रीय शिविर में प्रशिक्षण के लिए आने से पहले खिलाडि़यों को 15 दिनों तक खुद को पृथकवास में रहना होगा। साइ की ओर से पहले से जारी एसओपी में मंगलवार को इस निर्देश को जोड़ा गया। साइ के सचिव रोहित भारद्वाज की अध्यक्षता में छह सदर्स्यीय समिति ने मई में देश भर में खेल गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए एसओपी तैयार किया था। जिसके मुताबिक पांच महीने के बाद राष्ट्रीय शिविरों में मुक्केबाजी, एथलेटिक्स और बैडमिंटन में अभ्यास को फिर से शुरू किया गया है। नया (उन्नयन) एसओपी साइ द्वारा पहले जारी एसओपी की अगली कड़ी है। इसमें प्रशिक्षण शिविरों में शामिल होने वाले खिलाडि़यों के संबंध में प्रक्रियात्मक बदलाव किए गए हैं। इस एसओपी के नियम उन लोगों पर लागू होंगे जो अब या बाद में शिविर में शामिल होंगे।

### एसएफआईओ ने पिछले वित्त वर्ष में 361 कंपनियों के खिलाफ जांच पूरी की : सरकार

**नई दिल्ली।** गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने पिछले वित्तीय वर्ष में 361 कंपनियों से जुड़े 12 मामलों में जांच पूरी की। कंपनी कार्य मामलों के मंत्रालय द्वारा मंगलवार को राज्यसभा को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018–19 में भी जांच एजेंसी ने 12 मामलों में जांच पूरी की, लेकिन इसमें शामिल कंपनियों की संख्या सिर्फ 83 थी। कंपनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने लिखित जवाब में ए आंकड़े उपलब्ध कराए हैं। इनमें बताया गया है कि वर्ष 2019– 20 में एसएफआईओ ने 361 कंपनियों की संलिप्तता वाले 12 मामलों में जांच पूरी की है।

### वृद्धि में मदद के लिए एक लाख करोड़ रुपए मूल्य की शत्रु संपत्तियां बेचने की सलाह

**मुंबई।** सरकार को कोविड– 19 से प्रभावित आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और मौजूदा बढ़े खर्च को पूरा करने के लिए शत्रु संपत्ति को बेचने पर गौर करना चाहिए जो एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की हैं। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंश कालिक सदस्य नीलेष शाह ने सोमवार को यह सुझाव दिया। शाह ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ने 1965 की लड़ाई के बाद शत्रु संपत्ति का अधिग्रहण करने के लिए कानून बनाए।

### भारत में जून तिमाही में मकानों के दाम दो प्रतिशत घटे, मूल्य वृद्धि रैंकिंग में रहा 54वां स्थान

**नई दिल्ली।** मकानों की कीमत वृद्धि के मामले में भारत की रैंकिंग अप्रैल–जून तिमाही में 11 स्थान गिरकर 54 रह गई। इस तिमाही के दौरान भारत में मकानों के दाम पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले करीब दो प्रतिशत नीचे आ गए। इससे पहले 2020 की पहली तिमाही जनवरी–मार्च में भारत 43वें स्थान पर था। वैश्विक संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक की ग्लोबल हाउस प्राइस इंडेक्स अप्रैल–जून 2020 में 56 देशों की रैंकिंग की गई है। रपट में देश की रैंकिंग गिरने की बड़ी वजह अप्रैल–जून तिमाही में आवासों की कीमत पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 1.9 प्रतिशत गिरना बताई गई है।

### बिग बिलियन डेज से त्योहारों के दौरान 70,000 लोगों को मौसमी रोजगार मिलेगा: फ्लिपकार्ट

**नई दिल्ली।** वालमार्ट के स्वामित्व वाले फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को कहा कि त्योहारी मौसम से पहले और उसके बिग बिलियन डेज (बीबीडी) बिक्री के दौरान देश में 70,000 से अधिक लोगों को त्योहारी मौसम में प्रत्यक्ष रोजगार और लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने कहा कि फ्लिपकार्ट की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जबकि खुदरा दुकानों और बिक्री साझेदार केंद्रों में अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 288 अंक मजबूत

## ●बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयर चमके

**भाषा।** मुंबई




वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स में मंगलवार को 288 अंक की तेजी दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती उतार–चढ़ाव से बाहर निकलते हुए अंत में 287.72 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूत होकर 39,044.35 पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.75 अंक यानी 0.71 प्रतिशत बढ़कर 11,521.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 4.03 प्रतिशत की मजबूती आई। इसके अलावा भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, एचडीएफसी और कोटक बैंक में अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें टाइटन, मारुति, आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और बजाज ऑटो शामिल हैं। इनमें 1.20 प्रतिशत तक की गिरावट आई। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। मल्टी कैप म्यूचुअल फंड के लिए संपत्ति वर्गीकरण नियमों में बदलाव के कारण निवेशकों ने मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश बढ़ाया। चीन में औद्योगिक उत्पादन के बेहतर आंकड़े से वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी रही। इससे चीनी मुद्रा यूआन 16 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत मझोली कंपनियों के शेयरों में बेहर लाभ से बाजार को गति मिली। स्मॉल कैप सूचकांक में 1.5 प्रतिशत की तेजी आई जबकि सोमवार को इसमें 5 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। इससे एक साफ संदेश मिला कि निवेशकों की नजर अब बाजार में व्यापक तेजी पर है ....। खंडवार सूचकांकों में बीएसई दूरसंचार, स्वास्थ्य, बैंक, मूल धातु, वित्त, बिजली में 1.94 प्रतिशत तक की तेजी आई। वृहत आर्थिक मोर्चे पर एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2020–21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नौ प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। एडीबी का कहना है कि कोविड–19 महामारी लंबे समय तक कायम रहने या संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी से भारत का वृद्धि परिदृश्य और प्रभावित हो सकता है। बाजार बंद होने के बाद सोमवार को जारी आंकड़े के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में 6.69 प्रतिशत रही जो रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर है। इससे अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम हुई है।

**टॉप गेनर** 39,044.35 ▲287.72 — 15 सितंबर

| अंक | बीएसई सेंसेक्स | % |
|---|---|---|
| 633.50 | इंडसइंड | 4.03% |
| 485.70 | भारती एयरटेल | 2.33% |
| 449.65 | ऐक्सिस बैंक | 2.17% |
| 3514.45 | बजाज फाइनेंस | 2.15% |
| 371.45 | आईसीआईसीआई. बैंक | 2.14% |
| 506.05 | सन फार्मा | 2.07% |
| 1764.00 | एचडीएफसी | 1.54% |
| 1324.30 | कोटक महिन्द्रा | 1.49% |
| 173.60 | पावर ग्रिड कॉर्प | 1.28% |
| 1070.90 | एचडीएफसी बैंक | 1.23% |

पीटीआई ग्राफिक

### बैंकों की डॉलर लिवाली से रुपया 16 पैसे टूटकर 73.64 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** बैंकों और आयातकों की डॉलर लिवाली से मंगलवार को रुपए ने शुरुआती लाभ गंवा दिया और यह 16 पैसे के नुकसान के साथ 73.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया 73.33 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला। लेकिन बाद मे इसने शुरुआती बढ़त को गंवा दिया। एक समय यह 73.72 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि रिजर्व बैंक की ओर से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको की डॉलर लिवाली से रुपए मे गिरावट आई।

### अगस्त में 12.66 प्रतिशत घटा निर्यात, व्यापार घाटा कम होकर 6.77 अबर डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात मे लगातार छठे महीने गिरावट दर्ज की गई है। पेट्रोलियम, चमड़ा, इंजीनियरिंग सामान और रत्न एवं आभूषण के निर्यात मे कमी से देश का कुल निर्यात अगस्त महीने मे 12.66 प्रतिशत घटकर 22.7 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़े के अनुसार देश का आयात भी इस साल अगस्त महीने मे 26 प्रतिशत लुढ़क कर 29.47 अरब डॉलर का रहा। इससे व्यापार घाटा 6.77 अरब डॉलर पर आ गया जो एक साल पहले 2019 के इसी महीने मे 13.86 अरब डॉलर पर था। तेल आयात आलोच्य महीने मे 41.62 प्रतिशत घटकर 6.42 अरब डॉलर का रहा। आंकड़े के अनुसार सोने का आयात इस साल अगस्त महीने मे उछलकर 3.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो अगस्त 2019 में 1.36 अरब डॉलर रहा था।

### फेसबुक छोटी, मझोली कंपनियों को देगी 43 लाख डॉलर का अनुदान

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने मंगलवार को कहा कि वह 3,000 से अधिक छोटे कारोबारियों को 43 लाख डॉलर (32 करोड़ रुपए) का अनुदान देगी। यह अनुदान दिल्ली और मुंबई समेत पांच शहरो के छोटे एवं मझोले कारोबारियो को दिया जाएगा।

### एसबीआई कार्ड क्रेडिट स्कोर की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा देगी

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि कंपनी अपने ग्राहकों को उनके क्रेडिट स्कोर देखने की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है। ग्राहक इस सुविधा के तहत अपने क्रेडिट कार्ड खातो पर लॉग इन करके क्रेडिट स्कोर देख सकेंगे।

### ओटीटी सेवाओं को लेकर ट्राई का फैसला ग्राहकों के लिए लाभकारी : बीआईएफ

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई का ओटीटी संचार सेवाओ के नियमन नही करने का निर्णय ग्राहको के हित मे और आगे की सोच रखने वाला है। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) ने मंगलवार को इसका स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की प्रगति मे मदद करने वाला बताया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने तत्काल आधार पर व्हाट्सएप, गूगल डुओ, मैसेंजर और वाइबर जैसे ओवर द टॉप (ओटीटी) सेवाओ का नियमन करने की संभावनाओ को खारिज किया है।

### सरकार ने चर्म उद्योग के लिए विकास परिषद का गठन किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने जूता-चप्पल और चमड़ा उद्योग के लिए 25 सदर्स्यीय विकास परिषद का गठन किया है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की अधिसूचना के अनुसार परिषद का गठन दो साल के लिए किया गया है।

### कोरोना वायरस महामारी ने 3.7 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी में धकेला: गेट्स फाउंडेशन

**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने पिछले कई दशको के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र मे हुई प्रगति को पटलते हुए लगभग 3.7 करोड़ लोगो को अत्यधिक गरीबी मे धकेल दिया है। फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस महामारी का वास्तविक प्रसार चाहे जितना रहा हो, लेकिन इसने आर्थिक रूप से प्रत्एक देश मे व्यापक रूप से तबाही मचाई है। रिपोर्ट मे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक अनुमान का हवाला देते हुए कहा गया है कि दुनिया भर मे विकास को बढ़ावा देने के लिए 18,000 अरब अमरीकी डालर खर्च करने के बावजूद 2021 के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था मे 12,000 अरब डॉलर या इससे अधिक कमी होगी।

# चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में आएगी नौ प्रतिशत की गिरावट : एडीबी

**भाषा।** नई दिल्ली

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2020–21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में नौ प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है। एडीबी का कहना है कि कोविड–19 महामारी लंबे तक कायम रहने या संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी से भारत का वृद्धि परिदृश्य और प्रभावित हो सकता है। चार दशकों में यह पहला मौका होगा जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था में संकुचन आएगा। एडीबी की ओर से मंगलवार को जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ)–2020 अपडेट में कहा गया है कि भारत में कोरोना वायरस की वजह से आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इसका असर उपभोक्ता धारणा पर भी पड़ा है, जिससे चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में नौ प्रतिशत की गिरावट आएगी। हालांकि, एडीबी का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष 2021–22 में भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल आएगा। कि आवाजाही तथा कारोबारी गतिविधियां खुलने से अगले वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहेगी। एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री यासुयुकी सवादा ने कहा, भारत ने महामारी के प्रसार को रोकने के लिए सख्त लॉकडाउन लगाया। इससे आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। अगले वित्त वर्ष और उससे आगे अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए महामारी पर अंकुश के उपाय, जांच, निगरानी और इलाज की क्षमता का विस्तार महत्वपूर्ण है।



मैक्कलेन एअरपोर्ट पर एक समारोह में शिरकत करने के दौरान कैलीफोर्निया नेशनल गार्ड प्रतिभागियों के साथ फोटो खिंचवाते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# हैरिस, क्लिंटन ने जुटाए 60 लाख डॉलर, ट्रंप का मजाक उड़ाया

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** की सीनेटर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और 2016 में राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी रही हिलेरी क्लिंटन ने एक कार्यक्रम में 60 लाख डॉलर जुटाए। इस कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मजाक उड़ाया।

चंदा जुटाने के लिए हुए इस डिजिटल कार्यक्रम में क्लिंटन ने कहा,ै मैंने उन्हें (ट्रंप को) कभी हंसते हुए नहीं देखा। कभी भी उन्हें अपना मजाक बनाते नहीं देखा। निश्चित तौर पर उनके बाल बनाने के तरीके पर नहीं-- आप को मालूम है कि इसमें मुझे काफी अनुभव है। उनमें हास्य बोध नहीं है। आप जानते हैं कि वह लोगों को गिराना पसंद करते हैं न कि उठाना। हैरिस ने ट्रंप के व्यक्तित्व पर कहा, मैं आप से पूरी तरह से सहमत हूं, हिलेरी। हैरिस ने कहा, उनके बारे में कुछ भी आनंददायक नहीं है। उनके बारे में ऐसा कुछ नहीं है जो आनंद देता हो ।उन्होंने कहा कि यह वास्तव में शर्म की बात है। सब लोगों की जिंदगियों में ऐसा कुछ होता है जो उन्हें वास्तविक तौर पर मुस्कुराने की ताकत देता है ।क्लिंटन ने कहा कि इस कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोगों से 60 लाख डॉलर से अधिक राशि जुटाई गई है ।चंदा जुटाने वाले इस कार्यक्रम की मेजबानी अमेरिकी अभिनेत्री, गायिका, कॉमेडियन माया खबीरा रूडोल्फ़ और एमी पोहलर ने की। अपनी टिप्पणी में क्लिंटन ने कैलिफोर्निया, ओरेगन और वाशिंगटन में वनाग्नि का मुद्दा उठाया। साथ में वायु गुणवत्ता का भी मुद्दा उठाया। हैरिस ने पूर्व विदेश मंत्री क्लिंटन को महिलाओं के लिए आदर्श बताया।

## ट्रंप और बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अलग-अलग विचार रखे

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन ने कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग के बीच जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अलग-अलग तरीके बताए ।ट्रंप ने राज्य के गवर्नर गेविन न्यूसम के साथ ब्रीफिंग के दौरान कैलिफोर्निया प्राकृतिक संसाधन एजेंसी के सचिव वेड क्रोफूट से कहा,ै मुझे नहीं लगता कि विज्ञान वास्तव में जानता है ।वहीं बाइडन ने जलवायु परिवर्तन पर ट्रंप की नीति की आलोचना करते हुए कहा, अगर आप जलवायु फूंकने वाले को चार और साल व्हाइट हाउस में रखेंगे तो अमेरिका के और भागों में भी आग लगने से किसी को हैरत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप ऐसा राष्ट्रपति चुनेंगे जो जलवायु परिवर्तन का तथ्य नकारता हो तो अमेरिका के अधिक हिस्सों के जलमग्न हो जाने पर किसी को भी हैरत नहीं होनी चाहिए। बाइडेन ने कहा, हमें ऐसा राष्ट्रपति चाहिए जो विज्ञान का सम्मान करता हो, जो समझता हो कि जलवायु परिवर्तन से पहले ही नुकसान हो चुका है। अगर तत्काल कार्वाई नहीं की गई तो यह और विनाशकारी होगा ।उन्होंने यह भी कहा कि नवंबर में होने वाले चुनाव में वह अगर निर्वाचित होते हैं तो जलवायु परिवर्तन पर पेरिस में हुए ऐतिहासिक समझौते में अमेरिका को फिर से शामिल करेंगे और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए नए मानक तैयार करेंगे। दूसरी ओर ट्रंप ने आग के लिए खराब वन प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जब पेड़ों को कम अवधि के अंतराल पर काटा जाता है तो वे शुष्क हो जाते हैं।



## उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुने जाने पर हैरिस को मां की याद आई

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस ने कहा कि जब पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की पेशकश की तो उन्हें तत्काल अपनी मां की याद आई। कैलिफोर्निया से सीनेटर 55 वर्षीय हैरिस पहली अश्वेत महिला हैं जिन्हें अमेरिका की किसी महत्वपूर्ण पार्टी द्वारा उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। उनकी मां श्यामला गोपालन 1957 में स्नातक पूरा करने के बाद उच्च अध्ययन के लिए भारत से अमेरिका आई थीं। कई साक्षात्कारों में, हैरिस ने बताया है कि वह अपनी मां से बहुत प्रभावित हैं। उनकी मां एक प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ थीं ।हैरिस ने एक आयोजन में एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे तत्काल मां की आद आई कि वह मुझे देख रही हैं और वह क्या सोच रही होंगी।

# ट्रंप की मौजूदगी में इजराइल, यूएई व बहरीन ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** पश्चिम एशिया के दो अहम मुस्लिम देशों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं बहरीन के साथ इजराइल के राजनयिक संबंधों को स्थापित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर के कार्यक्रम की मेजबानी मंगलवार को करेगा।

यह चुनावी साल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक उल्लेखनीय कूटनीतिक उपलब्धि है। यूएई और बहरीन के प्रतिनिधि व्हाइट में ट्रंप की मौजूदगी में इजराइल के साथ ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। ट्रंप ने रिश्तों को सामान्य करने के लिए अगस्त में यूएई तथा इजराइल के बीच ऐतिहासिक समझौता कराने के लिए बातचीत कराई थी। पिछले हफ्ते ट्रंप ने एलान किया था कि बहरीन भी रिश्तों को सामान्य करने के लिए इजराइल के साथ एक समझौते तक पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह समारोह क्षेत्र में शांति की दिशा में एक नए युग की शुरुआत करेगा।



ऐतिहासिक समझौते की पूर्वसंध्या पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों से कहा कि यूएई और इजराइल के नुमांइदे तथा बहरीन एवं इजराइल के प्रतिनिधि अपने-अपने दस्तावेजों पर दस्तख्त करेंगे। यह ऐतिहासिक समझौता कराने में राष्ट्रपति के सलाहकार एवं दामाद जारेड कुशनर ने अहम भूमिका निभाई है। यूएई और बहरीन के नेताओं से फोन पर बात करने के बाद ट्रंप ने खुद दोनों समझौतों की घोषणा की है। 13 अगस्त को इजराइल- यूएई समझौते की घोषणा की गई थी जबकि इजराइल बहरीन समझौते का ऐलान पिछले हफ्ते किया गया है। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यूएई के वली अहद (उत्तराधिकारी) के भाई एवं देश के विदेश मंत्री कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं बहरीन का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री करेंगे ।समझौते को अब्राहम (या इब्राहीम) संधि का नाम दिया गया है ।समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले समारोह में कुछ सौ लोग हिस्सा ले सकते हैं। फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने पश्चिम एशिया में शांति के लिए हालात तय किए हैं। यह असल प्रगति है। कल इजराइल, बहरीन और यूएई के प्रतिनिधि वाशिंगटन में होंगे और रिश्तों को सामान्य करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

पोम्पिओ ने कहा, उन्होंने हाथ मिलाया और अब उनके क्षेत्र में कई और साझेदार हैं। वे सभी देश, सभी खाड़ी देश इस्लामी गणराज्य ईरान के खतरे को वास्तविक मान रहे हैं और वे अब साथ काम कर रहे हैं, सुरक्षा तथा आर्थिक संबंधों को बना रहे हैं।

# अमेरिका ने चीन और हांगकांग की यात्रा को लेकर नई चेतावनी जारी की

**बीजिंग।** अमेरिका ने चीन और हांगकांग की यात्रा पर जाने के खिलाफ मंगलवार को नई चेतावनी जारी की और कहा कि वहां पर मनमाने तरीके से हिरासत में लिए जाने और मनमाने तरीके से स्थानीय कानून थोपे जाने का खतरा है। यह परामर्श अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ा सकता है जो हांगकांग में जून में सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किए जाने को लेकर पहले से ही अधिक है। इसे लेकर अमेरिका कई दंडात्मक कार्वाई कर चुका है। नए परामर्श में अमेरिकी नागरिकों को चेतावनी दी गई है कि चीन जांचकर्ताओं से सहयोग करने को मजबूर करने के लिए मनमाने तरीके से हिरासत में ले सकता और बाहर जाने पर प्रतिबंधित लगा सकता है। इसके अलावा विदेश से परिवार के सदस्यों को चीन लौटने के लिए दबाव डाल सकता है, दीवानी विवादों को प्रभावित कर सकता है ।परामर्श में कहा गया है कि चीन या हांगकांग में रहने वाले या वहां की यात्रा पर जाने वाले अमेरिकी नागरिकों को वह हिरासत में ले सकता है और ना उन्हें राजनयिक पहुंच देगा और न ही उनके कथित अपराध के बारे में कोई सूचना देगा। अमेरिकी नागरिकों से लंबे समय तक पूछताछ की जा सकती है और बिना कानूनी प्रक्रिया के उनकी हिरासत को बढाया जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि हांगकांग में चीन एकतरफा और मनमाने ढंग से पुलिस और सुरक्षा शक्तियों का प्रयोग कर सकता है।

## क्विक न्यूज

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र कमीशन ऑन स्टेटस फॉर वुमेन के महत्वपूर्ण चुनाव में चीन को हराया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन द स्टेटस ऑफ वुमेन (सीएसडब्ल्यू) के एक महत्वपूर्ण चुनाव में भारत ने चीन को हराकर आयोग की सदस्यता हासिल की है। यह वैश्विक निकाय लिंग समानता और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करता है।सीएसडब्ल्यू संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) का एक कार्यात्मक आयोग है।54 सदस्ईय ईसीओएसओसी ने सोमवार को जनरल असेंबली हॉल में अपने 2021 सत्र की पहली बैठक आयोजित की, जिसमें एशियाई देशों की दो सीटों के लिए अफगानिस्तान, भारत और चीन एक साथ चुनाव मैदान में थे। संयुक्त राष्ट्र में राजदूत अडेला राज के नेतृत्व में अफगानिस्तान को 39 मत मिले और भारत को 54 मतपत्रों में से 38 मत मिले। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य, चीन को केवल 27 मत मिले और 28 वोटों के लिए आवश्यक बहुमत पाने में असफल रहा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया, भारत ने प्रतिष्ठित ईसीओएसओसी निकाय में सीट जीतीउ भारत को महिला कमीशन ऑन स्टेटस फॉर वुमेन का सदस्य चुना गया। यह लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। हम सदस्य देशों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।

### इंडोनेशियाई गश्ती जहाज ने आर्थिक क्षेत्र में चीन के जहाज का विरोध किया


**जकार्ता।** इंडोनेशिया के एक गश्ती जहाज ने उस चीनी तटरक्षक जहाज का विरोध किया जो लगभग तीन दिन से उस जलक्षेत्र में था जहां इंडोनेशिया आर्थिक अधिकारों का दावा करता है। यह क्षेत्र विवादित दक्षिण चीन सागर के चीन के दावों वाले क्षेत्र से दक्षिणी हिस्से के पास स्थित है। इंडोनेशियाई समुद्री सुरक्षा एजेंसी को चीन के जहाज 5204 के इंडोनेशियाई विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में प्रवेश करने के बारे मे पता शुक्रवार रात मे चला था जिसे इंडोनेशिया उत्तर नातुना जल क्षेत्र कहता है। इंडोनेशियाई समुद्री सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख आन कुर्निया ने बताया कि एजेंसी ने एक गश्ती जहाज को चीनी तट रक्षक जहाज से एक किलोमीटर के दायरे में भेजा और दोनों पक्षों के बीच क्षेत्र मे अपने-अपने देशों के दावो के बारे मे संवाद किया गया। उन्होंने कहा, हमने उन्हे क्षेत्र से हटने के लिए कहा क्योंकि वह इंडोनेशिया का विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र है। लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह चीन का नाइन-डैश लाइन क्षेत्र है। जहाज पर तैनात हमारे अधिकारियो ने उनसे तब तक बहस की जब तक वे वहां से निकले नही। कुर्निया ने इस घटना की जानकारी इंडोनेशियाई मंत्रियों को दी।

### रूस के विपक्षी नेता नेवलनी ने इंस्टाग्राम पर अपना फोटो डाला, कहा: सांस ले सकता हूं

**बर्लिन।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नेवलनी ने मंगलवार को जर्मनी के एक अस्पताल से एक तस्वीर पोस्ट की और कहा कि वह अब खुद से सांस ले रहे है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, अभिवादन, मै नेवलनी हूं। मुझे आप (सभी) की बहुत याद आ रही है। अब भी मै काफी कुछ तो नही कर सकता लेकिन कल मै पूरे दिन खुद से सांस ले पाया। उन्होंने लिखा, बिल्कुल अपने आप, बिना किसी बाहरी मदद के, गले मे कोई रूकावट भी नही है। नेवलनी (44) को रूस मे एक घरेलू विमान मे बीमार पड़ने के दो दिन बाद चैरिटी अस्पताल मे इलाज के लिए 20 अगस्त को बर्लिन ले जाया गया था। जर्मनी की एक सैन्य प्रयोगशाला ने निष्कर्ष निकाला कि नेवलनी को नोवचोक नामक जहर दिया गया है। यह सोवियत कालीन जहर है जिसका इस्तेमाल पूर्व रूसी जासूस सर्गेई स्क्रीपल और उनकी बेटी पर 2018 मे इंगलैड के सेलिसबरी मे किया गया था। सोमवार को जर्मन प्रयोगशाला ने कहा था कि उसके निष्कर्ष पर फ्रांस और स्वीडन की प्रयोगशालाओ ने भी मुहर लगाई है क्रेमलिन जहरखुरानी के संबंध मे जर्मन चांसलर एजेंला मर्केल और अन्य नेताओ द्वारा पूछे गए सवाल पर भड़क गया और उसने किसी संलिप्तता से इनकार किया। रूसी विदेश मंत्री सरजेई लावरोव ने पश्चिमी देशो पर इस घटना को रूस पर नई पाबंदिया लगाने के बहाने के रूप मे इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

### आतंकी वित्तपोषण के खिलाफ सहकारी समितियों के नियमन के लिए पाक संसद में विधेयक पारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने आतंकवाद के वित्त पोषण को रोकने के लिए सहकारी समितियों के पंजीकरण और नियमन में ज्यादा नियंत्रण व पारदर्शिता लाने के लिए एक विधेयक पारित किया है। माना जा रहा है कि यह वैश्विक धनशोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानीकर्ता द्वारा कालीसूची मे डाले जाने से बचने के लिए पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ही हिस्सा है। पेरिस स्थित वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने जून 2018 मे पाकिस्तान को काली सूची मे डाला था और कहा था कि काली सूची में डाले जाने से बचने के लिए इस्लामाबाद आतंकी वित्तपोषण रोकने की दिशा मे काम करे। संसदीय मामलो पर प्रधानमंत्री इमरान खान के सलाहकार बाबर अवान द्वारा सोमवार को नेशनल असेंबली में सहकारी समितियां (संशोधन) विधेयक, 2020 पेश किया गया।



जापान के योशिहिदे सुगा को सत्तारूढ़ पार्टी का नया नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने उन्हें बधाई दी। सुगा (दाएं) जापान के नए प्रधानमंत्री होंगे

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने मृत सिख पुलिस कर्मी को सम्मान देने के लिए विधेयक पारित किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा ने ह्यूस्टन में एक डाक घर का नाम भारतीय मूल के अमेरिकी पुलिस अधिकारी संदीप सिंह धालीवाल के नाम पर रखने वाले एक विधेयक को पारित कर दिया है।

एक साल पहले ड्यूटी के दौरान धालीवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विधेयक डिप्टी संदीप सिंह धालीवाल पोस्ट ऑफिस अधिनियम को टेक्सास के पूरे प्रतिनिधिमंडल ने सह प्रायोजित किया है। कांग्रेस की सदस्य लिजी फ्लेचर ने कहा कि उप शैरिफ धालीवाल ने बेहतरीन तरीके से हमारे समुदाय का प्रतिनिधत्व किया है। उन्होंने अपनी सेवा के दौरान समरनता के लिए काम किया। धालीवाल (42) टेक्सास पुलिस में सिख धर्म का अनुसरण करने वाले पहले शख्स थे। ड्यूटी के दौरान 27 सितंबर 2019 को उनकी हत्या कर दी गई थी। अगर यह विधेयक कानून बनता है तो भारतीय अमेरिकी के नाम पर यह दूसरा डाक घर होगा। कांग्रेस के सदस्य दलीप सिंह सौंद पहले भारतीय अमेरिकी शख्स थे जिनके नाम पर दक्षिणी कैलिफोर्निया में 2006 में डाक घर का नाम रखा गया था।

इस विधेयक को सीनेट को पारित करना है, जिसके बाद यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए जाएगा।

धालीवाल की पत्नी हरविंदर कौर ने कदम का स्वागत करते हुए कहा कि डाक घर का नाम उनके नाम पर रखना उनके काम और समर्पण को सम्मान दोना होगा। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि यह विधेयक आज सदन ने पारित कर दिया।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के विवादित ब्रेक्जिट विधेयक ने संसद मे पहली बाधा पार की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के विवादित आंतरिक बाजार विधेयक ने संसद में पहली बाधा पार कर ली है। इस विधेयक के जरिए ब्रेक्जिट को लेकर ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन के बीच हुए समझौते की कुछ शर्तों में बदलाव किया गया है। हाउस ऑफ कॉमन्स में हुए मतदान के दौरान विधेयक के पक्ष में 340 जबकि विरोध में 263 वोट पड़े ।विपक्षी दलों और जॉनसन की कन्जरवेटिव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कड़ी आचोलना का सामना करने वाला यह विधेयक जैसे-जैसे संसदीय प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ेगा, इसका विरोध तेज होने की भी प्रबल संभावना है ।सरकार का कहना है कि अगर यूपोपीय संघ के साथ भविष्य के व्यापार सौदों को लेकर चल रही वार्ता विफल हो जाती है तो यह विधेयक उत्तरी आयरलैंड और शेष ब्रिटेन के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण साबित होगा ।हालांकि आलोचकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन होने से इससे ब्रिटेन का नुकसान होने की संभावना है। सत्तारूढ़ टोरी पार्टी के दो सांसदों सर रोजर गेल और एंड्रयू पर्सी ने सोमवार रात हुए मतदान में विधेयक के खिलाफ वोट दिया जबकि 30 सदस्य अनुपस्थित रहे।

# पाक की संसद ने जाधव संबंधी विधेयक की अवधि चार महीने बढ़ाई

**गत 16 जुलाई को, पाकिस्तान ने जाधव को राजनयिक पहुंच प्रदान की थी लेकिन भारत सरकार ने कहा कि उक्त पहुंच न तो सार्थक है और न ही विश्वसनीय और वह (जाधव) तनाव में दिखाई दिए**

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** संसद ने उस अध्यादेश की अवधि चार महीने बढ़ा दी है जो भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव को अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ किसी उच्च न्यायालय में एक अपील दायर करने की इजाजत देती है।

डॉन न्यूज की खबर के अनुसार गत मई में जारी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (समीक्षा एवं पुनर्विचार) अध्यादेश की अवधि 17 सितम्बर को समाप्त होने वाली थी लेकिन कौमी असेंबली ने सोमवार को ध्वनिमत से इसकी अवधि चार महीने बढ़ा दी।

यह अध्यादेश अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के उस फैसले को लागू करने के लिए जारी किया गया था जिसमें पाकिस्तान से कहा गया था कि वह जाधव को एक सैन्य अदालत द्वारा सुनाई गई सजा की एक प्रभावी समीक्षा मुहैया कराए ।भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को एक पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने जासूसी और आतंकवाद के आरोपों में अप्रैल 2017 में मौत की सजा सुनाई थी। पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से अदालत में जाधव का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वकील नियुक्त करने का अनुरोध किया है। अदालत ने गत तीन सितम्बर को मामले की सुनवाई दूसरी बार की और संघीय सरकार को निर्देश दिया कि वह भारत को जाधव का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वकील नियुक्त करने का एक और मौका दे।

पाकिस्तान ने गत सप्ताह कहा था कि उसने अदालत में जाधव का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकील नियुक्त करने को लेकर न्यायिक आदेशों से भारत को अवगत करा दिया है लेकिन नई दिल्ली ने कोई जवाब नहीं दिया है ।गत 16 जुलाई को, पाकिस्तान ने जाधव को राजनयिक पहुंच प्रदान की थी लेकिन भारत सरकार ने कहा कि उक्त पहुंच न तो सार्थक है और न ही विश्वसनीय और वह (जाधव) तनाव में दिखाई दिए ।भारत ने कहा कि पाकिस्तान न केवल आईसीजे के फैसले का उल्लंघन कर रहा है, बल्कि अपने अध्यादेश का भी ।भारत ने जाधव को राजनयिक पहुंच से इनकार करने और मौत की सजा को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ आईसीजे से संपर्क किया था ।हेग स्थित आईसीजे ने पिछले साल जुलाई में फैसला सुनाया था कि पाकिस्तान को जाधव की दोषसिद्धि और सजा की प्रभावी समीक्षा और पुनर्विचार करना चाहिए और साथ ही बिना किसी और देरी के भारत को राजनयिक पहुंच प्रदान करनी चाहिए ।पाकिस्तान का दावा है कि उसके सुरक्षा बलों ने जाधव को तीन मार्च, 2016 को ईरान से कथित तौर पर घुसने के बाद बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। भारत का कहना है कि जाधव को ईरान से अगवा किया गया था जहां नौसेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उनके व्यापारिक हित थे।

## पाकिस्तान में पांच महीनों बाद स्कूल-कॉलेज फिर से खोले गए

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** संक्रमण के मामलों में गिरावट को देखते हुए लगभग पांच महीनों के अंतराल के बाद मंगलवार को चरणबद्ध तरीके से स्कूल-कॉलेज फिर से खुलने शुरू हो गए। अधिकारियों ने कहा कि हाई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय 15 सितंबर को फिर से खुल गए, जबकि कक्षा छह से आठवीं तक की कक्षाएं 23 सितंबर से शुरू होगी और प्राथमिक विद्यालय 30 सितंबर से शुरू होंगे ।स्वास्थ्य संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, एक कक्षा में 20 या उससे कम छात्रों को बैठाया जा सकता है। छात्रों को समूहों में विभाजित किया गया है और वे एक दिन छोड़कर स्कूल आएंगे ।शिक्षकों और छात्रों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य है। संस्थान प्रवेश द्वारों पर हाथ धोने की सुविधा और सेनेटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। कोरोना वायरस महामारी के बाद 16 मार्च को पाकिस्तान में सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया गया था। इसके अलावा सभी वार्षिक परीक्षाओं को भी रद्द कर दिया गया था ।राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार पाकिस्तान में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 404 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़ कर सोमवार को 3,02,424 हो गई है। देश में छह लोगों की संक्रमण से मौत हो गई है जिससे मृतक संख्या 6,389 हो गई। वहीं 563 मरीजों की हालत गंभीर हैं। आंकडों के अनुसार 2,90,261 लोग पूरी तरह से ठीक हो गए हैं।

# 'आज मैं जैसी भी अभिनेत्री हूं 'बालिका वधू' शो के कारण हूं'





**कलर्स** चैनल की पहचान बन चुका शो 'बालिका वधू' अभिनेत्री अविका गॉर का पदार्पण शो था। इस सीरीज़ ने भारतीय टेलीविज़न के इतिहास के कई मिथक ध्वस्त किये थे। शो की कहानी का विषय गंभीर था लेकिन इसे अत्यधिक संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत किया गया था। कलर्स पर एक बार पुन: इस शो को चलाया जा रहा है तो ऐसे में इसके बारे में कई बातें हमसे साझा कीं। इस हिट शो में आनंदी का चरित्र निभाने वाली अविका का कहना है इस शो से उनका पूरा जीवन ही बदल गया। उन्होंने कहा, 'इस शो ने मेरे जीवन को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया और साथ ही इस शो से मुझे कई महत्वपूर्ण बातें सीखने को भी मिलीं। इस शो से ही मैंने अभिनय की दुनिया में प्रवेश किया था और उस समय मेरी आयु केवल 9 वर्ष थी। मैं उस समय काम करने आदि के बारे नहीं सोचती थी। मेरे लिए बालिका वधू में अभिनय करना केवल एक शौक था और मेरी लगन भी। सौभाग्य से मुझे ये बातें एक बड़े स्केल पर करने को मिल गई थीं। मुझे हर दिन तैयार होना अच्छा लगता था। लोगों से खूब स्नेह मिलता था और टीवी पर स्वयं को देखने को भी मिलता था। इसके अलावा इस शो में मंझे हुए अभिनेताओं की एक पूरी टीम काम कर रही थी जिनमें थियेटर की दुनिया के कुछ प्रमुख नाम थे। मेरे लिए तो, मैं आज सोचती हूं, ये शो एक फिल्म स्कूल जैसा था जहां मैं अभिनय की दुनिया की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर रही थी। मैं उस समय शो में सबसे प्रसन्न व्यक्ति हुआ करती थी और मुझे अपने के हर क्षण से पूरा आनंद मिलता था। आज मैं जैसी भी अभिनेत्री हूं उस शो के कारण ही हूं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि शो का कलर्स चैनल पर पुन:प्रसारण हो रहा है और दर्शक अपनी आनंदी, जग्या तथा अन्य प्रिय कलाकारों के साथ एक बार पुन: पुरानी स्मृतियों की दुनिया में खो जाएंगे।

# अमोल पालेकर की अतीत की स्मृतियां



**ज़ीटीवी** के लोकप्रिय गायन शो 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' शो सभी को अत्यंत प्रिय है क्योंकि इसमें सभी प्रतिभागियों ने अद्भुत परफॉर्मेंस दी है। टीचर्स डे के साप्ताहिक समारोह के बाद इस सप्ताह ये शो अभिनय की दुनिया के एक प्रमुख नाम अमोल पालेकर के जीवन आधारित होगा। अमोल ने अपनी पुरानी यादों से दर्शकों को सराबोर किया तो ये एपिसोड ही एक स्मृतिका बन गया।

लिटिल चैंप्स रनिता बनर्जी और आर्यनंद बाबू ने 'जाने मन जाने मन तेरे दो नयन' गाने पर अद्भुत प्रस्तुति दी। ये गाना अमोल की एक लोकप्रिय फिल्म 'छोटी सी बात' का था जिसमें उन्होंने विद्या सिन्हां, धमेन्द्र तथा हेमामालिनी के साथ काम किया था। युवा गायकों ने अपनी प्रस्तुति से इतना प्रभावित किया कि अमोल उनकी प्रशंसा किये बिना न रह सके।

**लिटिल चैंप्स रनिता बनर्जी और आर्यनंद बाबू ने 'जाने मन जाने मन तेरे दो नयन' गाने पर अद्भुत प्रस्तुति दी। ये गाना अमोल की एक लोकप्रिय फिल्म 'छोटी सी बात' का था जिसमें उन्होंने विद्या सिन्हा, धमेन्द्र तथा हेमामालिनी के साथ काम किया था। युवा गायकों ने अपनी प्रस्तुति से इतना प्रभावित किया कि अमोल उनकी प्रशंसा किये बिना न रह सके।**

अपनी पहली बॉलिवुड फिल्म के बारे में एक चकित कर देने वाले तथ्य से दर्शकों को परिचित कराते हुए अमोल ने कहा, 'ये गाना धर्मेंद्र और हेमा मालिनी जी की स्टार जोड़ी से प्रारंभ होता है और इसे मैं और विद्या दरअसल फिल्म में देख रहे होते हैं तथा मैं अपनी कल्पना में धमेन्द्र तथा विद्या को हेमा समझकर इसे गा रहा होता हूं। हम इसे एक सामान्य व्यक्ति के अनुभवों के अनुसार शूट करना चाहते थे जिसमें हम लाइन में प्रतीक्षा करने तथा ऑफिस जाने के लिए लिट लेने जैसी बातें दिखाना चाहते थे। उस समय एक्सप्रेस टॉवर का निर्माण प्रारंभ ही हुआ था और हमनें इसकी लॉबी और लिट में इसे फिल्माया था। आपको विश्वास नहीं होगा कि मैं बैंक में काम करता था और इस फिल्म की शूटिंग के लिए मैंने कार्यालय से अवकाश लिया था। यही कारण है कि मेरे सहयोगी तथा मित्र फाउंटेन एरिया के सभी लोग मेरे चिरपरिचित चेहरे हुआ करते थे। उन्हें ये सीन बहुत अच्छा लग रहा था क्योंकि वे मुझे जानते थे कि ये लड़का तो हमारे साथ काम करता है और आज फिल्म में शूटिंग कर रहा है। मुझे भी ये अनुभव बहुत भा रहा था कि ये सपनों की दुनिया वाला सिनेमा है और मैं भी उसका हिस्सा बन गया हूं। लेकिन उसमें भी मुझे सामान्य रूप से काम करते दिखाया गया है। इसका निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था।

उन्होंने आगे बताया, 'मुझे याद है कि छोटी सी बात मेरे लिए ही पहली हिंदी फिल्म नहीं थी बल्कि फिल्म का ये गाना 'जाने मन जाने मन...' गायक यशुदास के लिए उनका पहला हिंदी गाना भी था। ये हमारा पहला प्रयास था और गाना हिट हो गया और इसके बाद तो मेरा चेहरा और उनकी आवाज़ एक ऐसा संयोजन बन गया कि आने वाली कई फिल्मों में उन्होंने ही मुझपर फिल्माए गए गानों को स्वर दिये। इसके बाद आने वाली फिल्म चितचोर के गाने भी उतने ही सुरीले और लोकप्रिय रहे।'

बॉलिवुड के युगप्रवर्तक अभिनेता अमोल पालेकर के शो में आने से दर्शकों को भी आनंद आने वाला है क्योंकि नन्हें प्रतिभागी भी शो में उनकी ही फिल्मों के लोकप्रिय गाने गाएंगे। एक ओर साई और तनिष्का गाने 'न बोले तुम न मैंने कुछ कहा, पर परफॉर्म करेंगे तो दूसरी ओर सक्षम और अनन्या को गोलमाल है भई सब गोलमाल है, पर परफॉर्म करने को मिलेगा और आशा है कि उनकी परफॉर्मेंस सभी को अच्छी लगने वाली है।

कुल मिलाकर सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स, का आने वाला एपिसोड कई सुरीले गानों और अमोल जी की स्मृतियों को लेकर दर्शकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय होने वाला है।

**तुर्कीस्तान से निकाले जाने के बाद अलादीन और यास्मीन रास्ते में एक पीर बाबा से मिलते हैं। अंगूठी की जिनी बाबा का रूप बदल कर बैठी थी और वो दोनों को बगदाद की ओर रवाना कर देती है ताकि दो पुराने मित्र अलादीन और जिनू का मिलन हो सके।**



# अलादीन का अपनी अम्मी से मिलन

**अलादीन** बने कलाकार सिद्धार्थ निगम और यास्मीन बनी अभिनेत्री अशि सिंह अपनी जड़ों की ओर लौटते हैं जो उनकी राजधानी बगदाद में है। सोनी सब का एक कल्पना आधारित शो अलादीन: नाम तो सुना होगा, इस बार दर्शकों को चकित कर देने वाला है। इसकी कहानी में एलसमाइन का पुनर्जन्म होता है। अलादीन का भी शहजादा अलादीन के रूप में पुनर्जन्म होता है और यास्मीन भी रक्षक काली चोरनी के रूप में जन्म लेती है। इस प्रकार ये शो इन दो प्यारे लोगों की कहानी को आगे बढ़ाता है। दर्शकों को भी ये शो रास आ रहा है। तुर्कीस्तान से निकाले जाने के बाद अलादीन और यास्मीन रास्ते में एक पीर बाबा से मिलते हैं। अंगूठी की जिनी बाबा का रूप बदल कर बैठी थी और वो दोनों को बगदाद की ओर रवाना कर देती है ताकि दो पुराने मित्र अलादीन और जिनू का मिलन हो सके। अलादीन और यास्मीन रास्ते की बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ते जा रहे हैं वे एक गुफा के रास्ते से आगे बढ़ते हैं और वे एक जादुई चिराग से मिल जाते हैं। अलादीन जैसे ही उस चिराग को रगड़ता है जिनू उनके सामने प्रकट हो जाता है।

इस बार दर्शकों को पूरी तरह से नया रूप लिये जिन देखने को मिलेगा। उसका अंदाज़ भी नया है। और अब अलादीन और जिनू की दोस्ती परवान चढ़ने वाली है। जिनू अपनी जादुई चटाई पर अलादीन और यास्मीन को बगदाद ले जाता है। जैसे ही वे बगदाद पहुंचते हैं वे एक महिला को देखते रह जाते हैं जो उनकी अम्मी जैसी दिखती है। लेकिन वो महिला कोई और निकलती है। यास्मीन के पास लौटते ही अलादीन अम्मी से टकरा जाता है और वे पहली बार एक दूसरे मिल जाते हैं।

**अलादीन और अम्मी के बीच की पहली मुलाकात में क्या होगा ?**


सिद्धार्थ निगम इसमें शहजादा अलादीन बने हैं उन्होंने बताया, 'अलादीन और यास्मीन की यात्रा अभी प्रारंभ हुई है वे अपनी नियति से अनजान हैं लेकिन वही उन्हें उनके उद्देश्य की ओर लेकर जा रही है। आने वाली घटनाएं ही उन्हें अर्थात अलादीन और यास्मीन को बगदाद की ओर ले जाएंगी। इसी दौरान उनके पुराने मित्र चिराग के जिन जिनू से भी उनका मिलन होगा। जिनू और अलादीन के बीच की पुरानी समझ दर्शकों का बहुत मनोरंजन करने वाली है। अलादीन अम्मी से भी मिलेगा और दर्शकों के लिए उनका मिलना भी रोचक होने वाला है। अत: आप सभी देखते रहिये हमारा शो 'अलादीन: नाम तो सुना होगा।'

# ग्रीनलैंड के बर्फ के पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटा

**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड में स्थित बर्फ के पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा उत्तरी-पूर्वी आर्कटिक में टूट गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन का साक्ष्य है। नेशनल जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ डेनमार्क एंड ग्रीनलैंड ने सोमवार को बताया कि हिमनद का जो हिस्सा टूटा है वह 110 वर्ग किलोमीटर बड़ा है। यह एक बड़े पहाड़ से टूटा है जो करीब 80 किलोमीटर लंबा और 20 किलोमीटर चौड़ा है। हिमनद उत्तरी-पूर्वी ग्रीनलैंड आइस स्ट्रीम के अंत में है, जहां से वह जमीन से समुद्र में प्रवेश करेगा।

जीईयूएस नामक सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी ग्रीनलैंड में स्थित आर्कटिक के सबसे बड़े बर्फ के पहाड़ के पिघलने की वार्षिक दर पर ऑप्टिकल सेटेलाइट इमेजरी (उपग्रह से ली जाने वाली तस्वीरें) की मदद से नजर रखी जाता है। 1999 से अभी तक इस पहाड़ से 160 वर्ग किलोमीटर का हिमनद टूट चुका है जो न्यूयॉर्क में मैनहाटन के क्षेत्रफल से दोगुना है। जीईयूएस के प्रोफेसर जेसन बॉक्स का कहना है कि आर्कटिक के सबसे बड़े बर्फ के पहाड़ के यूं लगातार पिघलने से हम सभी को चिंतित होना चाहिए।

# एलेक्सा पर शीघ्र सुनाई दे सकती है अमिताभ बच्चन की आवाज



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अमेजन के साथ उसके एलेक्सा उपकरण के लिए आवाज देने का करार किया है। एलेक्सा, अमेजन की आर्टिफिशियल प्रौद्योगिकी आधारित मौखिक आदेश लेकर काम करने वाली सेवा है। अमेजन ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा है कि कंपनी और बच्चन ने अनोखा सेलिब्रिटी वॉयस अनुभव प्रदान करने के लिए साझेदारी की है। कंपनी ने कहा, भारत में लोग एलेक्सा पर अमिताभ बच्चन की आवाज सुन सकेंगे। इसके लिए उन्हें उनकी आवाज वाला एलेक्सा उपकरण संस्करण खरीदना होगा। एलेक्सा पर यह फीचर अगले साल तक उपलब्ध होगा। अमेजन एलेक्सा की टीम बच्चन के साथ मिलकर करीब से काम करेगी और उनकी जानी-पहचानी आवाज को एलेक्सा ग्राहकों की जरूरत के अनुरूप ढालेगी। उनकी आवाज में ग्राहक चुटकुले, शायरी, मौसम की जानकारी, सूक्तियां और परामर्श इत्यादि का लुत्फ ले सकेंगे। बच्चन ने कहा, प्रौद्योगिकी ने हमेशा मुझे किसी नए तरीके को अपनाने का मौका दिया है। फिर यह फिल्में हो, टीवी शो या पॉडकास्ट (रेडियो) और अब मैं अमेजन एवं एलेक्सा के साथ साझेदारी कर आवाज के इस अनुभव को तैयार करने लिए रोमांचित हूं।

# गौरव चोपड़ा की पत्नी हितिशा चेरांदा ने दिया बेटे को जन्म



**मुंबई।** अभिनेता गौरव चोपड़ा और उनके पत्नी हितिशा चेरांदा सोमवार को बेटे के माता-पिता बन गए।

चोपड़ा ने सोमवार रात को इंस्टाग्राम पर यह खुशखबरी साझा की और अपने घर के दरवाजे पर लगी एक तख्ती की तस्वीर पोस्ट की जिसपर लिखा खा, इट्स अ ब्वॉय।

पिछले महीने केवल 10 दिनों के भीतर 41 वर्षीय चोपड़ा ने अपने माता-पिता को खो दिया था। उन्होंने कहा कि एसे समय में बच्चे का आना एक दैवीय हस्तक्षेप की तरह है।

उन्होंने लिखा, 19-08-2020, 29-08-2020 और 14-09-2020. इन तीन तारीखों ने बहुत कम समय में जीवन का असल अर्थ समझा दिया है। उतार-चढ़ाव भरा सफर.... कभी ना खत्म होने वाला एक चक्र....जीवन की भावनात्मक और भौतिक परीक्षा.. और फिर आज यह दैवीय हस्तक्षेप और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। चोपड़ा ने अपने प्रशंसकों को लगातार प्यार और समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। गौरव चोपड़ा टीवी धारावाहिक उतरन और रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 10 से मशहूर हुए थे। 2018 में उन्होंने हितिशा से शादी की थी।

# कॉमेडी स्टार दीपू श्रीवास्तव का धमाल

**दीपू** श्रीवास्तव एक मशहूर कॉमेडी स्टार हैं। एक सच्चा प्रतियोगी, जैसा कि ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज में देखा गया है। दीपू जाने-माने कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के छोटे भाई हैं। दीपू सिर्फ एक स्टैंड.अप कॉमेडियन नहीं हैं, बल्कि टेलीविजन और फिल्म कलाकार भी हैं। राजू श्रीवास्तव, जज अक्षय कुमार और ज़ाकिर खान के साथ स्टार प्लस पर लाफ्टर चैलेंज के साथ उन्होंने धमाल नं। 1ए फन्जाबी चक दे, एक पे एक, राजू हज़िर हो, लाफ्टर एक्सप्रेस, कॉमेडी सर्कस में भी काम किया है। और कई अन्य कॉमेडी शो। दीपू श्रीवास्तव कॉमेडी फिल्म मेरी पड़ोसन और स्टुपिड्स, बंगाली दादा की भूमिका के साथ में भी काम किया हैं। हैलो डार्लिंग जिसमें वह जावेद जाफरी, ईशा कोप्पिकर, गुल पनाग और सुनील पाल के साथ वह नजर आ रहे हैं। फिल्म मुक्ता आर्ट्स द्वारा निर्मित है।



हाल ही में सुनील पाल की आउट एंड कॉमेडी फिल्म भावनाओं को समझो, जिसने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था में लिया गया था। इस फिल्म में हिंदी फिल्म उद्योग के जाने-माने 51 स्टैंडअप कॉमेडियन हैं। दीपू इस साल रिलीज होने वाली नई कॉमेडी फ्लिक मनी बैक गारंटी में एक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और निर्देशक कुशल श्रीवास्तव की फिल्म वोदका डायरीज और उनकी अपकमिंग फिल्म दो पल प्यार के के निर्देशक पार्थो घोष हैं।

**दीपू जाने-माने कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के छोटे भाई हैं। वह सिर्फ एक स्टैंडअप कॉमेडियन नहीं, बल्कि टेलीविजन और फिल्म कलाकार भी हैं**

दीपू का एक ऐसे परिवार में जन्म हुआ जहाँ कॉमेडी को बहुत गंभीरता से लिया गया था। अपने भाई के नक्शेकदम पर चलने के बाद दीपू ने कॉमेडी में अपनी एक अलग पहचान बनाई। वास्तव में दीपू राजू श्रीवास्तव को अपना सबसे बड़ा शिक्षक, प्रेरणा और गुरु मानते हैं। दीपू कानपुर के रहने वाले हैं। स्टेज शो करके कानपुर में अपने करियर की शुरुआत की।

बाद में वह 1998 में मुंबई आए और अपने भाई के आशीर्वाद से कॉमेडी में अपने शानदार कैरियर के साथ आगे बढ़ गए। दीपू की कॉमेडी की शैली मुख्य रूप से वर्तमान मामलों परिदृश्यों और स्थितियों पर आधारित है जो भारत और विदेशों दोनों में प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने दुबई, मस्कट, सिंगापुर, हांगकांग, बैंकाक, चीन, फिजी, नेपाल और मॉरीशस जैसे प्रतिष्ठित स्थानों में 2300 से अधिक शो में लगातार प्रदर्शन किया है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 16 सितंबर 2020



राज्य निर्वाचन आयोग ने तेज की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की हलचल...

# कोरोना काल में ही गांवों की सरकार बनाने की तैयारी

संवाददाता। सीतापुर




**अब लगभग** तय हो गया है कि कोरोना काल में ही गांव की सरकार बनेगी क्योंकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने जन सामान्य के लिए निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि भी तय कर दी है। 29 दिसम्बर को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने इस समबन्ध में निर्देश जारी कर दिये हैं। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार पाठक ने बताया कि 30 सितम्बर तक बीएलओ, पर्यवेक्षकों को क्षेत्र आवंटन, स्टेशनरी बांटी जायेगी। एक अक्टूबर से 12 नवम्बर तक बीएलओ घर-घर गणना करेंगे व 5 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। 6 से 12 नवम्बर तक प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जांच होगी। एडीएम ने बताया कि 13 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार कर 6 दिसम्बर को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। दावे व आपत्तियों को 6 से 12 दिसम्बर तक प्राप्त कर 13 से 19 तक निस्तारित किया जायेगा। प्रदेश में जिन जिलों मे कोरोना की स्थिति बेहतर नजर आ रही है वहां पर 15 सितम्बर से मतदाता सूची बनाने का काम शुरू हो गया है। यही नहीं आयोग से पहले ही बुकलेट और प्रपत्र भेजे जा चुके हैं। पहले डोर-टू-डोर सर्वे होगा, बीएलओ गणना कार्ड पर नाम नोट करेंगे जो पहले से नाम हैं उनके आधार पर मोबाइल नम्बर लिये जायेंगे इसके बाद जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में बचेंगे उनके नाम फार्म भरवाकर शामिल किये जायेंगे। बता दें कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आगामी 25 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है। 13 जनवरी 2021 को जिला पंचायत अध्यक्ष और 17 मार्च को क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। प्रदेश सरकार इस बार जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य का चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में है। ऐसे में 2021 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का होना तय माना जा रहा है। इसके बाद जनपद की 1601 ग्राम पंचायतों में राजनीतिक सरगर्मियां एकाएक तेज हो गयी। वैसे भी पंचायत चुनाव को लेकर पिछले एक साल से चुनाव लड़ने वाले और मौजूदा प्रधान के बीच सह-मात का खेल ही नहीं शुरू हो चुका है, प्रधानी रंजिश में रक्तरंजित का खेल भी बीच-बीच में होने लगा है। और हो भी क्यों न ग्राम पंचायतों के विकास के लिए अब करोड़ों का बजट आने लगा है। गांवों का विकास सही मायनों में कितना हो रहा है यह सभी जानते हैं, हां जिन पर विकास कराने की जिम्मेदारी है चाहे वह जनप्रतिनिधि हों या अधिकारी उनका विकास जरूर दिखायी दे रहा है। यह कहना गलत न होगा कि दिल्ली और लखनऊ से चलने वाला विकास का पैसा गांव तक पहुंचते-पहुंचते कितना खर्च हो जाता है और फिर गांव में कितना लग पाता है उस पर कितना नियंत्रण किया जाता है यह सब कागजों पर ही रहता है। जमीनी हकीकत कोई भी देख सकता है।

## पीएम के जन्मदिन पर भाजपा विधायक ने बांटे चश्मे

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे जनसेवा सप्ताह के तहत मंगलवार को महमूदाबाद में भाजपा पिछड़ा वर्ग की ओर से नि:षुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगया गया।

● लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारी रहे मौजूद

विधायक लहरपुर सुनील वर्मा, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सहित तमाम पदाधिकारियों ने गरीबों को मुत चश्में बांटे। प्रदेष उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा शिवकुमार गुप्त, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रामकुमार वर्मा, पूर्व प्रत्याशी आशा मौर्य, संतोष सिंह, चंद्रभूषण शुक्ल, रमाशंकर वर्मा, संजय वर्मा, अजय वर्मा, विजय बारी, मृगांक वर्मा, सुरेश वर्मा, अतुल वर्मा आदि ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रतीक सिंह ने 70 मरीजों का इलाज भी किया।

वार्डों में पहुंची चिकित्सकों की टीम...

## प्लेटलेट्स कम होने से हर बुखार डेंगू नही होता: डॉक्टर राशिद

**लहरपुर सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पर तैनात डॉक्टर राशिद अली के नेतृत्व में उनकी टीम में डॉक्टर सरोज लता, डॉक्टर दीपा, सहयोगी अजीत, आर एस गौतम ने मोहल्ला बागवानी टोला में जाकर डेंगू से पीड़ित लोगों की जांच घर- घर जाकर की सभी के हालत की स्तिथि जानी सभी लक्षण में बुखार ,सर दर्द, पेट मे दर्द ,उल्टी ने होना बताया मोहल्ले के आकिल पुत्र मजीउल्लाह उम्र 34 वर्ष, जाफर अली पुत्र सबिद अली उम्र 40 वर्ष, ठठेरी टोला में नसीर आलम पुत्र सगीर आलम उम्र 38 वर्ष सभी डेंगू से पीड़ित हैं । फिलहाल सभी की हालत स्थिर है। डॉक्टर राशिद का कहना है कि ज्यादातर लोगों को डेंगू बुखार की जांच को लेकर काफी भ्रम होता है, उन्हें यह नहीं पता होता है कि डेंगू की जांच के लिए कौन सा होता है ''लोगों में डेंगू डर ऐसे समा चुका है कि सामान्य बुखार होने पर भी वो खौफजदा हो रहे हैं। समय पर डॉक्टर के पास पहुंच जाने और सही इलाज होने से यह ठीक हो जाता है। इसलिए इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। ''लगभग हर बुखार में प्लेटलेट्स कम होता है, लेकिन डेंगू बुखार में यह बहुत तेजी से गिर जाता है। यदि प्लेटलेट्स की संख्या 10 हजार से कम हो जाती है, तब स्थिति गंभीर हो सकती है। ऐसी स्थिति में प्लेटलेट्स संख्या बढ़ाने की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन आज कल लोगों में प्लेटलेट्स को लेकर भ्रांतियां बनी हुई हैं। मरीज के तीमारदार अस्पताल आते ही प्लेटलेट्स चढ़ाने की जिद करने लगते हैं। एक सामान्य व्यक्ति के शरीर में ढ़ाई लाख से तीन लाख प्लेटलेट्स होता है।''

## पीड़ित परिवार को सौंपा चेक

संवाददाता। मिश्रिख/संदना सीतापुर

**संदना** कस्बे के सुंदरानंद आश्रम के समीप एचटी लाइन की चपेट में आने से बनवारी की मौत हो गई थी। मंगलवार को बिजली विभाग ने उनकी पत्नी को 1 लाख रूपए की सहायता राशि दी। अवर अभियंता राकेश भार्गव ने बताया कि परिवार के एक व्यक्ति को संविदा पर नौकरी भी दी जाएगी। बता दें किसान नेता उमेश पाण्डेय, रामसेवक पाल, संदना प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह व रामगढ़ चौकी प्रभारी ने पीड़िता को मदद दिलाने का प्रयास किया था।

● एचटी लाइन की चपेट में आकर हो गई थी किसान की मौत

इमलिया सुल्तानपुर इलाके में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मामला

## पुलिस मुठभेड़ में गैंगरेप के मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके में नाबालिक दलित किशोरी के साथ गैंगरेप कर वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने सोमवार रात हुई मुठभेड़ में मुख्य आरोपी आसिफ पुत्र हबीब निवासी हाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आसिफ को दाएं पैर में गोली लगी है जबकि चौकी इंचार्ज काजी कमालपुर शशांक पांडे को भी मामूली चोटें आई हैं। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसपी आरपी सिंह, एएसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित, सीओ सदर यतेंद्र सिंह नागर, थाना प्रभारी कमलापुर राजकुमार यादव, थाना प्रभारी इमलिया सुल्तानपुर विनय कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर मौजूद पहुंचे। एहतियातन गांव को पीएसी बल लगाकर छावनी में तब्दील कर दिया गया। इससे पहले वारदात में शामिल शीबू पुत्र शब्बू व पुलिस के अनुसार पीड़िता को अन्य स्थान पर ले जाने वाला कौशल सोमवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। बीती 7 सितंबर के दिन समुदाय विशेष के 5 आरोपियों द्वारा नाबालिक दलित किशोरी का गैंगरेप करने व वीडियो वायरल करने की वारदात का मामला सामने आया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अन्य तीन आरोपी पुलिस की हिरासत में है और उनसे पूछताछ की जा रही है।


मुठभेड़ में घायल आरोपी

थाना इमलिया सुल्तानपुर में नाबालिग किशोरी का गैंगरेप कर वीडियो वायरल करने का मामले में सोमवार रात हुई मुठभेड़ में मुख्य आरोपी आसिफ गिरफ्तार कर लिया गया है, मुठभेड़ में आसिफ के दाएं पैर में गोली लगी है, एसआई शशांक पांडे को भी चोटे आयी है।
**डॉ राजीव दीक्षित, एएसपी उत्तरी।**

## आईआईटी मेंस में प्रकाश इण्टर कालेज के रंजीत की 114वीं रैंक

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर










**क्षेत्र के** प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज और बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कालेज शेखपुर बिलौली बाजार के छात्रों ने आईआईटी मेन्स परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़े हैं। छात्रों की सफलता पर जहां विद्यालय परिवार में हर्ष है वहीं गणमान्य नागरिकों ने भी छात्रों और विद्यालय परिवार को बधाई दी है। छात्रों की सफलता पर उनके परिजन भी काफी उत्साहित हैं। दोनो संस्था के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि मेरे विद्यालयों के तीन छात्रों ने आईआईटी मेंन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर महमूदाबाद और विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसमें प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज महमूदबाद सीतापर के छात्र रंजीत कुमार ने आईआईटी मेंन्स परीक्षा में ऑल इंडिया 114 रैंक पाकर यह परीक्षा उत्तीर्ण की , छात्र रंजीत कुमार को इंटरमीडिएट में टॉप करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कालेज शेखपुर बिलौली बाजार से दो छात्रों कृष्ण मोहन एव रोहित कुमार ने आईआईटी मेंन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें कृष्ण मोहन को ऑल इंडिया 72909 रैंक एवं रोहित कौमार को आल इंडिया 27945 रैंक प्राप्त हुई। छात्रों की इस सफलता पर वर्तमान विधायक व पूर्व कैविनेट मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ,निवर्तमान एमएलसी उमेश द्विवेदी,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा, जिलाध्यक्ष पंकज पांडेय, डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा, समाजसेवी अरुण कुमार वर्मा मुन्ना,मुकेश वर्मा ब्लॉक प्रमुख महमूदाबाद,जी.डी. वर्मा,प्रदीप कुमार गुप्त,एडवोकेट अखिलेश कुमार,हरिशरण लाल वर्मा,सहजराम वर्मा प्रधान मुस्तफाबाद,रानी सरस्वती इंटर कॉलेज गोंडा देवरिया के प्रधानाचार्य अमर बहादुर सिंह,मामून आलम,मनोज शुक्ला, डॉक्टर प्रदीप वर्मा ,दोनो विद्यालयों के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा,प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या शशि सिंह,बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार वर्मा,डॉक्टर प्रतीक सिंह, पॉलिटेक्निक प्रवक्ता कमल वर्मा सहित बहुत से गणमान्य नागरिकों ने छात्रों व विद्यालय परिवार को बधाई दी है ।

## कोरोना के मिले 63 नए मरीज

**सीतापुर।** एक दिनी राहत के बाद जनपद में कोरोना ने फिर टॉप स्पीड पकड़ ली है। 24 घंटे में 63 नए कोरोना केस मिले हैं। इसमें शहर के 12 केस हैं। होली नगर में 4, शिवपुरी में 3, सिविल लाइंस में 2 और हेमपुरवा, आवास विकास व लाल कुर्ती में 1-1 केस मिला है। मछरेहटा में 13, सिधौली में 10, बिसवां में 5, परसेंडी में 5, मिश्रिख में 4, ऐलिया, लहरपुर, महमूदाबाद व रेउसा में 2-2 और सकरन, रामपुर मथुरा, महोली, कसमंडा व खैराबाद में 1-1 केस मिला है। 1 केस अन्य स्थान का है। इसी के साथ जनपद में कुल पॉजिटिव केस 2,990 हो गए हैं। उधर मछरेहटा के गांव कुंदौली में कोरोना बम फूटा है। यहां 8 कोरोना मरीज मिलने से हड़कम्प मच गया है। सीएचसी अधीक्षक कमलेश कुमार की अगुवाई में टीम गांव पहुंचकर सैनिटाइजेशन कराया है। अधीक्षक ने बताया कि मरीजों को एलवन अस्पताल खैराबाद भेजा गया है।

## प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक


सीतापुर-सम्बोधित करते कांग्रेस पदाधिकारी

**सीतापुर।** मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पश्चिमी जोन के अध्यक्ष ओमवीर यादव ने आज समीक्षा बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें एक मजबूत संगठन बनाना है। संघर्षशील युवाओं को तरजीह देनी होगी। आज पूरे भारत में युवाओं के सामने गंभीर संकट उत्पन्न है। संघर्ष ही एकमात्र रास्ता है जिस पर चलकर इस बेलगाम सरकार से लड़ा जा सकता है और साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि यदि अभी संघर्ष नहीं कर पाए तो कभी नहीं कर पाएंगे। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने जो गलतियां की हैं उसका खामियाजा एक पीढ़ी भुगतेगी। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में एक बेहतरीन संगठन बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। बैठक को प्रमुख रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव सौरभ त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव रेहाना खातून जेपी शुक्ला अभिलाष सिंह राहुल रस्तोगी अमित मिश्रा भोला नाथ पांडे संजय कुमार सैनी अमर कांत मिश्रा संबोधित किया बैठक का संचालन दिनेश कश्यप ने किया। उक्त अवसर पर युवा कांग्रेस के निवर्तमान पदाधिकारीगण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

● जिला कार्यालय पर हुई बैठक

## शराबी ने की देवर, भाभी की पिटाई, मुकदमा दर्ज

संवाददाता। सकरन सीतापुर

**सकरन थाना** क्षेत्र अन्तर्गत बीती रात एक शराबी ने महिला व उसके देवर की पिटाई कर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुशार सकरन थाना क्षेत्र के मुन्नूपुरवा मजरा सैदापुर गांव निवासी जंगबहादुर पुत्र रूदई बीती रात करीब दस बजे शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था जब इसका बिरोध गांव की ही निवासी गायत्री पत्नी महेश कुमार ने किया तो उक्त शराबी ने महिला को लात घूसे से मारा पीटा महिला को बचाने आये उसके देवर पुरूषोत्तम के चेहरे पर टार्च से वार कर उसे घायल कर दिया चीख पुकार सुनकर मौके पर आये ग्रामीणों को देख शराबी गालियां देते हुये भाग गया गायत्री व उसके देवर ने इस सम्बन्ध मे स्थानीय थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांडा भेज दिया है।

## यूपी बार काउंसिल ने सौंपा चेक

**सीतापुर।** कोरोना पैंडेमिक में आर्थिक संकट से जूझ रहे अधिवक्ताओं की मदद के लिए बार काउसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश ने 7,60878 रूपए दिए हैं। मंगवार को प्रादेशिक काउसिंल के पूर्व चेयरमैन अखिलेश कुमार अवस्थी ने सीतापुर बार एसोसिएशन के महासचिव विमल मोहन मिश्र को चेक सौंपी। विमल ने बताया कि मिली धनराशि से शहर के साथ ही तहसील के अधिवक्ताओं को मदद दी जाएगी। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के चेरममैन बृज मोहन नाथ ड़ीगर, बार अध्यक्ष आनन्द माधव अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमील अहमद खॉ, पूर्व महासचिव राजेश मेहरोत्रा, विजय अवस्थी, बार काउसिंल के को-आप्टेड राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्र, संयोग सिन्हा, शिवनाथ मिश्र आदि मौजूद रहे।

छह माह बाद आयोजित हुआ समाधान दिवस

## 478 शिकायतों में सिर्फ 52 का निपटारा

● नवागत डीएम विशाल भारद्वाज के समक्ष पहुंचे 121 फरियादी

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-शिकायतें सुनते डीएम विशाल भारद्वाज

**प्रदेश सरकार** ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मंशा से भले ही कोरोना काल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया हो मगर शिकायतों के निस्तारण की स्थिति और अधिकारियों की उदासीनता पहले की तरह ही सामने आई। कहीं अधिकारी मोबाइल पर व्यस्त रहे तो कोई बातो में मशगूल रहा। इतना ही नहीं कोविड-19 से बचाव के लिए लागू की गई शर्ते और नियमों की धज्जियां भी उड़ती रही। प्रचार-प्रसार के अभाव में फरियादी भी कम पहहुंचे। सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए नवागत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने 121 फरियादी की समस्याओं को सुना और 24 को मौके पर निस्तारित किया। अलग-अलग तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 478 फरियादी पहुंचे जिससे सिर्फ52 को न्याय मिल पाया। बताते चले वैश्विक महामारी कोरोना के चलते 17 मार्च 2020 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ था। इसके बाद लॉकडाउन के दौरान ऐसे आयोजनों पर सरकार ने पाबंदी लगा दी। 6 माह बाद 15 सितम्बर को पहली बार आयोजित देखे समाधान दिवस शिकायतों के निस्तारण में कोई खासा प्रभावी नहीं रहा।

**कमिश्नर ने सुनी समस्याएं-** सिधौली समाधान दिवस में उस समय अधिकारी हक्के-बक्के रह गए जब अचानक अपने सामने कमिश्नर मुकेश मेश्राम को देखा। कमिश्नर ने सोशल डिस्टेसिंग के बीच फरियादियों की समस्याएं सुनी, 109 शिकायतें आयी, महज 3 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका, समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम संतोश राय ने की। इसमें किन्धौलिया में दबंगों की ओर से मार्ग पर अवैध कब्जे की षिकायत आई। इसमें कहा गया कि कई बार अधिकारियों से षिकायत करने के बाद भी जमीन कब्जामुक्त नहीं हो पाई है।

## क्विक न्यूज

### चोरों ने पार किया माल

**अटरिया सीतापुर।** चोरों ने थाना अटरिया इलाके के गांव शिव टोला निवासी भगवती प्रसाद पुत्र गिरजा शंकर यादव के घर से करीब 50 हजार के गहने व 3 हजार की नगदी पार कर दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया सोमवार रात करीब 1 बजे चोर दीवार कूदकर घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर सारा सामान ले उड़े। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### करंट से मौत

**मिश्रिख सीतापुर।** कोतवाली मिश्रिख इलाके के गांव अटवा चांदपुर में रखवाली के लिए लगाए गए तारों ने एक किसान की ही जान ले ली। 25 वर्षीय मृतक शिव गोपाल पुत्र शिव कुमार खेतों में सिंचाई कर रहा था तभी पड़ोस के खेत में लगे तारों की चपेट में आ गया जिनमें करंट उतर रहा था। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। खेत गांव के ही रामप्रवेश शुक्ला व राम कुमार शुक्ला के बताए जा रहे हैं।

### कस्बा इंचार्ज ने की व्यापारी की पिटाई

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव कस्बे की बाजार में कस्बा इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने सब्जी व्यापारी अनस निवासी काजी टोला की पिटाई कर दी। अनस बेहोश हो गया, सूचना मिलते ही काजी टोला सभासद प्रतिनिधि हारून कुरेशी व सब्जी वाले एकत्र हो गए और बवाल करने लगे। थाना प्रभारी अरविंद राणा ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बीमारी से विवाहिता की हुई मौत

**खैराबाद देहात सीतापुर।** थाना खैराबाद इलाके के गांव भुलभूलिया में मंगलवार को विवाहिता कोमल की ससुराल में बीमारी के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मृतका के पिता सीताराम निवासी महोली की तहरीर पर मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया है रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### 91 का काटा चालान, पकड़ी गई अवैध शराब

**सीतापुर।** अपराधों की रोंकथाम के लिए सीतापुर पुलिस का अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले 91 व्यक्तियों का चालान किया गया जिनसे 25 हजार 7 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 128 वाहनों का चालान किया गया जबकि एक सीज कर दिया गया। विभिन्न मामलों में संलिप्त 49 नफर अभियुक्त गिरतार किए गए जबकि 39 विवेचना का निस्तारण भी किया गया। 4 अवैध शराब कारोबारी 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरतार हुए हैं जबकि 2 अभियुक्तों को दो तमंचे के साथ गिरतार किया गया व एक शोहदा भी पकड़ा गया है। उधर आबकारी विभाग ने अलग-अलग सर्किल में अभियान चलकार कच्ची बनाने व बेचने वालों पर षिकंजा कसा है। अबकारी निरीक्षक विजय बहादुर यादव, अरुण यादव, पुष्पेन्द्र कुमार व शैलेश नाहर ने सहयोगी स्टाफके साथ 7 अभियुक्तों को पकड़कर 70 लीटर कच्ची षराब बरामद की। महमूदाबद के ठेकों का निरीक्षण भी किया गया।

### चोरों ने पार किया नकदी व सामान

**सीतापुर।** थाना पिसावां इलाके में चोरों अब सीनाजोरी साबित होने लगी है। रविवार की रात इलाके के गांव गुरसंडा में चोरों ने गांव के ही 3 घरों से लाखों के जेवरात व 45 हजार की नगदी पार कर दी। पीड़ित ताहिर पुत्र अजमेर, मुन्ना व ताहिर पुत्र कमरुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर जांच करने की मांग की है। आपको बता दें बीते एक माह में इलाके में दर्जनभर से अधिक चोरियां हो चुकी हैं जो नवागत थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह के लिए बड़ी चुनौती हैं।

### 21 को होगा सपा का प्रदर्शन

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता 21 सितम्बर को कोरोना संकट काल में स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितता, भ्रष्टाचार और सरकारी उत्पीड़न में वृद्धि, बेहाल किसान, बेरोजगारी और ध्वस्त कानून व्यवस्था के विरोध में राज्यपाल को ज्ञापन भेजेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि ज्ञापन तहसील स्तर पर सौपे जाएंगे।

### जल्द आ सकते हैं असदुद्दीन ओवैसी

**लहरपुर सीतापुर।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की तरफ से सदस्यता अभियान जिला भर में चलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष काशिफ अंसारी ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी के अगामी कुछ ही दिनों में सीतापुर आने की संभावना है। वह जनसभा भी सम्बोधित करेंगे।

### सुमंगला योजना खाते में पहुंचे एक करोड़, 91 लाख रुपये

**सीतापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मुख्यमंत्री सुगंला योजना का डाटा सार्वजनिक किया है। उन्होंने बताया 12,170 कन्याओं में 1 करोड़ 91 लाख से अधिक की धनराशि दी जा चुकी है, योजना अभी भी चल रही है, कागजात पूरे करते हुए आवेदन किया जा सकता है।

### असलम अंसारी बने अध्यक्ष

**जहांगीराबाद सीतापुर।** कस्बा जहांगीराबाद के असलम अंसारी सपा में मनोनीत किय गए। बिसवां ब्लॉक अध्यक्ष सपा के जिला अध्यक्ष छत्रपाल यादव के द्वारा मनोनयन पत्र देकर बिसवां ब्लॉक अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा और कहा कि आप पार्टी के लोगो को जगरूप करो और पार्टी को मजबूत बनाने को कहा इस मौके रिजवान अहमद मंसूरी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव जय सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### सांड़ के हमले से बच्चे की मौत

**मिश्रिख सीतापुर।** कोतवाली मिश्रिख इलाके के गांव तेलियानी के जाजमऊ में साड़ के हमले से 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है, बता दें कि गांव के जितेन्द्र अपने पांच वर्षीय बेटे के साथ खेत गए हुए थे, इसी दौरान सांड़ फसल चट करने लगा, ऐसे में जितेन्द्र सांड़ को भगाने लगे, सांड़ ने बच्चे पर हमला कर दिया, बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भारतीय अटल सेना के जिलाध्यक्ष बने प्रदीप कुमार

**सीतापुर।** भारती अटल सेना उत्तर प्रदेश द्वारा कार्यकारणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त किया है। जिसके क्रम में राष्ट्रीय अक्ष्यक्ष हरी तिवारी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज झां द्वारा जनपद सीतापुर का जिलाअध्यक्ष प्रदीप कुमार को नियुक्त किया है। साथ ही प्रदीप कुमार से आशा व्यक्ति की गयी कि वे संगठन के हित में समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेगें। साथ ही समाज में जागरूकता लाकर संगठन को मजबूत करेगे। इस नियुक्ति पर भारतीय अटल सेवा के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्ति रखते हुए प्रदीप कुमार को बधाई दी है।

### ई-ग्राम स्वराज प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**खैराबाद सीतापुर।** ई ग्राम स्वराज प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत एलिया ब्लॉक का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुनियाद महाविद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे हमारे व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता श्री भगवती गुप्ता के द्वारा लोगों को प्रमाण पत्र वितरण करते हुए अपने संबोधन में बताया कि ग्राम प्रधान व सचिव एक ऐसी ईकाई है जिसे पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए क्योंकि अगर हमारी ग्राम सभा और हमारा ब्लॉक जितना ही प्रगति की ओर अग्रसर होगा हम उतना ही देश में आगे बढ़ते जाएंगे कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी मोहम्मद हसीन अंसारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक अवस्थी सानू फरहान अहमद इमाम अंसारी उमम अंसारी जसपाल सिंह जय प्रकाश शुक्ला एडीओ पंचायत एरिया ब्लॉक नाजिमा बेगम सुधा वर्मा नीतू मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी इकराम अली अंसारी ग्राम विकास अधिकारी समेत ग्राम प्रधान सचिव व ग्राम विकास अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक व स्टाफ मौजूद रहा।

# समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**मंगलवार को** सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में गोला की मंडी समिति के शेड नंबर 03 में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से नवागत पुलिस अधीक्षक विजय ढुलए मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह मौजूद रहे। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंनें फरियादियों की फरियाद एक.एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंनें कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंनें कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिताए गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय।

पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने जन शिकायतों की सुनवाई करते मौके पर जाकर शिकायतों की तत्कालए निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 50 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये गयेए जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 20 पुलिस 08 विकास 06 आपूति.05 विद्युत 02 नगर विकास पंचायती राजएलोक निर्माण विभागए चकबंदीए वन एवं शिक्षा विभाग की 01.01 एवं अन्य के 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।इस मौके पर नवागत पुलिस अधीक्षक विजय ढुलए सीडीओ अरविन्द सिंह डीडीओ अरविंद कुमार एसडीएम गोला अखिलेश यादवए बीएसए बुद्धप्रिय सिंहए सहायक निदेशक सूचना रत्नेश चन्द्र सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** करौना और लाक डाऊन के काफी समय के बाद संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में तहसीलदार बिकास धर दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 25 शिकायतें प्रकाश में आयी। जिसमे 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्रमुख रूप से राजस्व विभाग की 14 और पुलिस विभाग की 06 प्रार्थना पत्र के साथ अन्य विभागो की एक एक शिकायती पत्र आऐ। काफी समय बाद संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे अन्य विभागों के अधिकारी नदारत रहे। वही फरियादियों की भी संख्या कम गई संपूर्ण समाधान दिवस मे विकास खंड अधिकारी महेंद्र कुमार यादवए खंड शिक्षा अधिकारी पसगवा शमशेर सिंह राणा व पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक मौजूद रहे।

**निघासन संवाददाता के अनुसार**

कोविड.19 के चलते लगे विराम के बाद पुन: संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 51 फरियादियो ने अपनी अपनी समस्या रख निराकरण की मांग की है।सभी शिकायती पत्रों को सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपकर सप्ताह भर में मौके पर जाकर निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। कोरोना संक्रमण के चलते सम्पूर्ण समाधान दिवस पर विराम लगा दिया गया था।मंगलवार को पुन: तहसील सभागार में शुरू हुए संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 30पुलिस विभाग की 06एविकास विभाग की ग्यारह व आपूर्ति विभाग की चार शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।सभी शिकायती पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सप्ताह भर में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तालाबी व पशुचर भूमि में बने सैकड़ों मकान, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

**खागा ( फतेहपुर )( सं. )।** धाता विकास खंड की ग्राम सभा भीमपुर गांव के मध्य पड़ने वाले 17 बीघे से अधिक तालाब के आधी से अधिक तथा सवा बीघे पशुचर की जमीन में मकानों का अवैध तरीके से निर्माण करा लिये जाने की लगातार हो रही शिकायतों के बावजूद भी राजस्व विभाग ने इसे खाली कराने की ओर ध्यान नहीं दिया। हालात यह हैं कि मवेशियों के खड़े होने और तालाब में पानी पिलाने की समस्या भी ग्रामवासियों के सामने खड़ी हो गयी है। शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने तालाब और पशुचर की जमीनों को खाली कराये जाने के बजाय सही जवाब देने से कतरा रहा है।

प्रसपा के प्रमुख जिला महासचिव धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया ने उपजिलाधिकारी खागा को दूसरी बार शिकायती पत्र भेजते हुए तालाबी गाटा संख्या 432, 433 रकबा करीब 17 बीघा और पशुचर गाटा संख्या 434 रकबा करीब एक बीघा सात बिस्वा में अवैध कब्जा करके बनाये गये मकानों को अब तक नहीं हटाये जाने को लेकर नाराजगी जतायी है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि दोनों तालाबों की गाटा संख्या अलग-अलग होने के बावजूद भी वह आपस में मिले हुए हैं। गांव के पश्चिम और उत्तर के मध्य यह तालाब जो कभी किनारे हुआ करता था वह आज बीचों बीच हो गया है। तालाब से सटे हुए एक बीघा सात बिस्वा पशुचर जमीन में पूरी तरह से अतिक्रमण करके मकान बनवा लिये गये हैं। इतना ही नहीं दोनों तालाबों के बीच का उत्तरी और दक्षिणी बांध में करीब 15 मकान निर्मित कराये जा चुके हैं। शिकायत में पशुचर की जमीन में कब्जा करने वालों के नामों का भी उल्लेख किया गया है। जिसके तहत राधेश्याम पुत्र विशाल, बसंत पुत्र लहाशी, भइयालाल, जियालाल पुत्रगण रामनाथ परिहार पुत्र राजा, कुंवारे, टेनी, शिवबली, मन्ना, पराग, दरियाव, अशोक, इन्द्रपाल के अलावा पंचायत मित्र रमेश सोनकर का मकान भी इसी पशुचर जमीन में बने हुए हैं।

# आ जा नच ले एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी

**● देवेश गुप्ता की अध्यक्षता व प्रतीक बरनवाल के संयोजन में आनलाइन वीडियो के माध्यम से प्रतियोगिता सम्पन्न हुई**

**जेसीआई द्वारा** आयोजित जनसम्पर्क सप्ताह के अन्तर्गत आ जा नच ले एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। देवेश गुप्ता की अध्यक्षता व प्रतीक बरनवाल के संयोजन में आनलाइन वीडियो के माध्यम से प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का निर्देशन कनिष्क बरनवाल व राहुल माथुर ने किया। मार्गदर्शन पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह व सौरभ वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में सम्पन्न हुई। आडीशन में चयनोपरान्त जूनियर ग्रुप में 16 और सीनियर ग्रुप में 12 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। निर्णायक मंडल में शाहजहांपुर के नितेश गुप्ताए आरती श्रीवास्तव व रोमा रस्तोगी शामिल हुए। संचालन आर्येन्द्र पाल सिंह द्वारा किया गया। निर्णयोपरान्त जुनियर ग्रुप में प्रज्ञांशी पाठक विजेता व जागृति गुप्ता उपविजेता चयनित हुयीं। सूर्यांश गुप्ता स्वर्णिमा सक्सेना व परी मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार और अनिका व अवनी अग्रवाल को विशेष प्रस्तुति हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सीनियर ग्रुप से रिंकी गौतम की प्रस्तुति को सर्वश्रेष्ठ संदेशात्मक प्रस्तुति हेतु विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। इस ग्रुप के विजेता अर्पित दीक्षित व उपविजेता उत्कर्ष कुमार चुने गये। शिवानी भल्लाए अंशिका महेन्द्रा व मैत्री मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। कार्यक्रम में आनलाइन पुरस्कार उद्घोषणा के समय प्रतियोगिता के प्रायोजक अर्पित गुप्ता अनुज शुक्ला मुकेश बरनवाल विशाल सेठ सहित कई संस्था सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पकड़ी बालू भारी ट्राली

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**थाना कोतवाली** गोला के अंतर्गत गोला. बांकेगंज मार्ग पर खुलेआम बालू मिटटी से लदे ट्रेक्टर ट्राली देर रात्रि से सुबह तक दौड़ते रहते है।जिसका प्रमाण है कि मंगलवार की सुबह यूपी पुलिस नंबर112 के चालक धर्मेंद्र सिंह रावत व उनकी टीम ने गोला.बांकेगंज मार्ग पर निकट तहसील गोला पर पकडा बाद में कोतवाली गोला में ले जाकर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। इससे यूण्पीण् पुलिस नंबर 112 की जहां सराहना हो रही है वहीं कोतवाली गोला, मैलानी, हैदराबाद की पोल खुलने से थू.थू हो रही है । मंगलवार की सुबह लगभग 6बजे यूपी पुलिस112 के चालक धर्मेंद्र सिंह रावत व उनकी टीम गोला.बांकेगंज मार्ग पर निकट तहसील गोला की तरफ मार्ग पर गशत कर रहे थे तभी उन्हें उक्त ट्राली दिखी और उन्होंने उसे पकड़ लिया।

# यमुना नदी में डूबे दो बच्चों के शव बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**ललौली** थाना क्षेत्र के दतौली गांव के रहने वाले दो बच्चों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है और परिजनों रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों के शवों को नदी से ढूंढ निकाला। जानकारी के अनुसार दतौली गांव के रहने वाले दो बच्चे 11 वर्षीय गोरे और 15 वर्षीय हर्ष अवस्थी सोमवार की सुबह साढ़े 11 बजे के करीब घर से साइकिल लेकर कहीं जाने के लिए निकले, लेकिन शाम होने के बाद भी जब दोनों बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। परन्तु उनका कहीं पता नही नहीं चला। बच्चों को ढूंढते हुए परिजन और ग्रामीण यमुना के किनारे की तरफगए जहां गांव से कुछ दूर ओती घाट पर दोनों बच्चों के कपड़े और साइकिल खड़ी मिली। जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों ने बच्चों को ढूंढने के लिए तत्काल यमुना में छलांग लगा दी। इस बीच ग्रामीणों ने पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी तथा सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस भी स्थानीय गोतखोरों के साथ बच्चों को खोजने के काम में जुट गई। काफी खोजबीन के बाद गोरे का शव रात में ही बरामद हो गया जबकि हर्ष लापता था। इसके बाद मंगलवार सुबह दोबारा आपरेशन शुरू किया गया, जिसके बाद हर्ष का भी शव बरामद हो गया। पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि ललौली थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी दो बच्चे गोरे और हर्ष अवस्थी साइकिल से कहीं गए थे।

# एपजा की कार्यकारिणी का गठन

**लखीमपुर.खीरी।** ऑल इंडिया प्रेस जनरलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी व जिला प्रभारी मुकेश पांडे सहित बरेली मंडल संगठन मंत्री अनुज सक्सेना की उपस्थिति में खीरी जिला कार्यकारिणी का गठन एलआरपी गेस्ट हाउस पर एक बैठक के दौरान हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष कमल मिश्रा को और अवध किशोर जायसवाल को सर्वसम्मति से जिला महामंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी का संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अजय द्विवेदी को मनोनीत किया गया।

कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश शुक्लाए पूर्णेश वर्मा व नितेश अग्रवाल को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष टीएन अवस्थी व विमलेश भदौरिया महासचिव अनिल वर्मा संगठन मंत्री शिवम बाजपाई संयुक्त सचिव सरोज शुक्ला सचिव अशोक शुक्ला व प्रतीक श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष राजीव मिश्रा मीडिया प्रभारी रामजी व सह मीडिया प्रभारी अजय मिश्राए संगठन मंत्री देवेश पांडेए सचिव देवनंदन श्रीवास्तव व सैयद फैजल विधि सलाहकार राजीव पांडे सचिव धर्मेंद्र राजपूत व सक्रिय सदस्य आनंद तिवारी व शोएब खान को बनाया गया है।

इस दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रीय चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा कि संगठन का सिर्फ और सिर्फ एक उद्देश्य है मीडिया निर्वाचन क्षेत्र को बनाया जाना। सभी पत्रकारों को उनका हक तभी मिल सकता है जब मीडिया निर्वाचन क्षेत्र सरकार स्वयं बनाएं। पत्रकारों पर लगातार बढ़ रहे हमले उनकी सुरक्षा आज सवालों के घेरे में है। ऐसे में संगठन सभी पत्रकारों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत रहता है।

उनके हकों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा करीब एक दशक से लड़ाई लड़ रहे हैं। इस दौरान जिला संरक्षक अजय द्विवेदी सहित जिला अध्यक्ष कमल मिश्रा व महामंत्री अवध किशोर जयसवाल सहित कई पदाधिकारियों ने पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद करते हुए ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन का हाथ थामा। सभी पदाधिकारियों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प भेंट कर शुभकामनाएं दी गई।

## प्रो0 रज्जू भय्या विवि की शेष परीक्षायें 18 से

**फतेहपुर।** प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज के स्नातक/स्नातकोत्तर (अन्तिम वर्ष/सम सेमेस्टर) की अवशेष परीक्षाएं 18 सितम्बर से प्रारम्भ हो रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने कहा कि छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट से स्कीम देखकर परीक्षाओं में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। जिन छात्राओं के पास प्रवेश-पत्र उपलब्ध है वे उसी प्रवेश-पत्र के साथ परीक्षा तिथि पर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हों एवं जिन छात्राओं के पास प्रवेश-पत्र नहीं है वे लोग महाविद्यालय से अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर लें।

## क्विक न्यूज

### सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बरेली ।** मण्डलायुक्त रणवीर प्रसाद व डीआईजी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर के सभागार में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकातय कर्ताओं को कोविड-19 हेल्पडेस्क, थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स से जांच व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए मण्डलायुक्त श्री प्रसाद ने शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को एक एक कर सुनते हुए शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। सम्पर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे मौके पर कुल 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर शिकायत कर्ता जगदीश पुत्र करनलाल ग्राम गोपालपुर नगरिया ने बताया कि ग्रामीण कृषक गरीब व निर्धन हुॅ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत मुझे कोई लाभ नहीं मिला है। बैंक में मालूम करने पर पता चला कि आपके बैंक खाता के जगह पर दूसरे खाते में धनराशि भेजी जा रही है। जो मुझे नहीं मिली है। इस पर मण्डलायुक्त ने तत्काल संयुक्त निदेशक कृषि को बुलवाकर निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थी की जांच कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ दिलवाएं।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर श्री ईशान प्रताप सिंह, ज्वाइट मजिस्ट्रेट श्री जुनेर अहमद, तहसीलदार श्री आशुतोष गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम के जन्मदिवस पर किया रक्तदान

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे भाजपा कार्यकर्ता सेवा सप्ताह मना रहे है। इसी क्रम मे युवा मोर्चा ने सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमे नगर विधायक डॉ. अरूण कुमार, भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ. के एम अरोरा, गुलशन आनन्द, बंटी ठाकुर, पारस गुप्ता सहित भारी संख्या मे युवाओ ने रक्तदान किया।

### आरपीएफ ने रेलवे की भूमि से हटवाया अतिक्रमण

**बरेली।** डीआरएम ऑफिस से चंद कदम दूर न्यू मॉडल रेलवे बाजार मे कुछ लोगो ने अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू करा दिया। टीनशेड डालने के साथ ही उसमे पक्का निर्माण भी करवाने लगे थे। रेलवे की काफी जमीन पर दीवार तोड़कर कब्जा किया जा रहा था। आरपीएफ के नेतृत्व मे इंजीनियरिंग विभाग ने अतिक्रमण को हटवाया। दुकानदारो को हिदायत दी गई कि यदि रेल की जमीन पर कब्जा किया गया तो सारा माल जब्त कर लिया जाएगा। पिछले दिनो सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर मे रेल ट्रैक किनारे झुग्गी झोपड़ी वालो के खिलाफनाराजगी जताई थी। इसके बाद 4800 झोपड़ी वहां से हटाई गई। कोर्ट ने आदेश दिए कि रेल की जमीनो पर लगातार कब्जे हो रहे है।

### ठगों ने दादी-पोती को चकमा देकर हड़पे गहने

**बरेली।** कस्बा रिठौरा में एक दादी पोती को झांसा देकर ठग उनसे जेवर सरेआम ठग कर ले गए। मोहल्ला नई बस्ती निवासी सराफत अंसारी की माँ विलता बेगम और बेटी गुल्फसा अपनी जेबरी को जुड़वाने के लिए सर्राफकी दुकान पर आ रही थी। तभी कब्रिस्तान के पास दोनों को मीठी मीठी बातों में रोककर दोनों ठगों ने आकर पूछा इस उनसे पूछा कि इस गली में मस्जिद है क्या तो फिर अफसाने कहा मस्जिद होली चौराहे के पास है कहां पर चले जाओ तभी ठग ने दोनों से कहा कि आप दोनों एक एक रुपये दो तो उन में से खुशबू आएगी। जिस पर दोनों ने एक रुपये दिया। उसके बाद उसने दोनों को एक एक रुपये वापस कर दिया और कहा कि सूंघो महक आ रही होगी। जिस पर गुल्फसा ने सुंघा तो दोनों रुपये मेसे महक आ रही थी। फिर उसने अल्लाह का वास्ता दिया और कहा की तुम दोनो अपने कुण्डल दो तो इन दोनों में हमेशा के लिए कुण्डलो में महक आती रहेगी। दोनो महिलायें उसकी बातों मे आ गई और अपने कुण्डलो को उसके हाथो में दिए। जिस पर ठगो ने कुण्डलो कागज में बंद पुड़िया को खोल कर देखा तो में मिट्टी निकली तो दोनों के होश उड़ गए। इतने में ही दोनों ठग कार में बैठकर भाग और दोनों महिलाए शोर मचाती रही ।

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने दिया जलभराव समस्या दूर करने के निर्देश

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा द्वारा पीरनपुर नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। वहीं अरबपुर में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रतिनिधि ने कहा कि सफाई में कोई कोताही न बरती जाए। इस अवसर पर पूर्व सभासद धीरज बाल्मिकी, अयूब खान, परवेज आलम, दुर्गापुरी बाल्मिकी, सफाई निरीक्षक राकेश कुमार, प्रकाश निरीक्षक दिलशाद, मो0 हबीब आदि मौजूद रहे।

# काम कर रहे श्रमिक की करंट से मौत

**फतेहपुर( सं. )।** खागा तहसील के अंतर्गत हथगाँव थाना क्षेत्र के सिठौंरा पावर हाउस के पट्टी शाह फीडर में उस समय एक युवक की जलकर मौत हो गई, जब वह 11हजार की लाइन में चढ़कर कार्य कर रहा था। ज्ञात हो कि अकबरपुर चोराई गांव निवासी अकमल पुत्र नईम उम्र 22 वर्ष विभागीय कर्मचारियों के आदेशानुसार 11 हजार की लाइन ठीक करने हेतु पोल पर चढ़ गया जिसके चलते लाइन में चिपक कर दर्दनाक मौत हो गई जिले में ऐसा हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही का पहला मामला नहीं है और समय-समय पर विभाग की लापरवाही उजागर होती रही है जिसके चलते तमाम बेरोजगार युवक मौत की नींद सोते रहे हैं। विद्युत विभाग आज तक इन हादसों से कोई सबक लेने का प्रयास नहीं किया है साधारणतया आम विद्युत कमियों को दूर करने हेतु संविदा कर्मी या अन्य विभागीय कर्मचारी प्राइवेट व्यक्तियों को मौत की आगोश में झोकते रहे हैं। संबंधित घटना के बाबत अधिशासी अभियंता खागा मेघ सिंह ने स्वीकार किया कि वह किसी संविदा कर्मी या कर्मचारी के आदेश पर ही विद्युत कमी को दूर करने हेतु पोल पर चढ़ाया गया था जिससे 11 हजार लाइन के ठीक ऊपर 44,हजार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर उसकी मृत्यु हुई है, परंतु उसे पोल पर क्यों चढ़ाया गया इसके बाबत कोई जवाब अधिशासी अभियंता द्वारा नहीं दिया जा सका उक्त घटनाओं को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन एवं विभागीय उच्चाधिकारी इस तरफ से किं कर्तव्य मूढ़ रहते हुए मौन धारण किए हुए हैं जबकि इस तरफ उन्हें कठोर कदम उठाते हुए विभागीय जिम्मेदार कर्मचारी संविदा कर्मियों से खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करते हुए निर्देश देने चाहिए कि किसी भी प्राइवेट अप्रशिक्षिक व्यक्तियों से कार्य ना लिया जाए।

# शिकायतों का निस्तारण तीन दिन के अन्दर करें अधिकारी: डीएम

संवाददाता। फतेहपुर

**शासन के** निर्देशानुसार कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए मास्क व सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में 70 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 07 का अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के समक्ष निस्तारण करें। उन्होने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में राजस्व लेखपाल प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि पुलिस बल की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित थाने से लेकर मौके पर जाकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चत करें। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में 79 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसके सापेक्ष 04 का निस्तारण किया गया और अपर जिलाधिकारी पप्पू गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी में 65 शिकायती प्रार्थना पत्रों में 05 का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, उपजिलाधिकारी प्रमोद झा, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर श्रीमती विदुषी सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, जल निगम, पीडब्लूडी, सिंचाई आदि उपस्थित रहें।

# शाहजहांपुर में कोरोना से दो मरीजों की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले में कोरोना वायरस संक्रमण से मंगलवार को कोविड 19 एल वन अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की उपचार के दौरान मौत हो गई तहसील तिलहर के बुजुर्ग को कोरोना वायरस की पुष्टि के उपरांत उपचार के लिए भर्ती कराया गया था मंगलवार को साँस लेने में दिक्कत के बाद मरीज की मौत हो गई जबकि थाना बंडा के ग्राम आभा बुजुर्ग के रहने वाले ग्रामीण ( 58 ) को कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि के बाद एल वन अस्पताल में गत दिवस में भर्ती कराया मंगलवार को उपचार के दौरान मरीज की हालत बिगड़ गई जिसके बाद शाम पांच बजे उसकी मौत हो गई इसके साथ ही जिले में मौतों का आकड़ा 65 हो गया जबकि मंगलवार को जिले में 88 कोरोना वायरस के मिले इन मरीजों में सरकारी विभागो के कर्मचारी व व्यापारी तथा आम लोगो में कोरोना वायरस की पुष्टि हो रहे है लगातार कोरोना वायरस के पॉजिटिव मरीजों के मिलने से स्वाथ्य विभाग के अधिकारीयों की मुश्किलों में इजाफा हो रहा है मंगलवार को जिले के अलग अलग ब्लाकों में 88 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से जिले में संक्रमितों की तादात 4684 हो गई है इसमें 1869 मरीजो को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है । जबकि होम आइसोलेशन में 1790 संक्रमित तथा बाकि कोविड के अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती है जिले में कोरोना संक्रमण से 60 लोगो की मौत हो चुकी है ।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया जिले में 1333 टीमस सैम्पल लेने के साथ ही अन्य कामो को में लगाई गई है जिले के अभी कन्टेंटमेंट जाने में जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया ।

# मेडिकल कॉलेज के विजिट पर पहुंचे भाजपा नेता ने तल्ख तेवर दिखाए

**● भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया, कि मेडिकल कॉलेज में हावी हैं तमाम तरह की अव्यवस्थाएं**

संवाददाता। शाहजहांपुर

**मंगलवार को** अपने दल बल के साथ भाजपा नेता राजकमल बाजपेयी ने सरकारी मेडिकल कॉलेज में विजिट कर मरीजों से हाल चाल जाना इस मौके पर युवा नेता ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभय सिन्हा पर गुस्से का इजहार करते हुए खूब भड़ास निकलते हुए नजर आए । शोर शराबे के दौरान सीओ सिटी प्रवीण कुमार को मौके पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं को शांत करना पड़ा मंगलवार को भाजपा महानगर मंत्री राजकमल बाजपेयी अपने तमाम साथियो के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे , इस मौके पर कोरोना वायरस के मरीजों के साथ मेडिकल कालेज स्टाफकी इलाज के दौरान बरती गई लापरवाही को लेकर प्राचार्य को खरी खोटी सुनाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया , कि मेडिकल कॉलेज में तमाम तरह की अव्यवस्थाएं हावी हैं। कोविड-19 के मरीजो के प्रति लापरवाही बरती जा रही हैं। जिसके कारन कई को जान तक गवानी पड़ी।भाजपा नेता राजकमल बाजपेयी ने सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस सम्बन्ध में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अभय सिन्हा ने कहा सभी मरीजों का समय से ईलाज किया जा रहा है मेडिकल कालेज का स्टाफ हर संभव प्रयासरत है किसी भी मरीज को कोई दिक्कत न हो।

## रोड हादसे में पत्नी की दर्दनाक मौत, पति गंभीर घायल

**शाहजहांपुर ।** मंगलवार को शाहजहांपुर तिलहर मार्ग पर हुए एक दर्दनाक रोड हादसे में पत्नी की मौके पर मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिलहरी की मोड़ के पास मंगलवार को तेज गति की डीसीएम ने दोपहिया को टक्कर मर दी दुर्घटना में महिला प्रहलाद देवी की मौके पर मौत हो गई तो वहीं रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी बनवारीलाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की मौत का नजारा जिसने भी देखा उसने अपनी आंखों को बंद कर लिया सड़क दुर्घटना की शिकार महिला की गर्दन उसके नीचे का कुछ हिस्सा विक्की में फंसा गया उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि बनवारीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

# कोरोना काल में मंगलवार को आयोजित हुए समाधान तहसील दिवस में

संवाददाता। शाहजहांपुर

**कोरोना काल** में लम्बे वक्त के बाद मंगलवार को आयोजित हुए समाधान तहसील दिवस में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आए फरियादियों ने अपनी फरियाद सुनाई इस अवसर पर 88 षिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 8 षिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ

इस अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि फरियादियों की षिकायतों का निस्तारण समय में किया जाए। उन्होंने ने यह भी कहा है कि फरियादियों की षिकायतों के निस्तारण में देरी होने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को जिम्मेदारी तय करते हुए उसके खिलाफ विधिक कार्यावाही की जाएगी।

श्री सिंह ने राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2020 के अन्तर्गत उपस्थित अधिकारियों की पोषण की षपथ दिलाई और उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह समस्त 2913 आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है। बच्चे को सुपोषित व स्वस्थ रखने के संबंध में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि माँ और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के बारे में बात करें तो बच्चे के जन्म के दो साल तक यानि गर्भावस्था के 270 दिन और बच्चे के जन्म के दो साल तक यानि 730 दिन तक कुल 1000 (270730) दिनों तक माँ व बच्चे को सही पोषण मिले तो बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे बच्चा स्वस्थ जीवन व्यतीत करता है। यह 1000 दिन (गोल्डन डेज) बच्चे के स्वस्थ जीवन की नींव रखते हैं।श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चे के मस्तिष्क का सबसे अधिक विकास गर्भावस्था से लेकर दो वर्ष की आयु में होता है। इसलिए माँ को अपनी गर्भावस्था के दौरान विशेष ध्यान रखान चाहिए। उसे फोलिक एसिड, प्रोटीन व विटामिन बी-12 का जैसे पोषक तत्वों की विशेष जरूरत होती है। आयरन की 180 गोलियों का नियमित सेवन करना चाहिये ताकि न उसमें और न ही बच्चे में खून कमी होने पाये। बच्चे को 6 माह तक केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए,एवं छह माह के उपरांत अतिरिक्त आहार के साथ 2 वर्ष तक मां का दूध जारी रखना चाहिए। साथ ही नियमित टीकाकरण बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए अत्यंत आवष्यक है।पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कहा कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों द्वारा जो षिकायतें प्राप्त हुई है उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयावद्धि में किया जाए। उन्होंने कहा है कि फरियादियों की षिकायत निस्तारित करते समय मौके पर जाकर जरूर देखें।

# प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मना, किया गरीबों को चश्मा वितरण

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**नगर** के सीपी सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 70 वां जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि ने कहा कि मोदी जी ने देश को एक नई दिशा दी है। हम सभी का कर्तव्य है कि उनके बताए रास्ते पर चलकर पार्टी संगठन तथा राष्ट्र को सुदृण बनायें। देश हित में इस तरह के कार्यक्रम गरीबों के हित में करते रहना नितांत आवश्यक है।

मुख्य वक्ता विनय वर्मा ने कहा कि सेवा सप्ताह के रूप में हम सभी कार्यकर्ता मिलकर रक्तदान फल वितरण चश्मा वितरण जैसे कार्य करते रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि नर सेवा ईश्वर भक्ति के समान है । इसलिए गरीबों के हित में हर संभव प्रयास करके उनकी मदद लगातार की जाती रहनी चाहिए ।कार्यक्रम की संयोजक भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में गरीब ही मदद का उचित पात्र होता है । अतः उनकी पहली प्राथमिकता हर संभव प्रयास के साथ यही रहती है कि गरीबों की मदद आवश्यकता अनुसार की जाए।

इस अवसर पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य एवं डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल पर आए गरीबों को चश्मे वितरण किए । आयोजित बैठक को अर्चना चौहान,ममता सक्सेना ,सतीश शाक्य ,अशोक गुप्ता ,अरविंद तिवारी,अमरदीप दीक्षित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्टी मंडल अध्यक्षों एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

## बाइकों की भिडंत में सात घायल, दो की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन बाइकों की भिंडत में 7 लोगों बुरी तरह जख्मी हो गये थे। जिन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया था। जिसमे दो बाइक सबारों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना अमृतपुर से चंद कदम दूर हरसिंगपुर तिराहे के समीप थाना जहानगंज ग्राम नगला कलार निवासी 35 वर्षीय बृजेश पुत्र रक्षपाल व 50 वर्षीय रनवीर सिंह पुत्र जगदीश एक महिला के साथ जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे किराचिन निवासी डिप्टी,दिनेश,रजनेश,दीपक बाइक पर आ गये। दोनों की बाइकें आमने सामने से टकरा गयीं। जिसमे बाइकों पर बैठे सात लोग बुरी तरह जख्मी हो गये ।पुलिस नें उन्हें सीएचसी भेजा। जहाँ से उन्हें लोहिया अस्पताल भेजा गया था। बीती रात लोहिया अस्पताल में घायल बृजेश व रजनीश की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाने के दारोगा बृजेश तिवारी नें दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# फर्रुखाबाद में 62 नये कोरोना संक्रमित कायमगंज चीनी मिल में 10 पॉजिटिव

- लगातार अपने पैर पसारता जा रहा है कोरोना का संक्रमण
- सरकारी अमला और जनता दोनो ही दिख रहे हैं लापरवाह नतीजा है दर्जनों के तदाद में सामने आ रहे मरीज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जनपद** में कोरोना की रफ्तार रुकने का नाम नही ले रही है। आम जनता के साथ ही सरकारी अमला भी पूरी तरह से लापरवाह नजर आ रहा है। नतीजन दर्जनों की संख्या में मरीज सामने आ रहे है। मंगलवार को 62 और कोरोना संक्रमित मरीज मिले। जिससे संक्रमितों की संख्या 1872 पर पंहुच गयी है ।मंगलवार को आयी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार जनपद के बरौन में 1 महिला, 13 बालक व 1 युवक, सीएचसी बरौन में एक कर्मी, शहर के ग्राम मसेनी में 2 पुरुष और खानपुर में 2 महिला, कमालगंज के ग्राम मुसखिरिया निवासी 32 वर्षीय युवक, राजीव गाँधी नगर दो पुरुष, खुदागंज में 1 महिला, पीएचसी जहानगंज में एक महिला कर्मी व 1 पुरुष कर्मी, पुलिस लाइन फ्तेहगढ़ निवासी 32 वर्षीय पुलिस कर्मी, ग्राम महमदपुर-देवराजपुर निवासी 1 युवक, एसबीआई फ्तेहगढ़ तीन कर्मचारी, कायमगंज चीनी मिल में एक साथ 10 कर्मचारी कोरोना संक्रमित निकले ।शहर के लिंजीगंज में 45 वर्षीय व्यापारी, मोहल्ला नुनहाई निवासी 22 वर्षीय युवक, न्यू सैनिक कालोनी निवासी 30 वर्षीय युवक, आवास विकास निवासी 53 वर्षीय पुरुष, गंगानगर में 25 वर्षीय महिला, राजेपुर के ग्राम सलेमपुर निवासी 30 वर्षीय युवक, सीएमओ कार्यालय फ्तेहगढ़ के दो कर्मी, शमसाबाद के मीरगंज निवासी 27 वर्षीय महिला, ग्राम तराई निवासी 18 वर्षीय युवक पॉजिटिव निकले है ।इसके साथ ही शाम को 4रू30 को आयी रिपोर्ट में वृद्धावस्था में पांच वृद्ध, फ्तेहगढ़ के तलैया लेन में एक पुरुष और एक महिला व एक वृद्ध, सिबिल लाइन फ्तेहगढ़ में तीन पुरुष पॉजिटिव, कायमगंज के चिलौली में एक 35 वर्षीय युवक, न्यू कालोनी फ्तेहगढ में दो पुरुष, एक महिला व पिपरगाँव निवासी किशोरी कोरोना संक्रमित निकले । अब जिले में कुल मरीजों की संख्या 1872 पर पंहुच गयी है। 440 सक्रिय मरीज है। 753 ठीक हो चुके है। 648 मरीज होम आईसोलेशन में है। अब तक 31 की मौत हो गयी है।

# शंकर टमाटर की खेती से चांद बाबू हुए लाभान्वित

- उत्तर प्रदेश सरकार का जताया आभार

संवाददाता। कानपुर देहात



**कानपुर** देहात जनपद के अकबरपुर तहसील क्षेत्र अकबरपुर निवासी कृषक चांद बाबू पुत्र हुसैन बक्स ने शंकर टमाटर की खेती कर लाभांवित हुआ। लाभार्थी ने बताया कि मुझे उद्यान विभाग द्वारा शंकर टमाटर की खेती करने हेतु प्रेरित किया गया और कृषि विज्ञान के विज्ञानिकों द्वारा मुझे दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया फिर मैंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2019-20 में टमाटर खेती हेतु ऑनलाइन आवेदन किया, उसके बाद मुझे बताया गया कि शंकर बीज एवं प्लास्टिक क्रेट्स क्रय की रसीद कार्यालय में उपलब्ध करा दें फिर मैंने 0.4 हेक्टेयर शंकर टमाटर की खेती के लिए 80 ग्राम बीज प्रजाति नामधारी 585 एवं प्लास्टिक क्रेट्स क्रय कर रसीद कार्यालय में जमा कर दी जिसकी सब्सिडी मेरे बैंक खाते में रू0 8000 आ गई। फिर मैंने बताएं गए तरीके से टमाटर की खेती की 2 बीघा से मुझे 160 कुन्तल टमाटर की पैदावार हुई जिसे मैंने लोकल मण्डियों में अलग-अलग भाव से कुल 1,70,000 रुपए में बेचा। जिसमें से अपनी लागत के सभी खर्चे निकाल कर मुझे रू0 1,40,000 का शुद्ध लाभ हुआ। मैं प्रदेश सरकार तथा उद्यान विभाग का आभार व्यक्त किया जिस के सहयोग से मुझे यह प्रेरणा मिली तथा जिससे मैं लाभान्वित हुआ।

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**शासन** के द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत वर्ष 2019-20 के 17 एवं वर्ष 2020-21 में चयनित 38 ग्रामों के जनपदीय, विकास खण्ड, ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन, वीडीपी तैयार करने हेतु दिनांक 15 एवं 16 सितम्बर 2020 को प्रथम एवं द्वितीय पाली में प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के निर्देशन में जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में आज दिनांक 15 सितम्बर 2020 को विकास भवन के गॉधी सभागार में प्रथम एवं द्वितीय पाली में विकास खण्ड डेरापुर, सरवनखेड़ा, मैथा, अमरौधा, मलासा, राजपुर के चयनित 28 ग्रामों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

# चंबल नदी से क्षतविक्षत हालत में किशोर का शव बरामद

संवाददाता। चकरनगर

**भरेह** थाना के गांव हरपुरा निवासी पशु चराने गए पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे को चंबल नदी में नहाने के दौरान एक दिन पूर्व मगरमच्छ ने पानी में खींच लिया था। उक्त किशोर का शव क्षत.विक्षत हालत में बिठौली थाना के बिहार गांव के नीचे चंबल नदी किनारे से पुलिस ने बरामद कर लिया। हरपुरा निवासी पूर्व प्रधान मीरा देवी निषाद पत्नी महिपाल सिंह के करीब ;15द्ध वर्षीय पुत्र अनुज को सोमवार दोपहर समय नदी में नहाते समय मगरमच्छ ने टांग पकड़कर पानी में खींच लिया था। छोटे भाई हिमांशु की सूचना पर स्वजन को उक्त मामले की जांनकारी हुई थी। उसी समय से नदी में मोटर वोट डालकर पुलिस कुछ स्थानीय गोताखोरों और सैंक्चुअरी कर्मियों की मदद से शव खोजने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान मंगलवार दोपहर समय करीब ढ़ेड बजे बिठौली थाना क्षेत्र के गांव बिहार के नीचे नदी किनारे से क्षत.विक्षत हालत में शव बरामद कर लिया गया। जिसकी वांई टांग में गहरा जखम है और सर व सीने पर भी निशान पाए गए। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त घटना से स्वजन में कोहराम मचा है।

### तीन शिकायतें ही आई

**ताखा।** उप जिला अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में ताखा तहसील दिवस लॉक डाउन के बाद फिर से प्रारंभ हुआ जिसमें जनता की फरियाद मात्र तीन प्रार्थना पत्रों के रूप में आई जिनमें दो पुलिस विभाग से संबंधित और एक एडीओ एग्रीकल्चर से संबंधित थी उप जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन की गाइड लाइन के अनुसार कार्य करने का आदेश दिया।

# भरथना में छह की रिपोर्ट पॉजिटिव

संवाददाता। इटावा



**भरथना न**गर में रविवार को फिर छह लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने से नगर क्षेत्र के वाशिंदों में हड़कम्प के साथ दहशत फैल गई। कुल छह कोरोना पॉजिटिव मरीजों की उक्त सूचना के मिलते ही भरथना की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के निर्देश पर भरथना नगर पालिका परिषद व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीमों ने सभी सभी कोरोना पॉजिटिव मरीजों के आवाशीय क्षेत्रों को सील कर मरीजों के परिजनों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये है। साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल के निर्देश पर कोविड.19 भरथना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया ने उपरोक्त सभी इलाको में सेनीटाइजेशन कार्य कराया गया है। वहीं भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के दिशानिर्देश पर राजस्व निरीक्षकों की टीम ने भी मौका मुआयना किया है। इसके अलावा भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित के निर्देश पर कोरोना जांच टीम ने कोरोना पॉजिटिव मरीजों के सम्पर्क में आये दो दर्जन लोगों की कोरोना जांच कीगई है।

कोविड.19 भरथना प्रभारी रामजी भदौरिया ने बताया कि रविवार को मुख्यालय से प्राप्त हुई कोरोना जांच रिपोर्ट के अनुसार भरथना के विभिन्न मोहल्लों में कुल छह कोरोना पॉजिटिव मरीज निकले है। जिन्हें कोविड.19 का पालन करने की हिदायत देकर होम आइसोलेट किया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ0 रवि राजपूत व लैब टैक्नीशियन विजय कुमार गुप्ताएसुपरवाइजर मोहम्मद अजहर खान की टीम ने विभिन्न स्थानों पर अस्थाई कैम्प लगाकर मरीजों के सम्पर्क में आने बाले किरीब दो दर्जन लोगों की कोरोना जांच की गई है। इस दौरान वार्ड सभासदों का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोरोना** संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच शासन ने फरियादियों की भी सुध ली है। जिसके चलते पांच माह के बाद तहसील दिवस का आयोजन तीनों तहसीलों में किया गया। जिसमे फरियादियों की संख्या सामान्य से काफी कम रही। निस्तारण का प्रतिशत भी कम दिखा। कायमगंज तहसील में खुद जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने तहसील दिवस (सम्पूर्ण समाधान दिवस) में फरियादियों की समस्याओं को सुना। लेकिन जिस तरह की उम्मीद भीड़ होनें की हो रही थी। उम्मीद के कई जादा कम फरियादी शिकायत लेकर पंहुचे। लेकिन उन्हें कार्यवाही का लालीपॉप देकर टरका दिया गया। कुल 105 शिकायतों में मौके पर केवल 16 को ही न्याय मिल पाया। 89 फरियादियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया के साथ एसडीएम सदर अनिल कुमार नें सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनी। जिसमे कुल 92 शिकायतें आयीं निस्तारण केवल 7 का ही निस्तारण हो सका। कुल 76 फरियादी सिर्फ भरोसा लेकर लौट गये। अमृतपुर में आयोजित दिवस में एसडीएम बिजेंद्र सिंह, बीडीओ श्रीप्रकाश और अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप आदि नें समास्याओ को सुना। जिसमे कुल 19 शिकायतकर्ता ही पंहुचे और उसमे केवल दो को ही न्याय मिल सका। तहसील दिवसों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी ठीक से नही किया गया। सदर तहसील में अधिकारी एक दूसरे के काफी करीब बैठे दिखे।

# कोरोना संक्रमित मरीज की मौत परिजनों की रिपोर्ट आई निगेटिव

- कल नगर पंचायत कर्मी राजेश रावत के भाई की सैफई हास्पिटल में हुयी थी मौत, सीएचसी के चिकित्सकों द्वारा परिजनों की जांच

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**नगर** पंचायत कर्मी राजेश रावत के भाई राकेश की सोमवार को इटावा के सैफई हास्पिटल में कोरोना संक्रमण से हुयी मौत के बाद मॅगलवार को सीएचसी चिकित्सकों के दल ने सभी पारिवारिकजनों की जॉच की। जॉच रिर्पोट में सभी परिजनों की रिर्पोट निगेटिव आयी है।

कस्बे में कोरोना संक्रमित पहले व्यक्ति की दुःखद मृत्यु सोमवार को हुयी थी। कोविड-19 बीमारी से ग्रसित युवक राकेश रावत, नगर पॅचायत में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर तैनात राजेश रावत के भाई थे। मॅगलवार को रूरा सीएचसी के चिकित्सक दल ने राजेश कुमार रावत, पिंकी रावत, रमेशचन्द्र रावत, आयुश रावत, कनिष्का रावत, गौरी रावत, कॉति रावत व विमेलेश रावत की एण्टीजेन कोविड-19 जॉच की। जॉच रिर्पोट आने के बाद सभी की रिर्पोट निगेटिव पायी गयी। सीएचसी प्रभारी डा0 सुनील कुमार ने बताया कि सूचना पर चिकित्सक दल ने कोरोना बीमारी से ग्रसित राकेश रावत की मृत्यु हो जाने पर सभी परिजनों के सैम्पल लिये गये। घर के सभी सदस्यों की टेस्ट रिर्पोट निगेटिव पायी गयी है। ऐतियातन घर के सदस्यों को घर के अन्दर ही होमक्वॉरटाइन करने के निर्देश दिये गये है।

# डीएम-एसपी ने अकबरपुर तहसील में सुनी फरियादियों की समस्यायें, दिये निर्देश




संवाददाता। कानपुर देहात

**कोविड-19** के चलते समाप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद मंगलवार को कोरोना काल के पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अकबरपुर तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति व सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए जन शिकायतो को सुना गया। इस मौके पर निर्विवाद उत्तराधिकार के मामले पर विशेष रूप से सख्त दिखे। वही इस मामले मे कठोर निर्देश दिये और शिकायतो को सुनने के दौरान शिकायतकर्ताओं को मास्क भी वितरित किये। वही एसडीएम आनन्द सिंह ने डीएम व एसपी के प्रथम आगमन पर बुके भेट कर सम्मानित किया।

### पोषण माह में अच्छा कार्य करने पर किये जायेंगे पुरस्कृतः डीएम

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने बताया कि जनपद में चल रहे पोषण माह के तहत निर्धारित तिथियों पर हो रहे गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, मनरेगा आदि विभागों को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं पोर्टल में अपलोड न करने व पोषण माह में दिए गए निर्देशों की अवहेलना करने पर संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे यही नहीं उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 7 सितंबर से 30 सितंबर तक होने वाली प्रमुख कार्यक्रमों में बेहतर कार्य करने पर हर ब्लाक के तीन व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

# पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता। कायमगंज फर्रूखाबाद



**कायमगंज** नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी वीरेंद्र कचौड़ी वाले के 28 वर्षीय पुत्र अतुल उर्फ सीपक ने अंगोछे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतुल का इसी वर्ष विवाह हुआ था ।वह अपनी पत्नी नेहा को बीते कल ही अपनी ससुराल छोड़ कर आया था। मृतक की मां कुंती देवी ने बताया कि फोन पर ही अतुल तथा उसकी पत्नी नेहा के बीच कहासुनी हुई है ।इसी से अवसाद में आकर अतुल ले फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।मौके पर पहुंचे मंडी चौकी इंचार्ज ज्ञानेश्वर सिंह ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए फ्तेहगढ़ भिजवाया। वही अतुल के भाई कि पूर्व में मौत हो चुकी है। अब अब अतुल की मौत पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

### ऑटो में संख्या से अधिक सवारियां सुरक्षा से खिलवाड़

**बकेवर।** जहां एक तरफ कोरोना वायरस का प्रकोप लगातार जनपद में बढ़ता जा रहा है। वहीं कस्बा बकेवर में थ्रीव्हीलर चालको के अन्दर इसका खौफ कत ?ई देखने को नहीं मिल रहा है। थ्रीव्हीलर में ओवर सवारियों को बैठाते हैं। आरटीओ व पुलिस प्रशासन द्वारा इन थ्रीव्हीलर चालकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बकेवर के दुकानदार भी इन थ्रीव्हीलर चालकों से परेशान हो चुके है। मनमाने तरीके से रोड पर थ्रीव्हीलर को खड़ा करके सबारियों को भरते नजर आते है।

# डीएम ने ग्राम अतग्गापुर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह ने मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम अतग्गापुर तहसील कायमगंज में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी कायमगंज को नहीं थी क्षेत्र की जानकारी। जिससे प्रतीत हुआ कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा मनरेगा के अन्तर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण। कार्यों में रूचि न लेने एवं क्षेत्र की सही जानकारी न होने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी,कायमगंज को जमकर फ्टकार लगाई। तत्काल खण्ड विकास अधिकारी कायमगंज के पद से हटाने केनिर्देश दिए ।मौके पर लेखपाल द्वारा बताया गया कि ग्राम में छोटे कृबड़े 185 चकरोड़ के सापेक्ष केवल 03 चकरोड़ पर ही कराया गया है कार्य। जब कि मनरेगा के अन्तर्गत सभी चकरोड़ मार्गों पर कार्य कराने के निर्देश दिए थे। कार्य की प्रगति खराब पाए जाने पर शिव सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को कार्य में रूचि न लेने पर प्रधान के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मा0 मुख्यमंत्री जी घोषणा के अंतर्गत निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक कुरार तहसील कायमगंज के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ताध् प्रगति का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस को तेजी के साथ कार्य कराने के निर्देश दिए।

## समाधान दिवस में कोरोना वायरस की छाया, 95 ने दर्ज करायी शिकायतें

**घाटमपुर।** करीब 6 माह बाद आज संम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया लेकिन कोरोना वायरस की छाया साफ झलकती नजर आया। सबेरे 10 के बाद तहसील के सभागर में गिने-चुने अधिकारियों की मौजूदगी में शुरु हुआ संम्पूर्ण समाधान दिवस का संचालन उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया और एक-एक कर पंहुचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें उन्हें बतायी। इसके पहले फरियादियों ने अपनी शिकायत बाहर लगे काउन्टर में पंजीकृत कराया। तहसीलदार बिजय यादव ने बताया कि दिवय में कुल 95 शिकायतें आयी जिसमें राजस्व 30, बिकास 26, पुलिस 22, बिजली 10 और आपूर्ति बिभाग की 3 शिकायतों अलावा बाकी अन्य बिभागों की है। दिवस में नायब तहसीलदार हरिशचंद्र के अलावा खंण्ड बिकास अधिकारी भी मौजूद रहे।

# भाजपा झूठ के सहारे जिंदा हैः उदयभान सिंह

संवाददाता। इटावा

**कांग्रेस** के पूर्व जिलाध्यक्ष उदयभान सिंह यादव ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में जनपद की भाजपा इकाई के युवा मोर्चा द्वारा भीमराव अम्बेडकर जिला अस्पताल में लगाये गए रक्तदान शिविर में झूठ फ्रेब किया गया है। इटावा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पल्लव दुबे व जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष उदयभान सिंह यादव ने बताया कि बीजेपी नेताओं ने सिर्फ 6 यूनिट रक्तदान किया गया और 70 यूनिट बताया जा रहा है। यह जनता के साथ एक बड़ा फ्रेब है। उन्होंने कहा कि भयंकर रूप से बढ़ती बेरोजगारी और गड्डे में गिरती अर्थव्यवस्था से देश के युवाओं का भविष्य खतरे में है। जिससे छात्र और युवा हताश और निराश हैं। तब भाजपा युवा मोर्चा के युवाओं ने रक्तदान में भी झूठ का सहारा लिया है। रक्तदान करना ठीक है लेकिन जनपद की जनता को गुमराह करना इस कोरोना महामारी में पहले से परेशान जनता के साथ भी छलावा है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजय दोहरे, विष्णु कांत मिश्रा आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

### 4 सीएसपी जवानों सहित 13 और निकले नये पॉजिटिव

**घाटमपुर।** क्षेत्र में कोरोना का कहर जारी है आज भी तीनों सिएचसियों की मेडिकल टीम की जॉच में 13 नये संक्रमित पाये गये। चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाशचंद्रा ने बताया कि आज 225 कोरोना संदिग्दों की जाच में 7 पॉजिटिव पाये गये है जिसमें 3कस्बे के तथा 4 पावर प्लांट के है। उधर पतारा सीएचसी की मेडिकल टीम ने ककरैहा गांव में कैंम्प लगा कर 80 लोगों की जॉच की जिसमें गांव के सभी लोग नगेटिव पाये गये।

# मोदी के जन्मदिवस पर गरीबों को वितरित किए चश्मे

● मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बाबूराम निषाद


गरीबों को चश्मे वितरित करते राज्यमंत्री बाबूराम निषाद व चेयरमैन कुलदीप निषाद

**संवाददाता।** हमीरपुर

**आज** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वे जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका हाल में 70 जरुरतमंद लोगों को 70 चश्में वितरित किये गये। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बाबूराम निषाद ने कहा कि गरीबों के रहनुमा मोदी जी का जन्म दिन सेवा भाव सप्ताह के रुप मे मनाया जा रहा है। मोदी जी शुरु से ही गरीबों के प्रति बेहद संवेदनशील रहे है। जनधन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सौभाग्य, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ योजना, कौशल भारत योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना समेत ढेरो योजना ऐसी है जो गरीबों व जरुरत मंद लोगो के लिये संचालित की गयी है।

गरीब व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठाकर मोदी सरकारी की जयजय कार कर रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छह करोड़ पांच लाख 84 हजार खाते खोले गये है जो गरीबों के लिये संजीवनी का काम कर रहे है। यही नही पीएम श्रम योगी मानधन योजना में असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को तीन हजार रुपये मासिक पेंशन की सुविधा की गयी है अब तक उप्र में 40 लाख 62 हजार श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। राज्यमंत्री ने मोदी के बाल्यकाल जब वे विद्यालय पढ़ने जाते थे किस प्रकार गरीब छात्रों की मदद करते थे कहानी सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया है इस मौके पर नगर पालिका हमीरपुर के अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गौशाला में गोबर की खाद बनाकर उसकी बिक्री की जाए: द्विवेदी

**संवाददाता।** कदौरा (जालौन)

**जो भूसा** आप मवेशियों को खिलाते है वो सरकार का है इसलिए जो गोबर निकलता है वो भी सरकार का है। इसलिए गोबर को बर्बाद न होने दे और उसकी खाद बनाकर बेंचकर सरकारी खाते में धनराशि जमा करें। उक्त निर्देश पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी ने कान्हा गौशाला के निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारों को दिए मंगलवार को शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक एमपी द्विवेदी ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया।

गौशाला के अंदर फैली गंदगी व गोबर डंप को देख कर नाराजगी जताई और साफ सफाई के निर्देश दिए उन्होंने मादा व छोटे गौवंशों को सहित कमजोर गौवंशो को अलग रखने के निर्देश दिए उन्होंने भूसा भंडार में रखे भूसे हरे चारे को देखा साथ ही नियमित मिला कर खिलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौवंश की नियमित जांच हो। नगर पंचायत ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गौशाला में 165 गौवंश है गौशाला के निरीक्षण के बाद उन्होंने पशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर अभिलेखों का निरीक्षण किया और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया नोडल अधिकारी एमपी द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वो लगातार गौशालाओ का निरीक्षण कर रहे है और जो भी अनियमितताएं है उनको दुरुस्त करवा रहे है। निरीक्षण की रिपोर्ट वो शासन को भेजेंगे। इस मौके पर नगर पंचायत ईओ सुनील कुमार सिंह,पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर विपिन सचान, फार्मासिस्ट कपूर सिंह यादव डॉक्टर नीरज सचान सहित बड़ी संख्या में नगर पंचायत कर्मी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**चित्रकूट।** कोरोना संक्रमण के चलते लम्बे समय बाद डीएम शेषमणि पाण्डेय व एसपी अंकित मित्तल की अध्यक्षता में सदर तहसील कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की शिकायत को सुना गया। डीएम शेषमणि पाण्डेय एसपी अंकित मित्तल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक ही शिकायत को लेकर बार-बार कोई उनके पास न आये नहीं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे सीडीओ अमित आसेरी, सीएमओ डा0 विनोद कुमार यादव, एसडीएम सदर रामप्रकाश, सीओ नगर रजनीश यादव, कोतवाल भरतकूप संजय उपाध्याय, पहाडी श्रवण कुमार सिंह तथा राजस्व और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नायब तहसीलदार ने आरा मशीन मालिक सहित तीन के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर कमलेश तिराहा के पास हाइड्रा से लकड़ी गिरने के मामले में नायब तहसीलदार ने आरा मशीन मालिक सहित तीन लोगों के खिलाफथाना सुमेरपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। मालूम हो कि सोमवार को दोपहर के समय जब नायब तहसीलदार प्रमित सचान, कानूनगो व लेखपाल के साथ गाड़ी से ग्राम पचखुरा बुजुर्ग जा रहे थे तभी कमलेश तिराहा के पास आरा मशीन के पास रोड़ पर पड़ी लकड़ी हाइड्रा से ट्रक में लकड़ी लाद रहा था उसी दौरान हाइड्रा से तीन कुंतल वजन की लकड़ी रपट कर नायब तहसीलदार की गाड़ी के ऊपर गिर गयीं थी जिससे गाड़ी में सवार सभी लोग बाल बाल बच गये थे। घटना से थाना सुमेरपुर पुलिस को अवगत कराया गया था कस्बा इंचार्ज केशरी कुमार तिवारी ने बताया कि नायब तहसीलदार प्रमित सचान की शिकायत पर आरा मशीन मालिक, ट्रक नम्बर यूपी 91 टी 4748 के मालिक तथा हाइड्रा के मालिक जिनका नाम पता अज्ञात है सभी के खिलाफधारा 279, 353, 427, 283 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।सभी अज्ञात लोगों का पता लगाने में जुट गई है।

### एक वर्षीय बच्चे समेत नौ मिले कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** जिले मे आज जांच में एक वर्षीय बच्चे सहित नौ लोग संक्रमित पाये गये है।मंगलवार को कोरोना से जंग जीतकर 12 लोगों की घर वापसी हुई। वहीं लिए गए 1541 सैंपलों की कोरोना जांच में नौ पॉजिटिव मिले है। संक्रमितों को निकट के कोविड़ हॉस्पिटल भेजा गया है। सीएमओ डॉ. आरके सचान ने बताया कि जिले में सीएचसी पीएचसी के माध्यम से मंगलवार को 1541 सैंपल ले कोरोना जांच की गई। जिसमें नौ संक्रमित मिले हैं। जिन्हें इलाज के लिए कोविड हॉस्पिटल में भर्ती कराने के साथ उनके परिजनों व संपर्कियों के सैंपल ले जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि संक्रमण की रोकथाम को संक्रमण क्षेत्रों में सैनिटाइज कराया जा रहा है। बताया नए संक्रमितों में एक मुख्यालय, दो मौदहा, कस्बा सुमेरपुर में दो, क्षेत्र के टिकरौली गांव में एक व बिदोखर में दो संक्रमित मिले है। वहीं राठ कस्बे में भी एक संक्रमित मिलने पर आवश्यक कार्रवाई कराई गई है। सुमेरपुर में किराना व्यापारी का एक वर्ष का बच्चा भी कोरोना पॉजीटिव निकला।

### बुन्देलखंड में स्थापित किये जायेंगे बेयरहाउस: अनुपमा लोधी

**हमीरपुर।** स्वामी ब्रम्हानंद जी की के 37वे परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं भारत सरकार की केंद्रीय भंडारण निगम की स्वतंत्र निदेशक श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी ने कार्यक्रम स्थल राठ पहुचकर स्वामी जी के समाधि स्थल को नमन किया। इसके बाद भाजपा नेता प्रीतम सिंह के आवास पर निदेशक ने कहा कि बुन्देलखंड में बेयर हाउस न होने के कारण किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नही मिल पाता है यही नही किसानों का विचौलियों द्वारा शोषण किया जाता है। निदेशक ने कहा कि बुन्देलखंड की इस समस्या को लेकर वह निगम की बोर्ड में यह मामला रखेगी ताकि इस समस्या का समाधान शीघ्र हो सके। उन्होने कहा कि बुन्देलखंड में ज्यादा लोग कृषि पर निर्भर है इसलिये यहां पर बेअरहाउस की बहुत ही आवश्यकता है। वेअर हाउस में फसल रखने के बाद किसान को जब उचित मूल्य मिले तभी वे फसल की विक्री करे जिससे उनकी आर्थिक समस्या भी हल हो जायेगी। श्रीमती अनुपमा राजपूत राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है। उन्होने कहा कि लोधी समाज के ऊपर यदि कोई अन्याय होता है तो संगठन सड़को पर उतरेगा और संघर्ष करेगा। इस मौके पर प्रीमत सिंह किसान के अलावा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र सिंह राजपूत सरीला भी उपस्थित रहे।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र मे आज घरेलू कलह से परेशान होकर एक युवक ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि सुमेरपुर कस्वा निवासी अरविंद वर्मा(35) की कोई संतान नही थी। वह ष्घरेलू कलह के चलते वह दो दिन से परेशान होकर इधर उधर भटक रहा था ष्रविवार से घर से गायब होने के बाद आज दोपहर वह कानपुर से चित्रकूट जाने वाली गाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस ने रेलवे पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### मां की डांट से क्षुब्ध बेटियां घर से गायब

**जालौन (उरई)।** लाकडाउन के दौरान घर में पढ़ाई न करने पर मां ने अपनी बेटियों को डाट दिया। मां की डाट से क्षुब्ध बेटियां बगैर सूचना के घर से चली गई हैं। कोतवाली क्षेत्र के खंडेराव निवासी शत्रुघ्न सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी ने घर में पढ़ाई न करने पर 19 वर्षीय खुशी व 18 वर्षीय खुशबू को डाट दिया था। मां की डाट से क्षुब्ध होकर दोनों बेटियों बगैर बतायें सोमवार की सांय करीब साढ़े 7 बजे घर से चली गई हैं। जब वह घर वापस नहीं आयी तो उसकी शुरू की किन्तु पता नहीं चला। पुलिस युवतियों की गुमसदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अवैध गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले में चलाये जा रहे मादक पदार्थो की तस्करी बिक्री की रोकथाम के तहत प्रभारी निरीक्षक राजापुर अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक सत्यदेव सिंह, दीपक कुमार, आरक्षी जब्बार अहमद के साथ रतिभान पुत्र रामनरेश निवासी अहिरनपुरवा छीबों को 6 सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उधर उपनिरीक्षक अनिल कुमार साहू प्रभारी सरैंयां चौकी मुख्य आरक्षी सचिन कुमार, विकास कुमार यादव, अवधेश कुमार मिश्रा थाना मानिकपुर आरक्षी अनिल कुमार के साथ हनुंवा मोड राजापुर से श्रीपाल कोल पुत्र स्व0 भोला कोल निवासी गोविन्द नगर थाना मानिकपुर को 6 सौ ग्राम गांजा और संदीप कुमार पुत्र राकेश सिंह निवासी मायाराम का पुरवा भाभीपुर थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी को 6 सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

### बारह के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत

**चित्रकूट।** एसपी अंकित मित्तल के निर्देशन में कोविड 19 से बचाव और जागरूकता तथा चेकिंग अभियान के तहत जिले के समस्त थानाक्षेत्रों में चेकिंग लगाई गई। शासन द्वारा जारी गाइड लाइन एवं आदेशों का उल्लंघन करने मास्क न लगाने पर थाना कोतवाली कर्वी मे 12 व्यक्तियों के खिलाफअभियोग पंजीकृत किया गया। एसपी ने सभी से अपील की है कि वह शासन की जारी गाइड लाइन का पालन करें।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व एक युवक अनियंत्रित वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसने अस्पताल जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना छिबरामऊ के ग्राम जाफराबाद निवासी गोविंद पुत्र वीरेंद्र सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 9 सितंबर की सुबह किसी कार्य से उसका भाई शैलेंद्र रिश्तेदार के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही राजरानी फिलिंग स्टेशन के निकट पहुंचा। उसी समय अनियंत्रित गति से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तथा इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया।

# ट्रक व डम्फर की भिड़ंत में दो घायल, कानपुर रिफर

**संबाददाता।** हमीरपुर

**कस्बा सुमेरपुर** में बीती रात्रि नेशनल हाइवे दो ट्रको में आमने सामने टक्कर हो जाने से एक ट्रक का ड्राइवर व क्लीनर गम्भीर रूप से घायल हो गये।दोनों को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर रिफर कर दिया गया है। ट्रक मे लोड कुंटलो दाल सड़क मे बिखरी हुई है।

जानकारी के मुताबिक बीती रात कानपुर की ओर से जा रहा एक ट्रक जैसे ही करोरन नाला पुल पर आया उसी समय तेज रफ्तार से कबरई की ओर जा रहे डम्फर की ट्रक से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि ट्रक पुल की रेलिंग से टकराकर पास पड़ी मिट्टी में धस गया बोनट फस जाने से ट्रक चालक व क्लीनर उसी में फंस गये।घटना की सूचना पाकर वहाँ लोगो की भीड़ जमा हो गयी पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी।

ट्रक ड्राइवर व क्लीनर क्रमश: अर्जुन व अखिलेश दोनों निवासी खिररिया फतेहगढ़ मध्यप्रदेश के बताये जाते है। दोनो को गाड़ी से किसी तरह बाहर निकाला गया और गम्भीर हालत में एम्बुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को कानपुर रिफर कर दिया। पुलिस ने डम्फर को अपने कब्जे में ले लिया है। और जिस ट्रक में मूंग की दाल की बोरिया लदी थी वह घटना स्थल में पड़ा है। ट्रक दुर्घटना ग्रस्त होने से बोरिया फट जाने से दाल जमीन पर व नाले में बिखरी पड़ी है। समाचार लिखे जाने तक थाने में किसी ने मामला पंजीकृत नही कराया गया था।

# जिलाधिकारी-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**उरई( जालौन )।** डीएम व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने 94 शिकायतें दर्ज कराईं जिसमें 8 शिकायतों का डीएम ने मौके पर निस्तारण कराया। बाकी शिकायतें संबंधित अधिकारी को सौंपकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मंगलवार को डीएम डॉ. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता व एसपी डा. यशवीर सिंह की मौजूदगी में कोविड-को देखते हुए सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस सदर तहसील सभाकक्ष में हुआ दिवस में क्षेत्र के 94 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। सबसे ज्यादा राजस्व व पुलिस, विभाग की थी। सभी विभाग के अधिकारी मात्र 8 शिकायत का निस्तारण कर सकें, जबकि 86 शेष बचीं। डीएम ने संबंधित अधिकारी को शिकायतें सौंप त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम सतेंद्र सिंह तहसीलदार उरई, सीओ संतोष कुमार, सीएमओ अल्पना बरतारिया, ईओ संजय कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़कों पर पशु घूमे तो बीडीओ के खिलाफ होगी कार्यवाही

● तहसील दिवस में डीएम ने दो टूक किया आदेश, आठ शिकायतो का निस्तारण

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जनपद स्तरीय** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सदर हमीरपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से आठ शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सड़कों पर किसी भी दशा में अन्ना गोवंश नहीं दिखना चाहिए, अत: शत प्रतिशत अन्ना पशुओं को गौशालाओं में ही संरक्षित किया जाए, सड़कों पर अन्ना गोवंश घूमते पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी की भूमिका तय की जाएगी। कार्यवाही की जाएगी। ऐसे पशुपालक जो अपने जानवरों को अन्ना छोड़ दे रहे हैं उनको चिन्हित कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अत: सभी अधिकारियों द्वारा शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सभी अधिकारियों द्वारा निष्पक्षता से समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में ना आने पाए, डिफाल्टर श्रेणी में शिकायत पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर, सीएमओ तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

सरीला। कोरोना लॉकडाउन के बाद मंगलवार को एसडीएम जुबेर बेग की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया। फरियादियों के ना आने से अफसर सन्नाटे में बैठे रहे। इस मौके पर विभिन्न विभागों की पंद्रह शिकायतें आई जिसमें चार का निस्तारण भी हो गया समाधान दिवस में तहसीलदार हेमंत चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में तीन शातिर वाहन लुटेरे किये गिरफ्तार


खुलासा करते एसपी डा. यशवीर सिंह।

**उरई ( जालौन )।** सदर कोतवाली पुलिस एवं स्पेशल ऑपरेशन सेल की संयुक्त कार्यवाही के दौरान ग्राम अजनारी हाइवे रोड पर बीती रात वाहन लुटेरों से हुयी मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर वाहन लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी हुयी कार के साथ ही तमंचे व नशीला पाउडर बरामद किया। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने बताया कि विगत 10 सितंबर को वादी इकबाल सिंह भाटिया निवासी 355 झोकनबाग थाना नबाबाद झांसी द्वारा अपनी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी नंबर यूपी 93 बीएफ 6147 लूट लेने के संबंध में कोतवाली उरई में अपराध संख्या 637/20 धारा 394, 328 भादवि पंजीकृत कराया था विवेचना प्रचलित थी। जब प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल व स्पेशल आपरेशन ग्रुप प्रभारी प्रवीण कुमार, उप निरीक्षक चंदन पांडेय, उप निरीक्षक रामवीर सिंह हमराही सिपाहियों के साथ अजनारी स्थित हाइवे पर पहुंचे जहां वाहन लुटेरे शकील पुत्र नूर मोहम्मद निवासी बार्ड नंबर 5 हरीगंज बाजार लखपत पुरवा अकबरपुर कानपुर देहात, नमो नरायण पुत्र सत्यदेव तिवारी निवासी 108 जेपीपुर रोड पछ्खुरा थाना घाटमपुर कानपुर नगर व मोहन पुत्र दशरथ निवासी ग्राम सेरसा थाना पूंछ झांसी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिस पर पुलिस ने जबाबी फायरिंग कर बदमाशों को चारों ओर से घेरकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये वाहन लुटेरों के कब्जे से लूटी गयी कार, तमंचे व नशीला पाउडर बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार सभी तीनों वाहन लुटेरे अंतर्राज्जीय वाहन लुटेरे हैं जिनके विरुद्ध कई थानों में अनेकों मुकदमे पंजीकृत है। उन्होंने 9 सितंबर की रात्रि झांसी की ओर से आ रही कार के चालक को नशीला पाउडर खिलाकर लूट लिया था और चालक को करमेर ओवरब्रिज के समीप खेत में खड़े बबूल के पेड़ से बांधकर कार लेकर भाग गये थे। वह गाड़ी को बेंचने की मंशा से उरई आये थे।

# सीआईसी के लालमन उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**चित्रकूट।** जिले के बहु प्रतिभा सम्पन्न विशेष रूप से कला संगीत में निपुण चित्रकूट इण्टर कालेज के शिक्षक लालमन जी को देश की राष्ट्रीय संस्था संस्कार मंजरी ग्वालियर की ओर से उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया गया है। यह संस्था पूरे देश में कला, संगीत और साहित्य व सांस्कृतिक धरोहरों को संजोकर देश व समाज के सम्मुख आदर्श प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों को हर साल पुरस्कृत करने का काम करती है। इस संस्था के अध्यक्ष राधाकिशन खेतान, संस्थापक नीलम जगदीश गुप्ता और संस्तुति कर्ता डा. नंदिता पाठक के द्वारा सम्मानित किया गया है। लालमन जी का चयन कर चित्रकूट का गौरव बढाया गया है। लालमन जी दूरदर्शन और आकाशवाणी रामपुर के लोक गायक हैं और बुन्देलखण्डी लोकगीतों में भी उन्हें अच्छा खासा महारत हासिल है। विशेष बात यह है कि वह खुद सम-सामायिकी लोकगीतों की रचना कर सामाजिक बुराईयों के प्रति लोगों को गीतों के माध्यम से जागरूक करने का भी प्रशंसनीय कार्य करते हैं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

**संवाददाता।** चित्रकूट

**पुलिस कार्यालय** स्थित सोनेपुर राघव प्रेक्षागृह में एसपी अंकित मित्तल की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन, मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी ने पिछले सैनिक सम्मेलन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में पूछतांछ की। माह अगस्त में जनसुनवाई में जिले के प्रथम स्थान मिलने पर आइजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी प्रमोद कुमार, अनीसा बानों, स्वाती, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोशल मीडिया सेल में तैनात कांस्टेबिल नीरज कुमार को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा रहे जयशंकर सिंह, उपनिरीक्षक मो0 अकरम की टीमों ने 25 हजार के दो इनामी अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने वाली टीम को प्रशस्ति दिया। थाना स्तर पर सीसीटीएनएस की लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।

अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलने, जमानत/पैरोल पर रिहा अपराधियों के सत्यापन, शिकायती प्रार्थना पत्रों के समय से निस्तारण के निर्देश दिये। फरार, पुरस्कार घोषित अपराधियों, माफियाओं, टापटेन अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिये। 82, 83 सीआरपीसी के गिरफ्तारी के निर्देश, वांछित अपराधियों के निर्देश। शस्त्रों का सत्यापन मुकदमें वाले शस्त्र धारकों को शस्त्र निरस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा माल निस्तारण के निर्देश दिये हैं। सैनिक सम्मेलन में एएसपी प्रकाश स्वरूप पाण्डेय, सीओ रजनीश यादव, यतीन्द्रनाथ उमराव समेत अन्य मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 60 बुजुर्गों को बांटे चश्मे


बुजुर्गों को चश्मे बांटते विधायक व जिलाध्यक्ष आदि।

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिन पर राष्ट्रवादी सेवा सप्ताह के तहत मानिकपुर ब्लाक परिसर में 60 बुजुर्गों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें चश्मे बांटे गये। मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि/मऊ-मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि सेवा सप्ताह में निर्बल लोगों को चश्में बांटकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं विश्व का नेतृत्व करने की कामना करते हैं। आत्मनिर्भर भारत का नारा देकर प्रधानमंत्री की अगुवाई में कोरोना से देश संघर्ष कर रहा है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि भारत मे वसुधैव कुटुम्बकम की बात प्राचीन काल से होती रही है। सहिष्णुता एवं सामाजिक समरसता भारतीय संस्कृति का विशिष्ट आयाम रहा है। भाजपा विश्वबंधुत्व की भावना से समाज सेवा कर रही है। इस मौके पर राजेश जायसवाल, हरिओम मुन्ना करवरिया, मनोज तिवारी, अर्पित जायसवाल, गणेश प्रताप सिंह, महेश केसरवानी, अभिलाष जायसवाल, सच्चिदानंद द्विवेदी, मयंक सिंह, पुरुषोत्तम अग्रहरी, बसंत सिंह खंगार, घनश्याम दास अग्रहरी, अविनाश द्विवेदी, आदित्य गौतम, शंकर दयाल मिश्रा मौजूद रहे।

# प्रशासन ने मूंदी आंखे, रुला रहे हनुमानधारा मार्ग के गड्ढे

**चित्रकूट।** सतना मप्र प्रशासन की लापरवाही से हनुमानधारा मार्ग के हाल बेहाल हैं। बड़े-बड़े गड्ढे लोगों को रुला रहे हैं। सैकड़ों ट्रक जानजोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरने को बाध्य हैं। मंगलवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि हनुमानधारा मार्ग देवांगना मोड़ के आगे बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील है। मध्य प्रदेश क्षेत्र में तो सतना प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। रोज इस मार्ग से सैकड़ों ट्रक और दोपहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन होता है। बड़े-बड़े गड्ढे बारिश में पानी और कीचड़ से लबालब हो जाते हैं। जान जोखिम में डालकर वाहन चालक गड्ढों से गुजरने पर विवश हैं। हनुमानधारा से चित्रकूट मार्ग भी खस्ताहाल है। देवांगना मोड़ के आगे लोक निर्माण विभाग कर्वी के अधिकारियों ने बड़े गड्ढे को पाटा था, लेकिन फिर वहां कुंड बन गया है। गढ़ीवा गांव के पहले और एसपी कार्यालय के आगे भी सड़क में बड़ा गड्ढा है। हनुमानधारा मार्ग से बारिश के समय गुजरने वाले आसूं बहा रहे हैं, लेकिन सतना प्रशासन पूरी तरह लापरवाह है।

# पुलिस ने अवैध तमंचा सहित दबोचा अस्थायी जेल से फरार आरोपी

**संवाददाता।** कन्नौज


अस्थायी जेल से भागा आरोपी तालग्राम पुलिस की गिरफ्त में।

**सोमवार** की रात्रि में अस्थायी जिला जेल से फरार हुये अपराधी की गिरफ्तारी के लिये अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में जेल से भागे हुए कुख्यात हिस्ट्री सीटर अपराधी को मंगलवार की दोपहर लखनऊ आगरा एक्सप्रसवे के निकवा कट के पास तालग्राम पुलिस नें मुखविर की सूचना पर अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना तालग्राम प्रभारी बिनोद मिश्रा नें बताया कि अभियुक्त प्रमोद उर्फ सोनू पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम कुशलपुर्वा थाना तालग्राम शातिर किस्म का हिस्ट्री सीटर अपराधी है जिसे विगत 31 अगस्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार करके अस्थायी जिला कारागार कन्नौज भेजा गया था जो अपने सातिराना अंदाज में पुलिस को चक्मा देकर अस्थाई कारागार से सोमवार को रात्रि में खिड़की तोड़ कर फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पन्द्रह हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था जिसे मुखविर की सूचना के आधार पर तालग्राम पुलिस द्वारा मंगलवार को एक्सप्रेस-वे निकवा कट से अवैध तमंचा व दो कारतूस के साथ दबोच लिया गया।

# पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को कार सहित दबोचा

● उज्जवला कृषि बाजार के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिरों को भेजा जेल


घटना का खुलासा करते एएसपी व मौजूद पुलिस टीम व आरोपी।

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी तिर्वा दीपक दुबे के नेतृत्व में, निरीक्षक डॉ विनोद सिंह प्रभारी साइबर सेल व उ0नि0 शैलेंद्र सिंह प्रभारी सर्विलांस टीम एवं उ0नि0 राकेश सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद कन्नौज के साथ प्रभारी निरीक्षक थाना तिर्वा इंद्रपाल सरोज को मय टीम की लगाया गया था।

सोमवार को वादी अवधेश कुमार शुक्ला ने सूचना दी कि मेरे साथ जिन लोगों ने घटना की है वो फाुआ भट्टा पर खड़े हैं। पुलिस की संयुक्त टीम नें शिवप्यारी इंटर कॉलेज के पास घेराबंदी कर दीपक सिंह पुत्र श्री बाबूराम निवासी प्रगति नगर जनपद हरदोई, धनंजय सिंह पुत्र हवलदार सिंह निवासी धर्मापुर जनपद बहराइच, अश्वनी मिश्र पुत्र सुभाष चंद्र मिश्र निवासी ग्राम नदसिया, शैलेंद्र यादव पुत्र शिवप्रकाश यादव निवासी बर्वा खुर्द पुरवा जनपद उन्नाव को आठ मोबाईल फोन, सीआज कार सहित आठ गेंहू के जार के साथ दबोच लिया गया। आरोपियों नें बांछित अभियुक्तों हरनाम सिंह पुत्र ब्रजराज सिंह निवासी देवरी कला थाना बख्शी का तालाब जनपद लखनऊ, दीपक पाठक पुत्र ज्ञान चंद निवासी खकतीस थाना जालौन, अनुराग त्रिवेदी पुत्र राकेश त्रिवेदी निवासी हरदोई चुंगी श्याम नगर मंदिर के पास थाना कोतवाली जनपद सीतापुर, उपदेश यादव पुत्र नामालूम निवासी गयपुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर बताया है।

# जिला कारागार रायबरेली से दो बंदी फरार

**● क्वारंटाइन बैरक के बाथरूम से लगाई सेंध**

संवाददाता। रायबरेली




**जिला** कारागार रायबरेली थी दो बंदी फरार हुए इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। घटनाक्रम सोमवार की रात को बताया जा रहा है मंगलवार की सुबह जब गिनती हुई तो घटना का पता चला क्योंकि दो कैदी फरार हो चुके थे। जिसके बाद एसपी समेत पुलिस महकमे के अफसर जेल पहुंचे। काफी प्रयास शुरू कर दिए गए छानबीन करने का सिलसिला शुरू हुआ लेकिन जब दोनों का पता नहीं चला तो कोतवाली में तहरीर दी गई। घटित हुए घटनाक्रम से जेल के अधिकारी खासे सकते में हैं। फरार हुए कैदी में शिवगढ़ के शेरगढ़ मजरे पडरिया निवासी शारदा पुत्र रामफेर को चोरी के आरोप में पांच सितंबर को जेल भेजा गया। वहीं सलोन के अतरथरिया गांव के रंजीत को दुष्कर्म के मामले में तीन सितंबर को जिला कारागार लाया गया था। दोनों को 14 दिनों के लिए क्वारंटाइन बैरक में रखा गया था। सोमवार की रात गिनती के दौरान वे दोनों थे। मगर, मंगलवार की सुबह की गिनती में नदारद रहे। इसकी सूचना जेल प्रशासन द्वारा तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके बाद कोतवाल ने एसपी श्लोक कुमार समेत अन्य अधिकारियों को पूरा प्रकरण बताया। कुछ ही देर में डीआइजी जेल, एसपी, एएसपी, सीओ भी जेल पहुंच गए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की भरमार



संवाददाता। सुलतानपुर

**नवागत** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में तीसरे मंगलवार को तहसील जयसिंहपुर सभागार में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उन विभागों के अधिकारी सन्दर्भित प्रकरण गम्भीरता से देखे और उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी के समक्ष आज नाली विवाद, शौंचालय, आवास की मांग, भूमि विवाद आदि के प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 239 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व के 122, पुलिस के 46, विकास के 38, समाज कल्याण के 02 तथा अन्य के 31 प्रार्थना पत्र मिले, जिसमें 09 शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कराया गया। शेष शिकायतें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा ससमय निस्तारित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार अन्य चारों तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन शिकायता को उपस्थित अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी द्वारा सुनी गयी और उसका निस्तारण किये जाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर विधेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बार-बार शिकायत मिली तो दण्ड भुगतने को तैयार रहें जिम्मेदार: एसडीएम

**बल्दीराय, सुलतानुपर।** बल्दीराय तहसील में नवागत उपजिलाधिकारी राजेश सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता लाई जाए और किसी भी फरियादी को बार-बार परेशान न किया जाए यदि किसी की शिकायत मिलती है तो संबंधित कर्मचारी या विभाग के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करना तय होगा। उन्होंने हर किसी की शिकायत का तत्परता से संज्ञान लेते हुए मातहत कर्मचारियों को निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने की बात कही। वहीं पर ग्राम सभा गौरा बरामऊ में सफाई ना होने के कारण ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से शिकायत पत्र दिया। जिस को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिया। समाधान दिवस पर बल्दीराय सीओ बल्दीराय विजयमल यादव, वीडीओ धनपतगंज संदीप सिंह, बीडीओ बल्दीराय अंजलि सरोज, तहसीलदार बल्दीराय शैलेंद्र चौधरी समेत विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# रिक्त कोटे की दुकानों का शीघ्र सुनिश्चित हो आवंटन: डीएम

संवाददाता। गोंडा



**जनपद** में रिक्त कोटे की दुकानों का आवंटन इस माह के अन्त तक प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाय तथा शासन के निर्देशानुसार कोटे की दुकानों के आवंटन में सिर्फउन्हीं स्वयं सहायता समूहों का चयन किया जाये जो पुराने तथा पूर्णरूप से क्रियाशील हों और सम्बन्धित समूह का सही व सुचारू संचालन प्रमाणित होता हो। इसके अतिरिक्त अभियान चलाकर अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों का सत्यापन करा लिया जाय। यह निर्देश जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में सभी उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों तथा पूर्ति विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी खाद्यान्न की दुकानों के आवंटन में स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता देने के निर्देशों के क्रम में किसी भी दशा में नए स्वयं सहायता समूहों के चयन हेतु प्रस्ताव नहीं किया जाएगा। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा केवल पूर्ण रूप से सक्रिय, पुराने तथा पहले से अच्छा कार्य कर रहे स्वयं सहायता समूहों को चयनित किया जायेगा। डीएसओ वी0के0 महान ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 35 कोटे की दुकानें आवंटन हेतु रिक्त हैं जिनमें तहसील सदर में 17, करनैलगंज में 11, मनकापुर में 03 तथा तहसील तरबगंज में 03 दुकानें रिक्त हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा 15 सितम्बर 30 सितम्बर तक अभियान चलाकर अन्त्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन हर हाल में कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए सभी एसडीएम व पूर्ति निरीक्षक अन्त्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता के साथ करा लें तथा वे यह सुनिश्चित करेगें कि कोई भी अपात्र व्यक्ति अन्त्योदय कार्ड का लाभार्थी न रहने पावे। जिलापूर्ति अधिकारी वी0के0 महान ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 65 हजार अन्त्योदय कार्ड धारक हैं जिनका सत्यापन किया जाना है। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि प्राक्सी करने वाले कोटेदारों को चिन्हित किया जाय तथा बिना पर्याप्त व ठोस कारण के किसी भी कोटे की दुकान का निलम्बन अथवा निरस्तीकरण नहीं किया जाएगा। उन्होने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार आगामी अक्टूबर माह से अन्त्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 01 किलो चीनी का वितरण किया जाएगा, इसलिए डिप्टी आरएमओ चीनी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अभी से ही चीनी की सैम्पलिंग करा लें ताकि चीनी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिकायत न रहने पाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ब्लाक गोदामों पर नजर रखें तथा वितरण के समय नोडल अधिकारियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित कराएं।

## पीएम केयर्स फंड के नाम काटा फर्जी चेक

**सुल्तानपुर।** कोविड-19 के अंतर्गत कोरोना महामारी के बचाव में जहां तमाम समाजिक संस्था एवं व्यक्तिगत रूप में देश के लोगों ने पीएम केयर्स फंड में आर्थिक दान देते हुए देश हित में अनूठी पहल की थी तो वही देश में ऐसे लोग भी हैं जो बिना पैसों के भुगतान कराए ही पीएम केयर्स के नाम चेक काट कर सोशल मीडिया पर खूब झूठी वाहवाही लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। जयसिंहपुर थाने की ग्राम इमलिया सिकरा निवासी अंकित कुमार ने थाना जयसिंहपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उक्त गांव निवासी विजय सिंह सूत राम भवन सिंह मुंबई से कोरोना काल के दौरान दो अप्रैल 2020 को बैंक ऑफबड़ौदा से पीएम केयर्स फंड के खाता में 21 हजार रुपये का चेक काटकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए समाज में झूठी लोकप्रियता हासिल की थी लेकिन जब इसकी वास्तविकता सामने आई तो उक्त व्यक्ति ने काटे गए चेक का भुगतान आज तक नहीं किया। शिकायतकर्ता अंकित कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति के द्वारा पीएम केयर्स फंड के नाम चेक काट कर जो समाज एवं देश के नाम धोखाधड़ी की गई है यह वास्तव में देशद्रोह जैसे अपराध से कम नहीं है उन्होंने जैसे थाने में थानाध्यक्ष को संबोधित प्रार्थना पत्र में उक्त व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# कुड़वार पुलिस के हत्थे चढ़े चार शातिर चोर

संवाददाता। सुलतानपुर

**सर्राफा** व्यापारी की दुकान से लाखों के माल पर हाथ साफ करने वाले चार शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। चोरी के माल संग पुलिस ने धर दबोचा है।

गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के आदेश में जिले भर में चल रहे ऑपरेशन इन्द्र धनुष अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष कुड़वार अरविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में निकली पुलिस टीम चार शातिर चोरों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। बीते 14 तारीख की रात रावनिया पश्चिम में स्तिथ शिव ज्वैलर्स की दुकान पर धावा बोलते हुए शातिर चोरो लाखों का माल पार कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबन्दी कर असरोगा पावर हाउस टोल प्लाजा के करीब से चारों को पकड़ लिया। चोरों के कब्जे से पुलिस ने 18 जोड़ी पायल सफेद धातु पैक, 8 जोड़ी पायल सफेद धातु बिना पैक, 1 पायल सफेद धातु पुरानी,घुघरु सफेद धातु (128 ग्राम), कान की पेंच (217 ग्राम), काली व पीली रंग 6 गुरियादार माला, माला जोड़ने 2 पैकेट पेंच पीली बरामद किया है। पकड़े गए चोरों की पहचान अब्दुल कलाम पुत्र इम्तियाज सैय्यद, मोनू अली पुत्र नियाज अली, अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल खालिक निवासी शाहपुर सरकंडेडीह थाना धंमौर व जावेद अली पुत्र स्व इम्तियाज सैय्यद बदलापुर जिला जौनपुर के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय उप निरीक्षक शास्त्राजित प्रसाद, कांस्टेबल इमरान अहमद,दिनेश कुमार, आमिर फिरदौस शामिल रहे।

# पालिका अध्यक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में रपट दर्ज

संवाददाता। सुलतानपुर

**सोशल** मीडिया पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हदें पार कर रही है। खुद को पढ़ा-लिखा और प्रबुद्ध मानने वाले भी अशिष्टता, अश्लीलता और मर्यादा की सीमाएं लांघकर टिप्पणियां करने से बाज नहीं आ रहे। यूपी के सुल्तानपुर जिले में नगर की प्रथम नागरिक महिला पालिकाध्यक्ष के संदर्भ में सोशल मीडिया के ग्रुप चैट पर ऐसी ही एक टिप्पणी पर नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रकरण में नामजद आरोपी एक महिला सभासद का देवर है।

विवरण के अनुसार, सुल्तानपुर नगरपालिका के सभासदों ने व्हाट्सएप्प पर सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक समूह बना रखा है। जिसमें प्राय: परस्पर संवाद होता रहता है। इसी ग्रुप में गत दिवस डिहवा वार्ड की सभासद के देवर चन्द्रप्रकाश 'चंदू' ने पालिका को 'बग्घी' बताते हुए पालिकाध्यक्ष बबिता जायसवाल के लिए शर्मनाक एवं अमर्यादित टिप्पणी की। हद तो तब हो गई जब लालडिग्गी के सभासद अमोल वाजपेयी ने इस टिप्पणी को संदर्भित करते हुए '..बहुत बढ़िया शानदार' लिखकर तारीफ भी कर डाली। मामले ने तूल पकड़ लिया। पालिकाध्यक्ष बबिता जायसवाल ने प्रकरण को नारी अस्मिता व आत्मसम्मान व सभ्यता से जोड़ते हुए पुलिस कप्तान शिवहरि मीणा से शिकायत की। आखिरकार छह दिन बाद नगर कोतवाल ओमवीर सिंह चौहान ने टिप्पणीकर्ता चन्द्रप्रकाश पर नामजद करते हुए नारी अस्मिता व लज्जा का अपमान करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक कमलेश यादव को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ऊंचाहार रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेरवा निवासिनी सरिता 40वर्ष पत्नी मनोज कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे पति मारपीटएगाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे करके भगा दिया है और दूसरी शादी कर लिया है।जिसमे घायल सरिता की तहरीर पर पति व मौजूदा बहेरवा कोटेदार मनोज कुमार निवासी गांव बहेरवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

## बुखार से मौत

**ऊंचाहार रायबरेली।** क्षेत्र में लगातार फैल रहा वायरल फीवर अब लोगों की मौत का कारण बन रहा है ।इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के गांव नया पुरवा निवासी रिटायर रेलवे कर्मचारी महादेव की तेज बुखार से पीड़ित होने पर प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई है।जिनके मौत के बाद परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।

## भूमि विवाद में चलीं लाठियां

**ऊंचाहार रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे पदुम मजरे खरौली निवासिनी अर्चना 56 मनोज कुमार को भूमि के विवाद को लेकर लाठी डंडो से हमला बोलकर घायल कर दिया। जिसमे पुलिस ने घायलों की ओर से मनोज कुमार की तहरीर पर गांव पूरे पदुम निवासी रामलाल ननकू भोला पुत्र गण भारत लाल दीपक अनुपम पुत्र गण रामलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## शराब के ठेके पर उत्पात

**ऊंचाहार रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसासुर सवैया के निकट शराब के ठेके के निकट एक महिला के साथ बदसलूकी करने का मामला प्रकाश मे आया है। जिसमें महिला ने आरोप लगाया है कि शराब पीकर लोग आपस मे भिड़ंत कर रहे थे और लड़ते लड़ते हमारे घर मे घुस आए जिसका विरोध करने पर आरोपित गण एक मत होकर प्रार्थिनी के घर मे घुसकर बदसलूकी व मारपीट ए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिया है ।जिसमें पीड़िता ने कोतवाली में 10.15 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# मंडलायुक्त व डीएम सुनीं समस्याएं

संवाददाता। गोंडा



**कोविड**-19 के कारण शासन के निर्देश पर स्थगित सम्पूर्ण समाधान का आयोजन मंगलवार से पुन: प्रारम्भ हो गया। कोरोना काल के दौरान आयोजित प्रथम सम्पूर्ण समाधान का आयोजन सोशल डिस्टेंन्सिंग के अनुपालन के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर आयुक्त देवीपाटन मंडल श्री एसवीएस रंगाराव ने मंडल के जनपद बहराइच के अंतर्गत तहसील पयागपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा समाधान दिवस में उपस्थित लोगों से प्राप्त शिकायती पत्रों व आवेदन पत्रों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने इस अवसर पर लोगों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में किसी को भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वरासत के मामलों का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण करने के निर्देश देते हुए समाधान दिवस में उपस्थित राजकमल पुत्र किशोरी लाल के प्रकरण में एक सप्ताह के भीतर करवाई के जाने हेतु उप जिलाधिकारी पयागपुर को निर्देशित किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी से अविवादित लंबित बरासत के मामले की जानकारी करते हुए निर्देशित किया कि इन प्रकरणों में लेखपालों द्वारा साप्ताहिक रिपोर्ट मगाते रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि तहसील में भ्रष्टाचार की शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। आयुक्त ने समाधान दिवस में उपस्थित पयागपुर एवं विशेसरगंज के थानाध्यक्षों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था की स्थिति की जानकारी की तथा उन्हें निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। वहीं जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तरबगंज में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने सीडीओ शशांक त्रिपाठी के साथ जन शिकायतें सुनीं।

## युवक का शव पेड़ से फांसी पर लटकता पाया गया

**संताव रायबरेली।** गुरूबक्शगंज थाने की अटौरा बुजुर्ग चौकी क्षेत्र के अर्न्तगत पूरे झम्मल मजरे सुल्तानपुर खेड़ा मे मंगलवार की सुबह गांव बाहर एक युवक का शव पेड़ से फांसी पर झूलता पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अटौरा बुजुर्ग चौकी क्षेत्र के पूरे झम्मल मजरे सुल्तानपुर खेड़ा गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र राम करन उम्र(22) वर्ष का शव गाव के बाहर एक बाग मे नीम के पेड मे रस्सी के सहारे फॉसी मे झूलता पाया गया । युवक घर से रात से ही गायब था। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष गुरूबक्शगंज राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृश्यता आत्महत्या है।

# सूदखोरों ने किसान को दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**सूबे** की सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों का कर्जमाफी से किसानों को बड़ी राहत दी है लेकिन किसानों का एक बड़ा दर्द महाजनी और सूदखोरी की मार है। अधिकतर छोटे किसान अपनी समस्यायों जरूरतों के लिए सूदखोरों पर निर्भर हैंए जो उनकी जमीन को छिनकर उन्हें भूमिहीन भी बना रहे हैं।आजादी के दशकों बीत जाने के बाद भी सूदखोरी प्रथा अपने चरम पर है जिसमे फंस कर किसान और गरीब दम तोड़ रहे हैं पर प्रशासनिक अमला सब कुछ जानते हुए भी तमाशबीन की तरह इसके दुष्प्रभाव को देख अंजान बन रहा है।आज भी जरूरत मंद असहाय लोगों पर सूदखोरों की बदनियती बदस्तूर जारी है पखरौली गाँव निवासी एक अपाहिज किसान सुरेश कुमार पुत्र बैजनाथ पासी ने अपने गाँव के पूर्व प्रधान रमेश पर आरोप लगाते हुए कोतवाली डलमऊ मे शिकायती पत्र देकर अपनी जमीन व जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है शिकायतकर्ता दंपत्ति ने बताया कि 12वर्ष पहले इलाज के लिए गाँव के रमेश कुमार से 14000रू उधार लिया था जिसके व्याज के एवज मे मेरी 8विशवा भूमि को बंधक बना कर खेती करते हैं कुछ दिनो पूर्व जब मैंने पूर्व प्रधान रमेश का पैसा लेकर उनके घर गया तो पैसा लेने से इंकार करते हुए व्याज की भारी भरकम राशि का भुगतान करने या जमीन की रजिस्ट्री करने की बात कही जिसे पीड़ित सुरेश ने रजिस्ट्री करने इंकार कर दिया इतना सुनकर पूर्व प्रधान आग बबूला होते हुए सुरेश गालियाँ देते हुए घर से भगा दिया और चेतावनी देते हुए कहा कि जमीन तो तुम्हें लिखना ही होगा मैं भी देखता हूँ कौन तुमको ये जमीन मुझसे वापस दिलाता हैण् पीड़ित ने अपने साथ हुई ज्यादती की शिकायत डलमऊ कोतवाली मे किया जिस पर अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई हैण् इस प्रकरण पर कार्यवाही के बावत जानकारी के लिए कोतवाली प्रभारी से संपर्क करने पर प्रभारी द्वारा काल स्वीकार नहीं किया गया।

# एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट गेट पर फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता। सुल्तानपुर

**कांग्रेस** कमेटी से जुलूस की शक्ल में निकले छात्र युवा नेताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट गेट तक पहुँचे और सरकार का पुतला फूँका। कार्यक्रम में एनएसयूआई के आह्वान पर पहुँचे पूर्व छात्र नेता व सिने सम्वाद लेखक रितेश रजवाड़ा ने कहा कि एक तरफ देश की अर्थ व्यवस्था निरन्तर गर्त में जा रही है और पैसा लोगों की जेब से सरक कर कुछ पूंजी पतियों के लाकर तक सीमित हो गया है। व्यापार चौपट है, नौकरी के लिए छात्रों ने जो फॉर्म पहले भरे थे उसका कोई अता पता नहीं है। वहीं नई रोजगार के लिए सरकार संविदा प्रणाली लागू कर छात्रों नवजवानों के गले मे गुलामी का पट्टा पहनाना चाहती है, जिससे हर साल अधिकारियों के द्वारा निकाले जाने की धमकी देकर उनसे धन उगाही की जा सके। ये बर्दाश्त नही किया जाएगा। युवा कोंग्रेस अध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी ने कहा कि पहले ही सरकार ने 34000 अध्यापको को नौकरी से वँचित करने की प्रकिया शुरू कर दी है, विभिन्न छेत्रों से साठ लाख लोग बे रोजगार कर दिए गए हैं। रेलवे के प्राइवेटाइजेशन से रेल कर्मचारी परेशान है। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयुआई प्रशांत सिंह ने कहा के सरकार के पास रोजगार का जवाब नही है जिलाध्यक्ष मानस तिवारी ने कहा कि छात्रों के हाथ में समय पर न डिग्री की गुंजाइश है न ही रोजगार की। सरकार शून्यता की तरफ बढ़ रही है लेकिन प्रदेश का छात्र नवजवान चुप नही बैठेगा जवाब देगा। छात्र नवजवानों ने एक स्वर में सरकार के खिलाफ बिगुल फूंकने का संकल्प लिया। इस मौके पर रणवीर सिंह अपूर्व त्रिपाठी ऋषभ सिंह अभिषेक सिंह विष्णुकांत सिंह, क्रांतिवीर तिवारी,संजीव मिश्रा, अमित मिश्रा, शुभम शर्मा, अभिषेक तिवारी आदि छात्रनेता उपस्थित रहे।

## दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**करनैलगंज-गोंडा।** दस हजार के इनामी अपराधी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिये उनके अगुवाई में उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव, रणजीत यादव, सिपाही अबरार खान, अशफाक आलम, विकास यादव, अंगद राय, जोगेश्वर गौड़ की टीम क्षेत्र का भर्मण करने निकली थी। अभी चौरी चौराहे पर पहुंची ही थी, कि पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। जिसे टीम के सदस्यों ने दौड़ा कर पकड़ लिया, तलासी लेने पर उसके पास एक तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ। कोतवाल ने बताया कि पूछताछ पर उसने अपना नाम बाबू कुरेशी उर्फ अनस उर्फ शाहनवाज निवासी मोहल्ला नई बाजार कस्बा कर्नलगंज बताया। उन्होंने बताया कि बाबू के विरुद्ध अभी एक सप्ताह पूर्व धारा 386 के तहत मुकदमा दर्ज कर 10,000 रुपये का इनामी अपराधी घोषित किया गया था।

## किराना दुकान में सेंध लगाकर चोरी

**महराजगंज रायबरेली।** पूर्व कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह के जाते ही नवागत कोतवाली प्रभारी महराजगंज को चोरों चुनौती दे दी है महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के चंदापुर में स्थित एक किराना व्यवसाई की दुकान से चोरों ने बीती रात नकब लगाकर लगभग 70000 का सामान पार कर दिया है पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है बताते चलें कि महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के भौसी मजरे चंदापुर गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र राम दुलारे ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी किराना कि दुकान चंदापुर में स्थित है जहां बीती रात चोरों ने उनकी किराना की दुकान में पीछे से नकब लगाकर पांच पेटी रिफाइंड 8 बोरी अरहर की दाल एक बैग कमला पसंद गुटका एक बैग कायम पान मसाला गुटखा का उड़द दाल की बोरियां समेत चोरों ने लगभग 70000 का माल पार कर दिया है प्रार्थी शुबह अपनी दुकान पर पहुंचा तो इधर उधर सामान बिखरा पड़ा था और अपने गोदाम के अंदर गया तो देखा पीछे से नकब लगी थी यह सब देख कर दंग रह गया आनना फानन में प्रार्थी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की वही मामले कोतवाली प्रभारी महराजगंज श्री राम ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा होगा और आरोपी सलाखों के पीछे होंगे ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा अपराधियों के विरूद्ध कृत कानूनी कार्यवाही की जाएगी

## मारपीट में आधा दर्जन जख्मी

**खीरों रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गाँव जेनापुर मजरे खीरों में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही थी । इसी के कारण मंगलवार को दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले । जिसमें एक पक्ष की दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए । वहीं दूसरे पक्षे के माँ बेटे घायल हो गए । इस तरह दोनों पक्षों से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । एक घायल को नाजुक हालत में जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है ।

# उदासीनता पर हुई कार्यवाही लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदले

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**अन्य** तहसील से स्थानांतरण होकर डलमऊ तहसील आने पर तथा कुछ क्षेत्रीय लेखपालों की कार्यों में उदासीनता की शिकायत होने पर में तहसीलदार डलमऊ की रिपोर्ट को अनुमोदित करते हुए उप जिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव ने आधा दर्जन क्षेत्रीय लेखपालों के कार्य क्षेत्र में बदल दिए गए हैं। जिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव ने बताया कि महाराजगंज तहसील से स्थानांतरित होकर डलमऊ तहसील आए क्षेत्रीय लेखपाल रत्नाकर शुक्ला को डलमऊ तहसील के ग्राम कुंडवल मैं तैनाती करते हुए घुरवारा ग्राम सभा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है इसी क्रम में डलमऊ तहसील कार्यालय में संबंध क्षेत्रीय लेखपाल मनोज कुमार को रसूलपुर धरावा ग्राम व शिवम सिंह राठौर की वर्तमान तैनाती ग्राम घुरवारा से बरारा बुजुर्ग और राकेश कुमार की वर्तमान ग्राम तैनाती एहार से नई तैनाती खड़कपुर कुर्मीयाना और ग्राम मधुकरपुर प्राचीन का अतिरिक्त चार्ज एवं वीरेंद्र सिंह यादव की वर्तमान तैनाती ग्राम पिलखा के साथ ग्राम एहार का अतिरिक्त चार्ज एवं रवि चक की वर्तमान तैनाती ग्राम 12 बुजुर्ग से नई ग्राम सभा बलीपुर मैं स्थानांतरित किया गया है और सभी स्थानांतरित किए जाने वाले क्षेत्रीय लेखपालों को तत्काल नई तैनाती कार्यक्षेत्र में चार्ज लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

## स्नातक व परास्नातक की स्थगित परीक्षाएं शुरू

**सुल्तानपुर।** डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या वर्ष 2020 की स्थगित परीक्षा मंगलवार को पुनः शुरू हुई। कोरोना बीमारी के चलते यह परीक्षा स्थगित हो गई थी। प्रात: पाली में बी.ए भाग तीन बी.एस-सी एजी भाग चार एवं एम.काम फाइनल तथा द्वितीय पाली में (2-5 बजे तक) एम.ए, एम.एस-सी सभी विषयों की परीक्षा शुरू हो गई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी भीड़

### छह माह बाद शुरू हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

### बेहतर परिणाम से जनता का बढ़ेगा प्रशासन पर विश्वासः डीएम



**संवाददाता** । बस्ती

**लगभग** छह माह शुरू हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस समस्याओं को लेकर खूब भीड़ जुटी। नये आदश के तहत यह आयोजन सभागार में ना होकर खुले पंडाल में पहली बार हुआ। सोशल डिस्टिेंसिंग का ध्यान रखा गया। आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का थर्मल स्कैनिगं और सेनेटाइज करने के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया गया। सदर तहसील के प्रागंण में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे डीएम आशुतोष निरंजन ने अधिकारियों से कहा कि बेहतर परिणाम से ही आम जनता का विश्वास जीता जा सकता है। उन्होंने प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि सभी 99 प्रकरण में अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को सुनकर समस्या का निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। डीएम ने कहा कि कोविड-19 से हमारी जंग जारी है। हमें आमजनता के साथ-साथ अपने कर्मचारियों को भी सुरक्षित रखना है। कार्यालय में कोविड-19 का सभी प्रोटोकाल का अनुपालन किया जाए। लगभग छह माह बाद आयोजित हो रहे तहसील दिवस का स्वरूप काफी बदला हुआ था। तहसील दिवस का आयोजन तहसील सदर के प्रांगण में किया गया था। सभी अधिकारियों एवं शिकायतकर्ताओं के दूर-दूर कुर्सी लगाकर बैठने की व्यवस्था की गयी थी। मुख्य द्वार पर प्रत्येक आने वाले का विवरण नोट किया जा रहा था इसके बाद थोड़ी दूर पर शिकायत के पंजीकरण की व्यवस्था की गयी थी। शिकायत का पंजीकरण करने के पश्चात शिकायतकर्ता को एक टोकेन दिया जा रहा था जो मंच पर अधिकारियों के सामने सुनवाई के समय प्रस्तुत करना होता था।

## 28 दिसंबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**बस्ती**। एक तरह से सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बजा दिया। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण समय सारिणी घोषित किया गया है। 28 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 15 सिंतबर से 30 तक बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के क्षेत्रों का आंवटन, विलोपन की कार्रवाई होगी। पहली अक्टूबर से 12 नवंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना और सर्ववेक्षण करेंगे। पहली अक्टूबर से पांच नवंबर तक आनलाइन वोटर बनने के लिए आवेदन होगा, छह से 12 नवंबर तक आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच करेंगे। 13 नवंबर से पांच दिसंबर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पांडुलिपि तैयार होगा। छह दिसंबर को किए गए ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाश होगा। छह से 12 दिसंबर तक ड्राफ्ट के रुप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण होगा। छह से 12 दिसंबर तक दावें एवं आपत्तियों प्राप्त किए जाएंगे।

# राशन की कालाबाजारी में तीन कोटेदारों पर मुकदमा

### 80 दुकानों का हुआ निरीक्षण, 1.45 लाख रुपये की वसूली

**संवाददाता** । बस्ती

**तमाम** कार्रवाई और कोशिशों के बाद भी राशन की कालाबाजारी नहीं रुक रही है। राशन की कालबजारी के पीछे कोटेदार उस सरकारी व्यवस्था को जिम्मेदार मान रहे हैं, जिसमें पर्याप्त कमीशन नहीं मिलना बता रहे है। डीएसओ रमन मिश्र ने बताया कि माह अगस्त और 15 सितंबर के बीच 80 राशन की दुकानों का औचक निरीक्षण चारों तहसीलों के एसडीएम और डीएसओ की ओर से किए गए। जिनमें आठ दुकानों में अनियमितता पाई गई। इनमें गंभीर आरोप में 3/7 के तहत कुदरहा के ग्राम कोरमा के कोटेदार राजाराम, बहादुरपुर के ग्राम शेखुपुर के कोटेदार जोखूराम और मंगलवार को बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम कमरिया के कोटेदार शिवशंकर के खिलाफ डीएम के आदेश पर 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। तीन दुकानों के लाइसेंस को निलंबित किया गया। सात दुकानों के लाइसेंस निरस्त किया गया। एक लाख 45 हजार जमानत का जब्त किया गया। बताया कि कमरिया के कोटेदार की जांच एआरओ सुनीता कुमारी ने किया। इस कोटेदार पर 27 क्विंटल राशन की कालाबाजारी करने का आरोप साबित हुआ।

### खुली बैठक में होगा गौरा नया के कोटेदार का चयन

**बस्ती**। सदर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गौरा नया में हरिशंकर का कोटा दुकान निरस्त होने के बाद रिक्त दुकान पर को अधिकारियों की सांठगांठ से फिर से प्रस्ताव बनवाने का प्रयास किए जाने की शिकायत की गई है। एसडीएम सदर को की गई शिकायत में ग्राम पंचायत में नियमानुसार ग्राम पंचायत का प्रस्ताव पारित कराए जाने का आग्रह किया गया है। इसे संज्ञान में लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल नामित कर खुली बैठक के माध्यम से 22 सितम्बर को उचित दर विक्रेता के चयन के लिए प्रस्ताव की कार्रवाई नियमानुसार पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र संलग्न करते हुए निर्देशित किया है कि वे शिकायत में उल्लिखित विन्दुओं पर विशेष ध्यान देते हुए उचित दर दुकान नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण कराएं।

# एडीएम ने स्वनिधि योजना प्रगति की समीक्षा की



**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**अपर** जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद अपने कक्ष में डूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रगति की समीक्षा किया। उन्होने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शाखा प्रबन्धकों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ पात्र लाभार्थियो को उपलब्ध कराये। जिससे शासन के निर्देशो का पालन हो। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने सभी नगर निकाय को शासन द्वारा दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत सर्वे कर सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। जिससे सूची को भारत सरकार को प्रेषित किया जा सके। आनलाइन आवेदन सोमवार तक पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया।

# बचाव के साथ विकास की नीति पर काम करें: मण्डलायुक्त

### डीएम टीम बनाकर निर्माणाधीन मेडिकल कालेज की गुणवत्ता की कराएं जांच

### अपना दल की सांसद अनुप्रिया की शिकायत को मण्डलायुक्त ने गम्भीरता से लिया

**संवाददाता** । मीरजापुर

**मण्डलायुक्त** प्रीति शुक्ला ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं पर विकास कार्यक्रमों से सम्बंधित कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त ने सबसे पहले मीरजापुर व सोनभद्र में वसूली व अन्य विकास कार्यो की सराहना किए जाने सभी अधिकारियों को बधाई देते हुये कहा कि यह प्रगति आगे भी बनाये रखा जाए, ताकि प्रदेश में मण्डल सबसे अच्छे स्थान पर बना रहे।

आयुक्त ने 50 लाख रुपये से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी कार्यदायी एजेंसियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कहा कि बचाव के साथ विकास कार्य में प्रगति लायें।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो में सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराते हुये कार्य कराया जाए। निर्माणाधीन परियोजनाओं का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से समय से कार्य पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियो व विकासपरक विभाग से सम्बंधित अधिकारी फील्ड में जाकर अपने विभागीय कार्यो की जाँच कर उसमें प्रगति लायें। कहा कि अगले माह प्रगति न लाने वाले विभागीय अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

मण्डलायुक्त ने मीरजापुर में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज को जिला स्तर पर टेक्निकल अधिकारियों की टीम बनाकर जिलाधिकारी से जांच कराने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि जनपदों में सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिये सभी जिलाधिकारी अपने स्तर पर समय.समय पर जांच कराना सुनिश्चित कराएं।

## हिन्दी दिवस पर राजभाषा पखवाड़े का हुआ ई-शुभारंभ

**संवाददाता** । सोनभद्र

**भारत** सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के निदेशक कार्मिक बिमलेन्दु कुमार ने सोमवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर 14 से 28 सितंबर तक मनाए जाने वाले राजभाषा पखवाड़े का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उदघाटन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष बिमलेन्दु कुमार ने कहा कि भारत जैसे अनेकता में एकता वाले देश में हिन्दी भाषा सिर्फ संचार का एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह विविध भाषा भाषी लोगों को जोड़ने में सेतु का कार्य करती है।

एनसीएल में अधिकतर कर्मियों की मातृ भाषा हिन्दी होने के कारण उसमें कार्य करना बेहद सरल व सहज हो जाता है।

# किसी भी संक्रमित मरीज को दिक्कत ना हो: डीएम

**संवाददाता** । सोनभद्र

**एल**-1 व एल-2 अस्पताल परिसर प्रवेश व निकास के अलावा मरीजों के वार्डों को पूरा कवरेज सीसी कैमरे से किया जाय और निगरानी भी रखी जाय। जरूरत के मुताबिक आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही जरूरत के मुताबिक स्वास्थ्य कार्मिकों की व्यवस्था संविदा के आधार पर पारदर्शी तरीके से की जाए। किसी भी हाल में संक्रमित मरीजों को दिक्कत ना होने पायें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मंगलवार को कोविड-19 एल-1 व एल-2 अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान सम्बन्धितों को दिए। उन्होंने कहा कि आक्सीजन आदि की मुकम्मल व्यवस्था बनायी जाय, जिस स्तर पर व्यवस्था में ढिलाही पायी जाएगी, उनकी जिम्मेदारी भी समयबद्ध तरीके से तय की जायेगी। होम आईसोलेशन में रह रहे लोगों के नियमित देख भाल करने के निर्देश देते हुए कहा कि संभावित संक्रमित मरीजों की पहचान में तेजी लायी जाय। ब्लड कलेक्शन की संख्या बढ़ायी जाय। एक्टिव मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया करायी जाय। साफ सफाई व सेनिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने संक्रमित मरीजों का कवरेज टाइम यानी अस्पताल में भर्ती कराने की टाइमिंग बेहतर बनाने को कहा। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के अलावा मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. पीबी गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने दिव्यांगों को बांटे चश्मे

**संवाददाता** । सोनभद्र

**भारतीय** जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रुप में मना रही है। उसी क्रम में भाजपा पिछडा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक मौर्य के नेतृत्व में निर्वल दिव्यांगों को रामलीला मैदान रावर्ट्सगंज में चश्मा वितरण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के माध्यम से निर्बल लोगों में चश्मा वितरण सहित अनेक प्रकार के कार्यक्रम कर रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ रहकर देश कि सेवा करने व विश्व का नेतृत्व करने का कामना करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल नेता ही नही महान विचारक महान सुधारक एवं ऊर्जा से ओत-प्रोत हैं। कोरोना आपदा से विश्व घोर संकट से गुजर रहा है और हमारे पास इनसे निपटने के लिए संसाधनों की कमी थी। दवाये भी उपलब्ध नहीं है, तब देश के प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का स्लोगन देश के समक्ष रखा जिसे देश कि जनता एक स्वर से स्वीकार करते हुए समर्थन किया आज भारत वर्ष प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोविड-19 से संघर्ष कर रहा है और आप सब जानते है लॉकडाउन व अन्य उपायो से देश की जनता को बचाने का कार्य किया भारत ने रक्षा के क्षेत्र मे भी अनेक प्रकार आयुध व लड़ाकू विमानों के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के इस स्लोगन को पूरा कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घोरावल विधायक डा. अनिल कुमार मौर्या ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता गरीब वंचित दलित आदिवासी, एवं किसानो के मसीहा के रुप में काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता विभिन्न प्रकार के सेवा के कार्यक्रम कर इस सप्ताह को सेवा सप्ताह के रुप में आयोजित करेगा।

## राज्यमंत्री ने जरूरतमंदों को चश्मा वितरित किया

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा सप्ताह के अवसर पर खलीलाबाद सामुदायिक केंद्र पर निशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा का वितरण किया गया। प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीराम चौहान ने जरूरतमंद लोगों को चश्मा वितरित किये। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव, डॉक्टर के पी सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा, अनिरुद्ध निषाद, मंत्री प्रशांत मिश्रा, मनीराम यादव, राम नयन शर्मा, राजेश गुप्ता, आलोक सिंह, राजीव गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ताला तोड़कर सीमेंट की दुकान से 36 हजार की चोरी

**संतकबीरनगर**। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के कटबन्ध गांव में अज्ञात चोरों ने संकटमोचन बिल्डिग मैटेरियल की दुकान में ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने 36 हजार रुपये नगद चुरा ले गए। सुबह दुकान ने मालिक ने डायल 112 को सूचना दी। पीड़ित दुकानदार प्रवेश सिंह ने खलीलाबाद कोतवाली में उक्त के सम्बन्ध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के नेहिया खुर्द में स्थापित देशी सरकारी शराब की दुकान में पीछे लगे पंखा को तोड़कर उसी के रास्ते 20 हजार का देशी शराब अज्ञात चोर उठा ले गये। लाइसेंसी शराब के दुकान मालिक नेदुला निवासी राम प्रताप मौर्य ने बताया कि तबियत खराब होने के कारण वह तहरीर नहीं दे सके लेकिन चोरी की घटना से वह दुखी है। पीड़ितों ने पुलिस के गश्त पर प्रश्न चिन्ह लगाया है।

# हमारी सोच में हिन्दी होनी चाहिए: बालाजी

### एनटीपीसी रिहंद में हिन्दी पखवाड़ा के विविध कार्यक्रमों का समापन

**संवाददाता** । बीजपुर ( सोनभद्र )



**एनटीपीसी** के रिहंद स्टेशन में एक सितंबर से मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह प्रशासनिक भवन के समन्वय प्रेक्षागृह में विविध कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न किया गया। कार्यकारी निदेशक रिहंद बालाजी इस मौके पर आयंगर ने अपने संबोधन में समारोह में प्रस्तुत किए गए विविध कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि हम अपने रोजमर्रा के जीवन में अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग करके उसे आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। उन्होने कहा कि हमारी सोच में हिन्दी होनी चाहिए। हिन्दी को परिस्कृत करने के लिए हम सब को हिन्दी साहित्य का अध्ययन भी करना चाहिए। समारोह की समाप्ति पर मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों, निर्णायक मंडली एवं सहयोगियों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व अपर महाप्रबंधक केएस मूर्ति ने कहा कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का विवरण सभी के समक्ष रखा। हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित ऑनलाइन विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम विजेताओं द्वारा अपनी-अपनी मोहक प्रस्तुति दी गई जो दर्शकों द्वारा काफी सराही गयी। समारोह का संचालन कार्यपालक नैगम संचार शिक्षा गुप्ता व बी शेषन ने संयुक्त रूप से तथा धन्यवाद ज्ञापन अपर महाप्रबंधक ईईएमजी व राजभाषा कार्यान्वयन समिति सदस्य हरेराम सिंह ने किया। समारोह में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक ओ एंड एमएसी साहू, महाप्रबंधकं एम. रमेश, एके चट्टोपाध्याय, केएन रेडडी, एस कृष्णा, केसी त्रिपाठी, ई नन्द किशोर व एके पपनेजा आदि अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जल निगमकर्मियों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता** । बस्ती

**जल** निगम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। उप्र जल निगम जल संस्थान मजदूर यूनियन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर जल निगम कार्यालय में धरना देने के बाद कर्मचारियों ने रैली निकालकर समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। डीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित चार सूत्रीय कार्यालय सौंपा। जल निगम कर्मचारियों की मांग है कि स्थगित किए गए मृतक आश्रित नौकरी को बहाल किया जाय। मई से अगस्त 20 तक के वेतन का भुगतान किए जाने, एक अप्रैल 1991 से 95 तक के नियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की तिथि वर्ष 2011 किए जाने का आदेश निरस्त किए जाने, जल निगम में कार्यरत , सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 142 प्रतिशत की जगह 164 प्रतिशत लागू करने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में यूनियन जिलाध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव अंगद नाथ मिश्र, राम वचनराम, राम सुमेर, राम दुलारे गुप्ता, शिव प्रसाद मिश्र, सतीश चन्द्र, राम विलास, रंगीलाल, मो. इसराइल, गिरीश चन्द्र, राजेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, गोपाल कृष्ण, तेज प्रकाश व अन्य शामिल रहे।

# जनपद के तीनों तहसीलों में 158 मामले आए

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में नवनिर्मित खलीलाबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने एक-एक फरियादी से व्यक्तिगत तौर पर रूबरू होते हुए उनकी शिकायत सुनी तथा सम्बन्धित अधिकारी को अविलम्ब एवं गुणवत्तायुक्त समाधान कराने का भी निर्देश भी दिया। उन्होंने प्राप्त सभी शिकायतों एवं लम्बित प्रकरणों का समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारीगण आवश्यकतानुसार स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा शिकायतकर्ता को सुनकर आपसी सुलह समझौतों से विवादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सार्वजनिक भू-सम्पत्तियों चकमार्गों आदि पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। शिकायती मामलों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करा दिया जाये तथा अधिक समय से लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारणों का भी उल्लेख किया जाये। समाधान दिवस में मिले संदर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच के लिये औचक रूप से शिकायतकर्ताओं से उनके मोबाइल नम्बर पर बात भी की जाये। आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 मामले प्रस्तुत किये गये, जिसमें चार मामलों का मौके पर ही अधिकारियों के प्रयास से मौके पर तत्काल निस्तारण करा दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, एसीएमओ डा. मोहन झा आदि मौजूद थे।

## मदरसा आधुनिक शिक्षकों को नहीं मिला 50 माह का केन्द्रांश

**बस्ती**। अखिल भारतीय मदरसा आधुनिक शिक्षक संघ की बैठक में 50 माह का केन्द्रांश नहीं मिलने का मुद्दा छाया रहा। मदरसा आधुनिक शिक्षको ने केन्द्र सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। कहा कि केन्द्रांश न मिलने से मदरसा शिक्षक भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। उनके घरों में चूल्हा जलना तक दूभर हो गया है। संघ जिलाध्यक्ष मेंहदी हसन ने कहा कि केन्द्रांश के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उच्चाधिकारियों से अनेकों बार गुहार लगाए जाने के बावजूद उनकी सुधि नहीं ली जा रही है।कोरोना वायरस के संकट के बीच मदरसा आधुनिक शिक्षक मानसिक यंत्रणा के दौर से गुजर रहे हैं। प्रदेश के लगभग 40 से अधिक शिक्षक मानसिक प्रताड़ना के चलते मौत के मुंह में समा चुके हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का सरकार का नारा केवल छलावा साबित हो रहा है। मदरसा आधुनिक शिक्षक 50 माह का केन्द्रांश मानदेय पाने के लिए गुहार लगा कर थक चुके है।

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में लगा हेल्थ कैंप, हुई जांच



**बस्ती। कोर्ट** एरिया स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. वीके श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य षिविर का आयोजन हुआ। उप्र राज्य आयुष सोसायटी के निर्देश पर राष्टीय पोषण मिशन के तहत किशोरी बालिकाओं तथा बच्चों का परीक्षण हुआ। जिसमें परीक्षणकर औषधि का वितरण किया गया। 110 को निशुल्क दवा दी गई। लोगों को पोषणयुक्त भोजन और कोविड-19 से बचाव के उपयोग की जानकारी दी गई। इस षिविर में चिकित्सालय के पैरा मेडिकल स्टाफ अनिरुद्ध त्रिपाठी, अर्जुन गुप्त, मंजू लता ओझा, मिथिलेश पांडेय, रामचंद्र और राम अवतार सहित अन्य ने सहयोगी की भूमिका निभाई।

### दो पक्षों मे मारपीट

**सिद्धार्थ नगर।** खेसरहा ब्लॉक के करहवा गांव में दो पक्षों रामरतन निषाद व रंगीलाल निषाद मे जमकर हुई मारपीट ।मारपीट का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है जिसमें रामरतन निषाद की पत्नी उनका पुत्र व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गये।मौके पर जनसत्ता दल के युवा जिलाध्यक्ष राजकुमार चौधरी घायलों को बेलौंहा अस्पताल ले गये।तत्पश्चात राम रतन की पत्नी एवं पुत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलौंहा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वहीं दूसरे पक्ष में रंगीलाल के पुत्र एवं पुत्री घायल हुए हैं। मामला खेसरहा थाना पहुंचा जिस पर आगे की कार्यवाही हो रही है।

### पीएनबी बैंक में कड़ाई से पालन, एसबीआई में तमाशबीन अधिकारी

**सिद्धार्थनगर।** कोरोना के दौर में कोविड का पालन कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैए लेकिन मातहत इसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। शोहरतगढ़ में बैंकों में उपभाक्तों की भीड़ उमड़ रही हैए लेकिन कहीं इसका कड़ाई से पालन हो रहा है तो कहीं धज्जियां उड़ाई जा रही है। पीएनबी व एचडीएफसी बैंक में कड़ाई से पालन हो रही है तो एसबीआई बैंक में इसकी धज्जियां उड़ रही है। शोहरतगढ़ में रेलवे स्टेशन के समीप पंजाब नेशलन बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं को कोविड का पालन कराते हुए उपभोक्ताओं का काम किया जा रहा है। ।

### डीआईओएस ने स्कूल संचालकों को दिया निर्देश

**जौनपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्योंध्प्राचार्यों को अवगत कराया गया है कि प्रत्येक संस्था को मास्टर डाटा डिजिटल लाक के उपरान्त संबंधित संस्थाओ को संशोधन करने हेतु रिसेट का आप्सन उपलब्ध है परन्तु यह आप्सन संस्था द्वारा मास्टर डाटा लाक करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर तक ही कार्य करेगा। मास्टर डाटा सत्यापित करने हेतु विश्वविद्यालयध्अफलिएटिंग एजेंन्सी के स्तर पर आगामी 1 अक्टूबर के उपरान्त संस्था स्तर से मास्टर डाटा में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाना समभव नही हो सकेगा।

### हर्षिता दिव्यांग स्कूल के बच्चों को दिये गये पुस्तक

**बक्शा, जौनपुर।** हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल प्रशिक्षण केंद्र बक्शा में जिला विकलांग अधिकारी सुरेश चंद्र मौर्य द्वारा दिव्यांग बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। साथ ही कहा गया कि ऐसे बच्चों की मदद हम सभी को करनी चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अभिभावक को कोरोना से बचने के लिए माक्स सेनेटाइजर हमेशा प्रयोग करने के सुझाव दिए। इस मौके पर संस्था के प्रबन्धक विनोद माली ने बताया कि ऐसे दिव्यांग बच्चों की सेवा ही मेरे जीवन का लक्ष्य है।

### कृष्ण बने यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**जौनपुर।** इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवास व प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय के अनुमोदन पर जिले के पवारा क्षेत्र निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला पुत्र डाण् रामरूप शुक्ल को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोनयन पर कृष्ण कुमार शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खुशी जतायी है।

### आनलाइन रोजगार मेले के आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी वकील अहमद अंसारी ने बताया है कि निजी क्षेत्र की विविध सेक्टरों की कम्पनियों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में 18 से 21 सितम्बर ;मेला आई0डी0.3313द्धए 24 से 26 सितम्बर ;मेला आई0डी0.3314द्ध एवं 28 से 30 सितम्बर 2020;मेला आई0डी0.3315द्ध को पूर्वान्ह् 10030 बजे से घर बैठे आनलाईन रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार मेले में रोजगार के इच्छुक प्रतिभागियों को जिला सेवायोजन कार्यालयए देवरिया आने की आवश्यकता नही हैए कम्पनी के एच0आर0 द्वारा आवेदक बेरोजगार के मोबाइल नम्बर से ही घर बैठे साक्षात्कार लिया जायेगा एवं उसका चयन किया जायेगा। आवेदक अपने यूजर आइडी के माध्यम से सेवायोजन के वेबपोर्टल पर अपने योग्यता अनुरुप कम्पनी में आवेदन कर सकते है।

### सप्ताह सेवा के दौरान वितरित किया गया नि:शुल्क चश्मा

**धानापुर,चन्दौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन अवसर के उपलक्ष में सप्ताह सेवा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत ब्लॉक मुख्यालय पर दूसरे दिन 150 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा 135 लोगों को नि:शुल्क चश्मा वितरित किया गया। क्षेत्रीय विधायक सुशील सिंह ने सभी लोगों को चश्मा वितरित करने के दौरान कहा कि असहायों और गरीबों के लिए यह सरकार आये दिन नये योजनाओं को क्रियान्वयन कर लाभ पहुंचा रही है। सेवा सप्ताह आगामी 20 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस मौके पर सत्यवान मौर्याए अजय सिंहए राणा प्रताप सिंहए विमल सिंह दादाए सोनू तिवारीए अरविंद मिश्राए हरिनाथ यादवए अरुण जायसवालए गुड्डू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अनियमितता पर खाद-बीज की तीन दुकानें निलंबित



## नवागत जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने किया छापेमारी

संवाददाता। मऊ

**नवागत** जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल के निर्देश पर कृषि विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को जिले के चारों तहसीलों पर स्थित दर्जनों खाद व बीज की दुकानों पर छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान अनियमितता पाए जाने पर तीन दुकानों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही तीन दुकानदारों को चेतावनी दिया गया। वहीं टीम के सदस्यों ने विभिन्न स्थानों से 11 नूमनों को जांच के लिए मुख्यालय भेज दिया। जबकि कई स्थानों पर दुकानदार छापेमारी की सूचना पाते ही दुकानें बंद करके भाग निकले। कृषि विभाग व प्रशासन की टीम द्वारा संयुक्त रुप से छापेमारी से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। शासन के निर्देश पर मंगलवार को नवागत जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल ने कार्यभार संभालते ही खाद.बीज की दुकानों की गुणवत्ता परखने को लेकर कृषि विभाग को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर के चारों तहसीलों पर कृषि विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने दर्जनों स्थानों पर छापेमारी किया। छापेमारी के क्रम में सदर तहसील में उपकृषि निदेशक एसपी श्रीवास्तव व जिला गन्ना अधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी किया गया। इस दौरान 15 दुकानों पर छापेमारी करते हुए जांच के लिए पांच नमूने लिए गए। उधर घोसी तहसील क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार व सहायक निदेशक मत्स्य के नेतृत्व में छापेमारी किया गया। टीम के सदस्यों ने सात दुकानों पर छापेमारी करते हुए जांच के लिए दो नमूने लिए। वहीं तीन दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही तीन दुकानों को सख्ती के साथ चेतावनी दिया गया। जबकि छापेमारी की सूचना पाते ही कुछ दुकानदार दुकान बंद करके भाग निकले। वहीं मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र में भूमि संरक्षण अधिकारी रामकिशोर व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉण् आरपी सिंह नेतृत्व में पांच दुकानों पर छापेमारी किया गया। इस दौरान जांच के लिए दो नमूने लिए गए।

# पुलिस अधीक्षक ने ग्रहण किया कार्यभार

## कानून-व्यवस्था को लेकर जारी किया निर्देश

संवाददाता। मऊ



**नवागत** पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान नवागत पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर गहन समीक्षा करते हुए अपराधियों के खिाफसख्त कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया। 2012 बैच के आइपीएस घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि कानून.व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त रखना ही उनकी प्राथमिकता है। बताते चलें कि 18 अगस्त को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य का स्थानान्तरण प्रतापगढ़ के लिए कर दिया गया था। इसके बाद मनोज कुमार सोनकर ने नए पुलिस अधीक्षक के रुप में कार्यभार ग्रहण किया। लेकिन सिर्फछब्बीस दिन के भीतर ही शासन द्वारा उनका स्थानान्तरण करते हुए कासगंज के पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान को मऊ के नए पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपा गया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा करते हुए अपराधियों से सम्बंधित रिकार्ड को तलब किया। वहीं पुलिस अधिकारियों को सख्ती के साथ अपराधियों के खिलाफकार्रवाई का निर्देश जारी किया।

### किचन क्वीन ऑफ द जौनपुर का पहला खिताब सीमा गुप्ता के नाम

**जौनपुर।** फूड ब्लॉगिंग चैनल स्वाद ए जौनपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन कुकिंग कम्पटीशन किचेन क्वीन ऑफ द जौनपुर का खिताब सीमा गुप्ता ने अपने नाम किया। साथ ही प्रियंका गिरी व ज्योति श्रीवास्तव क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। इसके साथ प्रायोजक होम किचन रेटोरेंट व डीडीएस संस्था की प्रबंधक आरती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से अन्य सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भोजपुरी फिल्म अभिनेता निसार खान ने विजेता को पुरस्कृत किया। अतिथि के रूप में मौजूद सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक मयंक ने महिलाओं के लिये इस प्रयास की खूब सराहा। साथ ही स्वादएजौनपुर चैनल के संचालक व कार्यक्रम आयोजक अमन जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# देर रात जिलाधिकारी ने की कोविड कन्ट्रोल रुम में समीक्षा

## दिये आवश्यक निर्देश

## डाटा फीडिंग का कार्य शतप्रतिशत अनिवार्य रुप से हो सुनिश्चित : डीएम

संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने सिगंल कान्ट्रेक्ट ट्रेस्टिंग/डबल कान्ट्रेक्ट ट्रेस्टिंग एवं होम आईसोलेशन के डाटा अपलोड कार्य को शतप्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश एसीएमओ डा.डीवीशाही को दिया है।
उन्होने कहा है कि ब्लाकवार पाजिटिव मरीजो का डाटा प्राप्त कर यथाशीघ्र अपडेट करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने आरआरटी टीम को जांच कार्यो में और सक्रियता लाये जाने का निर्देश दिया है। 'जिलाधिकारी अमित किशोर' कल देर रात्रि कोविड कन्ट्रोल रुम में कोविड कार्यो की गहनता से समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिये। कहा कि सभी अधिकारीध्कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। उन्होने आरआरटी टीम को सर्वे कार्य सहित पूरी तत्परता से किये जाने तथा होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों का फीडबैक और संक्रमितो का सर्वे टेस्टिंग आदि की कार्यवाही प्रभावी तरीके से सुनिश्चित किये जाने को कहा। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को सत्त अनुश्रवण किये जाने के निर्देश भी दिये। कन्ट्रोल रुम में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को संक्रमितो के मोबाइल पर सम्पर्क कर उनसे खाना, दवा, इलाज आदि की जानकारी समय समय पर प्राप्त करके फीडबैक लिये जाने का निर्देश दिया।
बैठक में' साफसफाईए कान्ट्रेक्ट ट्रेस्टिंग एवं भर्ती मरीजो को गुणवत्तापूर्ण भोजन आदि सुचारु रुप से उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसके लिये जिलाधिकारी ने जुडे कर्मियों को आगाह भी किया। 'बैठक में' मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सुमित यादव, एडीएम प्रशासन राकेश पटेल सहित कन्ट्रोल रुम प्रभारी, डीसीपीएम, एसीएमओ गण, अन्य संबंधित तैनात अधिकारी/ कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## भाटरपाररानी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ प्रथम तहसील समाधान दिवस



**देवरिया।** शासन की मंशा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण होए इसके अनुरुप सभी अधिकारी व कर्मचारी जन समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। यह भली.भांति सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी अमित किशोर, पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति के साथ लाकडाउन के पश्चात् भाटपाररानी में आयोजित प्रथम तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता के दौरान उक्त आशय के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराये के लिये पुन: तहसील एवं थाना समाधान दिवस आयोजित कराये जाने का निर्देश दिया गया है। इसके क्रम में आज प्रथम तहसील दिवस का आयोजित हुआ। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित प्रकरणों को अगले तहसील दिवस तक अनिर्वाय रुप से निस्तारित करें। अगले तहसील दिवस में राजस्व व पुलिस कर्मियों की टीम मौके पर जायेगी और प्रकरणों का निस्तारण करेगी। उन्होने इसके लिये उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि 10 क्यूआरटी टीम का गठन करेगेंए जिसमें राजस्व व पुलिस विभाग की टीम रहेगी। उनके साथ कोई एक जिला स्तरीय अधिकारी भी मौके पर जायेगा और समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करायेगा। उन्होने अगले तहसील दिवस में जन कल्याणकारी योजनाओं से जुडे विभागो को भी अलग.अलग स्टाल लगाकर प्रार्थना पत्रों को लिये जाने तथा उसका समाधान किये जाने का निर्देश दिये। उन्होने यह भी कहा कि अगले तहसील दिवस से स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। उन्होने भाटपाररानी की खराब सड़क को गंभीरता से लिया एवं इसके लिये अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी अशोक कुमार को निर्देश दिया कि आज सायं तक उसका निरीक्षण कर उसका रिपोर्ट उपलब्ध करायें और निर्माण में जो दिक्कत हो उसे अवगत करायें। हर हाल में इसका निर्माण होना चाहिये। पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने पुलिस विभाग से जुडे समस्याओं को सुना तथा उसका त्वरित समाधान किये जाने का निर्देश पुलिस अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को दिया।

# ग्राम पंचायत जमुनी पाठक में चोरों ने की जेवरात समेत लाखों की चोरी

**डुमरियागंज- सिद्धार्थनगर।** पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनी पाठक मे बीती रात चोरों ने घर मे घुसकर नकदी और गहनों पर हाथ साफकरने के बाद फुर्र हो गए। पीडित परिवार ने घटना की सूचना स्थानीय थाने को दे दी है।सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थलीय जांच कर ली है। ग्रामसभा जमुनी पाठक में रामविलास पाठक पुत्र काली प्रसाद के घर के लोग तकरीबन 11: 00 बजे रात तक भोजन करने के बाद बिस्तर पर सोने के लिए चले गए। सुबह लगभग 4: 00 के बीच जब उठे तो दरवाजे , खुले थे घर के अंदर सामान बिखरे थे । यह देखकर रामफल पाठक की नतनी अंकिता पाठक ने अपने भाई अनूप पाठक को अवगत कराया। अनूप पाठक ने गाँव के लोगों को जानकारी देते हुए थाना क्षेत्र पथरा बाजार को इस घटना की सूचना दी ।और 112नं पर भी अपने आप बीती घटना को अवगत कराया ।

### छह माह से अधूरी नाली निर्माण के लिए दौड रहे ग्रामीण, अवैध कब्जाधारी उत्पन्न कर रहे अवरोध

**सिद्धार्थनगर।** तहसील व विकास खंड इटवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कठेला जनूबी के टोला आलम नगर बनकटा मे अशोक कुमार के घर से दक्षिण सरकारी गड्ढे तक प्रस्तावित सरकारी नाली का निर्माण अभी तक नही हो सका जबकि तीन हिस्सा बनकर तैयार है और लोगों के घरों से पानी भी आ रहा है।अधूरी नाली के कारण जल प्रवाह का कोई मार्ग न होने के कारण सडक पर प्रवाहित होता रहता है जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है।पिछले छह माह से यही आंख मिचौली का कार्य संबंधित द्वारा किया जा रहा है पूर्ण नाली का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी मद से कराया गया है कुछ अंश शेष रह गया है जिसके निर्माण में विवाद का बहाना बनाकर नजरअंदाज किया जाता रहा है।इस संबध मे ग्रामीणों द्वारा अनेको बार कहा गया लेकिन किसी प्रकार का ध्यान समस्या समाधान के लिए नहीं किया गया ।

## तहसील दिवस की शिकायतों का निस्तारण सात दिनों के अंदर होः डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह की अध्यक्षता में मड़ियाहूं तहसील में तहसील दिवस संपन्न हुआ। तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण 7 दिन के अंदर करें। तहसील दिवस में अधिकतर भूमि विवाद के मामले प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भूमि विवादों का निस्तारण करेगी। आज तहसील दिवस में कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस के अवसर पर सभी से कोरोना संक्रमण से बचने की अपील करते हुये उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाएं। तहसील दिवस में कुल 161 प्रार्थना.पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 04 प्रार्थना.पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मड़ियाहूं संजय मिश्राए परियोजना निदेशक अरविंद सिंहए जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंहए तहसीलदार मड़ियाहूं ज्ञानेंद्र सिंहए क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं सहित अन्य जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवरिया विस निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2020 आचार संहिता का पालन कराये जाने की टीम गठित

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अमित किशोर ने सदर विधानसभाग के उप निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता का पालन कराये जाने के लिये टीम का गठन कर दिया है। उन्होने यह भी कहा है कि माडल कोड कन्डक्ट टीम निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रचलित होगीए जो निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आदर्श आचार संहिता का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु पूर्णतया उत्तरदायी होगी। जिलाधिकारी श्री किशोर ने बताया कि इस माडल कोड कन्डक्ट टीम में उप जिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह मोबाइल नम्बर 9454416256, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय मोबाइल नम्बर 9454401406, तहसीलदार देवरिया आनन्द नायक,मोबाइल नम्बर 9454416263,राजस्व निरीक्षक गौरी बाजार अरविन्द तिवारी मोबाइल नम्बर 950669943, एवं राजस्व निरीक्षक बैतालपुर दुर्गेश प्रसाद गौड मोबाइल नम्बर 6387517265 को नामित किया है।

### 17 सितंबर को दीवानी न्यायालय में रहेगा अवकाश

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश श्री रवि नाथ ने प्रशासनिक आदेश संख्या 240ध्2020 द्वारा यह अवगत कराया है कि मोहर्रम अवकाश 30 अगस्त 2020 दिन रविवार को थाए जिसके एवज में 17 सितम्बर दिन बृहस्पतिवार को पितृ विसर्जन पर अतिरिक्त अवकाश की मांग डिसिक्ट्रिक बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट द्वारा किया गया है। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार इस परिप्रेक्ष्य में आगामी 17 सितम्बर दिन बृहस्पतिवार को पितृ विसर्जन पर एक दिन का अतिरिक्त अवकाश रहेगा।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एक प्रार्थना पत्र का हुआ निस्तारण

**सकलडीहा,चन्दौली।** कोरोना काल में पहली बार मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में फरियादियों की अधिकारियों ने समस्या से रूबरू हुए। इस दौरान सभी अधिकारी सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए समस्या का निस्तारण में जुटे रहे। इस मौके पर कुल 43 प्रार्थना पत्र में मात्र एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। लम्बे अंतराल के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शुरू होने पर फरियादियों को न्याय की उम्मीद जगा है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतों का निस्तारण

**मछलीशहर, जौनपुर।** उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह की अध्यक्षता में तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 95 शिकायतें आईं जिसमें 10 का निस्तारण मौके पर किया गया। साथ ही भूमि सम्बंधी शिकायतों की अधिकता रही।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन को भाजपा सेवा के रूप में मना रही है : जयप्रकाश

## बीजेपी ने सेवा सप्ताह के दूसरे दिन 130 लोगों में वितरित किया चश्मा

संवाददाता। देवरिया



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांवए गरीब के लिये ही काम करती है।हम सभी चाहते तो प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन किसी तरह से मना सकते थे लेकिन पार्टी ने तय किया कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में समाज के हित का काम करते हुये मनायेंगे। इसीलिये आज ऐसे लोगो को नि:शुल्क आंख जांचकर चश्मा वितरित किया जा रहा है जो स्वयं चश्मा नही बनवा सकते। उक्त बातें राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर पर मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तहत भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा जिलापंचायत सभागार में आयोजित नि:शुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की सारी योजनायें गरीबो के हित मे रखकर बनायी गयी है और उसका लाभ समाज के नीचे तबके तक पहुचे यह भी सुनिश्चित किया गया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चिरंजीव चौरसिया ने कहा कि पार्टी ने प्रधानमंत्री जी के 70 वे जन्मदिन पर तय किया था कि 70 लोगो को चश्मा वितरित किया जायेगा लेकिन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आज 120 लोगो को चश्मा वितरित किया जा रहा हैएयह खुशी की बात है।भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल और केवल सेवा के भाव को लेकर काम करता है।भाजपा कार्यकर्ता के लिये सत्ता सुख का साधन नही सेवा का माध्यम है।जब कोरोना के वजह से पूरा देश बन्द था लोग घरों में थे उस समय भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी परवाह किये बिना लोगो की सेवा मेंएमदद में जुटा था। विधायक काली प्रसाद ने कहा कि वंचितोंएशोषितों के भले का भाव लेकर भारतीय जनता पार्टी और उसके कार्यकर्ता काम करते है।उसी भाव से भाजपा की सरकार भी काम करती है। अध्यक्षता करते भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### सपा के पूर्व मंत्री मनोय पांडेय व पवन पांडेय का राहुल त्रिपाठी ने किया स्वागत

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री मनोय पांडेय व पवन पांडेय का जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। यह स्वागत सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व के मुंगराबादशाहपुर.जौनपुर की सीमा पर हुआ। इस मौके पर पाण्डेयद्वय ने कहा कि आज भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। खासकर ब्राह्मण समाज की जिनकी लगातार हत्या हो रही है। वहीं योगी जी हत्यारों को सह दे रहे हैं। आज ब्राह्मण समाज अपने को बहुत ठगा महसूस कर रहा है। आने वाले समय में ब्राह्मण समाज एक.एक बदला लेगा।

### निषाद पार्टी ने आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** जिला कार्यालय में निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ;निषाद पार्टीद्ध में भारतीय जनता पार्टी के आरक्षण देने के वादे को याद दिलाने के लिए जिला कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अमरनाथ केवट के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए गृह मंत्री अमित शाहए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

# रेलवे आरक्षण केन्द्र को लेकर कराया गया हस्ताक्षर अभियान



संवाददाता। चंदवक, जौनपुर

डोभी रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर के लिए समाजसेवी अजीत सिंग ने चंदवक बाजार में तकरीबन 500 लोगों का हस्ताक्षर कराकर लोगों से सहमति मांगी। बता दें कि विगत 6 सितम्बर को समाजसेवी अजीत सिंह काफी लोगों के साथ डोभी रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर लोगों को हो रही परेशानियों को जाना। साथ ही वहां पर रिजर्वेशन काउन्टर न होने से अपना विरोध जताते हुये कहा कि रिजर्वेशन काउन्टर के लिए मुहिम छेड़ी जाएगी और जिलाधिकारी व रेल मंत्री से मिलकर हो रही परेशानियों से अवगत कराया जायेगा। बता दें कि डोभी रेलवे स्टेशन का निर्माण आजादी के 43 साल पहले यानी 21 मार्च 1904 में किया गया था लेकिन तब से लेकर आज तक 116 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। ऐसे में लोगों को रिजर्वेशन टिकट के लिये 45 किलोमीटर दूर वाराणसी जाना पड़ता है जो एक सोचनीय विषय है। उन्होंने कहा कि अगर आबादी की बात की जाय तो 4 जिलों को जोड़ने वाला स्टेशन डोभी है जिसकी कुल आबादी तकरीबन 5 लाख बताई जाती है। ऐसे में इस रेलवे स्टेशन पर आरक्षण केन्द्र खुलना अति आवश्यक है। इस अवसर पर राजेश सिंह, पिंटू, संदीप प्रजापति,सौरभ सिंह,सर्वेश सांवरिया, विकास, शिशु वर्मा, आदित्य सिंह,मनोज कुमार, गौरव पाण्डेय मौजूद रहे।

### भुगतान न होने से परेशान कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता से की मुलाकात

संवाददाता। गाजीपुर

जनपद में मंगलवार को विद्युत मजदूर पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल जिला मंत्री अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अदित्य पांडेय आमघाट से मिलकर कर्मचारी समस्याओं के संबंध में पत्रक दिया संगठन के नेताओं ने पत्र के माध्यम से मांग किया कि पूर्व में युवा शक्ति नामक एक कंपनी जनपद में कंप्यूटर ऑपरेटर का टेंडर लेकर कार्य करा रही थी और उस कंपनी द्वारा आज तक पिछले वर्ष का लगभग 6 महीने का कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं मीटर रीडरों, सुपरवाइजरो का भुगतान बकाया है। इसको तत्काल भुगतान कराया जाए साथ ही साथ वर्तमान कंपनी भारत इंटरप्राइजेज द्वारा कर्मचारियों को मानक के हिसाब से भुगतान नहीं किया जा रहा है।

# समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन



संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

लेहरा मनिहरा ड्रेन सहित अन्य समस्या को लेकर किसान यूनियन लामबंद है। मंगलवार को खड़ेहरा गांव के रामजानकी मंदिर पर सभा कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन से समस्या का शीध्र निस्तारण नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि लम्बे समय से लेहरा मनिहरा ड्रेन की साफसफाई की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया। हर बार अधिकारियों ने समस्या निस्तारण का कोरा आश्वासन दिया। यही नही खड़ेहरा गांव में जर्जर तारों के कारण सिंचाई कार्य बाधित है। खड़ेहरा गांव के हनुमान मंदिर के समीप सकलडीहा चहनिया मार्ग पर पुलिया ध्वस्त होगयी है। खाद बीज की समस्या बनी हुई है। किसानों को बीज खरीद का सब्सिडी भी नही मिल रहा है। आक्रोशित किसानों ने सभा कर विभागीय अधिकारियों के खिलाफनारेबाजी किया।

# सपा नेता सहित आठ लोग नामजद व 40 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**गाजीपुर।** मांगों का ज्ञापन देने को लेकर सपाइयों और पुलिस के बीच पहले तीखी झपड़ए इसके बाद हाथापाई के मामले में पुलिस ने आठ नामजद और चालीस से पचास अज्ञात लोगों के खिलाफमंगलवार को मुकदमा पंजीकृत किया। इस संबंध में सदर कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस से हाथापाई और शांतिभंग में 8 नामजद और 40.50 अज्ञात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई है। संबंधितों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि सोमवार को दिन में करीब साढ़े 11 बजे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर पार्टी के यूथ फ्रंटल समाजवादी युवजन सभाए समाजवादी लोहिया वाहिनीए समाजवादी छात्र सभाए समाजवादी यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किसानोंए नवजवानोंए बेरोजगारों की समस्या को लेकर ज्ञापन देने के लिए सपा कार्यालय पर एकत्र थे। उधर ज्ञापन देने सिर्फपांच लोग जाएए इसलिए इन्हें रोकने के लिए सपा कार्यालय के पास का इलाका पुलिस छावनी में तब्दील था। जैसे ही सपाई निकलना चाहे थेए पुलिस ने उन्हें रोक लिया था। इसको लेकर पुलिस और नेताओं.कार्यकर्ताओं में तीखी झड़प शुरु हो गई थी। सपाई ज्ञापन देने की जिद्द पर अड़े थे। जबकि पुलिस ने उन्हें रोकने की जिद्द पर। काफी देर तक तीखी झड़प का दौर चला था। इसी बीच सपाई सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए जोश से लबरेज होकर पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से हाथी-पाई करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय की तरफसे बढ़ गए थे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार 16 सितंबर, 2020



# पीड़ितों की समस्याओं का हल शीघ्र करें: डीएम

### जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया



**संवाददाता**। अमेठी

**मंगलवार** को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में खुले मैदान एवं कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की जन समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाए और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं जिसमें अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जायें। ताकि समय रहते मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

डीएम ने निर्देश दिए कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें मौके पर दो का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील मुसाफिरखाना में 69 शिकायतें, तहसील अमेठी में 48 शिकायतें, तहसील तिलोई में 44 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व की चार संयुक्त टीमें भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपन-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर पुलिस से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह व विकास से संबंधित प्रकरणों को मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

## प्राथमिकता के आधार पर करें जनसमस्याओं का निस्तारण: डीएम



**बाराबंकी** । छह माह बाद मंगलवार को तहसील नवाबगंज में आयोजित समाधान दिवस की जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह ने अध्यक्षता की। जनसुनवाई करते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। इसके बाद उन्होंने फरियादियों की फरियाद एक.एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण में पारदर्शिताए गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाये।सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल 125 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें मौके पर नौ प्रार्थनापत्रों के प्रकरण का निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 28, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 33, विकास विभाग से सम्बन्धित 12, चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित तीन, विद्युत विभाग से सम्बन्धित छह, नगर पालिका व नगर पंचायत से सम्बन्धित सात तथा अन्य विभाग से सम्बन्धित 36 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

## फरियादी की संतुष्टि ही समस्या का समाधान: डीएम

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या का समुचित समाधान है। मौके पर पहुंचकर मातहत शिकायतो का व्यवहारिक निस्तारण कराकर ही आख्या दें। डीएम डा. रूपेश कुमार ने मंगलवार को यहां तहसील समाधान दिवस मे मातहतों को शिकायत के निस्तारण बाबत गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण के कडे निर्देश दिए। समाधान दिवस मे दोपहर अचानक डीएम के आ धमकने से सभागार मे हडकंप मच गया। डीएम ने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका खंगाली तो पांच अफसर समाधान दिवस से अनुपस्थित पाए गये। इनमे उप मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक अभियंता नलकूप, एई जलनिगम, एई आरईएस तथा एसओ जेठवारा की अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए एसडीएम से स्पष्टीकरण लेकर आख्या तलब की है। इसके पहले सभागार मे फरियादियों की बेतरतीब भीड़ देखकर डीएम ने एसडीएम व सीओ के प्रति तल्ख हो उठे। डीएम की नाराजगी देख अफसरों ने फरियादियो की सुनवाई एक एक कर सोशल डिस्टेसिंग के मानक के बीच शुरू कराई। समाधान दिवस मे अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश द्विवेदी ने पुलिस से जुडी शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस मे कुल पचहत्तर शिकायतें पाई गई। इनमे से दो का अफसरो ने निस्तारण किया।

## कोविड-19 की रोकथाम के लिए चलाया जाएगा संयुक्त अभियान

**अमेठी**। अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में कोरोना मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के दृष्टिगत जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संक्रमण को रोकने हेतु निर्गत गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। अभियान के दौरान समस्त सार्वजनिक स्थलोंए बाजारों आदि पर मास्क का प्रयोग न करने व सामाजिक दूरी का पालन न करने वाले व्यक्तियों, अकारण समूह बनाकर खड़े रहने, इधर-उधर घूमने वालों के विरुद्ध तथा मास्क, सैनिटाइजर, पानी व साबुन आदि न रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि उप जिला मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो घंटे अभियान चलाएंगे।

## पूर्व विधायक ने मृतक दिव्यांग किसान के दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई की मांग की



**संवाददाता**। बाराबंकी

**समाजवादी** पार्टी के पूर्व विधायक रामनगर रावत ने असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरे टोड़ी मजरे कस्बा पैगंबरपुर के निवासी मृतक दिव्यांग किसान रामराज के बैंक प्रशासन की लापरवाही से मौत की निष्पक्ष जांच व मृतक परिवार को मुआवजा दिलाने के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में बैंककर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई व मृतक परिजनों को अजीविका चलाने के लिए 25 लाख रुपए मुआवजा दिलाने की भी मांग की गई है, साथ ही चेतावनी दी है कि उक्त मामले में शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई व आर्थिक सहायता जिला प्रशासन द्वारा ना मिली तो पूरी सपा सड़कों पर उतर कर संघर्ष का रास्ता अख्तियार करेगी और इस परिवार को न्याय दिलाने का काम करेगी। ज्ञात हो कि 11 सितंबर को दिव्यांग किसान रामराज पुत्र इनाई उर्फ गजई (लगभग 50 वर्ष) ग्राम पुरे टोडी मजरे कस्बा पोस्ट पैगंबरपुर थाना असंद्रा निवासी आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा मोतीपुर में लगभग तीन-चार दिनों से अपनी विकलांग पेंशन निकालने के लिए जा रहा था, लेकिन बैंक के प्रबंधक एवं कैसियर उसको पैसा निकालने के लिए कोई दस्तावेज ना होने के कारण वापस कर दिया करते थे। दिव्यांग किसान काफी समय से बीमार भी था। वह पैसा वह अपने इलाज हेतु चाहता था लेकिन 11 सितंबर को प्रबंधक एवं कैसियर ने बदसलूकी कर किसान को गेट के बाहर भगा दिया।

## भाजपाइयों ने नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कर बांटे चश्मे

### सेवा सप्ताह का दूसरा दिन

**संवाददाता**। बाराबंकी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी सेवा सप्ताह के रूप मे मना रही है। मंगलवार को मंजीठा स्थित प्रसिद्ध नाग देवता मंदिर परिसर मे निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर मे गांव के सैकड़ों लोगों का स्वास्थय विभाग द्वारा नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरित किया गया । कार्यक्रम के आयोजक एंव वरिष्ठ कार्यकर्ता लालता प्रसाद कोरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर पूरे देश मे सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है प्रधानमंत्री ही ऐसे व्यक्ति है जो सबको साथ लेकर कार्य कर रहे है उन्होने कहा कि भाजपा की यह पहल लोगो के लिये लाभप्रद साबित होगी। कार्यक्रम संयोजक अभय कोरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तत्पश्चात सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए स्वास्थय विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरित किया गया। जिसे पाकर बुजुरगो के चेहरे खिल उठे । इस अवसर पर बड़ी संख्या मे महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे ।

## फसलों के बर्बाद होने और कर्ज में डूबे किसान कर रहे आत्महत्या: तिलक

**संवाददाता**। ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी के तत्वाधान में आयोजि एक बैठक में सेक्टर प्रभारियों को बूथ गठन, संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनाव की तैयारियों में जुटने एवं युवाओं को पार्टी से जोड़ते हुए लोगों से सम्पर्क बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश सरकार पर हमलावर होते हुए सपाइयों ने बेरोजगारी, मंहगाई, कानून व्यवस्था और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की अपील की। सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने कहा कि प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी द्वारा बढ़ती बेरोजगारी, मंहगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, किसानों द्वारा की जा रहीं आत्महत्याओं और वैश्विक महामारी को लेकर बदहाल हो चुकी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाये जाने के लिए आंदोलन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इशारे पर बनारस के अलावा कई जनपदों में सपाईयों पर लाठीचार्ज किया गया। यह लोकतंत्र की हत्या हैं, जिसमें किसी व्यक्ति को अपने बात तक रखने का अधिकार सरकार ने छीन लिया है। उन्होंने अव्यवस्थाओं को सुधारे जाने की मांग उठायी। इसके अलावा उन्होंने महोबा में व्यापारी की हत्या के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की भी मांग उठायी। बैठक में पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष जीतू सरदार, सहकारी बैंक के पूर्व सभापति फूलसिंह नन्ना ने भी संबोधित कर सेक्टर प्रभारियों से बूथ को मजबूत रखते हुये लोगों से लगातार सम्पर्क कर उनकी समस्याओं को जानने का आह्वान किया। इस मौके पर रामजीवन यादव, विधानसभा प्रभारी स्वामी प्रसाद यादव, 226 विधानसभा अध्यक्ष धनीराम रजक, सचिव रमेश यादव ठेकेदार आदि मौजूद थे।

### ललितपुर में फिर निकले 50 कोरोना पॉजिटिव

**ललितपुर**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि 13.9.2020 को कुल 1060 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 1022 परिणाम ऋणात्मक, 18 परिणाम धनात्मक तथा 20 परिणाम लम्बित हैं। दिनांक 14.09.2020 को कुल 1526 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 992 परिणाम ऋणात्मक, 41 परिणाम धनात्मक तथा 493 परिणाम लम्बित हैं। विगत 24 घण्टे में कुल 50 धनात्मक मरीजों की सूचना प्राप्त हुई है।

## धरना देने और जाम लगाने वाले सपाइयों पर एफआईआर

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को रायबरेली में रोके जाने के बाद सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शन में धारा 144 का उल्लंघन और महामारी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एफआईआर में 13 लोग नामजद एवं 25 अज्ञात शामिल हैं। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम सोमवार को लखनऊ से प्रतापगढ़ आ रहे थे।

रायबरेली में उन्हें रोके जाने के विरोध में जिले के सपा कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए थे। कार्यकर्ताओं ने शहर के अंबेडकर चौराहे पर धरना देने के साथ ही जाम भी लगाने का प्रयास किया था। पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई।

## स्नातक खंड के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हराएं: तेज कुमार

**संवाददाता**। बाराबंकी

**माध्यमिक** वित्तविहीन शिक्षक स्नातक बेरोजगार शिक्षामित्र सभी सरकारी कर्मचारी विधान परिषद स्नातक खंड के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को मत ना देकर हराने का कार्य करेंगे। उपमुख्यमंत्री एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि स्नातक वोटरों पर नजर रखेंगे शायद उनको यह पता नहीं की योगी सरकार सत्ता में आते ही माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने के बजाय समाप्त ही कर दिया आज उनके सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गयी है । माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए यह बात कही । उन्होने कहा कि इतना ही नहीजो शिक्षामित्र शिक्षक बन गए थे उनको पुन: शिक्षामित्र बना दिया सरकारी कर्मचारियों को 60 वर्ष से पहले जबरिया रिटायरमेंट कर दिया तथा सभी सरकारी विभागों का निजी करण सरकार करने जा रही है जिस का विरोध शुरू हो गया । छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति खत्म कर दी सरकारी कर्मचारियों की पेंशन समाप्त कर दी ।

उन्होंने कहा उपमुख्यमंत्री जो स्वंय शिक्षक रहे हैं लेकिन कुर्सी पाते ही शिक्षकों का दुख दर्द भूल गए हैं चाणक्य ने कहा शिक्षक की गोद में सृष्टि एवं प्रलय दोनों पलते है भाजपा सरकार के प्रति शिक्षकों शिक्षामित्रों सरकारी कर्मचारी छात्र अभिभावक व्यापारी सभी वर्गों में नाराजगी व्याप्त है।

## सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के ऊपर गैंगस्टर लगा

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**दलित** महिला से मारपीट और धमकी के आरोप में जिला जेल में बंद सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। छविनाथ के ऊपर कुंडा और मानिकपुर थाने में 22 मुकदमे विभिन्न अपराधों के दर्ज हैं। मानिकपुर के मऊदारा निवासी छविनाथ की मां शशिप्रभा यादव मऊदारा और पत्नी करेटी की ग्राम प्रधान हैं। छविनाथ के बड़े भाई गुलशन यादव कुंडा नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन हैं। मौजूदा समय में गुलशन की पत्नी सीमा यादव चेयरमैन हैं। 10 सितंबर को पट्टे की जमीन के विवाद में बुलाकीपुर की गायत्री देवी, उसके पति व देवर को असलहा सटाकर पीटने, गाली देने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप छविनाथ और उनके निजी सुरक्षा गार्डो पर लगा। पुलिस ने गायत्री की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छविनाथ को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसी दिन से पुलिस छविनाथ के पुराने केस खंगालने लगी है। पुलिस के आपराधिक अभिलेखों के मुताबिक छविनाथ के खिलाफ कुंडा व मानिकपुर थाने में 22 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें हत्या, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट, गुंडा एक्ट, मारपीट, जानलेवा धमकी जैसे आपराधिक मामले हैं। पुलिस रिकार्ड में छविनाथ आईजेड-232 के सक्रिय सदस्य के रूप में भी दर्ज हैं। छविनाथ के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए डीएम के आदेश पर पुलिस ने सोमवार रात उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की।

## हेड कांस्टेबल चंद्रपाल सैनी चुने गए कार्प ऑफ द वीक



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक कैप्टन एमएम बेग द्वारा जनपद में प्रत्येक सप्ताह सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को कार्प ऑफ द वीक से सम्मानित किया जाता है । इसी के तहत इस सप्ताह के थाना महरौनी में तैनात हेड कांस्टेबल चंद्रपाल सैनी को चुना गया गौरतलब है कि विगत दिवस एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल से अवैध शराब की पेटी के साथ जाने की सूचना पर कांस्टेबल द्वारा पीछा करते हुए व्यक्ति को अवैध शराब की पेटी समेत गिरफ्तार किया गया। हेड कांस्टेबल चंद्रपाल सैनी के उक्त साहसिक कार्य को दृष्टिगत रखते हुए उनको कार्प ऑफ द वीक चुना गया है।

## पुरानी रंजिश में चले लाठी-डण्डे, आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल

**संवाददाता**। रामनगर ( **बाराबंकी** )

**पुरानी** रंजिश के कारण दबंगो ने दूसरे पक्ष को लाठी डण्डे और धारदार हथियारो से हमला कर दो महिलाओं सहित करीब आधा दर्जन लोगों को गम्भीर रुप से घायल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची 112 नम्बर की पुलिस ने घायलों को सीएचसी रामनगर पहुंचाया। चिकित्सकों ने गम्भीर रुप से घायल लोगो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के ग्राम उमरी मजरे कुतलूपुर मे सुरेश वर्मा व गुड्डू वर्मा के बीच पहले से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बीते सोमवार की रात्रि को आठ बजे के करीब दोनों पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद गुड्डू, लड्डन व विनोद आदि लोगों ने लाठी डण्डे और धारदार हथियार लेकर सुरेश के घर पहुच कर मार पीट शुरु कर अनीता पत्नी विनोद प्रियंका पत्नी राम सजीवन योगेन्द्र पुत्र सुरेश आदि को दौडा दौडाकर पीटा। वह लोग जान बचाने के लिये सभी लोग जब घर मे घुस गये तो वहा जाकर भी मारा पीटा। घटना की सूचना पर पहुची 112 नम्बर की पुलिस सभी को थाने ले आई।घायलो को इलाज के लिये सी एच सी ले जाया गया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेज दिया। हमलावर पक्ष के तीन लोगो को भी चोटे आई है। गौरतलब बात यह है कि इन्ही दंबग हमलावरों के द्वारा करीब तीन माह पूर्व विद्युत आपूर्ति मे कटिया लगाए जाने को लेकर गांव के ही अनुसूचित जाति के घर मे घुसकर कई लोगो की पिटाई कर दो बाईको सहित घर का तमाम सामान भी तोड़ दिया था जिसका मुकदमा भी दर्ज हुआ था लेकिन लचर पुलिसिया कार्यवाही के कारण मनबढ दंबगों ने घटना को अंजाम दे दिया।

### नाबालिग पुत्र की तलाश में भटक रहा पिता

रामनगर ( **बाराबंकी** )। 10 दिनों से गायब चल रहे अपने नाबालिग पुत्र की तलाश मे दर दर भटक रहे पिता ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के ग्राम सीहामऊ निवासी मनोज मिश्रा की ओर से दी गई तहरीर मे कहा गया है कि मेरा 16 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार विगत चार सितम्बर को दोपहर तीन बजे घर से अचानक लापता हो गया अपने सभी रिश्तेदारी मे तलाश की अभी तक पता नही चल सका।

### 50 हजार का सामान चोरी

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। घर की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल अग्यात चोरों ने कमरे में रखी नकदी सहित करीब 50 हजार का सामान चोरी कर लिया। थाना लोनीकटरा के भवनियापुर निवासी अशर्फीलाल के कमरे की खिड़की तोड़कर बीती रात अंदर दाखिल चोरों ने कमरे में रखे दो एंड्राइड मोबाइल 14000 नगदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना लोनीकटरा में लिखित तहरीर दी है।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक संपन्न

**अमेठी**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की आहवान पर जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के तत्वाधान में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आज ब्लाक जगदीशपुर के हुदा चिल्ड्रन अकादमी एवं बाजार शुकुल ब्लॉक में बैठक संपन्न हुई ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का मूल लक्ष्य बूथ स्तर पर ऊर्जावान कार्यकर्ता तैयार कर सशक्त संगठन तैयार करना है। जोकि पारदर्शितापूर्ण होगा। कांग्रेस ने हमेशा संघर्ष किया है। संघर्ष से ही जमीनी कार्यकर्ताओं उभरते हैं। जिससे मजबूत संगठन उभरता है यही आज तमाम समस्याओं से जूझ रही आमजन की जरूरत है। जिलाध्यक्ष व जिला पदाधिकारियों ने ब्लॉक अध्यक्ष पद के इच्छुक कार्यकर्ताओं के साथ गहन विचार विमर्श किया । वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में वर्तमान देश व प्रदेश की समस्याओं जैसे कानून व्यवस्था बेरोजगारी गिरती आर्थिक स्थिति आदि पर अपने विचार रखे।

## कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आय दोगुनी करने के सिखाए गुर

### दो दिवसीय जनपदस्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता**। बाराबंकी



**कृषि** विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ में मंगलवार को आत्मा योजनान्तर्गत दो दिवसीय जनपदस्तरीय कृषक प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अनिल कुमार सागर द्वारा जनपद में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं रबी अभियान के अन्तर्गत कृषि निवेषों की उपलब्धता की जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड की संस्तुतियों के आधार पर संतुलित उर्वरकों एवं कृषि के साथ.साथ अन्य विधाओं के प्रयोग से कृषकों को उनकी आय दोगुनी करने के बारे में भी अवगत कराया गया। कृषि वैज्ञानिक डा. अश्विनी कुमार सिंह द्वारा रबी में फसलों में लगने वाले रोगों से बचाव, भूमि संशोधन एवं बीज शोधन की जानकारी दी गई। डा. शैलेश कुमार सिंह द्वारा जैविक खाद के प्रयोग एवं बर्मी कम्पोस्ट की उपयोगिता के बारे में अवगत कराते हुये बताया गया कृषक भाई अधिक से अधिक कम्पोस्ट खाद का ही प्रयोग करें एवं रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग अत्यन्त संतुलित मात्रा में ही किया जाए। जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा कृषकों से अनुरोध किया गया कि अपने खेतों में पराली कदापि ना जलाएं। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित होता ही है, साथ ही पराली जलाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार अर्थदण्ड एवं एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी कराई जा सकती है।

कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेन्द्र कुमार द्वारा रबी फसलों में लगने वाले कीटों एवं उनके निदान, भूमि शोध-बीज शोधन, पषुपालन आदि के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों का आत्मा योजनान्तर्गत प्रदर्शन प्रक्षेत्रों पर संयुक्त प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गयाए जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को खरीफ फसल कटाई एवं आगामी रबी फसल की बुवाई के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।